नई दिल्ली, मंगलवार
4 जून, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14+4=18


# दैनिक जागरण



www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



मोदी 3.0 की अगवानी को उमड़ा शेयर बाजार 1
मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने माना- गलत फैसला था भीषण गर्मी में चुनाव कराना 3







# सरहिंद रेल दुर्घटना के 23 घंटे बाद शुरू हुआ रेल यातायात



हादसे के 23 घंटे बाद सोमवार को रेल यातायात सुचारू हो गया ● जागरण

**जासं, फतेहगढ़ साहिब:** सरहिंद में शनिवार-रविवार की रात 3:12 बजे हुई रेल दुर्घटना से बाधित अंबाला-लुधियाना रेल मार्ग 23 घंटे बाद यातायात के लिए खोल दिया गया। हादसे में घायल हुए लोको पायलट विकास कुमार की हालत अब स्थिर बताई जा रही है।


मालूम हो कि सरहिंद रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर ट्रैक पर खड़ी मालगाड़ी से पीछे से आ रही एक अन्य मालगाड़ी टकरा गई। टक्कर के कारण पहली मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतरकर अप एवं डाउन लेन के पास गिर गया। इसी बीच दूसरी लेन से हावड़ा से जम्मूतवी जा रही समर स्पेशल आ गई, जिसकी मालगाड़ी के इंजन से टक्कर हो गई। गनीमत रही कि समर स्पेशल ट्रेन की रफ्तार बहुत धीमी थी, जिससे बड़ा नुकसान नहीं हुआ। हादसे के बाद 500 से ज्यादा कर्मचारी रेल ट्रैक को ठीक करने में जुटे थे। रविवार देर रात 2:20 बजे लुधियाना की ओर जाने वाली अप लाइन को ठीक किया जा सका। इसके बाद सबसे पहले मालगाड़ी रवाना की गई, जिसके बाद सवारी गाड़ियों का संचालन शुरू हुआ। अंबाला की ओर जाने वाली डाउन लाइन को सोमवार सुबह 5:12 बजे शुरू किया गया। डाउन लाइन पर भी पहले मालगाड़ी को रवाना किया गया। उसके बाद सवारी गाड़ियों का संचालन शुरू हुआ। रेल मार्ग बाधित होने के कारण सोमवार को अमृतसर से चलने वाली हरिद्वार जनशताब्दी और नई दिल्ली इंटरसिटी को रद किया गया। डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर की लाइनों की मरम्मत का काम अभी जारी था। लाइनों से कोयले के ढेर हटाए जा रहे हैं।

# तीनों निर्दलीय विधायकों के त्यागपत्र स्वीकार, उपचुनाव तय

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● शिमला :** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के परिणाम आने से एक दिन पहले सोमवार को तीन निर्दलीय विधायकों के त्यागपत्र स्वीकार कर लिए हैं। अब नालागढ़ से केएल ठाकुर, देहरा से होशियार सिंह और हमीरपुर से आशीष शर्मा 14वीं विधानसभा के सदस्य नहीं रहे। इसके साथ ही राज्य में फिर विधानसभा उपचुनाव होना तय हो गया है। संभावना है कि हरियाणा में इस वर्ष अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के साथ इन सीटों पर उपचुनाव होंगे। नियमानुसार उपचुनाव छह माह के भीतर करवाना आवश्यक है। तीनों ने 22 मार्च को विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दिया था और 23 मार्च को भाजपा में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोस चुनाव के कारण त्यागपत्र स्वीकार करने में समय लगा।

**निर्दलीय विधायक नहीं पहुंचे, नेगी ने भेजा वकील:** विस सचिवालय की ओर से सोमवार को तीनों निर्दलीय विधायकों व शिकायतकर्ता को मामले की सुनवाई के लिए बुलाया गया था। विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा ने बताया कि तीनों निर्दलीय विधायक नहीं आए, जबकि राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की ओर से वकील उपस्थित हुआ। विधानसभा सचिवालय ने तीनों निर्दलीय विधायकों का त्यागपत्र स्वीकार करने की अधिसूचना जारी कर दी है।

### हिमाचल विधानसभा का गणित




### अंक गणित में सुक्खू सरकार सुरक्षित

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने छह विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव का परिणाम आने से एक दिन पहले निर्दलीय विधायकों के त्यागपत्र स्वीकार कर सुक्खू सरकार को छह माह तक सुरक्षित कर दिया है। मंगलवार को यदि भाजपा विधानसभा उपचुनाव में सभी छह सीटों पर जीत जाती तो सदन में विपक्षी सदस्यों की संख्या बढ़कर 31 होनी थी। तीन निर्दलीय विधायकों के साथ भाजपा कांग्रेस के समान 34 के अंक पर पहुंचती।

# चिकित्सा के आधार पर कात्याल ने मांगी जमानत

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित अमित कात्याल ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर चिकित्सा के आधार पर अंतरिम जमानत मांगी है। इस पर न्यायमूर्ति विकास महाजन की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। साथ ही, संबंधित जेल अधीक्षक को कात्याल के आहार चार्ट के साथ एक रिपोर्ट दाखिल करने के लिए भी कहा है। अगली सुनवाई सात जून को होगी।

राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के करीबी सहयोगी कात्याल की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि आरोपित ने एक सर्जरी करवाकर 10 किलो वजन कम किया है। उसे आगे इलाज कराने की जरूरत है, जो तिहाड़ जेल में उपलब्ध नहीं है। इस पर पीठ ने पूछा कि कात्याल ने छुट्टियों के दौरान राहत के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा क्यों खटखटाया, जबकि उसकी सर्जरी पहले ही हो चुकी थी।

# राजस्थान में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

## वीडियो बना पांच लाख वसूले, पाक्सो में केस दर्ज कर दो मुस्लिम युवक गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, जयपुर:** राजस्थान के अजमेर में 11वीं कक्षा की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म कर अश्लील फोटो व वीडियो बनाने के बाद उसे ब्लैकमेल कर पांच लाख रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों इरफान व अरबाज को गिरफ्तार करने के साथ एक नाबालिग को हिरासत में लिया है। शेष तीन आरोपितों की तलाश की जा रही है। पुलिस का मानना है कि छात्राओं को जाल में फंसाकर दुष्कर्म करने के बाद ब्लैकमेल करने के पीछे कोई गिरोह हो सकता है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 30 मई को पीड़ित छात्रा के पिता ने क्रिश्चियनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें इरफान, अरबाज सहित छह युवकों को आरोपित बनाया था। पाक्सो कानून की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि छात्रा की सहेली ने इरफान व उसकी इंस्टाग्राम आइडी एक-दूसरे को देकर दोस्ती कराई थी। इरफान ने साथी अरबाज के साथ मिलकर छात्रा के कुछ फोटो एडिट किए, और उसको भेज दिए। इसके बाद फोटो सार्वजनिक करने की धमकी देकर उसने छात्रा के साथ कई बार दुष्कर्म किया। दो बार अपने दोस्तों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया, जिसका वीडियो बनाया गया। गत मार्च में इरफान ने छात्रा पर पांच लाख रुपये देने का दबाव बनाया और पैसे नहीं देने पर उसके फोटो व वीडियो प्रसारित करने की धमकी दी। इससे बुरी तरह भयभीत छात्रा ने घर में रखे पांच लाख रुपये चुराए और इरफान को दे दिए। पिछले सप्ताह छात्रा के पिता को घर से पैसे चोरी होने की जानकारी मिली तो पूछताछ करने पर छात्रा ने पूरे घटनाक्रम के बारे में बता दिया। इसके बाद मामला पुलिस में पहुंचा।

पुलिस के मुताबिक, अरबाज अजमेर के वैशाली नगर में भ्रमण स्थल सेवन वंडर्स के पास फोटोग्राफी करता है। वह वहां घूमने आने वाली छात्राओं की फोटो खींचता है,फिर भेजने के लिए मोबाइल नंबर लेता है। छात्राओं से दोस्ती बढ़ाकर उनकी इंटरनेट मीडिया की आइडी-पासवर्ड लेता है। उसके बाद छात्राओं की फोटो को आपत्तिजनक रूप देकर ब्लैकमेल करता है। अरबाज दोस्तों को छात्राओं के नंबर व फोटो दे देता है, जो ब्लैकमेल कर उनके साथ दुष्कर्म करते हैं। गिरफ्तार युवक अश्लील फिल्म देखने और नशा करने के आदी हैं।

### हिरासत में युवक की मौत के मामले में थाना अधिकारी निलंबित

**जासं, जयपुर:** राजस्थान के झुंझुनूं में पुलिस हिरासत में युवक की मौत के मामले में मंड्रेला थाना अधिकारी सहित आठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। थाना अधिकारी रविंद्र कुमार को निलंबित कर दिया गया है। मंड्रेला की एक युवती 21 अप्रैल को अपनी इच्छा से गौरव के साथ चली गई थी। युवती की मां ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस युवती व युवक को पकड़कर तीन मई को झुंझुनूं लेकर पहुंची। युवती ने स्वेच्छा से गौरव के साथ जाना बताया तो पुलिस ने दोनों को छोड़ दिया, लेकिन चार दिन बाद युवती ने गौरव के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज करा दिया। पुलिस ने गौरव को 24 मई को हाई कोर्ट परिसर से पकड़ा, लेकिन दस्तावेजों में पकड़ना 25 मई को जयपुर के सिंधी कैंप से दिखाया गया। पुलिस हिरासत में उसकी मौत के बाद परिवार ने शव लेने से इन्कार कर दिया।

# पंचायत में नाबालिग ने स्वीकार की थी चोरी, पेड़ से लटकता मिला शव

**जासं, सरैया (मुजफ्फरपुर):** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले में रविवार को नाबालिग का शव पेड़ से लटका मिला। उसके पिता ने घर के बगल के बथान मालिक पर हत्या करने की आशंका जताई है। पुलिस व फोरेंसिक टीम पहुंचकर जांच की।

ग्रामीणों ने बताया कि पोखरैरा गांव के एक व्यक्ति का मकेश्वर महतो के घर के पास बथान है। दो दिन पहले मकेश्वर के पुत्र विवेक कुमार (12) ने उनके बथान (पशुओं को बांधने की जगह) से पैसे चोरी कर लिए थे। पकड़े जाने पर शनिवार को गांव में पंचायती हुई। इसमें विवेक ने एक हजार रुपये चोरी करने की बात स्वीकार की थी। उसके पिता ने रुपये लौटाने को कहा था। पंचायती के बाद डर से विवेक शनिवार को दोपहर से ही घर से लापता हो था। रात में घर नहीं आने पर स्वजन ने खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। रविवार को घर के पास ही बगीचे में नीम के पेड़ से उसका शव लटकता मिला।

# 'नीरव मोदी, विजय माल्या विदेश भागे क्योंकि गिरफ्तारी नहीं हुई'

- विशेष अदालत ने कहा-आरोपित को इन मामलों के तौर पर नहीं देखा जा सकता
- एक मामले में विदेश यात्रा के लिए जमानत शर्त हटाने पर ईडी ने जताई आपत्ति

**मुंबई, प्रेट्र :** एक विशेष अदालत ने हाल ही में कहा कि नीरव मोदी, मेहुल चोकसी व विजय माल्या जैसे करोड़ों के घोटाले में शामिल कारोबारी देश से फरार होने में इसलिए सफल रहे, क्योंकि जांच एजेंसियों ने उन्हें समय रहते गिरफ्तार नहीं किया था।

विशेष जज एमजी देशपांडे ने यह टिप्पणी पीएमएलए के तहत एक आरोपित की जमानत की शर्तों में बदलाव की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। अदालत ने विगत 29 मई को मनी लांड्रिंग मामले में व्योमेश शाह की याचिका स्वीकार की, जिसमें विदेश यात्रा के लिए अदालत की अनुमति लेने की जमानत की शर्त हटाने की मांग की गई थी। इस संबंध में विस्तृत आदेश हाल में जारी किया गया है। ईडी ने आग्रह किया कि शाह के आवेदन को स्वीकार करने से नीरव मोदी, विजय माल्या व मेहुल चोकसी जैसे मामले बढ़ जाएंगे। ईडी की आपत्ति को खारिज करते हुए जज ने कहा, 'मैंने विचारपूर्वक इस आग्रह को सुना और पाया कि यह सभी लोग संबंधित जांच एजेंसियों की विफलता के कारण समय रहते गिरफ्तार नहीं किए गए थे।' उन्होंने कहा, इससे उलट व्योमेश शाह समन मिलने पर विशेष कोर्ट में पेश हुए हैं। उन्होंने जमानत ली और कई बार विदेश यात्रा के लिए आवेदन किया है। अदालत ने कहा, शाह के मामले को नीरव, मेहुल व माल्या के मामले की तरह पर नहीं देखा जा सकता है। नीरव, मेहुल करोड़ों के पीएनबी घोटाले के मुख्य आरोपित हैं। दो साल से नीरव ब्रिटेन की जेल में हैं व मेहुल एंटिगुआ व माल्या ब्रिटेन में हैं।


दैनिक जागरण क्लासीफाइड
कम दाम, ज्यादा काम
For online booking log on to www.jagranclassifieds.com

### आवश्यकता

**Reqd** a part time cook for the family of 3 persons. & also a driver who is 12th pass. Walk-in with resume at M 124, FF, Guru Harkishan Nagar, Delhi -110087

**चाहिए** ग्रेजुएट डीटीपी ऑपरेटर, नॉलेज पेजमेकर, सैलरी 20,000/-, BL 14, सेक्टर 116 नोएडा, एंट्री गेट नंबर 3 # 9899103020, Email : info@judgementstoday.com

**रीयल** ऐस्टेट कम्पनी रामा ग्रुप को तुरन्त चाहिये मेल ऑफिस असिस्टेंट, उम्र 40 वर्ष से ज्यादा। संपर्क प्लॉट नं. 1/5, 3rd Floor, सेक्टर-5, राजेन्द्रा नगर, गाजियाबाद। फोन: 9711540045

### सूचना

**मेरी** मुवक्किला लच्छों देवी पत्नी स्वर्गीय रमेश निवासी- ए-58, चुंगी नं-2, लाल कुआं, बदरपुर, जैतपुर दिल्ली-44 ने अपने पुत्र जितेन्द्र पुत्रवधु चंचल रानी व पोती दिव्यांशी को दुर्व्यवहार करने, के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में उनके किसी कार्य/लेन-देन हेतु मेरी मुवक्किला जिम्मेदार नही होगी (मो. आसिफ, अधिवक्ता)

**मेरे** मुवक्किल ओम प्रकाश धींगरा और पुष्पा रानी धींगरा R/o 7A, ब्लॉक निल, 2nd फ्लोर, मालवीय नगर, नई दिल्ली-17 अपने पुत्र निखिल धींगरा के आचरण व व्यवहारों से तंग आकर अपनी सम्पूर्ण चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करते हैं। भविष्य में अपने कृत्यों का यह स्वयं जिम्मेदार होगा। मनोरंजन गौड़ (अधिवक्ता)

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किला श्रीमति शारदा देवी पत्नी स्व. ओमप्रकाश, पता: ए-442, ब्लॉक ए, ट्रान्जिट कैंप, गोविन्दपुरी, कालकाजी, नई दिल्ली- 19 ने अपने बेटे राजीव कुमार, एवं बहु योगिता को उनके दुर्व्यव्यवहार और घर के प्रति गैरजिम्मेदाराना हरकतों के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है और सभी से अपने सभी प्रकार के संबन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में यदि कोई भी मेरी मुवक्किला के पुत्र व बहु से कोई व्यक्तिगत/व्यापारिक लेन-देन करते हैं तो मेरी मुवक्किला किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगी। अनीता सिंह (अधिवक्ता)

**सर्व** साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा मुवक्किलान श्रीमती गीता पत्नी श्री मुकेश कुमार निवासी मकान नं0 एफ- 249, गली नं0 5, गंगा विहार, दिल्ली 110094, ने अपने पुत्र हिमांशु व उसकी पत्नी श्रीमती मालती उर्फ हिना को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यव्हार के कारण से अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करके अपने समस्त पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है उनके किसी विवादित कार्य, लेन-देन, हेतु मेरे मुवक्किलान व परिवार जिम्मेंदार नहीं होंगा । Ravi Satija ( Advoate )

**मेरे** मुवक्किल विनोद पुत्र श्री भगवान सिंह निवासी एस 14/ए/34 जनता जीवन राजीव कैंप ओखला फेस 2 ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेस 2, दक्षिण दिल्ली दिल्ली 20 ने अपने पुत्रों लखन, ऋषी कुमार @ चंदन और गुलशन को उनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सभी सम्बंध समाप्त कर लिए हैं। उनके किसी भी कार्य हेतु मेरे मुवक्किल जिम्मेदार नहीं होगा। अमित दुबे (अधिवक्ता)

**मैं,** सावित्री देवी पत्नी स्व. ओमप्रकाश निवासी बी-6/161, नजदीक गीता भवन मन्दिर, गली न. 11, बादली एक्टेंशन दिल्ली-110042, घोषणा करती हूँ कि मैंने अपने बड़े बेटे बलजीत उम्र 47 साल और उसकी पत्नी मधुलता उम्र 42 साल एवं इनका एक बेटा जहान मेहरा इन तीनों को अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। किसी भी व्यक्ति/सरकारी / गैर सरकारी संस्था / से किसी भी प्रकार का लेन-देन करते हैं या फिर निजी तौर पर लेन-देन करते हैं तो उसकी जिम्मेदार मैं नहीं होउंगी।04/06/2024

**My** client Sh. Rajkumar Saini [Aadhar no. 7338 7599 5905] & Smt. Mamta Saini (Aadhar No. 7945 1720 1896) both R/o H.No. 82, Lampur, Near Shiv Mandir, Delhi-110040 debarred and disowned their son namely Paras Saini (Aadhar No.4138 6728 5281) from all movable and immovable properties due to his misconduct and disrespectful behaviour towards my clients. My clients have also severed all their relations with him . If anybody deals with him, he will do so at his own risk, costs and consequences. My clients shall not be responsible for his acts in any manner whatsoever. (SUDHEER K. PANDEY) Advocate Ch.No.K-71, Tis Hazari Courts, Delhi-54

**मेरे** मुवक्किल महिपाल सिंह पुत्र मलखन सिंह और उनकी पत्नी मंजु निवासी खसरा- 599, गली-3 राजीव नगर, भलसवा डेरी दिल्ली ने अपने पुत्र राहुल और बहू शीतल को उनके दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। वरुण गुप्ता (अधिवक्ता)

**सार्वजनिक सूचना**
[illegible] नरेन्द्र सिंह (एडवोकेट) क्रमांक. डी/182/2014

**My** clients Gautam Suri S/o Gulzar Chand Suri and his wife Kavita Suri R/o B-608, Sneh Kunj Apartment, C-58/13, Sector-62, Gautambudha Nagar, have severed relations and debarred their son Pushpak Suri and his wife Shweta Suri from their movable-immovable properties due to their misconduct. My clients will not be responsible for their any acts. Manoj Dhaka Advocate

### किराया सम्बन्धी

**AVAILABLE** FOR RENT ON MEERUT ROAD GHAZIABAD OPP DPS3000 SQ FEET HALL AT GROUND FLOOR WITH COMMERCIAL ELECTRIC CONNECTION / BACK UP WATER CONNECTION-24 HOURS GUARDS LABOUR THREE COM OFFICE ALLREADY WORKING IN BASEMENT 1st & 2nd FLOOR CONTACT NO. 9717498449 / 9717498451


### नाम परिवर्तन

**I,** Bhupinder Pal Singh S/o Late.S.Nirmal Singh R/o - RZ- 31/ 1 first floor, Indra park Extn, East Uttam Nagar, New Delhi-110059 have changed my name from Bhupinder Pal Singh to Puneet Badial for all future purposes .

**It** is for general information that I, Savita Devi W/o Sh. Brijendra Singh & D/o Late Sh. Bhagirathi Singh, R/o House No-18, Raksha Enclave Extn., Gali No-7, Star Power GYM, D.K. Mohan Garden, West Delhi, Delhi-110059, I declare that in my LIC No. 284445165 & 284445166 records my name is written as Chinta Devi which is my name before marriage. After marriage my name has become Savita Devi and all the documents are in the name of Savita Devi. Hence Chinta Devi and Savita Devi both are the same person.

I Mehar Gobind Singh Chawla S/o Arvinder Pal Singh Chawla & Mother Gurmeet Kaur Chawla R/o H.No-G-151, Vikas Puri, West Delhi, Delhi-110018, declare that name of mine has been wrongly written as Mehar Gobind Singh S/o Arvinder Pal Singh & Mother name Gurmeet Kaur in my Passport Record. The actual name of mine is Mehar Gobind Singh Chawla S/o Arvinder Pal Singh Chawla & my Mother Gurmeet Kaur Chawla which may be amended accordingly.

**I,** Saurav S/o Sunil Singh R/o house No-261/7, Gali no-29, Block- D Molarband Extn, Badarpur, New Delhi-110044 have changed my name to Saurav Singh for all future purposes.





# विज्ञापनों से शत प्रतिशत फल जूस का दावा हटाएं : एफएसएसएआइ

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) ने खाद्य कारोबार से जुड़े सभी परिचालकों (एफबीओ) को विज्ञापनों के साथ-साथ डिब्बाबंद उत्पादों पर लगे 'लेबल' से 100 प्रतिशत फल जूस के दावों को हटाने को कहा है। सभी एफबीओ को एक सितंबर 2024 से पहले उन सभी पैकेजिंग को हटाना होगा जिसमें इस तरह के दावे किए गए हैं।

बयान में कहा गया है, एफएसएसएआइ के संज्ञान में आया है कि कई एफबीओ विभिन्न प्रकार के फलों के रसों को 100 प्रतिशत फलों के रस होने का दावा करके गलत तरीके से मार्केटिंग कर रहे हैं। जांच के बाद, एफएसएसएआइ निष्कर्ष पर पहुंचा है कि खाद्य सुरक्षा और मानक (विज्ञापन और दावे) नियम के अनुसार, 'शत प्रतिशत' दावा करने का कोई प्रविधान नहीं है। ऐसे दावे भ्रामक हैं। एफबीओ को फलों के जूस के मानकों का अनुपालन करने के लिए कहा गया है। यदि स्वीटनर्स की मात्रा 15 ग्राम/किलोग्राम से अधिक है, तो उत्पाद पर 'मीठा जूस' का लेबल लगाना होगा।

# कृष्णा बुक सट्टा एप गिरोह का हुआ भंडाफोड़

- छह आरोपित गिरफ्तार, पांच करोड़ का लेनदेन मिला
- टी-20 वर्ल्ड कप में लगा रहे थे सट्टा, 21 खाते फ्रीज

**नईदुनिया, कोरबा :** छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा एप की ही तरह आनलाइन चलने वाले कृष्णा बुक आर्गेनाइजेशन इनपुट पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जांजगीर-चांपा से टी-20 वर्ल्ड कप पर सट्टा खिला रहे पांच सटोरियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से विभिन्न बैंकों के 21 खाते मिले हैं, जिन्हें फ्रीज करा दिया गया है। अब तक पांच करोड़ रुपये के लेनदेन सामने आ चुका है।

पुलिस ने सबसे पहले कोरबा के रहने वाले जयप्रकाश सोनी को सट्टा खिलाते हुए पकड़ा। पूछताछ में उसने जांजगीर-चांपा में सट्टा खिलाने वाले अपने साथियों की जानकारी दी। पुलिस ने जब जांच की तो पांच करोड़ के लेन-देन की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने योजना बनाकर जय प्रकाश सोनी, प्रभात कुमार आदित्य, राकेश कुमार सोन, महेश बरेठ, सोमु सिंह और मुकेश साण्डे को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक लैपटाप, 14 मोबाइल, तीन दो पहिया वाहन, दो अलग- अलग बैंकों के चेक व पांच एटीएम कार्ड जब्त किए गए हैं। गिरोह कुल 21 अलग- अलग खातों का उपयोग लेन देन के लिए कर रहा था। सभी खातों को फ्रीज करा दिया गया है। इनमें 19 लाख रुपये होल्ड किए गए हैं। सभी आरोपितों के खिलाफ जुआ व आइटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।



पुलिस के साथ पकड़े गए आरोपित ● नईदुनिया



जब्त लैपटाप, मोबाइल व अन्य सामान ●

# बिहार के सारण व बिहटा में दिनदहाड़े 23 लाख की बैंक लूट



सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा भाग रहे बदमाशों का हुलिया ● जागरण

**जागरण टीम, पटना :** बिहार में सोमवार को बदमाशों ने सारण जिले के अपहर सेंट्रल बैंक व पटना के बिहटा में उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक से दिनदहाड़े 23 लाख रुपये लूट लिए। सारण में तीन बाइक से आए नौ अपराधी लगभग 12.48 बजे सेंट्रल बैंक में घुसे और हथियार के बल पर मात्र सात मिनट में लगभग नौ लाख रुपये लूट कर भाग निकले। वहीं बिहटा में थाने के निकट बैंक में छह अपराधी लगभग 10.45 बजे घुसे और मात्र 10 मिनट में तिजोरी में रखे 14 लाख रुपये समेटकर फरार हो गए। दोनों जगह अपराधियों ने चेहरा ढंक रखा था। सारण में बदमाशों ने बैंककर्मियों से मारपीट कर तीन मोबाइल छीन लिए, सीसीटीवी व तीन कंप्यूटर के मानिटर तोड़ दिए।

# आइएस से जुड़े 17 कट्टरपंथियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** एनआइए ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन आइएस से जुड़े 17 कट्टरपंथियों के खिलाफ पटियाला हाउस कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया है। जिनमें से 15 महाराष्ट्र और एक-एक उत्तराखंड और हरियाणा से है।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने कहा कि अब कुल आरोपितों की संख्या 20 हो गई है, जिसके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए गए हैं। एनआइए ने दावा किया कि आरोपित भोले-भाले युवाओं के बीच इस्लामिक स्टेट आफ इराक एंड सीरिया की विचारधारा को फैलाते थे। आरोपित युवाओं की भर्ती, प्रशिक्षण और प्रचार-प्रसार के साथ ही विस्फोटक व आइईडी बनाने और प्रतिबंधित संगठन के लिए धन जुटाने से जुड़ी एक बड़ी साजिश में शामिल पाए गए हैं। इसकी जांच के बाद विस्फोटकों के निर्माण और आईईडी के निर्माण से संबंधित कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डाटा जब्त किया गया है। साथ ही इस्लामिक स्टेट (आइएस) की ओर से प्रकाशित वायस आफ हिंद, रुमिया, खिलाफत, दबीक जैसी प्रचार पत्रिकाएं भी जब्त की गई हैं।

जांच के दौरान एजेंसी ने पाया कि आरोपित आईईडी निर्माण से संबंधित डिजिटल फाइलें अपने संपर्कों के साथ साझा कर रहे थे। एजेंसी ने कहा कि वे भारत में हिंसा फैलाने और इसके धर्मनिरपेक्ष लोकाचार और लोकतांत्रिक व्यवस्था को नष्ट करने के आइएस एजेंडे के तहत अपनी आतंकी योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से धन जुटा रहे थे। आरोपितों ने संगठन में कमजोर युवाओं की भर्ती सहित आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की तैयारी में कई काम किए थे। एनआइए आरोपितों के आगे के संबंधों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

# उप्र में महिला के प्लाट में आगजनी में सपा विधायक इरफान सोलंकी सहित पांच दोषी

- भाई भी मामले में आरोपित, आदेश आते ही रो पड़े, सात को सुनाई जाएगी सजा
- सुबह 10.15 बजे से रात सवा नौ बजे तक 11 घंटे चली सुनवाई
- मामले में हो सकती है आजीवन कारावास तक की सजा, विधायकी पर भी खतरा



इरफान सोलंकी ● जागरण आर्काइव

**जागरण संवाददाता, कानपुर :** कानपुर स्थित जाजमऊ में महिला के प्लाट में आगजनी के मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी सहित पांच को एमपी-एमएलए कोर्ट ने दोषी ठहराया है। कानपुर के कोर्ट में सोमवार सुबह 10:15 बजे से रात सवा नौ बजे तक सुनवाई प्रक्रिया चली। 11 घंटे बाद आए आदेश में सजा के लिए सात जून की तिथि तय की गई है। दिन भर चली गहमागहमी के बीच सभी अभियुक्त कोर्ट रूम में खड़े रहे। रात सवा नौ बजे आदेश सुनाए जाने के बाद सबको जेल भेजा गया।

कोर्ट ने बलवा, विस्फोटक पदार्थ या आग से घर नष्ट करने, आर्थिक क्षति पहुंचाने, धमकाने और गालीगलौज प्रकरण में सभी को दोषी माना है। घर नष्ट करने की धारा में 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। ऐसे में इरफान की विधायकी पर भी खतरा मंडरा रहा है। इरफान महाराजगंज जेल में बंद हैं और उनकी वर्चुअल पेशी कराई गई। दोषी करार दिए जाने के बाद विधायक के भाई कोर्ट परिसर में रो पड़े। उनके घर से कोई नहीं पहुंचा था। अन्य अभियुक्तों के स्वजन ने हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान एक महिला बेहोश हो गई। पुलिस ने बमुश्किल स्थिति संभाली। इरफान पर अभी 17 मुकदमे और चल रहे हैं।

नजीर फातिमा ने आरोप लगाया था कि सात नवंबर, 2022 को विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी व अन्य लोगों ने रात आठ बजे मेरे प्लाट में आग लगा दी। प्लाट के एक हिस्से में अस्थायी निर्माण कर वह रहती थीं। आग से उनकी गृहस्थी जलकर राख हो गई। जिस समय घटना हुई थी वह शादी में गई थीं। इसकी रिपोर्ट आठ नवंबर को दर्ज हुई थी। इरफान सोलंकी ने 22 दिसंबर को पुलिस के सामने समर्पण कर दिया था। अन्य की गिरफ्तारी की गई थी।

सोमवार को एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने दोपहर बाद ही स्पष्ट कर दिया था कि वह आज ही फैसला सुनाएंगे, लेकिन उन्हें कुछ वक्त चाहिए। इसके बाद कई बार फैसला सुनाने के लिए समय दिया और यह क्रम रात सवा नौ बजे तक चला। इसके बाद पांचों लोगों को दोषी करार दिया। हालांकि सभी को रंगदारी और साजिश के आरोपों से मुक्त कर दिया गया।

# आरोपित की मां का लिया गया ब्लड सैंपल

## पुणे कार दुर्घटना

- आरोपित की मां के ब्लड सैंपल को डीएनए जांच के लिए भेजा गया
- पोर्श कार हादसा मामले में जल्द आरोपपत्र दाखिल करने की तैयारी

**पुणे, प्रेट्र :** पुणे पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर की मां के ब्लड सैंपल डीएनए जांच के लिए एकत्र किए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि जांच के जरिए इस बात की पुष्टि की जानी है कि क्या गिरफ्तार की गई महिला के सैंपल आरोपित नाबालिग के ब्लड सैंपल के स्थान पर इस्तेमाल किए गए हैं। इससे पहले ससून जनरल अस्पताल में आरोपित के ब्लड सैंपल लिए गए थे और इस बात की जांच की जानी थी कि क्या उसने घटना के समय शराब पी हुई थी।

गौरतलब है कि पुणे के कल्याण नगर में 19 मई को तेज रफ्तार पोर्श कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो आइटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। कार को शराब के नशे में नाबालिग चला रहा था।

ब्लड सैंपल को बदलने के मामले की जांच के तहत नाबालिग की मां को शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले पुलिस ने इस सिलसिले में ससून के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के प्रमुख डा अजय तावड़े और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा श्रीहरि हल्नोर के साथ-साथ एक अन्य कर्मचारी को गिरफ्तार किया था। अपराध शाखा के अधिकारी ने कहा कि हमने महिला के ब्लड सैंपल लिए हैं और उन्हें डीएनए परीक्षण के लिए एफएसएल भेज दिया है।

इस बीच, एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वे इस मामले में एक विशेष वकील की नियुक्ति की मांग कर रहे हैं और जल्द ही आरोपपत्र दाखिल करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक आरोपपत्र किशोर न्याय बोर्ड में नाबालिग के खिलाफ और दूसरा आरोपपत्र नियमित अदालत में माता-पिता और गिरफ्तार डाक्टरों के खिलाफ दायर किया जाएगा। यह ब्लड सैंपल को बदलने और चालक को बंधक बनाने से संबंधित होगा।

# डाक्टर के घर का सामान समेटा और सो गया चोर

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लखनऊ स्थित इंदिरानगर में एक डाक्टर के घर रविवार तड़के ताला तोड़कर घुसे नशे में धुत चोर ने सामान समेटा, उसे एक बोरी में भरा और एसी व पंखा चलाकर वहीं सो गया। पड़ोसियों की सूचना पर सुबह पुलिस व डाक्टर पहुंचे और चोर को दबोच लिया। डाक्टर और पड़ोसियों ने चोर को जमकर पीटा। गिरफ्तार चोर का नाम कपिल कश्यप है।

डा.सुनील पांडेय के जिस मकान में यह घटना हुई, वह बंद रहता है। वह कभी-कभार यहां आते हैं। तड़के मौका पाते ही ताला तोड़कर कपिल घर में घुसा था। उसने इन्वर्टर की बैट्री, गीजर, बर्तन और कुछ अन्य सामान दो बोरियों में भर लिया। नशे में होने के कारण वह सोफे पर ही सो गया। सुबह पड़ोसियों ने ताला टूटा पड़ा देखा तो डाक्टर को सूचना दी। डाक्टर ने पुलिस कंट्रोल रूम को बताया। पुलिस और डाक्टर के साथ कुछ पड़ोसी भी घर के अंदर पहुंचे। वहां कपिल सोता मिला।

*********

नई दिल्ली, मंगलवार
4 जून, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14+4=18

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

दिल्ली जल संकट पर सुप्रीम निर्देश के बाद अब कल होगा चार राज्यों का मंथन 3
जय-पराजय होती रहती है, लोकतंत्र पर आक्षेप न लगाएं: सुधांशु त्रिवेदी 11






# जनादेश का मंगलवार

## भाजपा बहुमत के प्रति आश्वस्त तो विपक्ष को एक्जिट पोल के अनुमान पलटने की आस

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** मंगलवार किसके लिए मंगल और किसके लिए अमंगल साबित होने जा रहा है, इसका संकेत विभिन्न एजेंसियों के एक्जिट पोल पहले ही दे चुके हैं, लेकिन पूरी तस्वीर मतगणना के बाद साफ हो जाएगी। देशभर की 542 संसदीय सीटों के लिए सात चरणों में पड़े मतों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू होगी। भाजपा सूरत की सीट पहले ही निर्विरोध जीत चुकी है, क्योंकि वहां कांग्रेस के उम्मीदवार का पर्चा रद हो गया था और अन्य निर्दलीय प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया था। चुनाव परिणाम पर सबकी नजरें टिकी हैं। तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ मोदी सरकार बनने को लेकर भाजपा पूरी तरह आश्वस्त है, तो कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों को एक्जिट पोल का अनुमान पलटने की आस है।

18वीं लोकसभा के लिए इस बार सात चरणों में मतदान हुआ। तीसरी बार राजग को केंद्र की सत्ता में आने से रोकने के लिए विपक्ष एकजुट हुआ और अधिकांश विपक्षी दलों ने कांग्रेस के साथ हाथ मिलाकर आइएनडीआइए नाम से नया गठबंधन बनाया। राजग ने भी राज्यवार दलों की महत्ता को देखते हुए अपना सियासी कुनबा बढ़ाया। भीषण गर्मी के बीच हुए चुनाव में राजनीतिक तपिश भी पक्ष-विपक्ष के बीच चरम पर रही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता की छांव में मैदान में उतरी भाजपा का इस बार संकल्प 370 तो राजग को 400 पार पहुंचाने का रहा। वहीं, विपक्ष के अपने दावे रहे कि इस बार आइएनडीआइए की सरकार बनेगी। इस गहमागहमी और आश्वस्ति के बीच अंतिम चरण के मतदान के बाद तुरंत बाद आए एक्जिट पोल के अनुमानों में भाजपा को 300 से अधिक और राजग को 350 से अधिक सीटें मिलती दिखाई दीं तो विपक्ष के स्वप्न बिखरते दिखे। हालांकि, चार जून को होने जा रही मतगणना की सभी को प्रतीक्षा है। भाजपा आश्वस्त है कि लगातार तीसरी बार राजग की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है और प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरी बार शपथ लेकर नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। वहीं, विपक्ष अब भी अपनी आस के साथ इस दावे पर टिका है कि एक्जिट पोल के अनुमानों के इतर विपक्षी गठबंधन को राजग से अधिक सीटें मिलेंगी और लगभग 295 सीटों के साथ आइएनडीआइए की सरकार बनेगी। इसके अलावा दो राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणाम भी मंगलवार को आएंगे। आंध्र प्रदेश की 175 और ओडिशा की 147 विधानसभा सीटों के लिए लोकसभा चुनाव के साथ ही मतदान हुआ है। अब मतगणना भी साथ होनी है। एक्जिट पोल में ओडिशा में भाजपा और बीजू जनता दल के बीच कांटे के मुकाबले का अनुमान जताया गया है, तो आंध्र प्रदेश में तेलुगु देसम पार्टी के साथ चुनाव लड़ी भाजपा मजबूत जनादेश के साथ सत्ताधारी वाईएसआर कांग्रेस का तख्ता पलट करती दिखाई गई है।

**मतगणना की शुरुआत पोस्टल बैलेट से :** पोस्टल बैलेट की गिनती को लेकर उठे विवाद के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को साफ किया कि मतगणना की शुरुआत नियमों के मुताबिक पोस्टल बैलेट की गिनती से होगी। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। वहीं, ईवीएम से वोटों की गिनती 8.30 बजे से होगी। यदि इस बीच पोस्टल बैलेट की गिनती पूरी नहीं हो पाती है, तो पोस्टल बैलेट और ईवीएम की गिनती साथ-साथ चलेगी। वीवीपैट पर्चियों की गिनती भी साथ ही शुरू की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के पांच-पांच बूथों की ईवीएम पर्ची की गिनती होगी।

संबंधित खबरें >> पेज 11



दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित भाजपा के मुख्यालय में पंडाल लगाने के काम में जुटे कामगार ● चंद्र प्रकाश मिश्र



मतगणना से एक दिन पहले सोमवार को अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पंडाल लगाते कामगार ● जागरण

- **देशभर की 542 संसदीय सीटों के साथ ओडिशा और आंध्र प्रदेश विस चुनाव के आएंगे परिणाम**
- **सुबह आठ बजे से शुरू होगी मतगणना, शाम तक साफ होगी 18वीं लोकसभा की तस्वीर**
- **मोदी के पास नेहरू के रिकार्ड की बराबरी करने का होगा अवसर**

### सोनिया को उम्मीद, एक्जिट पोल के उलट आएंगे चुनाव के नतीजे



**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के एक दिन पहले भी कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने विपक्षी गठबंधन के लिए बेहतर चुनावी संभावनाओं का दावा किया। एक्जिट पोल के अनुमानों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम इसके बिल्कुल विपरीत रहेंगे। विस्तृत>> पेज 11

### परिणाम से पहले नीतीश ने की पीएम मोदी से भेंट, दी बधाई

**पटना :** चर्चा है कि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गठित होने वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल में जदयू भी शामिल होगा। इस कड़ी में सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से दिल्ली स्थित उनके आवास पर भेंट की। एक्जिट पोल के अनुमान के अनुसार एनडीए को मिलने जा रही बड़ी सफलता पर उन्हें अग्रिम बधाई दी। विस्तृत>> पेज 11


# मोदी 3.0 की अगवानी को उमड़ा शेयर बाजार

## केंद्र में राजग सरकार की वापसी के अनुमान से सोमवार को शेयर बाजार नए रिकार्ड स्तर पर पहुंचे

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** आर्थिक विकास दर में लगातार मजबूती के साथ फिर से राजग सरकार के गठन के अनुमान से बाजार सोमवार को नए रिकार्ड पर पहुंच गया। सेंसेक्स जहां 2507.47 अंक (3.39%) की बढ़ोतरी के साथ 76,468.78 अंक पर बंद हुआ तो निफ्टी ने भी 733.20 अंक की बढ़त के साथ 23,263.90 अंक की नई ऊंचाई को छू लिया। सबसे अधिक तेजी सरकारी कंपनियों में देखी गई।

प्रतिशत के लिहाज से बीते तीन सालों में यह दिन की सबसे बड़ी तेजी है। इससे पहले एक फरवरी, 2021 को बजट पेश होने के बाद सेंसेक्स में करीब पांच प्रतिशत (2315 अंक) का उछाल आया था। शुक्रवार को जारी जीडीपी के आंकड़ों के मुताबिक इस साल जनवरी-मार्च तिमाही की विकास दर में 7.8 प्रतिशत तो गत वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी विकास दर 8.2 प्रतिशत रही। दूसरी तरफ गत वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.63 प्रतिशत रहा, जबकि अनुमान 5.8 प्रतिशत का था। अधिकतर आर्थिक सूचकांक में लगातार सकारात्मक बढ़ोतरी से घरेलू व विदेशी दोनों ही निवेशकों का भरोसा बढ़ता जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि फिलहाल वैश्विक हालात भी भारत के पक्ष में दिख रहे हैं। वहीं फिर से भाजपा की सरकार के गठन से भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाली आर्थिक नीति जारी रहेगी। वीकेंड इन्वेस्टिंग के संस्थापक आलोक जैन ने कहा कि अगर एक्जिट पोल के अनुमान से भी बढ़कर राजग के पक्ष में चुनाव नतीजा रहा तो बाजार बम-बम हो सकता है।

संबंधित खबरें >> पेज 8




**13.78** लाख करोड़ रुपये बढ़ी निवेशकों की संपत्ति एक दिन में

**5.13** ट्रिलियन डालर हो गया बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैप

**2,177** करोड़ रुपये की खरीदारी की विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने

### एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ा रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर में करीब छह प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई। बीएसई पर कंपनी का शेयर 5.65 प्रतिशत चढ़कर 3,021.25 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह 3,029.90 रुपये के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। एनएसई पर यह 5.58 प्रतिशत चढ़कर 3,020.65 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ। कंपनी का मार्केट कैप 1,09,248.31 करोड़ रुपये बढ़कर 20,44,084.84 करोड़ रुपये हो गया।

### बैंक आफ बड़ौदा के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी

सोमवार को बैंक आफ बड़ौदा के शेयरों में बीएसई में सबसे ज्यादा 11.88 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। बीएसई में बैंक के शेयर 296.65 रुपये प्रति इकाई पर बंद हुए। इससे इतर अन्य बैंकों के शेयर भी पांच प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर बंद हुए। सभी 12 सरकारी बैंकों में से बैंक आफ महाराष्ट्र के शेयरों में सबसे कम 5.07 प्रतिशत की वृद्धि रही।

"बाजार की प्रतिक्रिया से राजग की सरकार का फिर से सत्ता में आना तय दिख रहा है और ऐसा हुआ तो अगले दो-तीन दिनों तक बाजार में तेजी जारी रहेगी।

-**आरके गुप्ता**, एमडी, टॉरस म्युचुअल फंड

## संपादकीय

**चुनावों के बाद की राजनीति:** एक तल्ख चुनाव अभियान निपटने के बाद अब राष्ट्र की समृद्धि के प्रति लोक प्रतिबद्धता ही राजनीतिक क्रियाकलापों का केंद्रीय विचार होना चाहिए। **हृदयनारायण दीक्षित** का दृष्टिकोण।



**अस्तित्व के लिए संघर्षरत कई दल:** आम चुनावों के प्रतिकूल नतीजे कई राजनीतिक दलों के भविष्य को अंधकारमय बना सकते हैं। **उमेश चतुर्वेदी** का आकलन।

● पेज 6

## जागरण विशेष

### शौक को अवसर में बदला तो खुली स्वावलंबन की राह



**उत्तरकाशी :** लक्ष्य के लिए दृढ़ संकल्पित हों तो उम्र बाधा नहीं बनती। ऐसी ही कहानी है गुड्डी थपलियाल और निशा गुप्ता की। दोनों ने एक कंपनी बनाई, जिसका टर्नओवर 2.5 करोड़ रुपये है। इसमें 20 से अधिक महिलाएं रोजगार भी पा रही हैं। ● पेज 8

## आइसीसी T20 विश्व कप 2024

आज का मैच

| | |
|---|---|
| अफगानिस्तान vs युगांडा | |
| सुबह 6 बजे | स्थान: गुयाना |
| इंग्लैंड vs स्काटलैंड | |
| रात 8 बजे | स्थान: बारबाडोस |
| नीदरलैंड्स vs नेपाल | |
| रात 9 बजे | स्थान: डलास |

प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स पर

तेषां सततयुक्तानां भजतां प्रीतिपूर्वकम्।
ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते॥
श्रीमद् भगवद्गीता 10-10

भावार्थ : जो निरन्तर मेरे ध्यान में लगे हुये प्रेमपूर्वक मेरा भजन करते हैं उन्हें मैं तत्वज्ञानरूप योग देता हूं, जिससे वे मेरे को ही प्राप्त होते हैं।

उन्नीसवीं पुण्यतिथि



जागरण परिवार की जननी
लक्ष्मी देवी गुप्ता
(पत्नी स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त)

जन्म 24 अक्टूबर 1918 | देहावसान 4 जून 2005

समस्त दैनिक जागरण परिवार



## एक नजर में

### संजय सिंह ने एक्जिट पोल पर रोक लगाने की मांग की

**नई दिल्ली:** आप सांसद संजय सिंह ने सोमवार को देश में एक्जिट पोल पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सर्वे एजेंसियों ने खुद ही अपने एक्जिट पोल को अविश्वसनीय बना दिया है। मसलन, झारखंड में सीपीआइएम चुनाव नहीं लड़ रही है, लेकिन उसे दो से तीन सीटें दी जा रही हैं, बिहार में पांच सीटों पर चुनाव लड़ रही एलजेपी को छह सीटें दी जा रही हैं। उत्तराखंड में कुल पांच सीटें हैं, लेकिन भाजपा को 6 सीटें दी जा रही हैं। राजस्थान में कुल 25 सीटें हैं और नतीजे 33 सीटों के दिखाए जा रहे हैं। प्रेस वार्ता में सिंह ने कहा, 'देश में एक्जिट पोल पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए, ये कई बार गलत हुए हैं। (राब्यू)


संजय सिंह ●

### सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली:** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार व मनी लांड्रिंग मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को सुनवाई करेगा। सिसोदिया ने हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाई कोर्ट ने आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार व मनी लांड्रिंग मामले में सिसोदिया को नियमित जमानत देने से इन्कार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की गई सूची के अनुसार, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस संदीप मेहता की अवकाश पीठ मंगलवार को सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। (प्रेट्र)


मनीष सिसोदिया ●

### जनशताब्दी में संदिग्ध हालात में यात्री की मौत

**रुड़की:** दिल्ली-देहरादून चलने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस में एक यात्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। यात्री के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल रुड़की की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। मृतक की पहचान रमेश चंद निवासी रानीबाग शकूरबस्ती नई दिल्ली के तौर पर हुई है। उसके पास से देहरादून का टिकट मिला है। शाम के समय रुड़की जीआरपी पुलिस चौकी को सूचना मिली कि दिल्ली से आ रही जनशताब्दी एक्सप्रेस में एक यात्री की अचानक तबीयत खराब हो गई है और वह निढाल होकर सीट पर गिर गया है। (जासं)

# आज खुलेगी ईवीएम, महासमर के योद्धाओं के भाग्य का होगा फैसला

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के परिणाम का समय आ चुका है। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों के लिए मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सात मतगणना केंद्रों पर वोटों की गिनती होगी। सुबह आठ बजे ईवीएम खुलेंगी। इसके साथ ही दिल्ली के चुनावी मैदान में उतरे भाजपा और आइएनडीआइए (कांग्रेस व आम आदमी पार्टी) के प्रत्याशियों सहित 162 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। पिछले लगातार दो लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा का कब्जा रहा है।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में 15 से 27 राउंड में वोटों की गिनती होगी। नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र की सबसे कम 15 राउंड में मतगणना होगी, क्योंकि नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र में सबसे कम मतदाता हैं। पश्चिमी दिल्ली में सबसे अधिक 27 राउंड में मतगणना होगी। वहां मतदाता अधिक हैं। मतगणना के लिए कुल 560 टेबल लगाए गए हैं और 3,236 कर्मचारी वोटों की गिनती करेंगे। करीब 1,190 सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मतगणना होगी। सीईओ कार्यालय के अनुसार उम्मीद है कि सुबह साढ़े आठ बजे से दिल्ली में चुनाव नतीजों का रुझान मिलना शुरू होगा। दोपहर एक बजे तक चुनाव परिणाम की स्थिति काफी हद तक स्पष्ट हो जाएगी। प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में 50 वीवीपैट की पर्ची की गिनती कर ईवीएम में दर्ज वोटों से तुलना करनी है। अंतिम चुनाव परिणाम शाम चार बजे तक घोषित होंगे।

**तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगी वोटों की गिनती:** दिल्ली में 25 मई को 2,623 मतदान स्थलों पर बने कुल 13,641 मतदान केंद्रों पर 58.69 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसके बाद ईवीएम को स्ट्रांग रूम में दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है। तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच वोटों की गिनती होगी। मतगणना केंद्र के बाहर दिल्ली पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। सातों मतगणना केंद्रों पर दिल्ली पुलिस के 5,049 जवान तैनात होंगे।


भाजपा मुख्यालय में लोकसभा चुनाव के परिणाम की पूर्व संध्या पर चल रही तैयारी का जायजा लेते भाजपा मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख व पदाधिकारी ● ध्रुव प्रकाश मिश्र

### आनलाइन मिलेगी मतगणना की जानकारी

चुनाव आयोग की वेबसाइट (www.eci.gov.in) व वोटर हेल्पलाइन एप पर मतगणना की जानकारी आनलाइन मिलेगी। मतगणना के हर राउंड की जानकारी इस पर उपलब्ध होगी।

### दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों के लिए हुए चुनाव में मतदान के आंकड़े

| संसदीय क्षेत्र | वोट पड़े | पुरुष | महिला | अन्य | कुल मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| चांदनी चौक | 9,64,503 | 59.44 | 57.62 | 32.14 | 58.60 |
| उत्तर-पूर्वी दिल्ली | 15,49,202 | 63.55 | 62.13 | 41.61 | 62.89 |
| पूर्वी दिल्ली | 12,61,988 | 59.34 | 59.72 | 52.88 | 59.51 |
| नई दिल्ली | 8,45,285 | 55.55 | 55.28 | 26.92 | 55.43 |
| उत्तर-पश्चिम दिल्ली | 14,85,378 | 58.49 | 57.12 | 22.90 | 57.85 |
| पश्चिमी दिल्ली | 15,21,541 | 59.32 | 58.20 | 35.88 | 58.79 |
| दक्षिणी दिल्ली | 12,93,598 | 56.28 | 56.67 | 13.39 | 56.45 |
| कुल मतदाता | 89,21,495 | 59.03 | 58.29 | 28.01 | 58.69 |

### मतगणना के लिए लगाए गए टेबल व सुरक्षा कर्मचारियों की संख्या

| संसदीय क्षेत्र | टेबल | मतगणना कर्मचारी | पुलिस |
|---|---|---|---|
| चांदनी चौक | 80 | 340 | 533 |
| उत्तर-पूर्वी दिल्ली | 131 | 552 | 750 |
| पूर्वी दिल्ली | 140 | 588 | 952 |
| नई दिल्ली | 104 | 440 | 310 |
| उत्तर-पश्चिम दिल्ली | 101 | 440 | 739 |
| पश्चिमी दिल्ली | 104 | 452 | 409 |
| दक्षिणी दिल्ली | 100 | 424 | 1356 |
| कुल | 560 | 3236 | 5049 |

### सातों संसदीय क्षेत्रों के लिए निर्धारित मतगणना केंद्र

| | |
|---|---|
| चांदनी चौक | एसकेवी, भारत नगर |
| उत्तर पूर्वी दिल्ली | आइटीआइ, नंदनगरी |
| पूर्वी दिल्ली | राष्ट्रमंडल खेल गांव, खेल परिसर |
| नई दिल्ली | अटल आदर्श बालिका विद्यालय, गोल मार्केट |
| उत्तर पश्चिम दिल्ली | डीटीयू, शाहबाद, दौलतपुर |
| पश्चिमी दिल्ली | एनएसयूटी, द्वारका |
| दक्षिण दिल्ली | जीजाबाई महिला आइटीआइ, सिरी फोर्ट |

### प्रमुख दलों के उम्मीदवार

- **चांदनी चौक:** भाजपा उम्मीदवार- प्रवीन खंडेलवाल, आइएनडीआइए (कांग्रेस) उम्मीदवार- जय प्रकाश अग्रवाल
- **उत्तर-पूर्वी दिल्ली:** भाजपा उम्मीदवार- मनोज तिवारी, आइएनडीआइए (कांग्रेस) उम्मीदवार- कन्हैया कुमार
- **उत्तर-पश्चिमी दिल्ली:** भाजपा उम्मीदवार- योगेंद्र चांदोलिया, आइएनडीआइए (कांग्रेस) उम्मीदवार- उदित राज
- **पूर्वी दिल्ली:** भाजपा उम्मीदवार- हर्ष दीप मल्होत्रा, आइएनडीआइए (आप) उम्मीदवार- कुलदीप कुमार
- **नई दिल्ली:** भाजपा उम्मीदवार- बांसुरी स्वराज, आइएनडीआइए (आम आदमी पार्टी) उम्मीदवार- सोमनाथ भारती, बसपा- राजकुमार आनंद
- **पश्चिमी दिल्ली:** भाजपा उम्मीदवार- कमलजीत सहरावत, आइएनडीआइए (आम आदमी पार्टी) उम्मीदवार- महाबल मिश्रा
- **दक्षिणी दिल्ली:** भाजपा उम्मीदवार- रामवीर सिंह बिधूड़ी, आइएनडीआइए (आम आदमी पार्टी) उम्मीदवार- सही राम पहलवान

# ताज एक्सप्रेस में आग, यात्री सुरक्षित

## ओखला-तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन के तीन कोच में लगी आग, एक घंटे में काबू

- आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है
- दो घंटे तक हजरत निजामुद्दीन-पलवल लाइन बाधित रही

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** दक्षिणी-पूर्वी दिल्ली के ओखला-तुगलकाबाद रेलवे स्टेशन के बीच हरकेश नगर के पास सोमवार शाम को नई दिल्ली से आगरा होकर झांसी तक जाने वाली ताज एक्सप्रेस ट्रेन के तीन यात्री कोच में आग लग गई। चलती ट्रेन में आग लगने के बाद यात्रियों ने चेन पुलिंग की और कूदकर अपनी जान बचाई। डी-3 कोच में लगी आग देखते ही देखते दो अन्य कोच तक फैल गई। दमकल विभाग की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और एक घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। सही कारण का पता लगाने के लिए रेलवे की तरफ से समिति गठित कर जांच की जा रही है। दुर्घटना के कारण लगभग दो घंटे तक हजरत निजामुद्दीन-पलवल लाइन बाधित रही।

दिल्ली अग्निशमन विभाग को शाम लगभग सवा चार बजे ताज एक्सप्रेस ट्रेन (12280) में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद दमकल कर्मियों के अलावा रेलवे अधिकारी, आरपीएफ सहित अन्य विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए। तब तक डी-2, डी-3 और डी-4 कोच में आग फैल गई थी।

**ट्रेन के बाकी हिस्से को किया अलग:** सबसे पहले ट्रेन के डी-3 कोच में आग लगी। यात्रियों ने धुआं देखा तो कोच के अंदर अफरा-तफरी मच गई। यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रुकवाया और ट्रेन से कूदकर जान बचाई। ट्रेन रुकने और एक कोच से यात्रियों को उतरकर भागते देख अन्य कोच के यात्री भी उतर गए। कुछ ही देर में आग ने भयंकर रूप ले लिया। आग डी-2 और डी-4 डिब्बे तक पहुंच गई। आग की लपटें अन्य कोच तक पहुंचने से पहले ही रेलवे कर्मचारियों ने ट्रेन के बाकी हिस्से को उससे अलग कर दिया।

**ट्रेन देरी से हुई थी रवाना:** ताज एक्सप्रेस 8 घंटे 40 मिनट की देरी से अपराह्न 3.28 बजे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से रवाना हुई थी। हादसे के समय डी-3 में 25, डी-4 में 20 और डी-2 में 30 यात्री सवार थे। हादसे में कोई भी यात्री आग की चपेट में नहीं आया है। परंतु ट्रेन से कूदते समय कुछ यात्रियों को मामूली चोट आई।

**वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे, तुगलकाबाद से रवाना की ट्रेन:** आग लगने की सूचना मिलते ही उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी, दिल्ली के मंडल रेल प्रबंधक सुखविंदर सिंह सहित आरपीएफ के एसपी ज्योति मणि सहित अन्य विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। महाप्रबंधक ने कहा कि किसी भी यात्री को नुकसान नहीं पहुंचा है परंतु कई यात्रियों का सामान जल गया। आग पर समय रहते काबू पा लिया गया था। ट्रेन को तुगलकाबाद ले जाया गया, वहां आग से क्षतिग्रस्त कोच को अलग करने के बाद उसे झांसी के लिए रवाना किया गया।

**सुरक्षा को लेकर खड़े हुए प्रश्न:** चलती ट्रेन में आग से यात्रियों की सुरक्षा को लेकर प्रश्न खड़े हो गए हैं। नई दिल्ली से ट्रेन रवाना हुई थी और कुछ ही दूरी चलने पर इसमें आग लग गई। ताज एक्सप्रेस में शान-ए-पंजाब का रेक लगाया जाता है। यार्ड में पूरी पड़ताल और जरूरी मरम्मत के बाद ट्रेन को रवाना किया जाता है।

संबंधित खबर » जागरण सिटी


नई दिल्ली से आगरा होकर झांसी तक जाने वाली ताज एक्सप्रेस ट्रेन में सोमवार को आग लग गई। एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया ● वीडियो ग्रैब/प्रेट्र

# 'मतगणना के दौरान सतर्क रहें कार्यकर्ता'

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** भाजपा ने अपने स्तर पर मतगणना की तैयारी पूरी कर ली है। सोमवार को सभी सात लोकसभा क्षेत्रों में मतगणना केंद्र पर तैनात होने वाले कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। पूर्वी दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा भी शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मतगणना के दौरान सतर्क रहने का निर्देश दिया।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ●

प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा ने अनुभवी कार्यकर्ताओं को काउंटिंग एजेंट बनाया है। मतगणना की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देने के लिए उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। सचदेवा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि धैर्य के साथ मतगणना की पूरी प्रक्रिया में शामिल रहना है। मतगणना स्थल से एक कार्यकर्ता, तभी हटेगा जब उसका स्थान लेने के लिए दूसरा पहुंच जाए। हार की हताशा में आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता मतगणना के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं को उकसा कर विवाद उत्पन्न करने का प्रयास कर सकते हैं। इसे लेकर सतर्क रहना होगा। कार्यकर्ता शांत रहकर अपना कार्य पूरा करें। किसी तरह की समस्या होने पर मतगणना स्थल में उपस्थित रहने के लिए दूसरे नामित कार्यकर्ता या चुनाव प्रभारी को सूचित करने की सलाह दी। पूर्वी दिल्ली की बैठक में लोकसभा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा, लोकसभा प्रभारी डा. अनिल गुप्ता, जिला अध्यक्ष बीजेंद्र धामा व संजय गोयल उपस्थित थे। दक्षिण दिल्ली लोकसभा की बैठक को प्रभारी राजीव बब्बर सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

## आम आदमी पार्टी ने काउंटिंग एजेंटों को दिया प्रशिक्षण

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर आप मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सदस्य डा. संदीप पाठक ने सोमवार को काउंटिंग एजेंटों को प्रशिक्षण भी दिया।

पाठक ने एजेंटों से कहा कि सुबह छह बजे तक अपने-अपने मतगणना केंद्र पर पहुंच जाएं और जब तक एक-एक वोट की गिनती नहीं हो जाए, मतगणना केंद्र छोड़कर नहीं जाएं। मतगणना के दौरान अगर काउंटिंग एजेंट को किसी भी तरह का कोई शक हो, तो तुरंत अपनी शिकायत रिटर्निंग आफिसर के पास दर्ज कराएं। किसी भी हाल में काउंटिंग एजेंट को चुप नहीं रहना है। काउंटिंग एजेंट को हर ईवीएम मशीन का नंबर और मशीन को खोलने का समय जरूर मैच करना है। उनको एक-एक वोट की गिनती पर कड़ी नजर बनाए रखनी है। पाठक ने कहा कि चुनाव आयोग के दिशानिर्देश के अनुसार सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की जाएगी। यदि पोस्टल बैलेट की गिनती को बाद में करने का प्रयास हो, तो तुरंत अपनी आपत्ति दर्ज करानी है। पोस्टल बैलेट की पर्ची में कोई भी गड़बड़ी हो, तो तुरंत आपत्ति दर्ज कराएं और उसे अवैध कराएं। हर ईवीएम मशीन की जांच अच्छे तरीके से करनी है।


संदीप पाठक ●

# मां-बेटा और दो सहेलियों की हुई थी मौत

## मेरठ में कार हादसा

**जागरण संवाददाता, मेरठ:** चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग पर भोला झाल के पास रविवार रात चलती सेंट्रो कार में आग लगने से जिंदा जलने वाले चारों मृतकों की पहचान कर ली गई है। ये गाजियाबाद, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर के रहने वाले थे। मृतकों में मां-बेटा और दो सहेलियां थीं। कार गाजियाबाद का ललित चला रहा था। उसकी मां रजनी और दो महिलाएं राधा व कविता पीछे बैठीं थी। राधा और कविता रजनी के बेटे ललित की शादी के लिए हरिद्वार में लड़की देखने जा रहीं थी।

चौधरी चरण सिंह गंग नहर पटरी मार्ग पर रविवार रात कार में आग लग गई थी। फायरकर्मियों ने आग बुझाई तो कार में चार लोग कंकाल हो चुके थे। पुलिस ने गाड़ी नंबर डीएल4सी-एपी-4792 के आधार पर उसके मालिक की जानकारी की तो गाड़ी सोहनपाल निवासी गांव प्रहलादपुर बांगर, दिल्ली के नंबर पर निकली। जानी पुलिस दिल्ली पहुंची तो पता चला कि उन्होंने सोनीपत हरियाणा के युवक को गाड़ी बेच दी थी। उससे संपर्क करने पर जानकारी हुई कि यह गाड़ी 28 मई 2024 को ललित को 70 हजार रुपये में बेच दी थी।

पुलिस ने फोन नंबर लेकर बात की तो मृतकों की पहचान ललित निवासी गाजियाबाद और उसकी मां रजनी के रूप में हुई। दो अन्य मृतकों में रजनी की सहेलियां राधा निवासी गौतमबुद्धनगर और कविता निवासी गाजियाबाद के रूप में हुई।


रजनी ●


कविता ●


ललित ●

### तीनों महिलाओं का आपराधिक इतिहास

**राधा:** मूल रूप से बुलंदशहर निवासी राधा का 2021 में अपने पड़ोसी से झगड़ा हुआ था। मारपीट के बाद पड़ोसी की मौत हो गई थी। तब राधा पर हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ। राधा को जेल भेजा गया था।

**कविता:** गाजियाबाद के मोदीनगर निवासी कविता 2021 में बुलंदशहर से एनडीपीएस एक्ट में जेल गई थी। जेल से छूटकर आने के बाद से परिवार से किनारा कर लिया था।

**रजनी :** 28 मार्च 2021 को बुलंदशहर के ककोड़ में होली के दिन धर्म सिंह की हत्या कर दी गई थी। धर्म सिंह की पत्नी रजनी ने गांव के ही प्रेमी अशोक और भाई शिवम निवासी सौंदा हबीबपुर थाना खुर्जा नगर कोतवाली के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था।

# आग में फंसे शिशुओं की जान बचा सकता था डा. आकाश : कोर्ट

## लापरवाही की आग

- कहा- डा. आकाश ने संचालक को काल कर समय बर्बाद किया, पुलिस को क्यों नहीं दी सूचना
- बीएएमएस कर एलोपैथिक चिकित्सा सीखने पर प्रश्नचिह्न लगा कोर्ट ने खारिज की जमानत

**जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली:** विवेक विहार स्थित बेबी केयर न्यू बोर्न अस्पताल के अग्निकांड मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने डा. आकाश को जमानत देने से इन्कार कर दिया। मुख्य महानगर दंडाधिकारी विधि गुप्ता आनंद के कोर्ट ने अर्जी खारिज कर कहा कि हरियाणा मेडिकल काउंसिल के सर्टिफिकेट के तहत आरोपित आयुर्वेद चिकित्सक के रूप में सिर्फ हरियाणा में प्रैक्टिस का हकदार था। वह दिल्ली के अस्पताल में एनआइसीयू जैसी संवेदनशील यूनिट में काम कर रहा था।

वह अस्पताल के क्रिटिकल वार्ड में काम करके एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति का कामकाज सीखने के लिए उत्सुक क्यों था, इसका कोई तर्क नहीं दिया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि वह अस्पताल से भाग गया था। आग लगने पर पुलिस और दमकल विभाग को सूचित करने के बजाय उसने अस्पताल के मालिक को फोन करके आधा घंटा बर्बाद किया, इतने समय में वह शिशुओं की जान बचा सकता था। कोर्ट ने आरोपित की ओर से दिए गए उस बयान को अत्यधिक असंवेदनशील करार दिया, जिसमें कहा गया कि शिशुओं की मृत्यु जलने से नहीं दम घुटने से हुई है।

25 मई की रात को अस्पताल में आग लग गई थी। वहां से 12 शिशुओं को रेस्क्यू कर निकाला गया था। उनमें से एक पहले से मृत था। हादसे में सात शिशुओं की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने लापरवाही, गैर इरादतन हत्या समेत कई आरोप लगाते हुए अस्पताल के संचालक डा. नवीन खीची और सहयोगी डा. आकाश को गिरफ्तार किया था। आकाश ने यह दलील देते हुए जमानत अर्जी दाखिल की थी कि वह अस्पताल में डाक्टर नहीं, प्रशिक्षु के रूप में कार्य कर रहा था।

आरोपित की ओर से उसके वकील ने कहा कि डा. आकाश ने बीएएमएस किया था, वह एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति में डाक्टरी नहीं कर सकता था। वकील ने यह दलील भी दी कि अस्पताल में आग एक दुर्घटना है। आग छत से लगना शुरू हुई थी जो नीचे तक फैल गई। इसमें किसी की गलती नहीं थी। अस्पताल का लाइसेंस खत्म हो गया था या उसमें कोई और कमी थी, उसमें डा. आकाश का कोई रोल नहीं था। यह दलील भी दी कि शिशुओं की मौत झुलसने से नहीं, दम घुटने से हुई थी। यह दावा किया कि घटना वाली रात 10:39 बजे अस्पताल के स्टाफ ने काल करके पुलिस को सूचना दी थी। उनके मुवक्किल ने स्टाफ के साथ शिशुओं को रेस्क्यू किया, तभी उनसे से चार बच्चे जीवित हैं।


विवेक विहार स्थित बेबी डे केयर में लगी आग ● जागरण आर्काइव

### 'स्टाफ ने नहीं, बाहरी व्यक्ति ने दी थी आग की सूचना'

पुलिस ने अर्जी का विरोध करते हुए दलील दी कि नर्सिंग स्टाफ ने बयान में बताया है कि डा. आकाश भर्ती मरीजों के लिए दवाएं लिखता था। पुलिस ने उस बात को भी खारिज किया कि आग लगने की काल स्टाफ द्वारा की गई थी। सूचना किसी बाहरी व्यक्ति से मिली थी। पुलिस ने दलील देते हुए कहा कि जांच शुरुआती चरण में है, आरोपित बाहर आने पर उसे प्रभावित कर सकता है। कोर्ट ने जमानत देने से इन्कार कर दिया।

# 292.8 करोड़ की अपराध की आय में के. कविता की संलिप्तता : ईडी

## आबकारी नीति घोटाला

- राउज एवेन्यू कोर्ट ने बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ाई
- ईडी का दावा- के. कविता ने अपनी संलिप्तता को छिपाने के लिए डिजिटल साक्ष्य किए नष्ट
- सह आरोपित प्रिंस, दामोदर और अरविंद सिंह को एक-एक लाख के निजी मुचलके पर मिली जमानत


के कविता

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में कोर्ट ने बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ा दी। राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने के. कविता के खिलाफ जारी पेशी के समन के पहले के आदेश के अनुपालन में उनको कोर्ट में पेश किए जाने के बाद हिरासत बढ़ा दी।

अदालत ने 29 मई को मामले में बीआरएस नेता के खिलाफ ईडी की ओर से दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के बाद पेशी का समन जारी किया था। जांच एजेंसी ने आरोपपत्र में कहा है कि अब तक 1,100 करोड़ के घोटाले में के. कविता 292.8 करोड़ रुपये की अपराध की आय में शामिल थीं। जिसमें से 100 करोड़ रुपये आप नेताओं को रिश्वत के तौर पर और 192.8 करोड़ रुपये इंडो स्पिरिट्स का लाभ शामिल है। वहीं, अदालत ने मामले में तीन सह-आरोपित प्रिंस, दामोदर और अरविंद सिंह को एक-एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी। ईडी द्वारा जांच के दौरान तीनों को गिरफ्तार किए बिना ही आरोपपत्र दायर कर दिया गया था। वहीं, एक अन्य आरोपित चनप्रीत सिंह न्यायिक हिरासत में है।

### मेसर्स इंडो स्पिरिट्स में कविता को 33% हिस्सेदारी मिली

ईडी ने कहा कि के. कविता अपने बयान दर्ज करने के दौरान गलत साक्ष्य दे रही है। उनसे जब मेसर्स इंडो स्पिरिट्स में उनकी हिस्सेदारी के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इन्कार किया। हालांकि, उनकी उनके सीए बुची बाबू और राघव मगुंटा से हुई वाट्सएप चैट से ये स्पष्ट हो रहा था कि उन्हें मेसर्स इंडो स्पिरिट्स में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी मिल रही थी। ईडी ने कहा कि कविता जांच में देरी करने के लिए मुकदमेबाजी में शामिल हुई और सुप्रीम कोर्ट में दायर रिट याचिका में भी उन्होंने गलत दलीलें दी हैं। ईडी ने कहा कि कविता जांच को भटकाने के लिए ईडी पर झूठे आरोप लगा रही हैं। ईडी ने दावा किया कि के. कविता अपने बयान की रिकार्डिंग के दौरान विशिष्ट प्रश्न पूछे जाने पर अनावश्यक, निरर्थक और राजनीतिक बयान दे रही है।

ईडी ने के. कविता को 15 मार्च, 2024 को हैदराबाद स्थित उनके घर से और सीबीआइ ने 11 अप्रैल, 2024 को जेल से गिरफ्तार किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि कविता साउथ ग्रुप की एक प्रमुख सदस्य थीं।

**आरोप स्थापित करने के लिए पर्याप्त सुबूत हैं: ईडी:** ईडी के 177 पन्नों के पूरक आरोपपत्र में कहा कि आरोपितों के खिलाफ आरोप स्थापित करने के लिए रिकार्ड पर पर्याप्त सुबूत हैं। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि के. कविता ने विजय नायर के माध्यम से साउथ ग्रुप के सदस्यों और आप नेताओं के साथ मिलकर 100 करोड़ की रिश्वत देने और अनुचित लाभ प्राप्त करने की साजिश रची और घोटाले में अपनी भूमिका व संलिप्तता को छिपाने के लिए डिजिटल साक्ष्य नष्ट किए। उन्होंने अपने मोबाइल फोन के साक्ष्य और सामग्री को मिटा दिया है। ईडी ने बताया कि कविता ने जांच के लिए नौ फोन पेश किए, ये सभी फोन फार्मेट किए गए थे और उनमें कोई डाटा नहीं था। ईडी ने कहा कि वह पूछताछ करने में टालमटोल कर रही थी और उन फार्मेट किए गए फोन के लिए वो कोई स्पष्टीकरण नहीं दे सकीं। ईडी ने दावा किया कि कविता गवाहों को प्रभावित करने के कृत्यों में भी शामिल है। कविता ने अपने सहयोगी अभिषेक बोइनपल्ली के नाम पर मेसर्स इंडो स्पिरिट्स से 5.5 करोड़ रुपये की अपराध की आय प्राप्त की। आरोपित चनप्रीत सिंह को हवाला के माध्यम से 45 करोड़ रुपये नकद मिले, जो कि आप नेताओं को 100 करोड़ रुपये की साउथ ग्रुप से मिली रिश्वत का हिस्सा था। इसका इस्तेमाल उन्होंने गोवा में आप के चुनाव अभियान में किया था। प्रिंस कुमार ने 100 करोड़ रुपये की अपराध की आय से हवाला के माध्यम से 16 लाख रुपये प्राप्त किए। अरविंद सिंह ने पीओसी के 12 करोड़ रुपये के हवाला हस्तांतरण में शामिल होने और इस पीओसी से मेसर्स चैरियट प्रोडक्शंस मीडिया प्राइट लिमिटेड द्वारा लगे विक्रेताओं को भुगतान करने, अधिग्रहण, उपयोग और छिपाने में जानबूझकर सहायता करने की गतिविधियां कीं।

### पिल्लई की जमानत याचिका पर ईडी को कोर्ट का नोटिस

**जासं, नई दिल्ली:** आबकारी घोटाले में आरोपित हैदराबाद के व्यवसायी अरुण रामचंद्रन पिल्लई की चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत की मांग वाली याचिका पर सोमवार को हाई कोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की अवकाश पीठ ने ईडी को नोटिस जारी कर पिल्लई द्वारा रिकार्ड पर रखी गई मेडिकल रिपोर्ट को सत्यापित करने को कहा। कोर्ट ने सत्यापन रिपोर्ट के साथ याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए सुनवाई 10 जून तक के लिए स्थगित कर दी।

अधिवक्ता अनुज तिवारी के माध्यम से याचिका दायर कर पीठ दर्द सहित अन्य चिकित्सा कारणों के लिए आठ सप्ताह की अंतरिम जमानत मांगी थी। याचिका में दावा किया कि केरल के एक आयुर्वेदिक क्लीनिक के डाक्टरों ने राय दी है कि उन्हें 21 दिनों की पंचकर्म थेरेपी के लिए वहां भर्ती होने और 21 दिनों तक बेड रेस्ट की जरूरत है। पिल्लई को ईडी ने छह मार्च 2023 को इन आरोपों के बाद गिरफ्तार किया था।

# ईडी ने अपने दो गवाहों की 115 करोड़ की संपत्तियां जब्त कीं

- जांच एजेंसी ने अपने आरोपपत्र में उजागर किया यह तथ्य
- दोनों सरकारी गवाह हैं- राघव मगुंटा और सरथ चंद्र रेड्डी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने अपने दो गवाहों की 115 करोड़ रुपये से ज्यादा की परिसंपत्तियों को जब्त किया है। इन गवाहों में लोकसभा चुनावों में ओंगोल से तेदेपा प्रत्याशी मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के कारोबारी पुत्र राघव मगुंटा और अरबिंदो फार्मा के प्रमोटर सरथ चंद्र रेड्डी शामिल हैं।

के. कविता और चार अन्य के विरुद्ध 10 मई को दाखिल आरोप पत्र में ईडी ने यह बात उजागर की है। विशेष पीएमएलए अदालत ने इस पर 29 मई को संज्ञान लिया। राघव मगुंटा और सरथ रेड्डी दोनों कविता के नेतृत्व वाले तथाकथित 'साउथ ग्रुप' के सदस्य थे।

ईडी के आरोप पत्र के मुताबिक, पीएमएलए के तहत राघव मगुंटा और सरथ रेड्डी की परिसंपत्तियों को जब्त करने का आदेश तीन मई को जारी किया गया था। मामले में ईडी द्वारा जब्ती का यह तीसरा आदेश है। इससे पहले जांच एजेंसी ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की परिसंपत्तियों (52 करोड़ रुपये से अधिक की) और कारोबारी समीर महेंद्रू की परिसंपत्तियों (76 करोड़ रुपये से अधिक की) को जब्त किया था। उल्लेखनीय है कि ईडी ने राघव मंगुटा एवं सरथ रेड्डी को गिरफ्तार किया था और पिछले वर्ष अदालत ने उन्हें सरकारी गवाह बनने की इजाजत दे दी थी। वर्तमान में दोनों जमानत पर हैं। इस मामले में व्यवसायी दिनेश अरोड़ा ईडी के तीसरे गवाह हैं। ईडी द्वारा आरोप पत्र में उल्लिखित बयान के मुताबिक, के. कविता ने आबकारी नीति मामले में अपने विरुद्ध लगाए गए रिश्वत के सभी आरोपों से इन्कार किया है। ईडी ने उन पर सुबूतों को नष्ट करने का आरोप भी लगाया है।

*********

नई दिल्ली, मंगलवार
4 जून, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14+4=18

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित




राजकुमार आनंद का इस्तीफा मंजूर, एलजी ने राष्ट्रपति को भेजी सिफारिश 4
ट्रंप बोले, मुझे सजा हुई तो टूट जाएगा लोगों का संयम 12

महासमर 2024 सभी चुनें सही चुनें

विपक्षी दलों के बीच दिखी लाजवाब सियासी केमिस्ट्री >> पेज 9
खरगे का खुला पत्र, कहा-संविधान का पालन करें अधिकारी >> पेज 11

## दिल्ली जल संकट पर सुप्रीम निर्देश के बाद अब कल होगा चार राज्यों का मंथन

- बैठक में दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल व उत्तर प्रदेश लेंगे हिस्सा, अगली सुनवाई छह को
- केंद्र व हरियाणा ने दिल्ली में 50 प्रतिशत से ज्यादा जल बर्बाद होने का लगाया आरोप



**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में चल रहे जल संकट पर तत्काल अपर यमुना रिवर बोर्ड की बैठक बुलाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि पांच जून को बैठक की जाएगी और उसमें सभी हितधारक राज्य, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व उत्तर प्रदेश हिस्सा लेंगे। कोर्ट ने मामले को छह जून को फिर सुनवाई पर लगाते हुए यमुना रिवर बोर्ड की बैठक के मिनट्स और जल संकट से निबटने के सुझाव कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया है।

ये निर्देश जस्टिस पीके मिश्रा व केवी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने राजधानी दिल्ली में जल संकट पर सुनवाई के दौरान सोमवार को दिए। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर बढ़ती गर्मी के कारण पानी की मांग बढ़ने से गंभीर जल संकट की स्थिति पैदा होने की बात कही है और हरियाणा से पानी दिलाने का निर्देश मांगा है। यह भी कहा गया है कि हिमाचल प्रदेश अपना अतिरिक्त जल दिल्ली को देने को तैयार है, लेकिन उसकी भौतिक सीमाएं दिल्ली से नहीं जुड़ती हैं। इसलिए दिल्ली को पानी मौजूदा जल वितरण प्रणाली के जरिये ही मिल सकता है। इसके लिए हरियाणा को हिमाचल द्वारा दिल्ली के लिए छोड़ा गया अतिरिक्त जल देना होगा।

सोमवार को जब मामला सुनवाई पर आया तो दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने जल संकट की दुहाई देते हुए दिल्ली को पानी दिलाने का निर्देश मांगा।

इसी बीच केंद्र और हरियाणा सरकार की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जो मुद्दा याचिका में उठाया गया है, उस पर पहले से ही अपर यमुना रिवर बोर्ड में विचार चल रहा है। वहां सारे हितधारक राज्य दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश हैं। बोर्ड ने हिमाचल से कहा कि वह बताए कि उसके पास कितना अतिरिक्त जल है। इन दलीलों पर कोर्ट ने कहा कि इमरजेंसी को देखते हुए बोर्ड की बैठक तत्काल मंगलवार को बुलाएं। मेहता ने कहा कि बुधवार को बैठक बुलाई जा सकती है। दूसरी ओर हिमाचल के वकील ने कहा कि उनका राज्य अतिरिक्त जल दिल्ली को देने को राजी है। कोर्ट ने सभी को सुनने के बाद आदेश में कहा कि छह जून को फिर सुनवाई होगी और उस दिन बैठक के मिनट्स कोर्ट में पेश किए जाएंगे।

### आता 100 लीटर पानी, लोगों को 48.65 लीटर ही मिलता है

केंद्र और हरियाणा सरकार की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अगर दिल्ली में 100 लीटर पानी आता है तो निवासियों को सिर्फ 48.65 लीटर ही पानी मिलता है। 51.35 लीटर जल बर्बाद हो जाता है। इसका कारण पानी लीकेज, टैंकर माफिया और कुछ औद्योगिक इकाइयों द्वारा जल की चोरी है। दिल्ली सरकार को अपना सिस्टम ठीक करना चाहिए। इस पर पीठ ने भी कहा कि पानी की बर्बादी नहीं होनी चाहिए।

### अंदर पढ़ें

**बिहार में जदयू के पोलिंग एजेंट की पीटकर हत्या**

**बिहारशरीफ (नालंदा) :** बिहार के नालंदा जिले में जदयू कार्यकर्ता की डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। वह एक जून को बूथ पर जदयू के पोलिंग एजेंट बने थे। आरोप है कि मतदान के दिन गांव के ही दूसरे दल के समर्थकों ने उन्हें धमकी दी थी। ● पेज 12


**पुलवामा में लश्कर के दो आतंकी ढेर, हथियार बरामद**

**श्रीनगर :** पुलवामा में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के डिवीजनल कमांडर रियाज अहमद डार को एक अन्य आतंकी के साथ मार गिराया। दोनों के पास से भारी मात्रा में हथियार और अन्य सामान बरामद हुआ है। रियाज पर 10 लाख और रईस पर पांच लाख रुपये इनाम था। ● पेज 12

**jagran.com वेबसाइट पर पढ़ें**

**भाजपा का विराट स्वरूप**
**हिंदी पट्टी की पार्टी नहीं रह गई भाजपा, एग्जिट पोल में कश्मीर से केरल तक दिखा भाजपा का 'विराट' स्वरूप**

**दैनिक जागरण सप्तरंग**
अंतस और अध्यात्म का



आनंद से परिपूर्ण है अध्यात्म का पथ
वृक्षों में होता है देवत्व
● जागरण सिटी

## निर्वाचन आयोग ने माना-गलत फैसला था भीषण गर्मी के बीच चुनाव कराना

### मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा- एक माह पहले कराना चाहिए था चुनाव, आगे से ध्यान रखेंगे

- चुनाव में फेक नैरेटिव को लेकर सतर्क न रहने, वीकेंड में मतदान की तारीख को भी माना चूक
- चुनाव में देश से बाहर की कुछ ताकतों के इस्तेमाल का खतरा था, पर फेक नैरेटिव उससे कहीं बड़ा खतरा बन गया



नई दिल्ली में सोमवार को प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ● प्रेट्र

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** भीषण गर्मी में चुनाव कराने के फैसले पर हो रही आलोचना के बीच निर्वाचन आयोग ने सोमवार को स्वीकार किया कि मई-जून में चुनाव कराने का उसका फैसला गलत था। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा कि यह उनकी चूक थी कि चुनाव का समय तय करने के दौरान वह भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान नहीं लगा पाए। चुनाव एक महीने पहले करा लेना चाहिए था। आगे से चुनाव का समय तय करते वक्त आयोग इसका पूरा ख्याल रखेगा।

सीईसी ने पत्रकारों से चर्चा में चुनाव के दौरान तीन सीख मिलने का जिक्र किया। पहला- इतनी गर्मी में चुनाव नहीं होना चाहिए। दूसरा- फेक नैरेटिव को काउंटर करने के लिए हमें और ज्यादा तैयारी करनी होगी और तीसरा-वीकेंड में मतदान की तारीखों को नहीं रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान गलत सूचनाओं के फैलने की आशंका थी। इससे निपटने के लिए उन्होंने पूरी तैयारी की थी और उसे रोकने में सफल भी रहे, लेकिन चुनाव के दौरान फेक नैरेटिव को लेकर उन्हें कोई अनुमान नहीं था। उन्हें चुनाव के दौरान देश से बाहर की कुछ ताकतों के इस्तेमाल का खतरा था, लेकिन चुनाव में फेक नैरेटिव उससे कहीं बड़ा खतरा बन गया। इस दौरान कभी वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की बात की गई तो कभी ईवीएम का मुद्दा उठाया गया। फिर मतदान प्रतिशत को बढ़ाने का आरोप लगाया गया। अब 150 रिटर्निंग आफिसर को फोन करके धमकाने, एजेंटों को मतगणना की टेबल तक न जाने देने और पोस्टल बैलेट की गिनती की व्यवस्था को बदलने जैसे आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने इन मुद्दों को लेकर विपक्ष को चुनौती दी कि वह इसके प्रमाण लाए, अन्यथा इस तरह की शंका जताना बेमानी है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने इस दौरान वीकेंड में मतदान कराने के तीसरे सबक का जिक्र किया और कहा कि चुनाव के दौरान मतदान की तारीख शुक्रवार से सोमवार के बीच रखने का उनका फैसला गलत था। वीकेंड के चलते लोग बाहर चले गए और मतदान नहीं किया। इससे मतदान प्रतिशत गिरा।


**मतदान का विश्व रिकार्ड, 27 यूरोपियन देशों की आबादी से ढाई गुणा ने की वोटिंग:** आयोग ने आम चुनाव में 64.2 करोड़ मतदाताओं के हिस्सा लेने पर खुशी जताते विश्व रिकार्ड बनाने पर खुशी जताई। कहा- यह संख्या जी-7 देशों की आबादी से डेढ़ गुना और 27 यूरोपियन देशों की आबादी से ढाई गुना अधिक है। इसके साथ ही चुनाव में 31.2 करोड़ से अधिक महिला मतदाताओं ने भी हिस्सा लिया है, जो 27 यूरोपियन देशों की कुल आबादी का सवा गुना है। आयोग ने चुनाव में 2019 की तुलना में पुनर्मतदान की संख्या में कमी का भी ब्योरा दिया और बताया कि 2019 में 540 बूथों पर पुनर्मतदान हुआ था, जबकि इस बार सिर्फ 39 बूथों पर पुनर्मतदान हुआ। इनमें भी 27 राज्य ऐसे थे, जहां एक भी पुनर्मतदान नहीं हुआ।

**जम्मू-कश्मीर में जल्द ही कराएंगे विधानसभा चुनाव : आयोग >> पेज 11**

## लोकसभा चुनाव का परिणाम जो भी हो, पर दिल्ली में आप-कांग्रेस की राहें फिर जुदा

संजीव गुप्ता ● जागरण

- पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा, लोकसभा चुनाव के साथ ही खत्म हुआ गठबंधन
- अब जनहित के मुद्दों पर भाजपा के साथ-साथ आप सरकार पर भी हमलावर रहेगी प्रदेश कांग्रेस
- विधानसभा चुनाव को लेकर यादव ने कहा-भविष्य के निर्णय को लेकर अभी कुछ भी कह पाना मुश्किल



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव का परिणाम और इंडी गठबंधन का भविष्य भले जो हो, लेकिन दिल्ली में आप एवं कांग्रेस की राहें अलग हो गई हैं। कांग्रेस की दिल्ली इकाई आप सरकार से जुड़े मुद्दों पर अब चुप्पी भी नहीं साधेगी। भाजपा के साथ आप भी हमलावर रहेगी। फरवरी, 2025 में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी यह अलगाव बरकरार रहने के संकेत हैं।

प्रदेश कांग्रेस की रजामंदी न होने पर भी शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर राजधानी में आप और कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में हाथ मिलाना पड़ा था। सात में से चार सीटों पर आप और तीन सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार चुनाव लड़े। हालांकि, पंजाब में दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा और एक-दूसरे के खिलाफ जहर भी उगला। दिल्ली में भी पूरे चुनाव प्रचार के दौरान दोनों पार्टियों के शीर्ष नेताओं ने मंच साझा नहीं किया। जबरन थोपे गए इस गठबंधन के विरोध में ही अरविंदर सिंह लवली ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद छोड़ दिया, तो छह अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी कांग्रेस को बाय- बाय कर दिया। अब लोकसभा चुनाव खत्म हो गया है और मंगलवार को चुनाव परिणाम भी सामने आ जाएगा, तो प्रदेश कांग्रेस ने आप से अलग होने की घोषणा कर दी।

जागरण से बातचीत में प्रदेश इकाई अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि इंडी गठबंधन भी लोकसभा चुनाव के लिए ही बना था और दिल्ली में आप-कांग्रेस का सियासी गठजोड़ भी केवल इसी चुनाव के लिए किया गया था। अब दोनों के बीच कोई समझौता नहीं रहा है। कांग्रेस पूर्णतः स्वतंत्र है। ऐसे में निश्चित तौर पर हम जनहित के मुद्दों पर भाजपा के साथ आप को भी कठघरे में खड़ा करेंगे और पुरजोर तरीके से आप की गलत नीतियों का विरोध करेंगे। विधानसभा चुनाव के संदर्भ में पूछे जाने पर यादव ने कहा कि भविष्य के निर्णय को लेकर अभी स्पष्ट तौर पर कुछ कह पाना मुश्किल है। हालांकि, प्रबल संभावना यही है कि विधानसभा चुनाव आप-कांग्रेस अलग-अलग अपने दम पर लड़ेंगी।

### ...तो आइएनडीआइए के साथ कोई समस्या नहीं : ममता

**राज्य ब्यूरो, जागरण, कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी का एक बार फिर आइएनडीआइए गठबंधन की तरफ झुकाव नजर आ रहा है। एक समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा कि यदि माकपा तृणमूल के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करती है तो उनकी पार्टी को आइएनडीआइए के साथ कोई समस्या नहीं होगी। ममता ने कांग्रेस और माकपा पर बंगाल में अल्पसंख्यक वोटों को विभाजित करने के लिए भाजपा के साथ मिलकर काम करने का भी आरोप लगाया।

## पाक को खुफिया सूचनाएं देने वाले ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व इंजीनियर को उम्रकैद

- अदालत ने 14 साल सश्रम कारावास की सजा भी सुनाई और तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया
- उप्र और महाराष्ट्र एटीएस ने निशांत अग्रवाल को वर्ष 2018 में संयुक्त अभियान में किया था गिरफ्तार



ब्रह्मोस एयरोस्पेस का पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल ● फाइल/इंटरनेट मीडिया


**नागपुर, प्रेट्र :** ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ के लिए जासूसी करने और खुफिया जानकारी देने का दोषी ठहराते हुए स्थानीय अदालत ने सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। अग्रवाल को 14 वर्ष का सश्रम कारावास भी भुगतना होगा और उस पर तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

**शासकीय गोपनीयता अधिनियम के तहत सजा:** अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एमवी देशपांडे ने कहा कि अग्रवाल को दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-235 के तहत सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-66 (एफ) और शासकीय गोपनीयता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत किए गए अपराध के लिए दोषी करार दिया जाता है। विशेष लोक अभियोजक ज्योति वजानी ने बताया कि अदालत ने शासकीय गोपनीयता अधिनियम के तहत अग्रवाल को उम्रकैद और 14 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई और तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

**बांबे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ ने पिछले साल दे दी थी जमानत:** अग्रवाल नागपुर स्थित कंपनी के मिसाइल केंद्र में तकनीकी अनुसंधान प्रभाग में कार्यरत था और उसे 2018 में सैन्य खुफिया प्रभाग और उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र के आतंकवादरोधी दस्ते (एटीएस) के संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया गया था। ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व अभियंता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और शासकीय गोपनीयता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

अग्रवाल चार साल से ब्रह्मोस के मिसाइल केंद्र में कार्यरत था और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ को संवेदनशील तकनीकी जानकारी देने का आरोपित था। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारत सरकार के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूस के मिलिट्री इंडस्ट्रियल कंसोर्टियम का संयुक्त उद्यम है। अग्रवाल को बांबे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ ने पिछले साल अप्रैल में जमानत दे दी थी।

## अमूल के बाद मदर डेरी का दूध भी दो रुपये महंगा





**जासं, नई दिल्ली:** अमूल के बाद अब मदर डेरी ने भी दूध की कीमतों में दो रुपये की बढ़ोतरी की है। एक दिन पहले अमूल ने दूध के दाम में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की घोषणा की थी। अब मदर डेरी ने जारी बयान में बताया कि यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से उत्पादकों को बढ़ी हुई उत्पादन लागत की भरपाई करने के लिए है, जो एक वर्ष से अधिक समय से बढ़ रही है। देश भर में गर्मी चरम पर है। इससे दूध उत्पादन पर और असर पड़ने की संभावना है। बता दें, मदर डेरी ने इससे पहले फरवरी, 2023 में दूध की कीमतों में वृद्धि की थी।

अब टोंड दूध 54 की जगह 56, गाय का दूध 56 की जगह 58, फूल क्रीम 66 की जगह 68 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जबकि भैंस का दूध 70 की जगह 72 और डबल टोंड 48 की जगह 50 रुपये प्रति लीटर में मिलेगी। टोकन दूध भी 52 की जगह 54 रुपये प्रति लीटर मिलेगा।

## इजरायल ने कहा-पधारो भारत देश

- पर्यटन के क्षेत्र में भारत का साथ देकर इजरायल का मालदीव पर पलटवार
- कहा-लक्षद्वीप, अंडमान निकोबार, गोवा और केरल के मनोरम दृश्य देखने आएं



एक्स पर @इजरायलइनइंडिया हैंडल से साझा किया गया लक्षद्वीप का चित्र

**नई दिल्ली, एएनआइ :** इजरायल ने अपने नागरिकों को अप्रतिम प्राकृतिक सौंदर्य वाले मित्र देश भारत आने का सुझाव दिया है। साथ ही यहां के खूबसूरत समुद्री तटों को खंगालने की पेशकश करते हुए गोवा, अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप और केरल के मनोरम दृश्यों का आनंद लेने की सलाह दी है। मालदीव की ओर से इजरायली पासपोर्ट धारकों के अपने देश में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के बाद भारत स्थित इजरायल के दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट करके मालदीव जाने के बजाय भारत के सुरक्षित और सुंदर तटों का भ्रमण करने की सिफारिश की है।

नई दिल्ली स्थित इजरायली दूतावास ने भारत के पक्ष में किए गए इस पोस्ट से दो हित साधे हैं। इजरायल के हजारों पर्यटकों को मालदीव से अलग करने के साथ ही उनका रुख भारत की ओर करके विश्व में बन रहे नए-नए खेमों को अपना संदेश दिया है। इजरायली दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'चूंकि अब मालदीव इजरायलियों का स्वागत नहीं कर रहा, इसलिए पर्यटन के लिए भारत जाएं। भारत में इजरायलियों के लिए कुछ बेहद खूबसूरत समुद्री तट हैं, जहां आपका पूरी गर्मजोशी से स्वागत होगा और आपकी मेहमाननवाजी में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाएगी।' दूतावास ने यह सिफारिशें @इजरायलइनइंडिया के तहत कीं। इजरायली दूतावास ने कहा कि इसमें भारत के उन सुंदर स्थानों का उल्लेख है, जहां हमारे राजनयिकों ने बहुत अच्छा समय बिताया है। इजरायली दूतावास ने इसी पोस्ट के साथ लक्षद्वीप, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह, गोवा और केरल की चार फोटो साझा की हैं। हैशटैग इंक्रेडिबलइंडिया के साथ जारी इन फोटो में शांत-शीतल नीला सागर और सूर्यास्त के समय का गुलाबी बादलों वाला सुनहरा आकाश देखा जा सकता है। उल्लेखनीय है कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के कार्यालय ने रविवार को एक प्रेस रिलीज के जरिये अपने देश में इजरायली नागरिकों को प्रवेश नहीं करने देने की घोषणा की है। इस फैसले पर अमल के लिए वह अपने देश के कानून में भी संशोधन करेगा। मालदीव ने इजरायल के खिलाफ यह फैसला फलस्तीनियों के समर्थन में लिया है। इसलिए इजरायल ने मालदीव से अपने नागरिकों (दोहरी नागरिकता समेत) को दूर रहने को कहा है। मालदीव में हर साल 15 हजार से अधिक इजरायली बतौर पर्यटक जाते हैं।

### पीएम मोदी के लक्षद्वीप वाले फोटो से इजरायली राजनयिक प्रभावित

मुंबई में इजरायली राजनयिक जनरल कोबि शोशानी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इसी साल जनवरी के लक्षद्वीप के एक तट पर लिए गए बेहद चर्चित फोटो पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी और लक्षद्वीप के प्राकृतिक सौंदर्य की जमकर तारीफ की। यह पीएम मोदी की वही तस्वीर है, जिसने मालदीव के पर्यटन से भारतीयों को पहले ही विरक्त कर दिया है। शोशानी ने एक और पोस्ट में मालदीव सरकार के फैसले के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि अब इसी कारण इजरायली नागरिक लक्षद्वीप के खूबसूरत तटों का आनंद ले सकेंगे।







*********

## वीआइयू स्थानांतरण पर रोक, परिवहन मंत्री ने दिए निर्देश

राज्य, जागरण ● नई दिल्ली: परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कुछ श्रेणियों के वाहनों के लिए व्हीकल इंस्पेक्शन यूनिट (वीआइयू) बुराड़ी से झुलझुली स्थानांतरण पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। मंत्री ने कहा कि इसके लिए उनकी पूर्व मंजूरी नहीं ली गई थी और हित धारकों से भी सलाह नहीं ली गई, जिसके चलते आपरेटरों को अपने वाहनों को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने परिवहन आयुक्त से कहा कि इतना बड़ा निर्णय मेरी पूर्व मंजूरी के बिना लिया गया, इसलिए, यूनिट शिफ्ट करने को अगले आदेश तक रोका जाए। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे पर परिवहन आयुक्त के साथ बैठक करेंगे। इसलिए, तब तक व्हीकल इंस्पेक्शन यूनिट को शिफ्ट करने के तौर-तरीकों को अंतिम रूप नहीं दिया जाता, तब तक बुराड़ी व्हीकल इंस्पेक्शन यूनिट में उपरोक्त श्रेणी के वाहनों के फिटनेस टेस्ट जारी रहेंगे।

# राजकुमार आनंद का इस्तीफा मंजूर, एलजी ने राष्ट्रपति को भेजी सिफारिश

### दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्री थे, अब आतिशी को चार्ज


राजकुमार आनंद ●

राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली: दिल्ली सरकार में मंत्री राजकुमार आनंद का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने राष्ट्रपति को इसकी सिफारिश भेज दी है। आनंद दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्री थे। 31 मई को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आनंद का इस्तीफा मंजूर करने की सिफारिश एलजी को भेजी थी।

राजनिवास की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि एलजी को की गई इस सिफारिश के साथ एससी/ एसटी कल्याण, समाज कल्याण, सहकारिता और गुरुद्वारा चुनाव जैसे अहम विभाग नेतृत्वहीन और पंगु हो गए हैं, क्योंकि उपराज्यपाल वीके सक्सेना को की गई सिफारिश में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इन विभागों को किसी अन्य मंत्री को आवंटित नहीं किया है, जैसा कानून में प्रविधान है। ऐसे में यह सभी विभाग स्वतः ही मुख्यमंत्री में निहित हो जाते हैं, लेकिन सीएम दोबारा जेल चले गए हैं, तो उनके लिए इन अहम विभागों के लिए किसी भी तरह का निर्णय लेना असंभव होगा।

राजनिवास के मुताबिक, आनंद ने 10 अप्रैल 2024 को पद से इस्तीफा दिया था और केजरीवाल की ओर से इस्तीफा स्वीकार करने की सिफारिश तब वह नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से बीएसपी के टिकट पर चुनाव लड़ चुके थे। राजनिवास के अधिकारियों ने इस पर भी चुटकी ली है कि जब सीएम 21 दिनों के लिए, जमानत पर तिहाड़ जेल से बाहर थे, उन्होंने मेयर चुनाव से संबंधित फाइल एलजी को भेजना उचित नहीं समझा।

**केजरीवाल के फाइल पर हस्ताक्षर के मायने:** केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर कहा था कि वह मुख्यमंत्री के तौर पर अपनी किसी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं करेंगे। ऐसे में राजकुमार आनंद के इस्तीफे की फाइल पर उनके हस्ताक्षर भी सवालों के घेरे में हैं।

**आतिशी संभालेंगी आनंद के विभाग:** दिल्ली सरकार का कहना है कि इस्तीफा मंजूर होते ही राज कुमार आनंद के सभी विभाग आतिशी को चले जाएंगे।

## स्विमिंग पूल में डूबने से छह साल की बच्ची की गाजियाबाद में मौत

जागरण संवाददाता, गाजियाबाद: राजनगर एक्सटेंशन की ब्रेव हार्ट सोसायटी के स्विमिंग पूल में डूबने से छह साल की खुशबू की मौत हो गई। घटना सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे की है। पुलिस का कहना है कि उन्हें रात करीब सवा आठ बजे सूचना मिली। बच्ची अकेले ही स्विमिंग पूल में तैरने के लिए आ गई। पुलिस के मुताबिक सिद्धार्थ नगर के मूल निवासी प्रापर्टी डीलर साहिबान अली पांच साल से ब्रेव हार्ट सोसायटी में पत्नी और जुड़वा बेटियों छह वर्षीय खुशबू अली और महक अली के साथ रहते हैं। सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे उनकी बेटी खुशबू अली सातवें फ्लोर स्थित फ्लैट से नीचे स्विमिंग पूल पर आई थी। कुछ ही देर बाद वह डूब गई। यह देख लोगों में हड़कंप मच गया। बच्चे के स्वजन को मामले की सूचना दी गई।


खुशबू ●

स्वजन बच्ची को नजदीकी चिकित्सक के पास ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि मौके पर गार्ड नहीं था, एओए की लापरवाही है।

## भीषण गर्मी में भी सीएम को जेल में नहीं दिया कूलर : आतिशी

राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली: सीएम केजरीवाल के जेल जाने के बाद अब दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने एक और बड़ा आरोप भाजपा पर लगाया। आतिशी ने दावा किया है कि भीषण गर्मी में भी जेल में सीएम को कूलर नहीं दिया गया। उन्होंने प्रेस वार्ता में कहा कि इस वक्त जबकि दिल्ली का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, तो तिहाड़ में खतरनाक अपराधियों को भी कूलर दिए जा रहे हैं, लेकिन सीएम को प्रताड़ित किया जा रहा है। आतिशी ने कहा कि प्रधानमंत्री, भाजपा और एलजी की क्रूरता की कोई सीमा नहीं है। आतिशी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री, अगर आप अरविंद केजरीवाल को इतना प्रताड़ित करेंगे तो देश और दिल्ली की जनता आपको कभी माफ नहीं करेगी। आतिशी ने यह भी कहा कि रविवार को जब केजरीवाल जेल गए, तब उनका चिकित्सीय परीक्षण किया गया था। पहली वेट मशीन से उनका वजन 61 किग्रा आया। दूसरी वेट मशीन से 64 किग्रा निकला। तीसरी मशीन ने केजरीवाल का वजन 66.5 किग्रा बताया। यह एक बड़ी साजिश है।

## फिर मल-मूत्र मिश्रित पानी की पुष्टि

जागरण संवाददाता, साहिबाबाद: इंदिरापुरम की साया गोल्ड एवेन्यू में पानी की जांच रिपोर्ट में एक बार फिर से मल-मूल का बैक्टीरिया पाया गया है। 22 मई को पानी के सैंपल लेकर निजी लैब की जांच कराई गई थी। सोमवार को जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। ऐसे में लोग पानी का उपयोग नहीं कर रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने प्रारंभ की दो जांच रिपोर्ट में पानी को उपयुक्त नहीं बताया था। इसके बाद कराई गई जांच को संतोषजनक बताया। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट को सही मानते हुए बिल्डर ने लोगों को पानी का प्रयोग करने की सलाह दी। साथ में यह भी कहा कि इस पानी का प्रयोग अभी पीने या खाने में न करें। तभी से लोग बोतलबंद पानी का प्रयोग कर रहे हैं। 17 के बाद 22 मई को भी पानी के नमूने लिए गए थे। सोमवार को इसकी जांच रिपोर्ट भी प्राप्त हुई। यह नमूना भी जांच में फेल हो गया है।

## फरीदाबाद में झील में डूबने से युवक की मौत

जासं, फरीदाबाद: अरावली के अनंगपुर गांव के पास कृत्रिम झील में नहाने गए युवक की डूबकर मौत हो गई। मृतक संदीप आटो चलाता था। वह अनंगपुर में ही रहता था। बड़े भाई दीपक के अनुसार, उनका भाई सुबह आटो लेकर जाता था और देर रात तक घर वापस आ जाता था। शुक्रवार को भी आटो लेकर निकला था, पर रात को वापस नहीं आया। स्वजन को शनिवार को लगा कि वह कहीं बाहर रुक गया होगा, लेकिन जब वह रविवार को भी वापस नहीं आया तो स्वजन ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। पता चला कि वह दोस्त विष्णु के साथ झील में नहाने के लिए गया था।

इधर, विष्णु की तलाश की गई तो पता चला कि वो भी गायब है। विष्णु भी अनंगपुर गांव का ही रहने वाला है। सोमवार सुबह स्वजन को किसी ने सूचना दी कि संदीप का शव झील पर मिला है। स्वजन मामले में हत्या की आशंका भी जता रहे हैं। किसी ने पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी है।

## लेफ्टिनेंट कमांडर की गोवा में हादसे में मौत

जासं, बल्लभगढ़: गोवा में हुए एक सड़क हादसे में सेक्टर-आठ निवासी नौसेना में लेफ्टिनेंट कमांडर रुद्र गोसाईं की मौत हो गई। रुद्र गोसाईं कमल गोसाईं के पुत्र थे। रुद्र हरियाणा के मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार व भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव जेटली के भतीजे थे।


रुद्र गोसाईं ●

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, रुद्र अपने दो अन्य साथियों के साथ नौसेना के शिप आइएनएस स्वर्ण पर तैनात थे। यह शिप दो दिन के लिए गोवा में रुका था, तो अपने दोनों साथियों संग रुद्र आउटिंग के लिए निकल गए। रास्ते में उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें रुद्र व दोनों दोस्तों की मौत हो गई। सोमवार को युवा रुद्र का पार्थिव शरीर उनके निवास पर लाया गया। शवदाह गृह पर नौसेना की टुकड़ी ने अपने दिवंगत युवा लेफ्टिनेंट कमांडर के सम्मान में मातमी धुन बजाई। गमगीन माहौल में दिवंगत रुद्र के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार हुआ।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त मनोज @ रमन, पुत्रः धर्मपाल, पताः म.नं. एन–77बी/621, झुग्गी सावन पार्क, अशोक विहार, फेज–3, दिल्ली ने FIR No. 017426/2021, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त मनोज @ रमन मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त मनोज @ रमन फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि FIR No. 017426/2021, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना केशव पुरम, दिल्ली के अभियुक्त मनोज @ रमन से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 01.08.2024 या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या अरोड़ा
महानगर दंडाधिकारी–04 (उत्तर–पश्चिम)
कमरा नं. 112, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5948/NW/2024

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नामः नामालूम, पुत्रः नामालूम, पताः नामालूम, उम्रः लगभग 40 साल, कद : 5 फुट 8 इंच, रंग : सांवला, पहनावाः बैंगनी रंग का टी–शर्ट और ब्राउन रंग का पैंट पहना हुआ है जो दिनांक 30.05.2024 को सुबह 09:11 बजे सैंट्रल स्कूल बस स्टैंड एंड्रयूज गंज के निकट दिल्ली में मृत मिला। इस संदर्भ में डीडी न. 27–ए दिनांक 30.05.2024 थाना डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली में दर्ज की गई है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना : डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली
फोन : 011-26253402, 8901537429
7065569297

DP/6728/SD/2024

## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं :- एनसीआर-एसएनटी-ईपीसी-एलटीई-नई दिल्ली-हावड़ा, दि. 08.03.2024

शुद्धिपत्र सं.–4

कार्य का नाम :- भारतीय रेलवे के नई दिल्ली-हावड़ा मार्ग (कानपुर-लखनऊ खंड सहित) पर एलटीई (लांग टर्म इवॉल्यूशन) आधारित एमटीआरसी का प्रावधान। उपर्युक्त निविदा स. के लिये शुद्धिपत्र–4 जारी किया गया है। विस्तृत जानकारी के लिये www.ireps.gov.in वेबसाईट पर अवलोकन करें। 424/24 (D)

## भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण

(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
मुख्यालयः ए–13, सेक्टर–1, नोएडा–201 301
फोनः 0120–2544004, फैक्सः 0120–2544544 ई–मेलः vc.iwai@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 (गंगा नदी) में कठोर परतों को हटाने सहित गाजीपुर–वाराणसी (133 किमी) स्ट्रेच के केपटल रखरखाव हेतु।

संदर्भः आई.डब्ल्यू.ए.आई./डब्ल्यू.सी/एन.डब्ल्यू.–1/14/12/2022

भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आई.डब्ल्यू.ए.आई.) पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय "राष्ट्रीय जलमार्ग–1 (गंगा नदी) में कठोर परतों को हटाने सहित गाजीपुर–वाराणसी स्ट्रेच (133 किमी) के केपटल रखरखाव हेतु" प्रतिष्ठित योग्य फर्मों से ई–निविदाएँ आमंत्रित करता है। ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 04.07.2024 को 15:30 बजे (आईएसटी) तक है।

विस्तृत विवरण और अपडेट के लिए कृपया आईडब्ल्यूएआई की वेबसाइट 'www.iwai.nic.in' और ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर जाएँ।

दिनांकः 03.06.2024
उपाध्यक्ष एवं परियोजना निदेशक (कैपिटल)

## उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 52241296C | सिरान्यूटाइड पेन इंजेक्शन 6 मिलीग्राम प्रति एमएल (सभी समय तक काम करने वाला इंसुलिन) | 2550 Nos. | 24.06.2024 |
| 2. | 52244189B | टेबलेट/कैप्सूल इबुटिनिब 140 मि.ग्रा. | 2570 Nos. | 24.06.2024 |

निविदा शर्तें –1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस स. दिनांक 01.06.2024 1847/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | (1) दिल्ली मंडल पर ट्रेन संचालन के लिए एफओआईएस, सीएमएस, ई–पीएसआर और टीएमएस आदि सर्किट के लिए सुरक्षा व्यवस्था का प्रावधान। (अनुमान क्रमांक 569–सिग–एम ईसी 23–24)। (2) बड़ौदा हाउस नई दिल्ली में एनेक्सी–1, एनेक्सी–2 और जीएम बिल्डिंग के नवीनीकरण के तहत दूरसंचार सुविधाओं का प्रावधान। (अनुमान संख्या 83/23–24/डब्ल्यू/पी एस/22–23/डब्ल्यू)। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹1,06,91,778.81/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹2,03,500/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र जमा करने की समय दिनांक 27.06.2024 1500 बजे तक |
| वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्या: 568–सिगनल–16–टेली–ओपनटेंडर–1001 दिनांक: 03.06.2024 1683/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त सोहन लाल उर्फ पप्पू उर्फ राजू पुत्र राम सिंह पताः ए–3/10, लाल क्वार्टर, विजय विहार, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 205/21 धारा 379/411/34 भा.द.स. एवं 3पीडी पीपी एक्ट के तहत थानाः बुद्ध विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त सोहन लाल उर्फ पप्पू उर्फ राजू मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त सोहन लाल उर्फ पप्पू उर्फ राजू फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 205/21 धारा 379/411/34 भा.द.स. एवं 3पीडी पीपी एक्ट के तहत थाना बुद्ध विहार, दिल्ली के उक्त सोहन लाल उर्फ पप्पू उर्फ राजू से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 30.07.2024 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दिव्या अरोड़ा
महानगर दण्डाधिकारी–04 (नॉर्थ वेस्ट)
कमरा नं.112, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6558/RD/2024

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त भारत, पताः 26/110, त्रिलोकपुरी, मयूर विहार फेज–1, पूर्व, दिल्ली ने Cr. Cases/6565/2021, U/s 509/354(A)/354(D)/506 IPC, पुलिस थाना मधु विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त भारत मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त भारत फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि Cr. Cases/6565/2021, U/s 509/354(A)/354(D)/506 IPC, पुलिस थाना मधु विहार, दिल्ली के अभियुक्त भारत से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 25.07.2024 या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शाजादी हलीमा सादिया
महानगर दंडाधिकारी
पूर्व
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/6528/ED/2024

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त अनिल पुत्र रोशन लाल निवासी गांव सकोल बाबूपुरा, जिला बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश ने case FIR No. 509/2016 U/s 380/411 IPC, थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अनिल मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अनिल फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case FIR No. 509/2016 U/s 380/411 IPC, थाना राजौरी गार्डन, दिल्ली के उक्त अभियुक्त अनिल से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 18.07.2024 को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री शशांक नन्दन भट्ट
महानगर दण्डाधिकारी
कमरा नं. 356, तृतीय तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5042/WD/2024(Court Matter)

## पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय घुसकानी, जिला रोहतक (हरियाणा)

### निविदा सूचना वर्ष 2024–25

जवाहर नवोदय विद्यालय, घुसकानी रोहतक द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए प्रतिष्ठित व अनुभवी आपूर्तिदाताओं से भोजनालय के लिए सूखा राशन सामग्री, ताजा फल व सब्जी, मिठाई व स्नेक्स आईटम, धोबी का कार्य, छात्र-छात्राओं की बाल कटिंग का कार्य, टक शॉप (केवल महिला हेतु) कम्प्यूटर का वार्षिक रख-रखाव, भवन मरम्मत एवं बिजली सामग्री की आपूर्ति करने के लिए मोहर बंद निविदाएं आमंत्रित है। सूखा राशन के लिए तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा दोनों अलग–अलग लिफाफे में जमा करवानी होगी। तकनीकी निविदा मे सफल निविदादाताओ की ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जाएगा। निविदा प्रपत्र में किसी भी प्रकार की कटिंग या ओवर राइटिंग नहीं होनी चाहिए। सभी शर्तें निविदा फार्म में दी गई है।

निविदा फार्म विद्यालय की वेबसाइट https://navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/ROHTAK/en/home/ पर ऑनलाईन दिनांक 05.06. 2024 से 20.06.2024 तक सायं 04:00 बजे तक उपलब्ध है जिसके लिए निविदा फार्म के साथ निविदा फार्म शुल्क दो सौ रूपये का बैंक ड्राफ्ट एवं धरोहर राशि का ड्राफ्ट लगाना होगा जोकि प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, घुसकानी के पक्ष में देय हो तथा निविदा फार्म विद्यालय कार्यालय में दिनांक 05.06.2024 से 20.06.2024 तक प्रातः 9:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक सभी कार्य दिवसों में जमा कराए जा सकते है। निविदाए दिनांक 21.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, घुसकानी जिला रोहतक के कार्यालय में खोली जाएगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार क्रय सलाहकार समिति के पास सुरक्षित होगा।

(राजेश गुप्ता) प्राचार्य

## सार्वजनिक सूचना

### हरियाणा सरकार
### आबकारी एवं कराधान विभाग

आबकारी नीति वर्ष 2024-25 हेतु हरियाणा राज्य के बाईस (22) जिलों में शेष खुदरा शराब क्षेत्रों के आवंटन के लिए आम जनता से ई-निविदाएं आमंत्रण सूचना।

1. आम जनता की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आबकारी नीति वर्ष 2024-25 के लिए हरियाणा राज्य के 22 जिलों में देशी शराब और भारतीय निर्मित विदेशी शराब की दुकानों (एल-2/एल-14ए) के 266 खुदरा शराब क्षेत्रों के आवंटन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। ई-बोली के लिए उपलब्ध क्षेत्रों का जिलावार विवरण निम्नानुसार है:-

| Sr. No. | Name of District | Zone Code | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Ambala | ZAMB01 | ZAMB04 | ZAMB07 | ZAMB08 | ZAMB09 | ZAMB10 |
| | | ZAMB11 | ZAMB15 | ZAMB21 | ZAMB22 | ZAMB27 | ZAMB29 |
| | | ZAMB33 | ZAMB34 | ZAMB36 | ZAMB37 | ZAMB38 | ZAMB39 |
| | | ZAMB43 | ZAMB44 | ZAMB46 | ZAMB48 | ZAMB49 | ZAMB50 |
| | | ZAMB56 | ZAMB58 | ZAMB59 | ZAMB60 | | |
| 2 | Bhiwani | ZBWN01 | ZBWN02 | ZBWN04 | ZBWN05 | ZBWN06 | ZBWN07 |
| | | ZBWN08 | ZBWN09 | ZBWN10 | ZBWN12 | ZB WN13 | ZBWN15 |
| | | ZBWN16 | ZB WN17 | ZB WN18 | ZB WN20 | ZBWN22 | ZBWN23 |
| | | ZBWN24 | ZB WN25 | ZBWN26 | ZBWN29 | ZB WN31 | ZBWN33 |
| | | ZBWN34 | ZBWN35 | ZBWN36 | ZBWN37 | ZBWN38 | ZBWN39 |
| | | ZB WN40 | ZB WN41 | ZBWN42 | ZBWN43 | ZBWN44 | ZB WN45 |
| | | ZBWN46 | ZBWN47 | ZBWN48 | ZBWN49 | ZBWN50 | ZB WN51 |
| | | ZBWN52 | ZBWN53 | ZB WN54 | ZBWN55 | ZBWN56 | ZB WN57 |
| | | ZB WN58 | ZBWN6 1 | ZBWN62 | ZBWN63 | ZBWN64 | ZB WN65 |
| 3. | Faridabad | ZFBD02 | ZFBD03 | ZFBD08 | ZFBD13 | ZFBD16 | ZFBD21 |
| | | ZFBD22 | ZFBD23 | ZFBD26 | ZFB D27 | ZFBD29 | ZFBD43 |
| | | ZFBD49 | ZFBD53 | ZFBD56 | ZFBD57 | ZFBD66 | ZFBD69 |
| | | ZFBD72 | ZFBD73 | ZFBD83 | ZFBD95 | ZFBD96 | ZFBD102 |
| | | ZFBD106 | ZFBD112 | | | | |
| 4. | Fatehabad | ZFTB02 | ZFTB03 | ZFTB05 | ZFTB06 | ZFTB07 | ZFTB09 |
| | | ZFTB12 | ZFTB13 | ZFTB14 | ZFTB15 | ZFTBI6 | ZFTB17 |
| | | ZFTB18 | ZFTB19 | ZFTB20 | ZFTB21 | ZFTB22 | ZFTB23 |
| | | ZFTB24 | ZFTB25 | ZFTB26 | ZFTB27 | ZFTB28 | ZFTB29 |
| | | ZFTB30 | ZFTB31 | ZFTB32 | ZFTB33 | ZFTB35 | ZFTB36 |
| | | ZFTB37 | ZFTB38 | ZFTB40 | ZFTB41 | ZFTB42 | ZFTB43 |
| | | ZFTB44 | ZFTB45 | | | | |
| 5. | Gurugram (East) | ZGRE01 | ZGRE08 | ZGRE24 | ZGRE25 | ZGRE26 | ZGRE29 |
| | | ZGRE31 | ZGRE43 | ZGRE46 | ZGRE48 | ZGRE52 | ZGRE55 |
| | | ZGRE58 | ZGRE68 | ZGRE77 | ZGRE78 | | |
| 6. | Gurugram (West) | ZGRW08 | ZGRW12 | ZGRW53 | ZGRW77 | | |
| 7. | Hisar | ZHSR01 | ZHSR02 | ZHSR03 | ZHSR05 | ZHSR07 | ZHSR08 |
| | | ZHSR12 | ZHSR18 | ZHSR20 | ZHSR21 | ZHSR27 | ZHSR29 |
| | | ZHSR31 | ZHSR34 | ZHSR37 | ZHSR38 | ZHSR4 1 | ZHSR44 |
| | | ZHSR47 | ZHSR48 | ZHSR49 | ZHSR50 | ZHSR5 1 | ZHSR52 |
| | | ZHSR53 | ZHSR54 | ZHSR58 | ZHSR64 | ZHSR71 | ZHSR74 |
| 8. | Jagadhari | ZJAG02 | ZJAG03 | ZJAG08 | ZJAG12 | ZJAG I8 | ZJAG21 |
| | | ZJAG26 | ZJAG27 | ZJAG29 | ZJAG32 | ZJAG35 | ZJAG37 |
| | | ZJAG39 | ZJAG40 | ZJAG4 1 | ZJAG42 | ZJAG43 | ZJAG44 |
| | | ZJAG46 | ZJAG48 | ZJAG52 | ZJAG54 | ZJAG56 | |
| 9. | Jhajjar | ZJHA04 | ZJHA 10 | ZJHA14 | ZJHA15 | ZJHA 17 | ZJHA18 |
| | | ZJHA 19 | ZJHA20 | ZJHA22 | ZJHA24 | ZJHA25 | ZJHA27 |
| | | ZJHA29 | ZJHA33 | ZJHA35 | | | |
| 10. | Jind | ZJND01 | ZJND02 | ZJND03 | ZJN D04 | ZJND05 | ZJND06 |
| | | ZJND08 | ZJND09 | ZJND10 | ZJNDI3 | ZJND15 | ZJND16 |
| | | ZJND17 | ZJND20 | ZJND21 | ZJND22 | ZJND26 | ZJND27 |
| | | ZJND28 | ZJND29 | ZJND31 | ZJND33 | ZJND34 | ZJND39 . |
| | | ZJND44 | | | | | |
| 11. | Kaithal | ZKTL02 | ZKIL06 | ZKTL08 | ZKTL09 | ZKTL11 | ZKTL12 |
| | | ZKTL15 | ZKTL20 | ZKTL23 | ZKTL27 | ZKTL29 | |
| 12. | Karnal | ZKNL02 | ZKNL03 | ZKNL10 | ZKNL15 | ZKNL I 6 | ZKNL I 8 |
| | | ZKNL19 | ZKN L2 1 | ZKNL22 | ZKNL24 | ZKN L25 | ZKNL26 |
| | | ZKNL30 | ZKNL31 | ZKNL34 | ZKN L35 | ZKNL37 | ZKNL38 |
| | | ZKNL41 | ZKNL45 | ZKNL45 | ZKNL49 | ZKNL50 | ZKNL51 |
| | | ZKNL52 | ZKNL54 | | | | |
| 13. | Kurukshetra | ZKKR01 | ZKKR06 | ZKKR11 | ZKKR17 | ZKKRI9 | ZKKR2 1 |
| | | ZKKR28 | | | | | |
| 14. | Mewat | ZMWT06 | ZM WT08 | ZM WT09 | | | |
| 15. | Narnaul | ZNNL01 | ZNNL02 | ZNNL10 | ZNNL16 | ZNNL18 | ZNNL19 |
| | | ZNN L22 | ZNNL23 | ZNN L28 | | | |
| 16. | Palwal | ZPWL09 | ZPWL20 | ZPWL23 | ZPWL27 | ZPWL32 | ZPWL34 |
| | | ZPWL38 | ZPWL42 | | | | |
| 17. | Panchkula | ZPKL01 | ZPKL04 | ZPKL05 | ZPKL06 | ZPKL08 | ZPKL09 |
| | | ZPKL10 | ZPKL21 | ZPKL22 | ZPKL23 | ZPKL24 | ZPKL25 |
| | | ZPKL26 | ZPKL28 | ZPKL3I | ZPKL33 | ZPKL34 | ZPKL36 |
| | | ZPKL38 | ZPKL39 | | | | |
| 18. | Panipat | ZPNP04 | ZPNP08 | ZPNP09 | ZPNP10 | ZPNPI4 | ZPNP15 |
| | | ZPNP16 | ZPNP17 | ZPNP21 | ZPNP22 | ZPNP23 | ZPNP24 |
| | | ZPNP25 | ZPNP28 | ZPNP29 | ZPNP30 | ZPNP31 | ZPNP32 |
| | | ZPNP34 | ZPNP38 | ZPNP39 | ZPNP40 | ZPNP44 | |
| 19. | Rewari | ZRWR01 | ZRWR04 | ZRWR05 | ZRWR12 | ZRWR14 | ZRWR19 |
| | | ZRWR22 | ZRWR25 | ZRWR27 | ZRWR29 | ZRWR31 | |
| 20. | Rohtak | ZRTK04 | ZRTK05 | ZRTK08 | ZRTK 10 | ZRTK 11 | ZRTK 12 |
| | | ZRTK15 | ZRTK16 | ZRTK18 | ZRTK 19 | ZRTK24 | ZRTK27 |
| | | ZRTK29 | ZRTK31 | ZRTK32 | ZRTK38 | ZRTK40 | ZRTK41 |
| | | ZRTK42 | ZRTK44 | ZRTK46 | ZRTK47 | ZRTK48 | ZRTK49 |
| | | ZRTK50 | ZRTK51 | ZRTK53 | ZRTK57 | | |
| 21. | Sirsa | ZSRS07 | ZSRS09 | ZSRS13 | ZSRS14 | ZSRS15 | ZSRS17 |
| | | ZSRS24 | ZSRS28 | ZSRS30 | ZSRS31 | ZSRS32 | ZSRS34 |
| | | ZSRS37 | ZSRS39 | ZSRS41 | ZSRS43 | ZSRS44 | ZSRS45 |
| | | ZSRS46 | ZSRS47 | ZSRS48 | ZSRS49 | ZSRS52 | ZSRS53 |
| | | ZSRS54 | ZSRS55 | ZSRS56 | ZSRS57 | ZSRS58 | ZSRS59 |
| | | ZSRS60 | ZSRS61 | ZSRS62 | ZSRS63 | ZSRS65 | ZSRS66 |
| | | ZSRS67 | ZSRS69 | ZSRS70 | ZSRS71 | ZSRS73 | |
| 22. | Sonepat | ZSNP06 | ZSNP11 | ZSNP39 | ZSNP41 | ZSNP43 | ZSNP48 |
| | | ZSNP49 | ZSNP50 | ZSNP5 1 | ZSNP55 | ZSNP56 | ZSNP57 |
| | | ZSNP59 | ZSNP61 | ZSNP65 | ZSNP66 | ZSNP68 | ZSNP69 |
| | | ZSNP72 | ZSNP73 | | | | |

इन क्षेत्रों के लिए ई-बोली प्रस्तुत करने और उनके मूल्यांकन का कार्यक्रम निम्नानुसार होगा:-

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डालने की आरंभिक तिथि और समय | 5 जून 2024 (सुबह 9.00 बजे) से |
| ई-निविदा डालने की अंतिम तिथि और समय | 5 जून 2024 (शाम 04.00 बजे) तक |
| ई-निविदा का मूल्यांकन | 5 जून, 2024 (शाम 5.00 बजे) |

3. इन जोनों के लिए ई-टेंडर विभाग की आधिकारिक वेबसाइट यानी www.haryanatax.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं। ई-टेंडर और जोनों के आवंटन के शेष नियम और शर्तें वही रहेंगी, जैसा कि हरियाणा राज्य के सभी जिलों के खुदरा शराब क्षेत्रों के आवंटन के लिए ई-टेंडर आमंत्रित करने के लिए 18 मई, 2024 को प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया गया है। 18 मई, 2024 को सार्वजनिक सूचना की प्रति विभाग की आधिकारिक वेबसाइट यानी www.haryanatax.gov.in पर भी उपलब्ध है। आवंटन प्रक्रिया में भाग लेने और ई-टेंडर जमा करने के लिए पंजीकरण की विस्तृत प्रक्रिया भी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।
4. इन क्षेत्रों की आबकारी व्यवस्था जिसमें दुकानों की संख्या, शराब कोटा, दुकानों का स्थान, लागू कमांड क्षेत्र और उनका आरक्षित मूल्य, साथ ही ई-टेंडरों के मूल्यांकन का स्थान शामिल है, संबंधित जिलों के डीईटीसी (आबकारी) और डीईटीसी (एसटी) के कार्यालय में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। ये विवरण आधिकारिक वेबसाइट यानी www.haryanatax.gov.in पर भी उपलब्ध होंगे।
5. सभी आवंटन और लाइसेंस प्रदान करना हरियाणा आबकारी अधिनियम, 1914, इसके तहत बनाए गए नियमों, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों और वर्ष 2024-25 के लिए आबकारी नीति के प्रावधानों के अधीन होगा। प्रक्रिया से सम्बंधित कोई भी स्पष्टीकरण किसी भी जिले में डीईटीसी (आबकारी) के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। वर्ष 2024-25 के लिए हरियाणा आबकारी नीति की प्रति विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।
6. लाइसेंसों के सभी आवंटन आबकारी एवं कराधान आयुक्त (वित्तीय आयुक्त) की मंजूरी के अधीन है। ईटीसी (एफसी) आवंटन की तारीख से 10 दिनों के भीतर सार्वजनिक हित में किसी भी आवंटन को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर सकता है। यदि दस दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर आबकारी एवं कराधान आयुक्त (एफसी) का कोई निर्णय नहीं बताया जाता है, तो आवंटन को ईटीसी (एफसी) द्वारा अनुमोदित माना जाएगा।

आबकारी एवं कराधान आयुक्त,
हरियाणा

PRDH-1037/11/206/2025/26435/67/7

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त अमित मखीजा उर्फ रवि उर्फ मोहित पुत्र नानक चंद निवासी मकान संख्या जी9/33, सेक्टर–15, रोहिणी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 46/17 धारा 419/420/467/468/34 भा.द.स., थाना शालीमार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अमित मखीजा उर्फ रवि उर्फ मोहित मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अमित मखीजा उर्फ रवि उर्फ मोहित फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. सं. 46/17 धारा 419/420/467/468/34 भा.द.स., थाना शालीमार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त अमित मखीजा उर्फ रवि उर्फ मोहित से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 08.07.2024 को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री रितिका कंसल,
अतिरिक्त मुख्य महानगर दण्डाधिकारी–07 (उत्तर पश्चिम)
कमरा नं. 208, द्वितीय तल,
रोहिणी जिला न्यायालय, दिल्ली

DP/6713/NW/2024

## कार्यालय उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर बुलन्दशहर।

पत्रांक 187/उपा०(प्र०)रा०क०बु०शहर दिनांक :– 01–06–2024

–ः विज्ञप्ति ः–

राज्य कर विभाग बुलन्दशहर हेतु कार्यालय संयुक्त आयुक्त (का०पा०) एवं उपायुक्त (वि०अनु०शा०) राज्य कर बुलन्दशहर के कार्यालयों को एक ही स्थान पर एक ही भवन में स्थापित करने हेतु मुख्य मार्ग पर ऐसे भवन की आवश्यकता है जहां भारी/हल्के वाहनों का आवागमन / पार्किंग की सुविधा उपलब्ध हो। भवन में पानी बिजली बाथरूम की उचित व्यवस्था हो। भवन का कारपेट एरिया लगभग 2028 वर्गफुट होना चाहिए। कम कारपेट एरिया के भवनों पर भी विचार किया जा सकता है। अतः भू: सम्पत्ति पर स्पष्ट स्वामित्व अधिकार वाले इच्छुक भवन स्वामी अपना प्रस्ताव भेजने की अवस्थिति, ब्लू प्रिंट का नक्शा तीन प्रतियों मे, कवर्ड एरिया का गणना चार्ट न्यूनतम किराया (प्रति वर्गफुट में) अन्य नियमों व शर्तों सहित विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अंदर प्रस्ताव इस कार्यालय में प्राप्त करा दें। प्राप्त सभी प्रस्तावों को बिना कारण बतायें अस्वीकार/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार राज्य कर विभाग का होगा तथा विभाग द्वारा किराया सरकार द्वारा निर्धारित दर पर स्वीकृत किया जायेगा।

उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर
बुलन्दशहर

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अनिल कुमार, पुत्रः भीम चंद, पताः गाँव एण्ड पीएस डीओ घाट, फरीदाबाद, हरियाणा FIR No. 124/2009, U/s 419/420/468//120B IPC, थानाः सिविल लाइन्स, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त अनिल कुमार मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त अनिल कुमार, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि FIR No. 124/2009, U/s 419/420/468//120B IPC, थानाः सिविल लाइन्स, दिल्ली के उक्त अभियुक्त अनिल कुमार, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 23.07.2024 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव गोयल
महानगर दंडाधिकारी
कमरा नंबर 247
तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6573/N/2024
(Court Matter)


*********

## आज का मौसम

मंगलवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। लू और धूल भरी आंधी चलने का पूर्वानुमान है, हल्की वर्षा होने की संभावना है।

| पूर्वानुमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| **दिल्ली** | | |
| 4 जून | 45.0 | 30.0 |
| 5 जून | 45.0 | 30.0 |
| **नोएडा** | | |
| 4 जून | 40.0 | 29.0 |
| 5 जून | 39.0 | 29.0 |
| **गुरुग्राम** | | |
| 4 जून | 44.0 | 29.0 |
| 5 जून | 44.0 | 28.0 |

डिग्री सेल्सियस में



## एयर क्वालिटी इंडेक्स

| स्थान | | एक्यूआइ | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| बुलंदशहर | आज का अनुमान | 139 | मध्यम |
| | सोमवार | 124 | मध्यम |
| डीटीयू | आज का अनुमान | 172 | मध्यम |
| | सोमवार | 163 | मध्यम |
| आइटीओ | आज का अनुमान | 125 | मध्यम |
| | सोमवार | 115 | मध्यम |
| वजीरपुर | आज का अनुमान | 144 | मध्यम |
| | सोमवार | 143 | मध्यम |
| बवाना | आज का अनुमान | 175 | मध्यम |
| | सोमवार | 166 | मध्यम |
| गुरुग्राम | आज का अनुमान | 171 | मध्यम |
| | सोमवार | 162 | मध्यम |
| गाजियाबाद | आज का अनुमान | 151 | मध्यम |
| | सोमवार | 142 | मध्यम |
| ग्रेटर नोएडा | आज का अनुमान | 225 | खराब |
| | सोमवार | 216 | खराब |
| फरीदाबाद | आज का अनुमान | 223 | खराब |
| | सोमवार | 214 | खराब |
| नोएडा | आज का अनुमान | 172 | मध्यम |
| | सोमवार | 163 | मध्यम |

| | | |
|---|---|---|
| 0 | 50 | अच्छा |
| 51 | 100 | संतोषजनक |
| 101 | 200 | मध्यम |
| 201 | 300 | खराब |
| 301 | 400 | बहुत खराब |
| 401 | 500 | गंभीर |
| 501 से आगे | | आपातकालीन |

# प्यास बुझाने के लिए बड़ी कीमत वसूल रहे पानी माफिया

## अवैध तरीके से बेचा जा रहा है पानी, भूजल दोहन से बिगड़ रही स्थिति, दिल्ली जल बोर्ड की वितरण प्रणाली की कमियों का उठा रहे हैं फायदा

जल संकट

संतोष कुमार सिंह ● जागरण

**नई दिल्ली:** राजधानी में जल संकट का लाभ उठाकर पानी और टैंकर माफिया आम जनता को लूट रहे हैं। दिल्ली के कई इलाके में लोगों को अपनी प्यास बुझाने के लिए अच्छी खासी रकम माफिया को देनी पड़ती है। पैसा देने के बाद भी आसानी से पानी नहीं मिलता है। कई दिनों के इंतजार के बाद उन्हें जरूरत भर भी पानी नहीं मिल पाता है। टैंकर माफिया पर रोक लगाने का वादा कर आम आदमी पार्टी की सरकार सत्ता में आई थी, परंतु स्थिति पहले की तरह ही बनी हुई है। भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण स्थिति बिगड़ रही है।

सिटिजंस फ्रंट फार वाटर डेमोक्रेसी के संयोजक एसए नकवी का कहना है कि राजधानी में सभी लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना दिल्ली जल बोर्ड की जिम्मेदारी है। वितरण प्रणाली में कमियों के कारण बड़ी मात्रा में पानी चोरी हो रहा है। दिल्ली सरकार और जल बोर्ड इसे लेकर गंभीर नहीं हैं। पाइपलाइन और टैंकर के माध्यम से जल आपूर्ति की सही निगरानी नहीं होने का लाभ पानी माफिया उठाते हैं। जल बोर्ड के पास निगरानी की तकनीक और व्यवस्था होने के बाद भी उस पर अमल नहीं हो रहा है। मजबूत वितरण और निगरानी प्रणाली से ही पानी माफिया को समाप्त किया जा सकता है।

**टैंकर चलाने को देनी पड़ती है रिश्वत:** टेंडर की प्रक्रिया के साथ ही पैसे का खेल शुरू हो जाता है। मौसम और जरूरत के अनुसार जल बोर्ड किराये पर वाटर टैंकर की संख्या निर्धारित करता है। कई टैंकर संचालकों ने बताया कि उन्हें काम मिलता रहे, इसके लिए भी अक्सर रिश्वत देनी पड़ती है। इससे मना करने पर टैंकर को हटा दिया जाता है। एक-एक संचालक अलग-अलग नाम से कई टैंकर जल बोर्ड में लगाए हैं। अधिकारियों के साथ ही नेता भी टैंकर लगवाने में पर्दे के पीछे से भूमिका निभाते हैं।

**पैसे लेकर दूसरी जगह पर पहुंचा दिया जाता है पानी:** रिश्वत देकर टैंकर लगवाने वाले कई संचालक अवैध तरीके से पानी बेचते हैं। यहां पर भी जल बोर्ड के कई भ्रष्ट अधिकारी एवं कर्मचारी उनका साथ देते हैं। टैंकर फिलिंग प्वाइंट पर जिस स्थान का नाम दर्ज किया जाता है, उसकी जगह कहीं और पानी ले जाकर बेच दिया जाता है। कई बार किसी एक जोन का टैंकर दूसरे जोन में पानी लेकर पहुंच जाता है। आम तौर पर झुग्गी बस्तियों और अनधिकृत कालोनियों का पानी दूसरे स्थान पर बेचा जाता है। होटल और औद्योगिक इकाइयों में भी अवैध रूप से पानी बेचा जाता है। खरीदने वाले की जरूरत और आर्थिक स्थिति के आधार पर पैसे वसूले जाते हैं। सैनिक फार्म और साकेत जैसे क्षेत्र में तीन हजार लीटर क्षमता वाले टैंकर के बदले चार से पांच हजार रुपये तक पैसे वसूलते हैं।

**जल बोर्ड की ओर से भेजे गए टैंकर पर माफिया कर लेता है कब्जा:** कई अनधिकृत कालोनियों में पाइपलाइन से पानी आपूर्ति की व्यवस्था नहीं है। इन स्थानों पर टैंकर से पानी आपूर्ति की जाती है। नियम के अनुसार इन्हें निश्शुल्क पानी मिलना चाहिए, लेकिन बिना पैसा दिए एक बूंद भी पानी नहीं मिलता है। देवली के रामकुमार का कहना है कि उन्हें 220 लीटर क्षमता का ड्रम भरवाने के लिए 20 से 30 रुपये देने पड़ते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि नेता के आदमी उनसे पैसे लेते हैं। पैसा नहीं देने पर टैंकर का पानी नहीं मिलता है। प्रभावशाली नेता के आदमी प्रत्येक मोहल्ले में तैनात हैं, जिसे नियमित रूप से पैसे देने पड़ते हैं।

**सरकारी ट्यूबवेल से भी पानी का अवैध धंधा:** संगम विहार सहित कई अनधिकृत कालोनियों में सरकारी ट्यूबवेल लगाया गया है, जिससे कि वहां के लोगों को पानी मिल सके। नियम के अनुसार ट्यूबवेल से पाइपलाइन बिछाकर जगह-जगह पानी भरने के लिए नल लगाया जाता है। ट्यूबवेल चलने का समय निर्धारित होता है, जिससे लोग पानी ले सकें। लेकिन, यह व्यवस्था सही तरह से लागू नहीं है। सरकारी ट्यूबवेल पर भी माफिया का कब्जा है। वह अवैध रूप से पाइपलाइन बिछाकर घरों में पानी पहुंचाता है। पाइपलाइन बिछाने के लिए तीन से चार हजार रुपये लिए जाते हैं, उसके बाद प्रत्येक बार दो से तीन सौ रुपये लेकर पानी की आपूर्ति की जाती है। पानी के लिए भी एक सप्ताह या कई बार इससे भी अधिक समय का इंतजार करना पड़ता है।

**अवैध बोरिंग कर भूजल का दोहन:** पूरी दिल्ली में इस तरह अवैध बोरिंग से पानी बेचने का काम चल रहा है। आवासीय क्षेत्रों में लोग घरों में बोरिंग कर उसका पानी बेच रहे हैं। फिल्टर पानी के नाम पर 20 लीटर की बोतल 20 से 70 रुपये तक में मिलती है। यमुनापार के कृष्णा नगर, चंदर विहार, खजूरी खास, करावल नगर, शाहदरा, कोंडली, मंडोली सहित अन्य स्थानों पर 40 से अधिक पानी फिल्टर करने के छोटे प्लांट चल रहे हैं। बाहरी दिल्ली के रामा विहार, बेगमपुर व रोहिणी में कई स्थानों पर अवैध रूप से प्लांट चल रहे हैं। इस काम से जुड़े एक व्यक्ति के अनुसार एक प्लांट में प्रतिदिन 400 से 500 बोतल भरी जाती हैं। कुछ प्लांट की क्षमता दो हजार बोतल तक की है। अवैध रूप से बोरिंग का पानी निकालकर बेचने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती है, क्योंकि प्रशासन और जल बोर्ड के अधिकारी से लेकर पुलिस तक को रिश्वत मिलती है। प्रत्येक प्लांट संचालक को प्रति माह कम से कम 50 हजार रुपये की रिश्वत देनी पड़ती है। यदि कभी जांच होती है, तो संचालक को पहले सूचित कर दिया जाता है, जिससे कि वह समय रहते प्लांट पर ताला लगाकर कहीं और जा सके।



दिल्ली में लोग पेयजल खरीदकर पीने के लिए मजबूर हैं, बोतलबंद पानी आपूर्ति किया जाता है, कृष्णा नगर की एक गली में बिक्री के लिए बोतलों में भरा जा रहा पानी ● जागरण



ओखला फेज दो स्थित मानव कल्याण कैंप के पास लगे सरकारी बोरिंग से निजी टैंकर में भरा जा रहा पानी ● विपिन शर्मा

### निजी टैंकर से भी होती है आपूर्ति

निजी टैंकर से भी अवैध तरीके से पानी की आपूर्ति की जा रही है। ओखला सहित कई स्थानों पर सरकारी ट्यूबवेल से निजी टैंकर भरे जाते हैं। ट्यूबवेल पर तैनात कर्मचारी चार हजार लीटर क्षमता वाले एक टैंकर को भरने के लिए दो सौ रुपये लेता है। बाद में यह टैंकर एक से डेढ़ हजार रुपये में बेचा जाता है।

### इन स्थानों पर है अधिक परेशानी

संगम विहार, तुगलकाबाद के कई मोहल्ले, ओखला फेज दो संजय कैंप सहित कई स्थान, देवली के दुर्गा विहार, तिगड़ी एक्सटेंशन सहित कई स्थान, मैदानगढ़ी, वसंतकुंज स्थित रंगपुरी पहाड़ी, किराड़ी के अगर नगर, प्रेम नगर, इंद्र एन्क्लेव, शर्मा कालोनी, हरि एन्क्लेव, आदर्श नगर, बेगमपुर, जैन नगर, रामा विहार, जहांगीरपुरी, मुखर्जी नगर, रोहिणी सेक्टर-20, 21, 22 व 24, नूर-ए-इलाही, भजनपुरा, यमुना विहार, मुस्तफाबाद, नेहरू विहार, रोहतास नगर, न्यू अशोक नगर, जगतपुरी, मंडावली सहित कई क्षेत्रों में लोग जल संकट का सामना कर रहे हैं।

**50** प्रतिशत से अधिक में टैंकरों में ग्लोबल पोजीशनिंग सिस्टम (जीपीएस) नहीं है

### दिल्ली में पानी की आपूर्ति से संबंधित तथ्य और आंकड़े

- **93.5** लाख घरों में पाइपलाइन से पानी की आपूर्ति कराने का दावा दिल्ली सरकार करती है
- **6.5** प्रतिशत घरों में टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाती है
- **1,799** अनधिकृत कालोनियों में से 1,638 में पाइपलाइन से आपूर्ति
- **161** अनधिकृत कालोनियों में वाटर टैंकर से पानी आपूर्ति की जाती है
- **961** वाटर टैंकर की व्यवस्था जल बोर्ड ने मई और जून के लिए की है
- **150** वाटर टैंकर जल बोर्ड के अपने हैं, जबकि 811 टैंकर किराये पर लिए गए हैं

# लू के थपेड़ों से बेहाल, आज भी आरेंज अलर्ट

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** दो दिन की आंशिक राहत के बाद सोमवार को फिर से लू के थपेड़ों से राजधानी के लोग परेशान रहे। कई क्षेत्रों का तापमान 46 डिग्री या अधिक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार को भी ऐसी ही स्थिति रहेगी। आरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है।

सोमवार दोपहर लू के थपेड़ों से हाल बेहाल रहा। शाम के पांच से छह बजे भी हवा में गर्मी बनी रही। औसत अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा 44.6 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा 30.2 डिग्री सेल्सियस रहा। हवा में नमी का स्तर 19 से 55 प्रतिशत तक रहा। 46.9 डिग्री अधिकतम तापमान के साथ नजफगढ़ और नरेला सबसे गर्म इलाके रहे। पीतमपुरा एवं पूसा में न्यूनतम तापमान सामान्य से छह डिग्री ज्यादा रहा। आटोमैटिक वेदर स्टेशन में खराबी के चलते मुंगेशपुर को फिलहाल मौसम विभाग के चार्ट से हटा दिया गया है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। शाम या रात में धूल भरी आंधी के साथ हल्की वर्षा भी होने के आसार हैं। तापमान में हल्की गिरावट होगी। बुधवार को लू से राहत मिल सकती है। उधर, मौसमी कारकों से दिल्ली की हवा सोमवार को भी साफ दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक सोमवार को दिल्ली का समग्र एक्यूआइ 155 रहा। इस स्तर की हवा को 'मध्यम' श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का स्तर इसी के आसपास रहने की संभावना है।



पटपड़गंज रोड पर धूप से बचने के लिए सिर व मुंह ढककर कर जाते राहगीर ● जागरण

**क्षेत्रों का तापमान (डिग्री सेल्सि. में)**

| क्षेत्र | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| पालम | 44.8 | 29.6 |
| लोधी रोड | 44.6 | 29.2 |
| रिज | 44.9 | 27.6 |
| आयानगर | 45.1 | 28.0 |
| जाफरपुर | 45.8 | 28.0 |
| नजफगढ़ | 46.9 | 29.7 |
| नरेला | 46.9 | 27.4 |
| पीतमपुरा | 46.0 | 32.8 |
| पूसा | 46.0 | 32.3 |
| राजघाट | 43.7 | 31.5 |

# दिल्ली में एक हजार एमजीडी से अधिक पेयजल उपलब्ध

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** वजीराबाद जलाशय में पानी के स्तर में लगातार सुधार हो रहा है। इससे दिल्ली में पेयजल की उपलब्धता भी बढ़ रही है। दिल्ली के सभी नौ जल उपचार संयंत्रों (डब्ल्यूटीपी), ट्यूबवेल व रेनीवेल से दो जून को एक हजार एमजीडी से अधिक पेयजल मिला।

एक जून को वजीराबाद जलाशय का स्तर 670.09 फीट था। दो जून को यह बढ़कर 671.3 फीट हो गया है। सामान्य स्तर 674.5 फीट से यह अभी भी कम है। वजीराबाद जल उपचार संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) की क्षमता 131 एमजीडी जल शोधन की है। पिछले कई दिनों से इससे क्षमता से कम उपचारित जल मिल रहा था, परंतु एक जून को इससे 131.14 एमजीडी पेयजल मिला और दो जून को यह बढ़कर 134.78 एमजीडी पहुंच गया। सभी नौ संयंत्रों और ट्यूबवेल व रेनीवेल से उसकी कुल क्षमता 956 एमजीडी की तुलना में 1002.61 एमजीडी पेयजल दिल्लीवासियों को मिला।

# बाढ़ का खतरा भांपने में दिल्ली सरकार की विफलता का एनजीटी ने लिया संज्ञान

विनीत त्रिपाठी ● जागरण

- एक रिपोर्ट पर एनजीटी ने सीजीडब्ल्यूए, जल शक्ति मंत्रालय और डीपीसीसी को भेजा नोटिस
- सीजीडब्ल्यूए व जल शक्ति मंत्रालय को मामले पर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का दिया निर्देश



विकास मार्ग पर जलभराव ● जागरण आर्काइव

**नई दिल्ली:** जुलाई 2023 में राष्ट्रीय राजधानी में आई बाढ़ की संभावना को भांपने में दिल्ली सरकार समेत अन्य एजेंसियों की विफलता के मुद्दे का नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने स्वतः संज्ञान लिया है। एक समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लेते हुए एनजीटी ने नोट किया कि यह पर्यावरण नियमों के अनुपालन से जुड़ा मामला है। एनजीटी चेयरमैन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी व पर्यावरण सदस्य अफरोज अहमद की पीठ ने केंद्रीय भूजल प्राधिकरण (सीजीडब्ल्यूए) के सदस्य सचिव, जल शक्ति मंत्रालय के सचिव और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के सदस्य सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

एनजीटी ने सीजीडब्ल्यूए व जल शक्ति मंत्रालय को मामले पर अगली सुनवाई से एक सप्ताह पहले विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। एनजीटी ने नोट किया कि अप्रैल 2024 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार सीडब्ल्यूसी व दिल्ली सरकार जुलाई 2023 में यमुना के खतरे के निशान से ऊपर जाने की स्थिति को भांपने में विफल रहे थे। यह भी नोट किया कि इस दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्रीय जल आयोग के पूर्वानुमान के आधार पर दिल्ली की जनता को आश्वस्त किया था कि यमुना के खतरे के निशान से ऊपर जाने की संभावना नहीं है, लेकिन यमुना खतरे के निशान से ऊपर गई भी और वह गलत साबित हुए थे।

एनजीटी ने यह भी नोट किया कि यमुना के जल स्तर में बढ़ोतरी को लेकर आयोग के गलत पूर्वानुमान के कारण बैराज के प्रबंधन में दिक्कत आई और इसके कारण बाढ़ का पानी निचले स्तर पर पहुंच गया, जिसे रोका जा सकता था।

# साठ प्रतिशत भारतीय करते हैं वाटर फिल्टर का उपयोग : सर्वे

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** दिल्ली सहित भारत के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी के कारण न केवल पेयजल की मात्रा बल्कि इसकी गुणवत्ता को लेकर भी चिंताएं बढ़ गई हैं। यह बात एक सर्वे में सामने आई है। सर्वे में शामिल करीब 60 प्रतिशत लोग किसी न किसी प्रकार के वाटर फिल्टर का उपयोग कर रहे हैं। इंटरनेट मीडिया मंच 'लोकल सर्किल्स' द्वारा किए गए सर्वे में देश के 322 जिलों के 22,000 से अधिक परिवार शामिल हुए। सर्वे में शामिल 41 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हें मिलने वाला पानी पीने योग्य नहीं है।

**इंटरनेट मीडिया मंच लोकल सर्किल की ओर से किए सर्वे में 322 जिलों के 22,000 से अधिक परिवार शामिल हुए**

यह पूछे पर कि पीने व खाना पकाने के लिए घर पर पानी को कैसे शुद्ध करते हैं तो 41 प्रतिशत लोगों ने कहा कि आरओ का उपयोग करते हैं, 28 प्रतिशत वाटर प्यूरिफायर का उपयोग करते हैं। छह प्रतिशत फिटकरी, अन्य खनिजों का उपयोग करते हैं। आठ प्रतिशत लोग उबला पानी पीते हैं। आठ प्रतिशत ने कहा कि बोतलबंद पानी लेते हैं।

# टास्क फोर्स लगाएगी एनसीआर में प्रदूषण के कारकों पर लगाम

संजीव गुप्ता ● जागरण

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण के कारकों पर अब और सख्त निगरानी की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी होगी, जिसमें जुर्माना लगाना और क्लोजर नोटिस जारी करना भी शामिल रहेगा। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने इसके लिए इंफोर्समेंट टास्क फोर्स (प्रवर्तन कार्य बल) का गठन किया है। यह टास्क फोर्स तत्काल प्रभाव से प्रभावी हो गई है।

यूं तो एनसीआर में आम दिनों में भी वायु प्रदूषण का स्तर सामान्य से ज्यादा रहता है। लेकिन, जाड़े के चार महीने में लोगों को सबसे ज्यादा प्रदूषण का सामना करना पड़ता है। इसकी रोकथाम के लिए आमतौर पर अक्टूबर से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के प्रविधान लागू किए जाते हैं और प्रदूषण की रोकथाम के लिए तमाम तरह के अभियान भी संचालित किए जाते हैं। यह अलग बात है कि इन सभी में गंभीरता का अभाव रहता है। समय-समय पर सीएक्यूएम द्वारा प्रदूषण के कारकों पर नियंत्रण के लिए लगातार ही निर्देश भी जारी किए जाते हैं। इन्हीं निर्देशों पर सख्त अमल के लिए आयोग ने टास्क फोर्स गठित की है। छह सदस्यों वाली इस फोर्स में तकनीकी व प्रशासनिक अनुभव वाले सदस्यों को शामिल किया गया है। आयोग के सदस्य सचिव अरविंद नौटियाल द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक यह टास्क फोर्स पूरे एनसीआर में प्रदूषण की रोकथाम की निगरानी के साथ-साथ ही आयोग द्वारा जारी होने वाले दिशा-निर्देशों और नियमों को लागू कराएगी। साथ ही एनसीआर क्षेत्र में छापामार दलों द्वारा चलाए जाने वाले निरीक्षण अभियान पर भी यह निगाह रखेगी।



- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने किया गठन, तकनीकी-प्रशासनिक अनुभव वाले सदस्य शामिल

**छह सदस्यीय टास्क फोर्स के सदस्यों का ब्यौरा**

| | |
|---|---|
| डा. एनपी शुक्ला, सीएक्यूएम के तकनीकी सदस्य और कार्यवाहक अध्यक्ष | अध्यक्ष |
| सीएक्यूएम के सदस्य सचिव | सचिव |
| सीपीसीबी के अध्यक्ष या सदस्य सचिव | सदस्य |
| डा. एसडी अत्री, सीएक्यूएम के तकनीकी सदस्य | सदस्य |
| डा. विभा धवन, टेरी की महानिदेशक एवं सीएक्यूएम सदस्य | सदस्य |
| प्रो. डा चित्ररेखा कबरे, स्कूल आफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर एवं सीएक्यूएम सदस्य | सदस्य |

# सभी रैन बसेरों में ठंडे पानी के साथ ही एयर कूलर की व्यवस्था की जाए : मंत्री

**राब्यू, जागरण ● नई दिल्ली:** शहरी विकास मंत्री एवं दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) के उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने गर्मी और लू के चलते डूसिब के सीईओ को निर्देश दिया कि सभी रैन बसेरों का निरीक्षण करें और कमी दूर की जाए। जहां कहीं भी पानी की व्यवस्था में कोई कमी नजर आए, वहां तुरंत ठंडे पानी की व्यवस्था की जाए और जहां कहीं भी हवा देने वाले वाटर एयर कूलर की समस्या नजर आए, तुरंत उस समस्या को दूर कर हवा देने वाले वाटर एयर कूलरों का इंतजाम किया जाए। सोमवार को मंत्री महोदय ने कई रैन बसेरों का औचक निरीक्षण भी किया।




# गर्मी में मेट्रो में बढ़े यात्री, मई में प्रतिदिन 7.76 लाख यात्राएं अधिक रहीं

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग मेट्रो में सफर अधिक कर रहे हैं। इस वजह से पिछले वर्ष की मई की तुलना में इस बार मई में प्रतिदिन औसत पैसेंजर जर्नी (यात्रियों की यात्राएं) 7.76 लाख अधिक रहीं। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) का दावा है कि रिकार्ड गर्मी के बीच दिल्ली मेट्रो बिना किसी रुकावट के वातानुकूलित आरामदायक यात्रा की सुविधा पूरे नेटवर्क पर उपलब्ध कराई। गर्मी के मद्देनजर मेट्रो में एसी और अन्य उपकरणों की निगरानी बढ़ा दी गई है।

मेट्रो के प्रधान कार्यकारी निदेशक (जनसंपर्क) अनुज दयाल ने कहा कि इस बार मई में मेट्रो में प्रतिदिन 60.17 लाख यात्राएं यात्रियों ने की है। पिछले वर्ष मई में यह आंकड़ा 52.41 लाख था। इसका कारण यह है कि एक तो कोरोना के बाद मेट्रो में वापस यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ी है, दूसरी बात यह कि गर्मी में लोग मेट्रो में सफर करना बेहतर समझ रहे हैं, क्योंकि मेट्रो ट्रेनों में पूरे दिन तापमान 24 डिग्री सेल्सियस से कम रहता है।

मेट्रो में ब्रेक डाउन, मेट्रो ट्रेन या भूमिगत मेट्रो स्टेशन में एसी फेल्योर की घटनाएं नहीं हुईं। मेट्रो ट्रेनें प्रतिदिन 4,200 फेरे लगा रही हैं और एक लाख 40 किलोमीटर सफर तय करती हैं। मौजूदा समय में दिल्ली मेट्रो के नेटवर्क में मौजूद 345 ट्रेनों में 5,000 एसी यूनिट लगाई गई हैं। हर वर्ष गर्मी से पहले मार्च में मेट्रो के एसी की व्यापक स्तर पर तकनीकी जांच व रखरखाव का काम किया जाता है। इस दौरान खराब उपकरण बदल दिए जाते हैं। इसके अलावा हर तीन माह पर नियमित रखरखाव का काम होता है। चालक भी मेट्रो के तापमान पर नियमित निगरानी रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी भूमिगत मेट्रो स्टेशनों में बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम (बीएमएम) व चिलर प्लांट मैनेजर (सीपीएम) जैसे अत्याधुनिक उपकरण लगे हुए हैं। इसके माध्यम से भूमिगत स्टेशनों पर लगे सेंट्रलाइज एसी निगरानी की जाती है और तापमान को नियंत्रित रखा जाता है। इसलिए बाहर 45 से 50 डिग्री तापमान रहने पर भी स्टेशन का तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है। एस्केलेटर, लिफ्ट सहित गर्म होने वाले सभी उपकरणों की निगरानी बढ़ा दी गई है। आग से बचाव के लिए फायर इंस्टीग्यूशर, स्प्रिंकलर, पानी की पाइप व अन्य जरूरी फायर फाइटिंग उपकरण है। जिसका नियमित रखरखाव किया जाता है। ताकि जरूरत पड़ने पर जल्दी इस्तेमाल किया जा सके।

दोपहर में कर्मचारियों को दी जा रही छुट्टीमेट्रो के निर्माणाधीन कारिडोर के निर्माण कार्य के लगे कर्मचारियों व कामगारों को दोपहर में छुट्टी दी जा रही है। निर्माणाधीन स्थलों पर पर्याप्त पेयजल व दवा की व्यवस्था की गई है। ताकि किसी कर्मचारी को हीट स्ट्रोक न होने पाए। सभी परियोजना प्रबंधकों को निर्देश दिया गया है कि वे इस बात की निगरानी करें कि कांट्रेक्टर नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं।

- **24** डिग्री सेल्सियस से कम रहता है मेट्रो ट्रेनों में पूरे दिन तापमान
- **60.17** लाख यात्राएं प्रतिदिन यात्रियों ने की इस साल मई में मेट्रो में
- **4,200** फेरे मेट्रो ट्रेनें प्रतिदिन लगाती हैं
- **52.41** लाख यात्राएं पिछले वर्ष मई में हुई थीं



### क्या है पैसेंजर जर्नी

यदि किसी यात्री ने इंटरचेंज स्टेशन पर मेट्रो बदलकर दूसरे कारिडोर की मेट्रो पकड़ी, तो पैसेंजर जर्नी दो मानी जाती हैं। इसी तरह यदि किसी यात्री ने सफर के दौरान तीन कारिडोर की मेट्रो में सफर किया, तो एक ही यात्री की पैसेंजर जर्नी तीन मानी जाती हैं।

# गर्मी के चलते दिल्ली में सभी आंगनबाड़ी केंद्र 30 जून तक बंद

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** भीषण गर्मी को देखते हुए दिल्ली सरकार ने एक से 30 जून तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद करने की घोषणा की है। इस दौरान पूरक पोषण खाद्य सामग्री के लिए लाभार्थियों को आंगनबाड़ी केंद्र जाने की जरूरत नहीं है। टेक होम राशन के माध्यम से पोषण खाद्य सामग्री सीधे लाभार्थियों के घर तक पहुंचाई जाएगी। सरकार के इस कदम का लाभ बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के साथ ही तीन से छह वर्ष की आयु के उन सभी बच्चों को होगा, जिन्हें आंगनबाड़ी केंद्रों पर आमतौर पर गर्म भोजन मिलता है। मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि हमारे लिए महिलाओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है।




*********

संपादकीय जागरण

मंगलवार, 4 जून, 2024 : ज्येष्ठ कृष्ण - 13 वि. 2081


कड़े परिश्रम का परिणाम सदैव सुखद होता है

# चुनावों का सही समय

आखिरकार चुनाव आयोग ने यह मान लिया कि उसे एक माह पहले चुनाव कराना चाहिए था, लेकिन अच्छा होता कि आम चुनावों की घोषणा करने के पहले ही उसे इसका आभास हो गया होता कि मई-जून की भीषण गर्मी में मतदाताओं के साथ-साथ चुनाव कराने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सुरक्षाकर्मियों को भी तमाम समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उसे यह आभास इसलिए हो जाना चाहिए था, क्योंकि उसने मौसम विभाग से इस बारे में विचार-विमर्श किया था कि मई-जून में बढ़ते तापमान की क्या स्थिति रहेगी? अब तो जो होना था, वह हो गया, लेकिन कम से कम भविष्य के लिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि मई-जून में चुनाव न कराए जाएं। इसलिए और भी, क्योंकि लू के चलते अनेक मतदानकर्मियों के साथ सुरक्षाकर्मियों की भी जान चली गई। उचित तो यह होगा कि हर सूरत में मई के पहले ही चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। ऐसा करने में कोई परेशानी भी नहीं है। चुनाव आयोग को इसकी भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कम रहने का एक कारण प्रतिकूल मौसम भी माना जा रहा है। वैसे तो मतदान प्रतिशत कम रहने के कुछ अन्य भी कारण हैं, लेकिन प्रतिकूल मौसम की भूमिका को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता।

चुनाव आयोग को केवल अनुकूल मौसम में ही चुनाव कराने की व्यवस्था नहीं करनी चाहिए, बल्कि यह भी देखना चाहिए कि चुनाव की अवधि कम से कम कैसे हो। इस बार चुनाव आयोग ने 16 मार्च को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की थी। इसका अर्थ है कि चुनाव प्रक्रिया लगभग ढाई माह तक चली। यह ठीक है कि हर बार मतदाताओं की संख्या बढ़ जाती है, इसलिए चुनाव आयोग को कहीं अधिक तैयारी करने के साथ सुरक्षा व्यवस्था की भी चिंता करनी पड़ती है, लेकिन समय की मांग यही है कि चुनाव प्रक्रिया यथासंभव छोटी हो। आखिर यह एक तथ्य है कि अतीत में चार-पांच चरणों में चुनाव प्रक्रिया को पूरा किया जा चुका है। इन स्थितियों में भविष्य में अधिक से अधिक चार-पांच चरणों में ही चुनाव संपन्न कराने की कोशिश की जानी चाहिए। ऐसा इसलिए भी किया जाना चाहिए, क्योंकि लंबी चुनाव प्रक्रिया का मतलब है लंबे समय तक आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी रहना। इस आचार संहिता के चलते एक तरह से समस्त सरकारी कामकाज ठप हो जाते हैं। इसका बुरा असर अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। वास्तव में अब तो चुनाव आयोग को लोकसभा के साथ विधानसभा के चुनाव एक साथ कराने की भी तैयारी करनी चाहिए। निःसंदेह यह बड़ा काम होगा, लेकिन यदि इच्छाशक्ति हो तो यह काम किया जा सकता है। यह वक्त की जरूरत है कि राजनीतिक दल एक साथ चुनाव के सुझाव पर नीर-क्षीर ढंग से विचार करें। यह वह विचार है, जिसके अमल का समय आ गया है।

# चिंता की बात

**मानसून से** पहले नालों की सही तरह से सफाई नहीं होने के कारण प्रत्येक वर्ष दिल्लीवासियों को जलजमाव का सामना करना पड़ता है। इस बार निगम के 713 नालों की सफाई 15 जून तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, परंतु अब तक सिर्फ 76 नाले ही साफ हो सके हैं। अगले 12 दिनों में 637 नालों की सफाई बड़ी चुनौती है। इस माह के अंतिम सप्ताह तक दिल्ली में मानसून पहुंचने का पूर्वानुमान है। इससे पहले नालों की सफाई का कार्य पूरा नहीं हुआ, तो एक बार फिर से दिल्ली के लोगों को जलजमाव की समस्या का सामना करना पड़ेगा।

**मानसून आने से पहले नालों की सफाई का कार्य पूरा नहीं हुआ, तो एक बार फिर से दिल्ली के लोगों को जलजमाव का सामना करना पड़ेगा**

दिल्ली में बड़े नाले लोक निर्माण विभाग और छोटे नाले नगर निगम के पास हैं। पहले आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार और भाजपा शासित नगर निगम एक-दूसरे को जलजमाव की समस्या के लिए जिम्मेदार ठहराते रहे हैं। अब दोनों जगह आप का शासन होने से बेहतर तालमेल के साथ काम होने की उम्मीद थी, परंतु स्थिति निराश करने वाली है। लोक निर्माण विभाग के भी सभी नालों की अब तक सफाई नहीं हो सकी है। अधिकारियों की लापरवाही के कारण पिछले वर्ष दिल्ली में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। कई दिनों तक जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा था। उससे पूर्व के वर्षों में भी राजधानी में कई सड़कों पर पानी भरने की समस्या हुई थी। सड़क यातायात बाधित होने के साथ ही रेलवे लाइन पर पानी भरने से ट्रेन परिचालन में भी परेशानी होती है।

## कह के रहेंगे


माधव जोशी




## जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या आपको लगता है कि पूरी चुनाव प्रक्रिया पर बार-बार सवाल उठाकर कांग्रेस ने अपनी साख गिरा ली है?**





आज का सवाल

क्या चुनाव आयोग को खुद पर झूठे आरोप लगाने वालों को दंडित करना चाहिए?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है।
सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# चुनावों के बाद की राजनीति



हृदयनारायण दीक्षित

**एक तल्ख चुनाव अभियान निपटने के बाद अब राष्ट्र की समृद्धि के प्रति लोक प्रतिबद्धता ही राजनीतिक क्रियाकलापों का केंद्रीय विचार होना चाहिए**

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की सबसे बड़ी पंचायत संसद के लिए चुनाव संपन्न हुए। सात चरणों में चली इस मैराथन चुनाव प्रक्रिया पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी रहीं। भरी गर्मी के बीच हुए चुनावों में सियासी पारा भी खासा ऊपर चढ़ा हुआ था, पर बंगाल और बिहार जैसे छिटपुट अपवादों को छोड़ दिया जाए तो मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। बंगाल में कायम चुनावी हिंसा राष्ट्रीय चिंता का विषय है। चुनाव प्रचार के दौरान आरोप-प्रत्यारोप का कटुतापूर्ण वातावरण था। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर विमर्श कम था। विकसित भारत जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी अर्थपूर्ण बहस नहीं हुई। अर्थनीति पर भी सार्थक विमर्श नहीं हुआ।

अब नई लोकसभा से तमाम उम्मीदें हैं। राष्ट्रीय विमर्श ही भारत की एकता का आधार है। हम भूमंडलीय ताप पर चर्चा करते हैं। हम संवैधानिक दायित्व के निर्वहन में विश्व शांति की कामना करते हैं। हम अंतरराष्ट्रीय बिरादरी में भारतीय सांस्कृतिक दृष्टिकोण के अभिकर्ता हो जाते हैं। वसुधैव कुटुंबकम् भारत की अभिलाषा है। भारत सच्चे अर्थों में लोकतांत्रिक राष्ट्र है। राष्ट्र की रिद्धि, सिद्धि और समृद्धि के प्रति लोक प्रतिबद्धता राजनीतिक क्रियाकलापों का केंद्रीय विचार होना चाहिए। आम सहमति के मुद्दे सुस्पष्ट हैं और असहमति के मुद्दे भी। सतत विमर्श, असहमतियों पर चर्चा और राष्ट्रीय मुद्दों पर मतैक्य होना ही चाहिए। राष्ट्रीय विमर्श से देश का आत्मविश्वास सुदृढ़ होता है। राष्ट्रीय एकता-अखंडता और सारी दुनिया के प्रति हमारा दायित्व आदि मुद्दे चुनाव के दौरान गहन विचार-विमर्श का विषय बनते तो ज्यादा अच्छा होता। असहमति के मुद्दों पर विमर्श से साझा दृष्टिकोण विकसित होता है। वाद, विवाद और संवाद में भी साझा दृष्टिकोण की जरूरत होती है।

जीत को लेकर सबके अपने-अपने दावे और तर्क हैं। नतीजा पूर्व सर्वेक्षणों में राजग भारी बहुमत से आगे है। उनके अनुसार प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार सत्ता संभालेंगे। हालांकि नतीजों से पहले सभी जीतने की बात कर रहे हैं। यह स्वाभाविक भी है। मतदाताओं का जनादेश सबको साथ लेकर चलने की प्रतिभूति होगा। जनता ही बहुमत पक्ष को सत्ता संचालन का जनादेश देती है और जनता ही किसी दल या समूह को प्रतिपक्ष की जिम्मेदारियों के निर्वहन का अवसर देती है। अल्पमत समूह जनता द्वारा खारिज नहीं किया जाता। वह सत्ता पक्ष को लोक कल्याण के सुझाव देता है। सरकार की आलोचना करता है। ब्रिटिश संसदीय परंपरा में विपक्ष को 'प्रतीक्षारत सरकार' कहते हैं। देश के सभी दलों/समूहों को जनादेश का सम्मान करना चाहिए। कभी-कभी पराजित दल चुनाव परिणामों को गरिमापूर्वक स्वीकार नहीं करते। वे चुनाव परिणामों को गलत सिद्ध करने के लिए बहानेबाजी करते हैं। ईवीएम का बहाना सर्वविदित है। ऐसी बयानबाजी से चुनाव आयोग जैसी निष्पक्ष संवैधानिक संस्था पर चोट लगती है। जीते-हारे सभी पक्षों को जनादेश का सम्मान करना चाहिए। बेशक लंबे चले चुनाव प्रचार के दौरान व्यक्तिगत आक्षेप से वातावरण तनावपूर्ण है, लेकिन जनादेश का सम्मान सबका कर्तव्य है।



अवधेश राजपूत

भारत के इतिहास में 14 अगस्त, 1947 की तिथि ऐतिहासिक है। उस दिन संविधान सभा की बैठक मध्यरात्रि के बाद तक चली। उस बैठक में सभा के अध्यक्ष डा. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि, 'हम सबको आश्वासन देना चाहते हैं कि गरीबी, भूख, बीमारी, शोषण और भेदभाव मुक्त सुंदर जीवन वाला समाज बनाने की अथक कोशिश करते रहेंगे।' डा. राधाकृष्णन ने कहा, 'एक चिर प्रतीक्षा की रजनी के अवसान पर जो भाग्य निर्णायक शुभ घटनाओं से परिपूर्ण है, स्वातंत्र्य सूर्य के दर्शन हो रहे हैं। हम उत्साह के साथ इसका स्वागत करते हैं।' उन्होंने अधिकार मोह और भ्रष्टाचार के समूल विनाश की चर्चा की और कहा जब तक हम ऐसा नहीं करते तब तक हम शासन व्यवस्था को समुन्नत नहीं बना सकते। डा. राधाकृष्णन के शब्द आज भी प्रेरक हैं। उन्होंने इसी भाषण में कहा था, 'सबमें स्वयं को देखना और स्वयं में सबको देखने वाला ही स्वराज पाता है।' देश के सभी राजनीतिक कार्यकर्ताओं को संविधान और संविधान निर्माताओं का संकल्प याद रखना चाहिए। उस रात सभी सदस्यों ने एक प्रतिज्ञा पढ़ी। सदस्यों ने प्रतिज्ञा दोहराई। प्रतिज्ञा यह थी, 'अब जबकि हिंदवासियों ने त्याग और तपस्या से स्वतंत्रता हासिल कर ली है, मैं संविधान सभा का सदस्य स्वयं को हिंदवासियों की सेवा में अर्पित करता हूं, ताकि यह प्राचीन देश संसार में अपना उचित गौरवपूर्ण स्थान पा सके।'


संविधान सभा के सभी सदस्यों द्वारा ली गई यह शपथ महत्वपूर्ण है। इस प्रतिज्ञा में भारत को प्राचीन देश कहा गया है, लेकिन भारत के कथित लिबरल और वामपंथी भारत को प्राचीन राष्ट्र नहीं मानते। प्राचीन इतिहास एवं स्वाधीनता आंदोलन में भी भारत प्राचीन राष्ट्र ही माना गया। संविधान निर्माताओं के ऐसे संकल्प और उनकी अभिलाषाएं सदा याद रखने की आवश्यकता है। ऐसे विषयों पर बहस होती रहनी चाहिए। संविधान निर्माताओं ने राष्ट्र को विश्व की महाशक्ति बनाने के लिए ही एक आदर्श संविधान गढ़ा था। इस संविधान में सशक्त कार्यपालिका है, जो विधायिका के प्रति जवाबदेह है। देश के प्रत्येक छोटे-बड़े हिस्से से चुनकर आने वाले सदस्यों से लोकसभा बनती है। न्यायपालिका संविधान की संरक्षक एवं व्याख्याता है ही। अब तक 17 लोकसभा गठित हो चुकी हैं। अधिनियमों का पारण, सरकार को जवाबदेह बनाए रखना और विधायी कार्य के साथ संविधान संशोधन का सुदीर्घ इतिहास है। 18वीं लोकसभा से भी राष्ट्र को ऐसी ही तमाम उम्मीदें हैं।

स्वप्नदर्शी होना अच्छा है। स्वप्नों को यथार्थ में बदलने के लिए परिश्रम करते रहना और भी अच्छा है। विकसित भारत, शिक्षित और स्वाभिमानी भारत, सामर्थ्यवान भारत, विश्व के प्रत्येक जन के हित में सोचने वाला भारत, गरीबी मुक्त और स्वस्थ-समृद्ध भारत हम 140 करोड़ लोगों का स्वप्न है। देश के प्राचीन इतिहास में सभा समितियों के उल्लेख हैं। ऋग्वेद के अंतिम सूक्त में विचार भिन्नता के बावजूद साथ-साथ चलने एवं परस्पर विमर्शरत रहने की स्तुति है। सबको साथ लेकर सबका साथ-सबका विकास के संकल्प के साथ राष्ट्रीय दायित्व के निर्वहन में सबको जुड़ जाना चाहिए।

(लेखक उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं)

response@jagran.com

# अस्तित्व के लिए संघर्षरत कई दल



उमेश चतुर्वेदी

**आम चुनावों के प्रतिकूल नतीजे कई राजनीतिक दलों के भविष्य को अंधकारमय बना सकते हैं**

यह आम चुनाव कुछ दलों के लिए अस्तित्व की लड़ाई का भी है। यदि मतदाताओं ने उन्हें नकार दिया तो उनकी डगर कठिन हो जाएगी। इनमें कई छोटे-बड़े दल हैं। ये दल अपने-अपने राज्यों की सत्ता में रहे हैं अथवा सत्ता में साझीदार रहे हैं। एक दौर में इन्हें भविष्य का दल माना जाता था, लेकिन पिछले कुछ चुनावों से इनका आधार निरंतर कमजोर होता गया है। इसीलिए माना जा रहा है कि अगर इन्हें अपेक्षित समर्थन नहीं मिला तो इनकी स्थिति कभी मजबूत नहीं होगी।

सबसे पहले बसपा की चर्चा करते हैं। वर्ष 2007 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी ने अपने दम पर बहुमत हासिल करके गठबंधन सरकारों के सिलसिले पर विराम लगाया। बसपा के जनाधार में गिरावट 2014 के आम चुनावों से दिखने लगी। तब पार्टी को 19.62 प्रतिशत वोट मिले, लेकिन सीट एक भी नहीं मिली। इसके बाद हुए 2017 के विधानसभा चुनावों में पार्टी को वोट तो करीब इतना ही मिला, लेकिन सीटें मात्र 19 मिलीं। जिस पार्टी को दो चुनाव पहले स्पष्ट बहुमत मिला हो, उसके लिए ये आंकड़े निराशाजनक ही कहे जाएंगे। शायद यही वजह रही कि पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में अपनी धुर-विरोधी सपा से गठबंधन करने से भी परहेज नहीं किया। गठबंधन के दम पर उसके दस सांसद बने, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा से गठजोड़ खत्म हो गया तो पार्टी विधानसभा में मात्र एक सीट ही जीत पाई। बसपा के बारे में माना जा रहा है कि पार्टी का गैर-जाटव दलित मतदाता उससे छिटक गया है। इसी कड़ी में जदयू को भी रखा जा सकता है।

कभी भाजपा की विश्वस्त सहयोगी रही जदयू ने बीते दस वर्षों में कई बार पालाबदल किया। 2014 के लोकसभा चुनाव में पार्टी अकेले उतरी और उसे 15.78 प्रतिशत वोट और सिर्फ दो सीटें मिल पाईं। इन नतीजों से निराश नीतीश ने उन लालू यादव की पार्टी के साथ गठबंधन किया, जिनके विरोध में अलग पार्टी का गठन किया था। उस गठबंधन के दम पर पार्टी ने राज्य में सरकार तो बना ली, लेकिन समय-समय पर नीतीश का 'हृदय परिवर्तन' होता रहा। 2020 के विधानसभा चुनावों में जदयू को बड़ी जीत हासिल नहीं हो पाई। तब उसे सिर्फ 15.39 प्रतिशत वोट और 43 सीटों पर ही जीत मिली। अधिक सीटें हासिल करने के बावजूद भाजपा ने नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री बनाया।




संकट में हैं अकाली दल और बसपा जैसी पार्टियां ● फाइल

शिवसेना भी कभी भाजपा की स्वाभाविक सहयोगी थी, लेकिन 2019 में उसने भाजपा से अपनी राह अलग कर ली। मुख्यमंत्री पद को लेकर पार्टी ने अड़ियल रवैया अपनाया तो भाजपा से गठबंधन टूट गया। सत्ता के लिए शिवसेना उस कांग्रेस और शरद पवार की राकांपा के साथ खड़ी हो गई, जिसके खिलाफ उसकी राजनीति हमेशा आक्रामक रही। बाद में पार्टी टूटी और उसका एक धड़ा अब महाराष्ट्र की सत्ता में है, जिसे राकांपा से टूटा एक धड़ा सहयोग भी कर रहा है। अब उसके सामने अपना वजूद बचाने की लड़ाई है। चुनाव नतीजों से पता चलेगा कि बाला साहब ठाकरे की विरासत को लेकर मतदाताओं का क्या रुख है और वे किस शिवसेना के साथ हैं-शिंदे की या उद्धव की? राकांपा के दोनों धड़ों के भाग्य का फैसला भी लोकसभा के चुनाव नतीजे करेंगे।

पंजाब में शिरोमणि अकाली दल यानी शिअद भी भाजपा की पुरानी सहयोगी पार्टी रही, लेकिन मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में कृषि सुधार कानूनों के विरोध के चलते वह उससे अलग हो गई। पंजाबी अस्मिता की राजनीति करने वाली शिअद को भाजपा से अलग होने के बाद 2022 के विधानसभा चुनाव में महज 18.38 प्रतिशत वोट और तीन सीटों से ही संतोष करना पड़ा। अब वह संकट से दो-चार है।

हरियाणा में इनेलो भी कभी भाजपा की सहयोगी रही, लेकिन 2014 के बाद से उसका भी आधार लगातार घटा है। 2014 के आम चुनाव में पार्टी को वोट तो 24.36 प्रतिशत मिले, लेकिन सीटें महज दो मिलीं। उसी साल हुए विधानसभा चुनाव में उसे वोट तो करीब इतने ही मिले, लेकिन विधायक 19 चुने गए। बाद में घरेलू कलह में पार्टी टूट गई। इसके बाद जजपा का गठन हुआ। इनेलो से निकली जजपा को लोकसभा में 5.25 प्रतिशत वोट मिले, हालांकि सीट एक भी नहीं मिली। विधानसभा चुनाव में जरूर जजपा को 14.84 प्रतिशत वोट मिले और उसके दस विधायक चुने गए और वह भाजपा के साथ सरकार का हिस्सा भी बनी। यह गठजोड़ कुछ समय पहले ही टूट गया।

दक्षिण पर दृष्टि डालें तो कर्नाटक की जेडीएस राज्य की सत्ता में रही। उसके नेता एचडी देवेगौड़ा प्रधानमंत्री भी रहे, लेकिन 2014 से जेडीएस लगातार कमजोर हो रही है। उस साल हुए लोकसभा चुनाव में उसे 10.97 प्रतिशत वोट मिले और उसके दो सांसद चुने गए। इस कमजोर हालात की वजह से पार्टी ने चार साल बाद विधानसभा चुनावों में कांग्रेस से गठबंधन किया, जिसकी वजह से उसे 18.36 प्रतिशत वोट मिले, जबकि 37 विधायक चुने गए। वह सत्ता में भी शामिल हुई। 2019 के आम चुनाव में उसे बेहद कम यानी 9.67 प्रतिशत ही वोट मिले, जबकि सिर्फ एक सांसद चुना जा सका। 2023 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को लोकसभा की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा वोट मिले। तेलंगाना में यही स्थिति तेलंगाना राष्ट्र समिति से भारत राष्ट्र समिति बनी बीआरएस की रही। राज्य की सत्ता पर लंबे समय तक काबिज रही इस पार्टी को गत वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में 37 प्रतिशत वोट ही मिले और वह सत्ता से बाहर हो गई। स्पष्ट है कि लोकसभा चुनाव भले ही केंद्रीय सत्ता का फैसला करने के लिए हुए हों, लेकिन कई दलों के भाग्य की रेखा इन चुनावों के नतीजों के साथ जुड़ी है। इनमें तेदेपा और बीजद समेत उत्तर-दक्षिण के कुछ अन्य दल भी शामिल हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)

response@jagran.com

## ऊर्जा

# समय का सदुपयोग

जीवन को सफल एवं सार्थक बनाने का रहस्य समय के सदुपयोग में निहित है। समय का सही लाभ उठाने के लिए आवश्यक है कि एक समय में एक ही काम किया जाए। जो व्यक्ति एक ही समय में कई कार्यों में उलझ जाता है उसका एक भी कार्य अपेक्षित रूप से सिद्ध नहीं हो पाता। समय की धारा निरंतर प्रवाहित होती रहती है और फिर शून्य में विलीन हो जाती है। इसलिए जीवन में उपलब्धियों के आकांक्षियों को चाहिए कि वे समय की धारा के साथ सही कदमताल करें। आज का काम कल पर टाल देने से कार्य का भार दोगुना हो जाता है।

ईश्वरचंद्र विद्यासागर समय के कुशल प्रबंधक थे। जब वह कालेज जाते तो रास्ते के दुकानदार अपनी घड़ियां उन्हें देखकर ठीक करते थे। वे जानते थे कि विद्यासागर कभी एक मिनट भी आगे-पीछे नहीं चलते। संसार में जितने महापुरुष हुए हैं उनकी महानता का एक प्रमुख आधार स्तंभ रहा है कि उन्होंने समय का सदुपयोग किया। एक क्षण व्यर्थ नहीं जाने दिया। जिस समय लोग समय गंवाकर आलस्य-प्रमाद में पड़े रहते हैं, उस समय महान व्यक्ति महत्वपूर्ण कार्यों में संलग्न रहते हैं। समय सर्वाधिक मूल्यवान संपदा है। भौतिक धन-संपदा से भी अधिक बहुमूल्य। मनुष्य कितना ही परिश्रमी क्यों न हो, यदि वह समय के मोल को नहीं समझेगा तो अपेक्षित परिणामों से वंचित रहेगा।

प्रकृति का प्रत्येक कार्य एक निश्चित समय पर संपन्न होता है। समय पर ग्रीष्म तपता है, अपने समय पर पानी बरसता है और सही समय आने पर शीत दस्तक देता है। चंद्रमा-सूर्य, ग्रह-नक्षत्र सभी समय के अनुसार गतिमान रहते हैं। इतने विशाल कर्तव्य क्रम को मनुष्य तभी पूरा कर सकता है जब जीवन के एक-एक क्षण को सावधानी के साथ उपयोगी एवं उपयुक्त दिशा में निवेश करे। जीवन की अवधि सीमित होने के साथ-साथ अनिश्चित एवं अज्ञात भी है। इसलिए हमें निरंतरता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए समय का सदुपयोग करते हुए आगे बढ़ना चाहिए।

समराज चौहान

## पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

### भारत को विकसित बनाने का संकल्प

'साधना से निकले नए संकल्प' शीर्षक से लिखे आलेख में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साधना और संकल्प की शक्ति को रेखांकित करते हुए भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने आलेख के माध्यम से साधना के संकल्प और स्वप्न पूर्ति के लिए प्रयास करने की शक्ति जुटाने पर जोर दिया है। पीएम मोदी का यह लेख एक सामान्य भारतीय नागरिक को भी गहराई से छूता है। उनकी यात्रा और विचार हमें प्रेरित करते हैं कि कैसे हमें अपने देश के विकास में योगदान देना चाहिए। उनका यह लेख न केवल एक राजनेता के विचार हैं, बल्कि हर भारतीय के लिए एक प्रेरणा का स्रोत भी है। उनका संदेश साफ है-हमें हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करनी होगी, नकारात्मकता से मुक्त होकर सकारात्मकता को अपनाना होगा। स्वामी विवेकानंद के 1897 के आह्वान को स्मरण करते हुए पीएम मोदी कहते हैं कि अगले 25 साल हमें केवल राष्ट्र की प्रगति के लिए समर्पित करने चाहिए। यह विचार हमारे लिए एक संकल्प है, जिसे हमें मिलकर पूरा करना है। एक सामान्य नागरिक के रूप में हमें यह अहसास दिलाता है कि देश की प्रगति में हमारा भी एक महत्वपूर्ण योगदान है। हमें एकजुट होकर, सकारात्मक सोच के साथ, अपने देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें हर चुनौती को अवसर में बदलना है। आइए, हम सब मिलकर भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाएं।

अवनीश कुमार गुप्ता, आजमगढ़, उत्तर प्रदेश

### साधना से निकले नए संकल्प

'साधना से निकले नए संकल्प' शीर्षक आलेख में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सटीक लिखा है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हमें श्रेष्ठता को मूल भाव बनाना होगा। याद रहे कि सकारात्मकता की गोद में ही सफलता पलती है। कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद राक मेमोरियल में 45 घंटे तक मौन साधना की समाप्ति के बाद ऊर्जा से लबरेज प्रधानमंत्री ने सौ दिन के रोड मैप के लिए तैयारियों की एक उच्चस्तरीय बैठक में समीक्षा की। चुनाव की घोषणा से पहले पीएम मोदी ने विभिन्न मंत्रालयों को अगली सरकार के सौ दिन के कामकाज का रोड मैप तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। एग्जिट पोल में भाजपा को तीसरी बार प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने की बात कही गई है। संभावित तीसरी पारी के लिए पीएम मोदी ने कुछ अलग तरह की योजनाएं तैयार की हैं। भारत का विकास वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखना चाहिए। अब नए सपने देखना जरूरी है। 2047 तक विकसित भारत के लिए एकता और समर्पण के आह्वान में अगले 25 वर्ष केवल देश के लिए समर्पित करने की भावना निहित है। इसके लिए भारत की आंतरिक क्षमताओं को समझना जरूरी है। इनका उपयोग विश्व के लाभ के लिए करना चाहिए। आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत आधार तैयार करने का लक्ष्य जरूरी है, ताकि भारत नई ऊंचाइयों पर पहुंच सके। प्रत्येक राष्ट्र के पास देने के लिए एक संदेश, पूरा करने के लिए एक मिशन व प्राप्त करने के लिए एक नियति होती है। हजारों वर्षों से भारत इसी सार्थक उद्देश्य की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। हमें एक भी पल बर्बाद किए बिना अधिक कर्तव्यों और बड़े लक्ष्यों की तरफ बढ़ना चाहिए। हमें नए ख्वाब देखने होंगे और इन सपनों को हकीकत में बदलने के लिए सपने को जीना शुरू करना होगा।

युगल किशोर राही, ग्रेटर नोएडा

### विपक्ष का विचित्र रवैया

यह पत्र ''विपक्ष का विचित्र रवैया'' से संबंधित है। विपक्षी नेता एक ओर कह रहे हैं कि उनको 295 सीट प्राप्त होंगी, वहीं दूसरी ओर भ्रम भी पैदा कर रहे हैं कि मतगणना में गड़बड़ी होगी। पहली बात तो ये 295 का आंकड़ा आया कहां से। इसको राज्य दर राज्य सिलसिलेवार तरीके से लोगों को बताना चाहिए था कि यहां से इतनी सीटें और वहां से इतनी सीटें मिलेंगी। हास्यास्पद तब हो जाता है जब राहुल गांधी मीडिया के प्रश्न पूछने पर कि उन्हें कितनी सीटें मिलेंगी तो कहते हैं कि आपने मूसेवाला का गाना सुना है। एक नेता जो प्रधानमंत्री पद का दावेदार था, उसके मुंह से ऐसी बचकानी बातें शोभा नहीं देतीं। अब बात करते हैं एग्जिट पोल की जिसको विपक्ष, मोदी का पोल या फिर फर्जी एग्जिट पोल बता रहे हैं। यही एग्जिट पोल तेलंगाना के लिए, जहां कांग्रेस कुछ महीने पहले जीती है, वहां यही खुश थे। लेकिन आज एग्जिट पोल इनकी हार दर्शा रहे हैं तो यह इसको फर्जी, मोदी का पोल और तरह-तरह के नाम देकर इन पोल एजेंसी के लिए दिन-रात काम करने वालों के चरित्र पर सवाल उठा रहे हैं। इसके अतिरिक्त बेतुके तर्क देना कि एग्जिट पोल के माध्यम से सोमवार को जाते-जाते भाजपा शेयर मार्केट से मुनाफा कमाना चाहती है, सुनकर हंसी आती है। ईवीएम पर निशाना साधना विपक्ष के लिए नया नहीं है। जब चुनाव हारते हैं, ईवीएम सबसे आसानी से निशाने पर आ जाता है। ईमानदारी से मंथन करेंगे तो शायद सही रास्ते पर चल सकते हैं।

बाल गोविंद, सेक्टर-44 नोएडा

## पोस्ट

रवीना टंडन बहुत बहादुर हैं। एक उग्र भीड़ के सामने वह अपने ड्राइवर के बचाव में खड़ी रहीं। उनके संग अभद्रता भी हुई, लेकिन वह पीछे नहीं हटीं। अगर रवीना टंडन वहां नहीं होतीं तो शायद ड्राइवर अस्पताल में होता।

रंगनाथ सिंह@rangnathsingh_

राजग को अगर 400 सीटें आईं तो यह तीन चौथाई बहुमत होगा। कुछ अन्य दल भी बाद में समर्थन दे सकते हैं। ऐसे में जिन लोगों ने राजग के लिए 200-250 सीटों का आकलन किया था, उन्होंने अपनी इच्छा बताई थी।

मानक गुप्ता@manakgupta

बंगाल में चुनाव बाद हिंसा की आशंका को देखते हुए चुनाव आयोग ने वहां 40 हजार से ज्यादा केंद्रीय पुलिस बल 19 जून तक तैनात रखने का फैसला किया है। यह असाधारण फैसला तो है, लेकिन है बिल्कुल सही।

संदीपन देब@sandipanthedeb



एक्जिट पोल के नतीजों से सहमति या असहमति एक मुद्दा है, लेकिन विपक्षी नेताओं के कुछ बयान बेहद चिंताजनक हैं, जो जनादेश को खारिज करने जैसे प्रतीत हो रहे हैं। चुनाव में भले ही किसी की जीत हो, लेकिन भारत में सत्ता का हस्तांतरण सदैव शांतिपूर्ण रहा है। आशा है कि यह सिलसिला इसी प्रकार कायम रहेगा।

बरखा दत्त@BDUTT

## जनपथ

दावे- प्रतिदावे हुए खूब चली तकरार,
अब तो मिलने जा रही एक नई सरकार।
एक नई सरकार शुरू होगी अब गिनती,
बैठो दिल को थाम यही है सबसे विनती!
जिसके जैसे काम वोट वह वैसे पावे,
मिले उन्हीं को हार खोखले जिनके दावे!!

- ओमप्रकाश तिवारी


संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित, संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, स्थानीय संपादक-प्रदीप कुमार शुक्ल*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तर दायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 34 अंक 321


********

# तेज रफ्तार किआ रेलिंग से टकराकर पलटी, दो की मौत

**संस, जागरण • फिरोजपुर झिरका:** दिल्ली-वड़ोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर रविवार रात फिरोजपुर झिरका थाना क्षेत्र के कोलगांव के पास तेज रफ्तार किआ कार अनियंत्रित होकर बाईं तरफ रेलिंग से टकराकर पलट गई। हादसे में कार चालक और इसमें सवार युवक की मौत हो गई, जबकि एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया। तीनों घायलों को इलाज के लिए दिल्ली के हायर सेंटर रेफर किया गया है।



हादसे में क्षतिग्रस्त कार • जागरण

राजस्थान के जयपुर के सेक्टर 10 निवासी 37 वर्षीय रोहित किआ कार से आनलाइन एप के माध्यम से सवारियों को ढोने का काम करते थे। वह रविवार शाम को जयपुर से दिल्ली के लिए चले थे। उनकी कार में दिल्ली के भजनपुरा के डी ब्लाक निवासी 35 वर्षीय विकास, जयपुर निवासी दिव्या, आकाश और एक अन्य युवक जा रहे थे। बताया जाता है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। रात साढ़े दस बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर कोलगांव के पास कार अनियंत्रित हो गई और बाईं तरफ रेलिंग से टकराकर कई बार पलट गई। इसमें बैठे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को नूंह अस्पताल ले जाया गया। यहां डाक्टरों ने रोहित और विकास को मृत घोषित कर दिया। वहीं तीन अन्य घायलों की स्थिति गंभीर होने पर दिल्ली रेफर कर दिया गया। फिरोजपुर झिरका थाने में सब इंस्पेक्टर व मामले के जांचकर्ता सुमित कुमार ने बताया कि हादसे में दो लोगों की मौत हुई थी। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया गया है। विकास गुरुग्राम की निजी कंपनी में काम करता था।

## दिल्ली के श्रद्धालुओं की कार भिड़ी, 11 घायल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन :** महामृत्युंजय द्वार के समीप रविवार रात करीब दो बजे मारुति ईको कार सड़क किनारे खड़े सीमेंट के मिक्सर वाहन में पीछे से टकरा गई। हादसे में कार चालक सहित 11 लोग घायल हो गए। कार सवार 10 लोग दिल्ली के रहने वाले हैं। दुर्घटना में कार सवार राजीव गुप्ता, सुनीता, निष्ठा, अन्विक्षा, रूपेश, पूनम, खनक, हर्ष, लवप्रीत, मोहित व चालक घायल हो गए। चालक के अलावा सभी अंसारी रोड, दरियागंज में रहते हैं।

# बाइक हुई अनियंत्रित, चाचा-भतीजे की मौत

**संवाद सहयोगी, जागरण • सोहना (गुरुग्राम):** दिल्ली-वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस-वे (डीवीएमई) पर सोहना सदर थाना क्षेत्र के गांव दौला के पास सोमवार सुबह छह बजे तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। बाइक काफी दूर तक घिसटती हुई चली गई। हादसे में बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत हो गई। दोनों गुरुग्राम के रेस्टोरेंट में खाना बनाते थे। पुलिस के अनुसार दोनों ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। बाइक तेज रफ्तार में होने के कारण यह हादसा हुआ। एक्सप्रेस-वे पर दोपहिया वाहन चलाने की मनाही है, दोनों ने हेलमेट भी नहीं पहना था।

> एक्सप्रेस-वे पर दोपहिया वाहन चलाने की मनाही है, दोनों ने हेलमेट भी नहीं पहना था, दोनों गुरुग्राम के एक रेस्टोरेंट में खाना बनाते थे

पुलिस ने जांच के दौरान दो घायलों की पहचान बिहार के मधुबनी के अशोक और सुजीत के रूप में की। इनकी बाइक डिवाइडर के बीच में पड़ी थी। दोनों को सोहना के अस्पताल ले जाया गया, यहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों गुरुग्राम के एक रेस्टोरेंट में खाना बनाते थे। रविवार रात बाइक से सोहना में अपने दोस्त से मिलने के लिए आए थे। दोनों ने शराब पी रखी थी। सोमवार सुबह गुरुग्राम वापस जाने के दौरान रास्ता भटककर दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर चढ़ गए। गांव दौला के पास बाइक की स्पीड ज्यादा होने से अनियंत्रित हो गई और गिरकर घिसटती चली गई।

# एमथ्रीएम के दो वाणिज्यिक भूखंड सील

## 20 दिन पहले ही भूखंड का आवंटन हुआ था रद्द, परियोजना में निवेश करने वाले फंसे

**जागरण संवाददाता, नोएडा :** सेक्टर-72 और 94 में एमथ्रीएम की दो सहायक कंपनी स्काइलाइन प्रोपकान प्राइवेट लिमिटेड और लैविश बिल्डमार्ट प्राइवेट लिमिटेड को आवंटित करीब एक हजार करोड़ रुपये कीमत के दो भूखंड के निरस्तीकरण के बाद सोमवार को नोएडा प्राधिकरण ने भूखंडों को सील कर अपना कब्जा ले लिया है। प्रदेश शासन की ओर से निरस्तीकरण आदेश जारी करने के बाद यह कार्रवाई की गई है। भूखंड आवंटन योजना के ब्रोशर की शर्तों के इतर दोनों भूखंड का आवंटन किया गया था। इस मामले में शिकायत के बाद प्राधिकरण स्तर पर इसकी जांच भी की गई थी। प्राधिकरण की ओर से रिपोर्ट देने के बाद शासन ने भूखंड का आवंटन रद करने के आदेश जारी किए गए।



एमथ्रीएम के वाणिज्यिक भूखंड को नोएडा प्राधिकरण ने किया सील • सौ. अधिकारी

- नियमों को दरकिनार कर दोनों भूखंडों का किया गया था आवंटन एक हजार करोड़ है कीमत
- शिकायत के बाद हुई थी जांच, रिपोर्ट के आधार पर जारी हुए आदेश

प्रमुख सचिव अनिल सागर की ओर से जारी किए आदेशों में कहा गया था कि दोनों भूखंड के आवंटन के दौरान सहायक कंपनियों के जो मानक तय किए गए थे उनका पालन नहीं किया गया। इसकी बोली पर भी सवाल उठाए गए हैं। बोली लगाने के दौरान रिजर्व प्राइस से केवल 5 लाख की अधिक बोली पर जमीन का आवंटन कर दिया गया। इसमें किसी तरह की प्रतिस्पर्धा नहीं हो पाई। इसके अलावा सब्सिडियरी कंपनी यदि खुद बोलीकर्ता हैं तो उन्हें स्वयं निर्धारित न्यूनतम अर्हता जैसे कि नेटवर्थ, सालवेंसी एवं टर्नओवर पूरी करने की शर्त है। इसके अलावा सब्सिडियरी कंपनी ने अकेले आवेदन किया था। ऐसे में उसे स्वयं ब्रोशर की शर्तों को पूरा करना था लेकिन नहीं किया गया। इन सभी बिंदुओं पर शिकायत हुई थी। इसके बाद शासन स्तर पर भी इसकी जांच की गई।

बताते चलें कि सेक्टर-72 में आवंटित तीन एकड़ के भूखंड की कीमत 176.5 करोड़ और सेक्टर-94 के 13 एकड़ के भूखंड की कीमत 827.3 करोड़ रुपये थी। इनका आवंटन फरवरी 2023 और नवंबर 2022 में किया गया। आवंटन के बाद प्राधिकरण को इन दोनों कंपनियों से अब तक करीब 450 करोड़ रुपये भी आवंटन धनराशि के रूप में मिले हैं।

**आवंटन निरस्त होने से फंसे निवेशक:** एमथ्रीएम की दो परियोजनाओं के लिए आवंटित भूखंड का आवंटन निरस्त होने और अब इन भूखंड पर प्राधिकरण द्वारा कब्जा वापस लिए जाने के बाद परियोजना में निवेश करने वाले लोग फंस गए हैं। एमथ्रीएम के अधिकारियों का कहना है कि इन परियोजनाओं में बुकिंग भी हो चुकी है। इसके अलावा प्राधिकरण को भी पैसे जमा कराए गए हैं। आवंटन निरस्त करने की वजह से निवेशक फंस गए हैं। हालांकि निवेशकों के लिए अब कंपनी क्या निर्णय लेगी, यह अभी तय नहीं किया गया है।

## डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, पांच घायल

**जागरण संवाददाता, नोएडा :** कोतवाली सेक्टर-24 क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में फंसकर पांच युवक घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां से कुछ देर बाद उन्हें छुट्टी मिल गई।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दिल्ली लाडपुर के पांच युवक नोएडा में कोचिंग के कार्य से सोमवार दोपहर आए थे। वापस जाते समय जैसे ही वह सेक्टर-54 पुलिस चौकी के सामने एफ ब्लाक के पास पहुंचे तो कार की गति अधिक होने से चालक कार्तिक का कार से नियंत्रण समाप्त हो गया। कार को नियंत्रित करने के चक्कर में डिवाइडर पर चढ़ते हुए कार पलट गई।






## कार्यालय जिला सहकारी बैंक लि. गाजियाबाद

प्रधान कार्यालय - आर.डी.सी. ए-20, राजनगर गाजियाबाद

पत्रांक:- 1337-38 / सह० संग्रह - निरीक्षण / 2024-2025 / — दिनांक :- 03 जून 2024

### अपील

जनपद गाजियाबाद, हापुड एवं तहसील दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर में जिला सहकारी बैंक लि० गाजियाबाद से वित्तपोषित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स) के कृषक सदस्यों द्वारा लिये गये फसली ऋण की अदायगी हेतु असल एवं ब्याज की मांग दिनांक 01.04.2024 को लग चुकी है। जिसकी अदायगी दिनांक 30 जून 2024 तक अथवा 365 दिन के अन्दर (जो भी पहले हो) किये जाने पर 7.70 प्रतिशत ब्याज अनुदान की सुविधा अनुमन्य होगी। कृषको द्वारा मात्र 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की ऋण राशि पर देय होगा। यदि दिनांक 30 जून 2024 तक अथवा ऋण लेने के 365 दिन तक कृषकों द्वारा ऋण जमा नहीं किया जाता है तो ऋण बकाया की श्रेणी में आ जायेगा और ब्याज अनुदान का लाभ कृषकों को प्राप्त नहीं होगा।

सभी कृषक भाईयों को अवगत कराना है कि दिनांक 30 जून 2024 अथवा ऋण लेने की तिथि से 365 दिन से पूर्व फसली ऋण जमा नहीं करने पर ऋण पर 10.70 प्रतिशत ब्याज दर एवं बकाया पड़ने पर 2 प्रतिशत पैनल ब्याज के साथ-साथ 5 प्रतिशत संग्रह शुल्क भी देना होगा।

अतः सभी कृषक सदस्यों से अपील है कि इस अवधि में सम्बन्धित समिति / बैंक शाखा से सम्पर्क कर अपने फसली ऋण की अदायगी कर ब्याज अनुदान का लाभ प्राप्त करें तथा पुनः 3 प्रतिशत पर फसली ऋण प्राप्त कर अपनी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को मजबूत करें।

(संदीप सिंह) सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला सहकारी बैंक लि. गाजियाबाद
(श्रद्धा अनंग) सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता गाजियाबाद
(अभिषेक मिश्रा) सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता-हापुड
(विवेका सिंह) सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता-गौतमबुद्धनगर
(कृष्णावीर सिंह) सभापति जिला सहकारी बैंक लि. गाजियाबाद

---

**भारत सरकार**
**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**
**त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),**
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंजिल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई. एम. टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email : roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

**Government of India**
**Ministry of Corporate Affairs**
**Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)**
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email : roc.cpace@mca.gov.in

### प्रारूप संख्या एसटीके-6
### सार्वजनिक सूचना

(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में)

सार्वजनिक नोटिस : ROC / C-PACE / STK-2/248(2)/2024-25/158 — दिनांक: - 21.05.2024

**संदर्भ :**

1. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (83) कम्पनियों का नाम दिल्ली राज्य से हटाने के मामले में:

| S No. | SRN | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AA7879875 | U65929DL2022PTC403291 | राइज़ऑन फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AA7622961 | U52603DL2022PTC396197 | पीसी डब्ल्यू आईपीएल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AA7149679 | U22219DL2012PTC246821 | सेरेनिटी बुक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AA7414214 | U74999DL2021PTC381780 | फेनाटू पेट्रा प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AA7664758 | U93000DL2021PTC376170 | ये प्लस डिजिटल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AA7916949 | U74999DL2022PTC405741 | सलाद हेल्थ टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AA7956945 | U29100DL2020PTC366905 | नवीक एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AA7394729 | U72900DL2020PTC363327 | वेस्टीएसवाईएस प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | AA7756981 | U65900DL2019PTC355746 | अवेनकेयर फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | AA7244200 | U74140DL2019PTC357463 | कॉन्निसिक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AA7666143 | U74999DL2019OPC346307 | पारेवी एंडेल (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | AA7766729 | U74994DL2018GAT343073 | डेनिश कल्चरल प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | AA7670241 | U74999DL2019PTC350481 | विज्ञानपंट्री मीडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | AA7962326 | U80900DL2019PTC348919 | नॉचअप एडु प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | AA7697412 | U74999DL2017PTC318095 | एवसकामिन फैसिलिटी मैनेजमेंट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | AA7505662 | U93090DL2017PTC314739 | केव्यू एक्सपीरियंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | AA7912661 | U74999DL2016PTC299430 | रिवाइवरडिक्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 18 | AA7401943 | U74999DL2017PTC311016 | इलिविंग इलेक्ट्रिक प्राइवेट लिमिटेड |
| 19 | AA7922438 | U70109DL2023PTC410212 | टैक्टफुल बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 20 | AA5853004 | U24304DL2017PTC311338 | इरेज़ा लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 21 | AA7202318 | U74999DL2016PTC209545 | इन्वेस्टस इंडिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 22 | AA7943200 | U70101DL2013PTC256620 | एसयूर्ति आईटी बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 23 | AA7678181 | U74130DL2013PLC247461 | सर्वेश्वर सॉल्यूशन्स (इंडिया) लिमिटेड |
| 24 | AA7962239 | U25200DL2011PTC217884 | जेएमडी पॉलीप्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड |
| 25 | AA7958507 | U20211DL1997PTC089566 | राजेंद्र प्लाईवुड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 26 | AA7958671 | U74899DL1993PTC056298 | जोगिन्दर कंवर प्राइवेट लिमिटेड |
| 27 | AA7633322 | U72900DL2021PTC391729 | रिहैबपुलर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 28 | AA7491897 | U22219DL2022PTC392296 | अवंतिका कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 29 | AA7853764 | U31904DL2021PTC390519 | प्योर एनर्जी टेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 30 | AA7858959 | U51909DL2021PTC383616 | अन्नया एग्रो फूड्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 31 | AA7547954 | U74999DL2022PTC397134 | साइबॉर्ग वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 32 | AA7070983 | U40108DL2022GOI397161 | खावड़ा II- डी ट्रांसमिशन लिमिटेड |
| 33 | AA7836622 | U46109DL2023OPC421677 | सीएमसी ट्रेडिंग (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 34 | AA7525965 | U74999DL2020PTC369043 | उत्कल ट्रेड मीडिया वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 35 | AA7590267 | U72900DL2022PTC398597 | ग्रेडसोल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 36 | AA7545407 | U74999DL2020PTC369821 | मिनाया मार्केटिंग एंड कम्युनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 37 | AA7536147 | U72501DL2020PTC367166 | क्यू संपर्क रहित समाधान प्राइवेट लिमिटेड |
| 38 | AA7540468 | U28223DL2020PTC359650 | राजेंद्र गियर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 39 | AA7911484 | U52601DL2016OPC332385 | एवेन्टा वर्ल्ड्स इंडिया (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 40 | AA7267790 | U40100DL2013PTC248100 | लाइट इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड |
| 41 | AA7885472 | U18209DL2023PTC409374 | बिग टॉपल क्लोदिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 42 | AA7870116 | U40106DL2018PTC338457 | वर्लीन सोलर पावर (कडपा) प्राइवेट लिमिटेड |
| 43 | AA7984804 | U55101DL2007PTC327071 | सोचो हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड |
| 44 | AA7640625 | U72100DL2013PTC259105 | लिम्पियार हेल्थकेयर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 45 | AA7686141 | U72900DL2018PTC331088 | ऑरिटना इंटेलिजेंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 46 | AA7043378 | U74999DL2018PTC334966 | ईस्टर्न स्पिरिचुअल एडवेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 47 | AA7750777 | U74999DL2018PTC329302 | टॉपविंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 48 | AA7515683 | U67190DL2017PTC315894 | सिरसा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 49 | AA7666671 | U74899DL1979PTC009786 | दिल्ली लिफ्ट प्राइवेट लिमिटेड, |
| 50 | AA7722265 | U74899DL1983PTC016367 | सहकार बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 51 | AA7721697 | U74899DL1982PTC013773 | सचखंड अपार्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड |
| 52 | AA6885214 | U74899DL1990PTC041669 | कृपासिंधु इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी प्राइवेट लिमिटेड |
| 53 | AA7577096 | U74899DL1994PTC059821 | प्रिजेंट (इंडिया) फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 54 | AA7686036 | U74210DL1996PTC083716 | एस गिरोत्रा कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 55 | AA7722521 | U74899DL1995PTC072969 | मनचंदा एक्सपो प्राइवेट लिमिटेड |
| 56 | AA7641019 | U51909DL1998PTC095134 | आर. जे. एस. इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 57 | AA7834837 | U72900DL2000PTC104880 | सेपुर्ली सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 58 | AA7866844 | U45201DL2004PTC124452 | पुरपाशा प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 59 | AA7869634 | U40106DL2016PTC298662 | क्लीन विंड पावर (कुर्नूल) प्राइवेट लिमिटेड |
| 60 | AA7960585 | U51909DL2016PTC301991 | के जे ड्यूटी फ्री लिस्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 61 | AA7941411 | U63000DL2013PTC262248 | प्रोग्रेसफ्लो बिज़नेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 62 | AA7640918 | U70102DL2015PTC282445 | लूको बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड |
| 63 | AA7827342 | U72900DL2007PTC160636 | लाइम लेप्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 64 | AA7764290 | U74990DL2013PTC261223 | इम्प्रिमिस मेडिकल सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 65 | AA7894936 | U70200DL2015PTC285140 | अंतरिक्ष विला प्राइवेट लिमिटेड |
| 66 | AA7601082 | U74994DL2016PTC289310 | कॉन्सेप्ट लाइफस्टाइल प्राइवेट लिमिटेड |
| 67 | AA7170769 | U40109DL2008PLC174504 | अल्विना पावर लिमिटेड |
| 68 | AA7606179 | U55101DL2007PTC164188 | पाल्दोगैनसन हॉस्पिटैलिटी और एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड |
| 69 | AA7790607 | U52602DL2014PTC266150 | मॉड्लाइन इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 70 | AA7051969 | U70109DL2006PTC152334 | ब्रसैयास ज्ञानदीप एजुकेशनल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड |
| 71 | AA7952974 | U62020DL2023PTC416872 | अगुसिस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड |
| 72 | AA7611450 | U80904DL2014PTC271654 | ब्रेक ग्लास सीलिंग लीडरशिप प्राइवेट लिमिटेड |
| 73 | AA7435380 | U70101DL2013PTC254689 | फॉरएवर रियल्टर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 74 | AA7653505 | U46594DL2023PTC416244 | इंडिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 75 | AA7448177 | U67190DL2011PTC226699 | एरियन फाइनेंशियल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 76 | AA7631746 | U29308DL2010PTC200019 | कोर एप्लायंसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 77 | AA7184060 | U55101DL2013FTC257970 | सीजेएचजी रेस्टोरेंट (जी.डी.) इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 78 | AA7732258 | U74900DL2012PTC243694 | अद्वैत कंसल्टिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 79 | AA7925191 | U74999DL2014PTC270796 | स्विफ्ट इंटीग्रेटेड लॉजिटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 80 | AA7612371 | U74920DL2012PTC244272 | फायरवॉल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 81 | AA7880739 | U70100DL2011PTC228108 | एबीपी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 82 | AA7562753 | U74999DL2009PTC192738 | अरोरा कास्टिंग इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 83 | AA7673097 | U67190DL2011PTC217216 | प्रगति इक्विटी एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना / अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते है।

इरकन तिर्की
सहायक रजिस्ट्रार
प्रसंस्करण त्वरित कॉर्पोरेट निकास केंद्र

CBC 07123/11/0109/2425

---

Government of India
**सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय**

## अधिसूचना

### विज्ञापनों के लिए अनिवार्य स्व-प्रमाणन

माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप, WPC संख्या 64/2022-IMA & Anr. Vs. UOI & Ors. में दिनांक 7 मई 2024 के आदेश के अनुसार, सभी विज्ञापनदाताओं / विज्ञापन एजेंसियों को अपने विज्ञापनों को सार्वजनिक रूप से जारी किए जाने से पहले स्व-प्रमाणन प्रस्तुत करना अनिवार्य है। सभी विज्ञापनदाता/विज्ञापन एजेंसियां निम्नलिखित पोर्टल से अपना स्व-प्रमाण पत्र बना सकते हैं:

- टीवी/रेडियो विज्ञापनों के लिए पोर्टल https://new.broadcastseva.gov.in
- प्रिंट या इंटरनेट विज्ञापन के लिए पोर्टल https://presscouncil.nic.in

**यह आदेश प्रिंट, टेलीविजन, रेडियो और इंटरनेट पर जारी किये जाने वाले विज्ञापनों पर लागू होता है।**

**विज्ञापन प्रकाशक/प्रसारक/इंटरनेट प्लेटफॉर्म्स को 18 जून 2024 से विज्ञापन जारी करने से पहले विज्ञापनदाताओं/ विज्ञापन एजेंसियों से स्व-प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।**

**अनुपालन कैसे करें:** विज्ञापनदाताओं / विज्ञापन एजेंसियों को निर्देश दिया जाता है कि वे अपेक्षित जानकारी देकर आवश्यक स्व-प्रमाणपत्र बनाने के लिए ऊपर दिए गए पोर्टल पर जाएं। प्रकाशक/ प्रसारक/इंटरनेट प्लेटफॉर्म केवल तभी विज्ञापन प्रकाशित, प्रसारित या टेलीकास्ट करेंगे जब विज्ञापनदाता/विज्ञापन एजेंसियां प्रत्येक विज्ञापन के लिए स्व-प्रमाणपत्र की एक प्रति जमा करेंगी। 18 जून 2024 से जारी होने वाले सभी नए विज्ञापनों के लिए यह अनिवार्य होगा। प्रमाणपत्रों की प्रमाणिकता को ऊपर दिए गए पर सभी संबंधित हितधारकों द्वारा सत्यापित किया जा सकता है।

यह अधिसूचना सभी विज्ञापनदाताओं/ विज्ञापन एजेंसियों और प्रकाशकों/प्रसारकों/ इंटरनेट प्लेटफार्मों द्वारा सख्त अनुपालन के लिए जारी की गई है।

cbc 22201/11/0001/2425

********

| संसेक्स 76,468.78 | सराफा | सोना ₹72,450 | चांदी ₹ 92,900 | डालर ($) ₹ 83.14 |
|---|---|---|---|---|
| 2,507.47 | दिल्ली के भाव | 10 ग्राम ₹200 | 1 किलो ₹ 800 | ₹ 0.28 |

## एक नजर में

### सेबी ने लांच किया नया सारथी 2.0 मोबाइल एप

**नई दिल्ली:** कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी ने सोमवार को नया मोबाइल एप सारथी 2.0 लांच किया। यह एप पर्सनल फाइनेंस पर आधारित है और यूजर इससे वित्तीय जटिलताओं को आसानी से समझ सकते हैं। एप में केवाईसी प्रक्रिया, म्यूचुअल फंड, ईटीएफ, स्टाक एक्सचेंजों पर शेयरों की खरीद और बिक्री आदि की जानकारी उपलब्ध है। (प्रेट्र)

### इस वर्ष 10 प्रतिशत बढ़ सकती है स्टील की मांग

**नई दिल्ली:** रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में देश में स्टील की मांग में 10 प्रतिशत की वृद्धि रह सकती है। एजेंसी का कहना है कि मजबूत सरकारी खर्च और स्टील खपत वाले क्षेत्रों से अच्छी मांग का उद्योग को लाभ मिलेगा। फरवरी-अप्रैल 2024 के दौरान स्टील की खपत 11.3 प्रतिशत बढ़ी है। (प्रेट्र)

### मई में कोयला उत्पादन 10 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा

**नई दिल्ली:** देश के कोयला उत्पादन में मई के दौरान 10.15 प्रतिशत की वृद्धि रही है। कोयला मंत्रालय के अनुसार, इस दौरान 8.39 करोड़ टन कोयले का उत्पादन हुआ है जो पिछले वर्ष समान अवधि में 7.61 करोड़ टन था। कोल इंडिया लिमिटेड का उत्पादन पिछले महीने 7.46 प्रतिशत बढ़कर 6.44 करोड़ टन रहा है। देश के कुल कोयला उत्पादन को कोल इंडिया की 80 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी है। (प्रेट्र)

### राधिका आप्टे बनीं मैनफोर्स कंडोम की ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली:** मैनकाइंड फार्मा ने ओटीटी क्वीन राधिका आप्टे को अपने मैनफोर्स एपिक थिन एक्स कंडोम की ब्रांड एंबेसडर बनाया है। कंपनी का कहना है कि यह एक उच्च गुणवत्ता वाला प्रीमियम क्लाक और यूनिक कंडोम है। यह कंडोम पूरी तरह से केमिकल रहित, वीगन और न्यूरल प्रीमियम क्लास प्रोडक्ट है, जो वैज्ञानिक तौर पर टेस्टेड है। यह यौन संचारित संक्रमण (एसटीआइ) और यौन संचारित रोग दोनों से सुरक्षा देने में सक्षम है। (वि.)


# दो महीने के उच्चस्तर पर पहुंचा रुपया

## सोमवार को डालर के मुकाबले 28 पैसे मजबूत होकर 83.14 के स्तर पर हुआ बंद

- पिछले पांच वर्षों में वैश्विक स्तर पर डालर के मुकाबले सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली मुद्रा है रुपया
- कारोबारी दिन की शुरुआत रुपये ने 83.09 के स्तर से की और यह 82.95 के स्तर तक पहुंचा

**0.5%** की गिरावट रही रुपये में डालर के मुकाबले इस वर्ष अप्रैल के दौरान

**83** के स्तर के पार पहली बार पहुंचा था रुपया 18 मार्च को डालर के मुकाबले




**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** चुनाव नतीजों से एक दिन पहले जहां शेयर बाजार ने निवेशकों को मालामाल कर दिया वहीं रुपये ने भी अपना दमखम दिखाया। एक दिन में डालर के मुकाबले रुपया 28 पैसे मजबूत होकर 83.14 पर बंद हुआ। इस तरह से एक कारोबारी दिन में ही रुपये ने पिछले दो महीनों के दौरान हुई गिरावट की भरपाई कर ली। विशेषज्ञ इसका श्रेय चुनाव पूर्व आए एक्जिट पोल को दे रहे हैं, जिसमें भारतीय जनता पार्टी की सरकार के लगातार तीसरे कार्यकाल की संभावना जताई जा रही है। इससे नीतिगत स्थिरता रहने से देश की इकोनमी को फायदा पहुंचने की बात कही जा रही है। पिछले हफ्ते ही आरबीआइ की एक रिपोर्ट आई है जिसमें बताया गया है कि वर्ष 2023-24 के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डालर के मुकाबले जिन मुद्राओं में सबसे कम गिरावट आई है, वह रुपया है।

रुपये के इस दम के पीछे पिछले शुक्रवार को जारी जीडीपी और जीएसटी के आंकड़ें भी जिम्मेदार हैं। कारोबारी दिन की शुरुआत रुपये ने 83.09 के स्तर से की और शेयर बाजार से कदमताल मिलाते हुए एक समय यह 82.95 के स्तर तक चला गया। कुछ विशेषज्ञों ने कहा है कि अभी कुछ समय तक रुपया 82.70 से 83.50 के बीच रहेगा। इससे पहले 21 मार्च को रुपया 83.13 के स्तर पर था। 18 मार्च को इसने 83 के स्तर को पार किया था। विशेषज्ञों ने कहा कि मुद्रा बाजार इस बात को लेकर आश्वस्त है कि पीएम नरेन्द्र मोदी की अगुआई में ही नई सरकार बनेगी जिससे विदेशी निवेश का प्रवाह बना रहेगा। आरबीआइ की तरफ से जारी आंकड़े बताते हैं कि अप्रैल, 2024 में डालर के मुकाबले रुपये में सिर्फ 0.5 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि रशियन रूबल में 1.5 प्रतिशत, ब्रिटिश पाउंड में 1.5 प्रतिशत, इंडोनेशियन रुपये में 2.1 प्रतिशत, जापानी येन में 2.7 प्रतिशत, ब्राजील लीरा में 2.8 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है।

> भाजपा नेतृत्व वाली सरकार की वापसी की भविष्यवाणी के बाद घरेलू बाजारों में तेजी के कारण भारतीय रुपये में मजबूत आई। इससे राजनीतिक स्थिरता आ सकती है और नए विदेशी निवेश हो सकते हैं। मजबूत मैक्रोइकोनमिक डाटा ने भी रुपये को सपोर्ट किया। हालांकि निराशाजनक मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआइ ने तेज बढ़त को सीमित कर दिया। **अनुज चौधरी**, रिसर्च एनालिस्ट, शेयरखान बाय बीएनपी पारिबा

# अदाणी के शेयरों में जोरदार खरीदारी जारी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** भाजपा के तीसरी बार सत्ता में आने के संकेतों के बीच अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में जमकर खरीदारी हो रही है। सोमवार को समूह की कई कंपनियों के शेयर रिकार्ड उच्च स्तर तक पहुंचे।

समूह की कंपनी अदाणी पावर के शेयरों में सबसे ज्यादा करीब 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। समूह की अधिकांश कंपनियों के शेयर हिंडनबर्ग रिसर्च से पहले के स्तर पर पहुंच गए हैं। इसमें अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पोर्ट्स, अदाणी पावर और अदाणी ग्रीन प्रमुख हैं। इस तेजी के साथ समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों का पूंजीकरण बढ़कर 19.42 लाख करोड़ रुपये हो गया है और यह हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट से पहले के स्तर को पार कर गया है। यह रिपोर्ट 24 जनवरी 2023 को जारी हुई थी। उस दिन समूह की कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 19.20 लाख करोड़ रुपये था। अमेरिका की ब्रोकरेज फर्म जेफरीज की ओर से खरीदारी सलाह के बाद बीते शुक्रवार को समूह की कंपनियों के शेयरों में 14 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई थी।

**कंपनीवार शेयर मूल्य और पूंजीकरण**

| कंपनी | शेयर मूल्य | वृद्धि | पूंजीकरण |
|---|---|---|---|
| अदाणी एंटरप्रा. | 3645.35 | 6.86 | 4,15,570.31 |
| अदाणी पोर्ट | 1585.00 | 10.25 | 3,42,382.02 |
| अदाणी पावर | 875 | 15.64 | 3,37,482.16 |
| अदाणी एनर्जी | 1222.05 | 8.84 | 1,36,318.78 |
| अदाणी ग्रीन | 2037.65 | 6.39 | 3,22,770.38 |
| अदाणी टोटल | 1,119.85 | 7.77 | 1,23,162.23 |
| अदाणी विल्मर | 363.35 | 3.51 | 47,873.66 |
| अंबुजा सीमेंट | 670.60 | 5.72 | 1,65,177.06 |
| एसीसी | 2677.45 | 5.16 | 50,279.10 |
| एनडीटीवी | 263.25 | 6.15 | 1,697.21 |

(स्रोत: बीएसई)

**15.64** प्रतिशत की सबसे ज्यादा वृद्धि रही अदाणी पावर के शेयरों में

**19.42** लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा समूह की कंपनियों का पूंजीकरण

### जेरोधा के यूजर्स को करना पड़ा दिक्कतों का सामना

**नई दिल्ली, आइएएनएस:** शेयर बाजारों में सोमवार को खरीदारी का आलम यह रहा कि ब्रोकरेज फर्म जेरोधा के ट्रेडिंग एप काइट पर यूजर्स को तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यूजर्स को सबसे ज्यादा दिक्कत तब आई जब शेयर बाजार रिकार्ड उच्च स्तर पर कारोबार कर रहे थे। यूजर्स ने तकनीकी दिक्कतों को लेकर इंटरनेट मीडिया पर भी आवाज उठाई। जेरोधा ने भी यूजर्स के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए आधिकारिक वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा, ताकि समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जा सके।

## बीते वर्ष इन्फोसिस के सीईओ के वेतन में 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** इन्फोसिस के सीईओ सलिल पारेख का वार्षिक वेतन वित्त वर्ष 2023-24 में 17 प्रतिशत बढ़कर 66.24 करोड़ रुपये हो गया। इस तरह वह सूचना-प्रौद्योगिकी कंपनियों में सबसे अधिक वेतन पाने वाले सीईओ बन गए हैं। वित्त वर्ष 2022-23 में पारेख को 56.4 करोड़ रुपये का वार्षिक वेतन मिलता था।

इन्फोसिस की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी के चेयरमैन नंदन नीलेकणी ने स्वेच्छा से किसी तरह का पारिश्रमिक नहीं लेने का फैसला किया है। बता दें कि भारत की सबसे बड़ी सूचना-प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस के नवनियुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक के. कृतिवासन को वित्त वर्ष 2023-24 में 25 करोड़ रुपये से अधिक का वेतन मिला। उनकी नियुक्ति पांच साल की अवधि के लिए है।

# ब्याज दरों में साल के अंत तक कमी आने की उम्मीद

- पीएनबी के एमडी ने कहा-बैंक के लिए खुदरा, कृषि और एमएसएमई खंड फोकस क्षेत्र
- बुनियादी ढांचा प्रोजेक्ट के साथ स्टील और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से भी आ रही कर्ज की मांग

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के प्रबंध निदेशक अतुल कुमार गोयल ने कहा कि ब्याज दरें चरम पर पहुंच गई हैं और इस साल के अंत तक इनमें कमी आने की उम्मीद है। नीतिगत ब्याज दरों को निर्धारित करने वाली आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक पांच जून को शुरू होने वाली है। बैठक में ब्याज दरों पर क्या फैसला लिया गया है, इसका एलान सात जून को किया जाएगा।

गोयल ने कहा, 'ब्याज दरें विकास दर, मुद्रास्फीति और अन्य देशों की मौद्रिक नीति जैसे कई कारकों पर निर्भर करती हैं। मुझे लगता है कि दरें चरम पर पहुंच गई हैं और साल के अंत तक इसमें कुछ कमी आ सकती है।' उन्होंने कहा कि बैंक के लिए खुदरा, कृषि और एमएसएमई (आरएएम) खंड फोकस क्षेत्र है। हालांकि हम अच्छे कारपोरेट कर्जों को वित्तपोषित करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा, "कुल ऋण में आरएएम सेक्टर का हिस्सा 55 प्रतिशत है और अगले चार से पांच सालों में हम इसे बढ़ाकर 60 प्रतिशत तक करना चाहते हैं। इस वर्ष हमने 57 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखा है।' उन्होंने कहा कि जहां तक कारपोरेट कर्ज का सवाल है तो बुनियादी ढांचा परियोजनाओं खासकर सड़क सेक्टर से कर्ज की मांग ज्यादा है।

## 2000 रुपये के 97.82 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आए

**मुंबई, प्रेट्र:** आरबीआइ ने सोमवार को कहा कि 2000 रुपये के 97.82 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। अब केवल 7,755 करोड़ रुपये के नोट ही जनता के पास हैं। पिछले साल 19 मई को केंद्रीय बैंक ने 2000 रुपये के नोटों को प्रचलन से वापस लेने का एलान किया था। 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 2000 रुपये के नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जो 31 मई, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7,755 करोड़ रुपये रह गया। 2000 रुपये के नोट जमा करने/या बदलने की सुविधा देश की सभी बैंक शाखाओं में सात अक्टूबर, 2023 तक उपलब्ध थी। नौ अक्टूबर, 2023 से आरबीआइ के क्षेत्रीय कार्यालय भी व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं।

# मई में मैन्यूफैक्चरिंग की वृद्धि दर में गिरावट



- मंदी का कारण भीषण गर्मी के बीच कामकाजी घंटों में कमी और उत्पादन लागत में वृद्धि
- कुल बिक्री के रुझान के विपरीत मई में नए निर्यात ठेकों में तीव्र गति से बढ़ोतरी हुई

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** भारत के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में मई में लगातार दूसरे महीने वृद्धि दर धीमी रही। हालांकि वैश्विक बिक्री में 13 वर्षों में सर्वाधिक वृद्धि के साथ यह क्षेत्र विस्तार की स्थिति में बना रहा। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआइ) मई में घटकर 57.5 हो गया जो अप्रैल में 58.8 था। मार्च में सूचकांक 16 वर्ष के उच्चतम स्तर 59.1 पर पहुंच गया था। पीएमआइ के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है।

एचएसबीसी की वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा, 'मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में मई में विस्तार के दायरे में रहा, हालांकि इसकी गति धीमी रही जिसका कारण नए ठेकों और उत्पादन में मंदी रही।' दास ने कहा कि मंदी का कारण भीषण गर्मी के बीच कामकाजी घंटों में कमी और उत्पादन लागत में वृद्धि बताया जा रहा है। सर्वे के अनुसार, प्रतिस्पर्धा और चुनाव संबंधी व्यवधानों के कारण वृद्धि अवरुद्ध हुई है। कुल बिक्री के रुझान के विपरीत मई में नए निर्यात ठेकों में तीव्र गति से वृद्धि हुई है। अंतरराष्ट्रीय बिक्री में यह उछाल 13 वर्षों में सबसे अधिक रहा, क्योंकि मैन्यूफैक्चरर्स को अफ्रीका, एशिया, अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया के कई देशों में ग्राहकों से लाभ प्राप्त हुआ है। साथ ही मार्च 2005 में आंकड़ा संग्रहण शुरू होने के बाद से मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में रोजगार में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई।



### याचिका दायर कर नीट-यूजी दोबारा कराने की मांग

**नई दिल्ली:** नीट-यूजी के उम्मीदवारों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर पेपर लीक का आरोप लगाते हुए परीक्षा दोबारा कराने की मांग की है। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी)- 2024 का आयोजन पांच मई को किया गया था। परिणाम 14 जून को घोषित होने की उम्मीद है। याचिका में नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की मांग कीगई है। (प्रेट्र)

### रेव पार्टी मामले में तेलुगु अभिनेत्री हेमा गिरफ्तार

**बेंगलुरु:** रेव पार्टी मामले की जांच कर रही केंद्रीय क्राइम ब्रांच (सीसीबी) ने सोमवार को पूछताछ के बाद तेलुगु फिल्म अभिनेत्री हेमा को गिरफ्तार कर लिया। गत 19 मई को इलेक्ट्रानिक सिटी के निकट फार्महाउस पर रेव पार्टी का आयोजन किया गया था। सीसीबी ने सोमवार को हेमा को अपने कार्यालय बुलाया था। वह अपनी पहचान छिपाने के लिए बुर्का पहनकर सीसीबी के अधिकारियों के सामने पेश हुईं। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। (प्रेट्र)

### ठाणे में क्रिकेट खेलते समय अचानक व्यक्ति गिरा, मौत

**ठाणे:** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में क्रिकेट खेलते समय रविवार को अचानक एक 42 वर्षीय व्यक्ति गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। काशीगांव थाने के एक अधिकारी ने बताया कि रामकृष्णन थेवर रविवार दोपहर काशीमीरा क्षेत्र के मैदान पर बल्लेबाजी कर रहे थे। अचानक वह मैदान में ही गिर पड़े। अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है। (प्रेट्र)

### एनएचआरसी की कार्यवाहक अध्यक्ष बनीं विजया सयानी

**नई दिल्ली:** गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) में कार्यवाहक अध्यक्ष की नियुक्ति के संबंध में सोमवार को अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सदस्य विजया भारती सयानी को एनएचआरसी का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जब तक नए अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं हो जाती, विजया यह जिम्मेदारी संभालेंगी। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस अरुण कुमार मिश्रा एनएचआरसी अध्यक्ष पद से एक जून को सेवानिवृत्त हुए हैं। (एएनआइ)

# आकासा एयर और इंडिगो के विमान में बम की अफवाह



चेन्नई में सोमवार को कोलकाता जाने वाले इंडिगो के विमान में बम की अफवाह के बाद निगरानी करते सुरक्षाकर्मी • प्रेट्र

**दिल्ली-मुंबई विमान अहमदाबाद डायवर्ट, चेन्नई-कोलकाता विमान दो घंटे लेट, एक बच्चा और छह क्रू मेंबर सहित 186 यात्री सवार**

**मुंबई, प्रेट्र :** आकासा एयर की दिल्ली-मुंबई उड़ान और इंडिगो की चेन्नई-कोलकाता उड़ान में सोमवार को बम की सूचना मिली। आकासा एयर के विमान को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया है। इसमें एक बच्चा और छह क्रू मेंबर सहित 186 यात्री सवार थे। एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली से मुंबई के लिए उड़ान भरने के बाद विमान में सुरक्षा अलर्ट मिला था। इसके बाद सुबह 10:13 बजे अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई।

दूसरी तरफ, चेन्नई से कोलकाता जाने वाला इंडिगो का विमान बम की अफवाह के कारण दो घंटे लेट हो गया। अधिकारियों ने बताया कि थुरैपक्कम स्थित इंडिगो काल सेंटर में आई काल में कहा गया कि चेन्नई-कोलकाता विमान में बम धमाका होगा। तब तक यात्री विमान में बैठ चुके थे। सभी को नीचे उतारा गया। इसके बाद विमान की जांच की गई। हालांकि, जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। सभी सुरक्षा प्रक्रिया पूरी होने के बाद विमान सुबह 10.30 बजे कोलकाता के लिए रवाना हुआ।

# 'ईवीएम तोड़ने के आरोपित विधायक को अग्रिम जमानत न्याय व्यवस्था का मजाक'

- सुप्रीम कोर्ट ने वाईएसआरसीपी के आरोपित विधायक के मतगणना स्थल पर प्रवेश पर लगाई रोक
- कहा, घटना के वीडियो देखने से पहली नजर में सही प्रतीत होते हैं आरोप

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सुप्रीम कोर्ट ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के विधायक पिन्नेली रामकृष्ण रेड्डी के चार जून को मछेरला विस क्षेत्र के मतगणना स्थल पर प्रवेश करने पर रोक लगा दी है। रेड्डी पर मतदान केंद्र पर ईवीएम तोड़ने का आरोप है। शीर्ष कोर्ट ने रेड्डी को आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा दी गई अग्रिम जमानत पर सवाल उठाते हुए इसे न्याय व्यवस्था का सरासर मजाक करार दिया।

जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने 13 मई की घटना की वीडियो देखा और रेड्डी के वकील विकास सिंह से कहा, 'वीडियो देखने पर आपको पता चलेगा कि यह पूरी तरह से गलत आदेश है। यह न्याय व्यवस्था का सरासर मजाक है।' पीठ ने रेड्डी को आदेश दिया कि वह चार जून को मतगणना केंद्र में प्रवेश न करें और न ही उसके आसपास रहें।

शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट से कहा कि उस दिन हुईं विभिन्न घटनाओं के सिलसिले में रेड्डी के विरुद्ध दर्ज विभिन्न मामलों से जुड़ी छह जून को सूचीबद्ध याचिका पर 28 मई को उन्हें प्रदान की गई अंतरिम राहत से प्रभावित हुए बिना फैसला करे। पीठ ने कहा कि वीडियो देखने से आरोप प्रथमदृष्टया सही प्रतीत होते हैं। ये वीडियो सीसीटीवी कैमरों के लाइव टेलीकास्ट के हैं, लिहाजा इन्हें छेड़छाड़ किए हुए वीडियो नहीं कहा जा सकता।

इस बीच, पीठ ने निर्वाचन आयोग द्वारा आंध्र प्रदेश के लिए डाक मतपत्र के मानदंडों में ढील दिए जाने के विरुद्ध वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। अदालत ने कहा कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए यह अदालत आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के एक जून के आदेश में हस्तक्षेप की इच्छुक नहीं है।

## राजस्थान में तलवार से काट दिए युवक के दोनों हाथ के पंजे

**जासं, जयपुर :** राजस्थान के फलौदी में जमीन के विवाद के कारण तीन लोगों ने तलवार से एक युवक के दोनों हाथ के पंजे काट दिए। पीड़ित को जोधपुर एम्स में भर्ती कराया गया जहां आपरेशन कर पंजे जोड़ दिए गए। पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है और तीसरे की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार, रविवार देर रात करीब 11 बजे एक युवक धनसिंह अपनी कार से घर जा रहा था। रास्ते में तीन युवकों ने उसे रोका और मारपीट की। इस दौरान आरोपितों ने तलवार से धनसिंह के दोनों हाथ के पंजे काट दिए। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित के भाई ने बताया कि हमला करने वाले भूपेंद्र सिंह, कालू सिंह व गजेंद्र सिंह ने जमीन के विवाद के कारण धनसिंह के हाथ के पंजे काटे हैं। पुलिस अधिकारी दाऊद खान ने बताया कि कालू व गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। भूपेंद्र की तलाश की जा रही है।

# सोनीपत से एलएलबी कर रही आइएएस दंपती की बेटी ने दी जान

**मुंबई, प्रेट्र :** दक्षिण मुंबई में मंत्रालय के निकट सोमवार तड़के महाराष्ट्र कैडर के एक आइएएस दंपती की 27 वर्षीय बेटी ने एक इमारत की 10वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि युवती सोनीपत से एलएलबी कर रही थी अपने शैक्षणिक प्रदर्शन से खुश नहीं थी।



लिपि रस्तोगी की फाइल फोटो

पुलिस ने कहा कि एलएलबी की छात्रा लिपि तड़के करीब चार बजे राज्य सचिवालय के निकट सरकारी आवास की इमारत से कूद गई। परिजनों उसे जीटी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि घटनास्थल से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें कथित तौर पर लिखा है कि उसकी मौत के लिए किसी को दोष न दिया जाए। अधिकारियों ने बताया कि कफ परेड थाने में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है। लिपि के पिता विकास रस्तोगी महाराष्ट्र उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में प्रधान सचिव हैं जबकि मां राधिका रस्तोगी भी वरिष्ठ आइएएस अधिकारी हैं और राज्य में सेवारत हैं।

### जबलपुर के डीएम के बेटे की संदिग्ध हालत में मौत

**जासं, दक्षिणी दिल्ली:** मध्य प्रदेश के जबलपुर के जिलाधिकारी दीपक सक्सेना के बेटे अमोल सक्सेना की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पुलिस को शव के पास से एक दवा की स्ट्रिप मिली है। पुलिस के मुताबिक, अमोल सक्सेना दक्षिणी दिल्ली में किराये के मकान में रहकर स्क्रिप्ट राइटिंग का कोर्स कर रहे थे। रविवार सुबह अमोल के फोन नहीं उठाने पर उनके रिश्तेदार पहुंचे तो दरवाजा बंद था। खिड़की से देखा कि अमोल कमरे में पड़े हुए हैं। पुलिस व रिश्तेदार दरवाजा तोड़कर अमोल को अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि अमोल के शरीर पर बाहरी चोट के निशान नहीं हैं। कपड़ों पर उल्टी के पीले धब्बे मौजूद थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के रखवा दिया है।

**जागरण विशेष**

# समधनों ने शौक को अवसर में बदला तो खुली स्वावलंबन की नई राह


## उत्तरकाशी जिले में 61 वर्षीय गुड्डी थपलियाल व 56 वर्षीय निशा गुप्ता की पहल, उपहार देने की परंपरा में खोजा आय अर्जन का माध्यम

शैलेंद्र गोदियाल • जागरण

**उत्तरकाशी:** परिस्थिति और उम्र चाहे कोई भी हो, कुछ कर दिखाने के लिए उम्मीद और हौसला नहीं छोड़ना चाहिए। अपने लक्ष्य के लिए आप दृढ़ संकल्पित हैं तो सफलता देर-सवेर मिलनी तय है। इसकी बानगी पेश कर रही है उत्तराखंड की गुड्डी थपलियाल और निशा गुप्ता की जोड़ी। दोनों रिश्ते में समधन हैं। दोनों ने बच्चों को पढ़ाने-लिखाने के साथ चूल्हा-चौका संभालते हुए एक ऐसा स्वरोजगार शुरू किया जो आज 'गीक मंकी' नाम से एक बड़ी कंपनी बन गया है। कंपनी का वार्षिक टर्नओवर लगभग 2.5 करोड़ रुपये है और 20 से अधिक महिलाएं रोजगार भी पा रही हैं। इसके साथ ही दोनों के बच्चे भी इसी रोजगार से जुड़कर कंपनी को मुकाम तक पहुंचाने में जुटे हैं। बावजूद इसके आज भी गुड्डी और निशा ही तय करती हैं कि बाजार को कौन सा गिफ्ट किस मूल्य पर पसंद आएगा।

### स्थानीय उत्पादों को दिया बढ़ावा

गुड्डी कहती हैं कि उनका उद्देश्य ग्राहक के पास ऐसी वस्तु पहुंचाना है, जो बाजार में अन्य दुकानों पर आसानी से उपलब्ध न हो। हमारे इस प्रयास का अच्छा रिस्पांस मिला है। इसी वजह से हमने लोकल मैन्युफैक्चरिंग के जरिये स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया है। वह कहती हैं कि प्रधानमंत्री स्वयं वोकल फार लोकल को बढ़ावा दे रहे हैं। गुड्डी बताती हैं, उनका बचपन चमोली जिले के नारायणबगड़ के कोप परेटी गांव में गुजरा। फिर 16 वर्ष की उम्र में हियूंड़ा गांव गोपेश्वर में शादी हो गई। हर पहाड़ी लड़की की तरह माता-पिता ने ज्यादा नहीं पढ़ाया। लेकिन, पति सेना में रहे तो शिक्षा के महत्व को जाना और बेटे की पढ़ाई में कोई कमी नहीं रखी।



दुकान में रखे गिफ्ट



अपने गिफ्ट स्टोर में निशा गुप्ता (हरी साड़ी में) व गुड्डी थपलियाल (गुलाबी साड़ी में) • जागरण

### वोकल फार लोकल को दे रहे बढ़ावा

गुड्डी और निशा के आनलाइन गिफ्ट स्टोर में हर किस्म व हर वर्ग के लिए गिफ्ट उपलब्ध हैं। अनिल कहते हैं कि उनके पास जो आइटम हैं, वह यूनिक हैं। वह अन्य किसी शोरूप में नहीं मिलेंगे। उनके पास जो भी गिफ्ट हैं, उन्हें उनकी मां व सास ने कलात्मक व रचनात्मक के साथ हर वर्ग के अनुकूल बनाया है। इनमें उत्तराखंड के कई लोकल हैंडीक्राफ्ट के उत्पाद भी शामिल हैं। जरूरतमंद महिलाओं को हैंडीक्राफ्ट का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि वह घर पर ही उत्पाद तैयार कर सकें।

61 वर्षीय गुड्डी थपलियाल मूलरूप से चमोली जिले की रहने वाली हैं। उनके पति पूर्णानंद थपलियाल वर्ष 2001 में सेना से सेवानिवृत्त हुए। जबकि, 56 वर्षीय निशा गुप्ता देहरादून के एक उद्यमी परिवार से हैं। निशा ने अपने घर की दुकान पर घरेलू सामान और कुछ उपहार बेचकर व्यापार के गुर सीखे। वर्ष 2016 में गुड्डी के पुत्र अनिल और निशा की पुत्री वैशाली का विवाह हुआ। अनिल और वैशाली दोनों आइटी सेक्टर से हैं। जबकि, निशा के पुत्र हर्षित गुप्ता मार्केटिंग एक्सपर्ट हैं। वर्ष 2017 में निशा ने गुड्डी को उद्यमिता के बारे में बताया और फिर दोनों ने मिलकर रचनात्मक एवं कलात्मक गिफ्टिंग का काम शुरू किया। अनिल और वैशाली ने मांओं के बिजनेस को आनलाइन करने का सुझाव दिया। आइटी में पारंगत बच्चों का सहयोग लेते हुए दोनों हुनरमंद मांओं ने 13 सितंबर, 2017 को ई-कामर्स वेबसाइट रजिस्टर कराई। मार्केट में पहले से ही आनलाइन गिफ्टिंग के ऐसे कई प्लेटफार्म की मौजूदगी ने चुनौती खड़ी की। मगर चुनौती से पार पाते हुए पहले ही वर्ष उनकी कंपनी की 17 लाख रुपये की आमदनी हो गई। वहीं, दूसरे वर्ष अनिल, वैशाली और हर्षित ने उनका सहयोग किया। तब उन्हें करीब 1.5 करोड़ रुपये का लाभ हुआ। कोविड के कारण व्यापार में गिरावट आई, लेकिन 2022 के बाद फिर व्यापार बढ़ा। गुड्डी और निशा के पास ग्राहकों के लिए 99 रुपये से लेकर 15,000 रुपये तक के गिफ्ट आइटम मौजूद हैं।

**शौक से मिला अवसर:** निशा गुप्ता कहती हैं कि बचपन से ही उन्हें खास वस्तुओं को खरीदने का शौक रहा। कई बार वह बाजार से ऐसी वस्तुएं खरीद लाती थी, जो घरवालों को अधिक खर्चीली लगती थीं। इसके बाद अपने इसी शौक में उन्हें अवसर नजर आने लगा। मगर शौक को अवसर में बदलने का मौका तब ही मिल पाया, जब वह अपनी समधन गुड्डी थपलियाल से मिलीं। इसके बाद दोनों ने मिलकर अपने शौक को अवसर में बदलने का प्रयास किया। आनलाइन मार्केट के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए आनलाइन गिफ्ट शाप की तरफ कदम बढ़ाया।

अतिरिक्त सामग्री पढ़ने के लिए स्कैन करें।

********

# हाशिये पर मुद्दे : जाति के साथ मजहब की हवा में बहा चुनाव

## ज्यादातर समय जन सरोकार चुनावी चर्चा में भी न पा सके स्थान

- जाति आधारित गणना जैसे मुद्दे से विपक्ष ने लगाई आस, काट में थे भाजपा के दांव
- कर्नाटक में जल संकट पर जरूर आरोप-प्रत्यारोप हुआ, लेकिन यह चिंता पूरे देश की
- मोदी ने जरूर अपनी रैलियों में नदियों की सफाई व सड़कों की बेहतर स्थिति जनता के समक्ष रेखांकित की



**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव चल ही रहा था कि इस बीच तापमान 50 डिग्री की दहलीज तक पहुंच गया। आमजन बेहाल हुए, लेकिन पर्यावरण की बात किसी मंच से नहीं हुई। दिल्ली में जल संकट गहराया, लेकिन ये चुनावी मुद्दा नहीं था। कर्नाटक का अभूतपूर्व जल संकट कुछ चर्चा में आया, लेकिन विशुद्ध स्थानीय मुद्दे या राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के रूप में...। सड़क या पानी के लिए किसी गांव में मतदान के बहिष्कार की कुछ पारंपरिक खबरें बेशक सामने आई हों, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव अभियान में जन सरोकार कोई मुद्दा नहीं रहा। जाति आधारित गणना और जातीय प्रभाव देखकर प्रत्याशियों के चयन से शुरू हुई चुनावी कसरत फिर उसी जातीय दंगल में बदल गई, जिसमें आम जनजीवन से जुड़े असल मुद्दे मुखर हो ही नहीं सके।

18वीं लोकसभा के लिए जब चुनावी तैयारियां चल रही थीं, उससे पहले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जोर खास तौर पर 2047 तक देश को विकसित बनाने पर रहा। चुनाव से पहले निकाली गई विकसित भारत संकल्प यात्रा हो या भाजपा का संकल्प पत्र, इसमें भी विकसित भारत की थीम नजर आई, लेकिन चुनाव अभियान शुरू होते-होते विकास की गाड़ी लगभग डिरेल हो गई। बेशक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी जनसभाओं में विकसित भारत के साथ ही अलग-अलग राज्यों की भाजपा की डबल इंजन सरकारों के काम गिनाते रहे हों, लेकिन इन उपलब्धियों की गूंज इतनी अधिक नहीं थी, जोकि सीट दर सीट उठी जातीय गर्जना को दबा सके। अव्वल तो विपक्ष ने अपने अभियान की शुरुआत ही जाति आधारित गणना से की। विपक्षी दलों ने जाति प्रभाव देखते हुए प्रत्याशी घोषित किए तो सत्ता पक्ष भी कहां पीछे रहने वाला था। उसने भी जाति और धर्म के प्रति अपने सोच, प्रयास और उपलब्धियों को गिनाने में कतई संकोच नहीं किया। इसके बाद किसी भी सीट पर हार-जीत अनुमान भी विश्लेषकों ने लगाना शुरू किया तो इसी आधार पर कि प्रत्याशी किस जाति-धर्म का है और वहां अधिक मतदाता किस जाति के हैं। इसी का परिणाम है कि सात चरणों का लंबा और थका देने वाला प्रचार अभियान राष्ट्रीय स्तर पर कर्नाटक और खासकर बेंगुलुरु के अभूतपूर्व जल संकट, नियोजित शहरी विकास की जरूरत, गांवों के जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा, सबको घर, बुनियादी ढांचे के विकास, आत्मनिर्भरता के उपाय, वैकल्पिक ऊर्जा की तरफ तेज कदमों से प्रगति, पर्यावरण की चिंताएं जैसे विषयों से अछूता ही रहा। न इधर, न उधर-किसी भी तरफ से इन मुद्दों पर माहौल गर्माने की कोशिश नहीं की गई। अगर ये मुद्दे उठे भी तो केवल क्षेत्रीय स्तर पर, जैसे कर्नाटक में जल संकट पर राज्य की कांग्रेस सरकार और केंद्र की राजग सरकार के बीच आरोप-प्रत्यारोप हुआ, जबकि यह चिंता पूरे देश की है। देश के ज्यादातर शहर गंभीर जल संकट की ओर बढ़ रहे हैं या बढ़ने वाले हैं। राजनीतिक विश्लेषक अवधेश कुमार के अनुसार, अगर यह आम चुनाव ज्यादातर जाति और मजहब के मुद्दों पर केंद्रित रहा तो इसका बड़ा कारण खुद जनता और विपक्ष का रवैया है। विपक्ष के पास इन मुद्दों पर सरकार को घेरने का अवसर था, लेकिन उसने सत्तारूढ़ दल को एक संप्रदाय विरोधी और आरक्षण विरोधी ठहराने का फर्जी नैरेटिव खड़ा करने में ही सारा जोर लगा दिया। इसके जवाब में भाजपा ने उसे इन्हीं मुद्दों पर दोहरे आचरण के लिए घेरा। उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में यह साफ तौर पर नजर आया कि पढ़े-लिखे लोग भी जाति और धर्म के आधार पर चुनावी समीकरण गढ़ने का कोशिश करते नजर आए। वैसे पर्यावरण, जल संकट, अनियोजित विकास जैसे विषय स्थानीय स्तर पर सभी जगह उठे या जहां-जहां उनकी प्रासंगिकता अधिक थी, वहां-वहां वे राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बने। प्रधानमंत्री मोदी ने जरूर अपनी सभी रैलियों में पीएम आवास, नदियों की सफाई, सड़कों की बेहतर स्थिति जनता के समक्ष रेखांकित की।

# इस बार के लोकसभा चुनाव में फीकी रही चुनावी सितारों की चमक

- फिल्म स्टार या क्रिकेटर इस बार राजनीतिक दलों के लिए ज्यादा प्रचार करते नहीं दिखे
- पहले तो कुछ फिल्म स्टार फीस लेने के बाद ही करते थे प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार
- कंगना रनौत, शत्रुघन सिन्हा, मनोज तिवारी, रवि किशन व हेमा मालिनी जैसे सितारे हैं मैदान में



कंगना इस बार मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर हैं मैदान में • जागरण आर्काइव

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** राजनीतिक दलों के लिए कुछ प्रमुख सीटों पर फिल्म स्टारों को उम्मीदवार बनाने का प्रचलन पुराना है। यह परंपरा काफी सुरक्षित भी साबित होती रही है। 2024 के आम चुनाव में भी कंगना रनौत, शत्रुघन सिन्हा, मनोज तिवारी, रवि किशन, दिनेश निरहुआ, लाकेट चटर्जी, शताब्दी राय, हेमा मालिनी जैसे सितारे अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इसके अलावा दक्षिण भारतीय फिल्म जगत के भी कुछ सितारे मैदान में हैं, लेकिन इस लोकसभा चुनाव में फिल्म स्टार या क्रिकेटरों को लेकर एक अंतर यह देखने को मिला है कि राजनीतिक दलों की तरफ से इन्हें चुनाव प्रचार में आमंत्रित करने का प्रचलन कम हो रहा है। पूर्व में यह देखा जाता रहा है कि फिल्म स्टारों को कई प्रत्याशियों की तरफ से चुनाव प्रचार के लिए बुलाया जाता रहा है। कुछ फिल्म स्टार तो बाकायदा फीस लेकर चुनाव प्रचार करते रहे हैं, जबकि कुछ सितारे अपने मित्र प्रत्याशियों के लिए प्रचार करते थे। इस बार ऐसा बहुत ही कम दिखा है। बंगाली और तमिल फिल्म जगत की कुछ महिला नेताओं ने जरूर अपने उम्मीदवार सहयोगियों के लिए प्रचार किया है, लेकिन बालीवुड के सितारों ने अलग रहने में भी भलाई समझी।

राजनीतिक विभाजन आज के दौर में इतना गहरा हो गया है कि सेलीब्रेटी किसी भी पक्ष के उम्मीदवार के साथ खड़े होने से परहेज कर रहे हैं। एक समय था कि दिल्ली और मुंबई में होने वाले चुनाव प्रचारों में खास तौर पर बालीवुड स्टारों का जमघट लगा होता था। गोविंदा, रवीना टंडन, उर्मिला मांतोडकर, पूनम ढिल्लों, सुनील शेट्टी, संजय दत्त जैसे सितारे अपने मित्र उम्मीदवारों के पक्ष में रोड-शो किया करते थे। फिल्म स्टार के बाद क्रिकेट खिलाड़ियों की पूछ थी। कई दिग्गज क्रिकेटर या तो राजनीति में उतरे या फिर किसी पार्टी के पक्ष में प्रचार करते नजर आए। इनमें चेतन चौहान, अजहरुद्दीन, मो. कैफ, अशोक डिंडा, मंसूर अली खान पटौदी और विनोद कांबली शामिल हैं। इस बार भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने तो लोकसभा चुनाव में अपनी दावेदारी भी पेश नहीं की। क्रिकेट जगत से इस बार सबसे प्रसिद्ध प्रतिनिधि भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी यूसुफ पठान हैं, जो इस बार टीएमसी की तरफ से बहरमपुर के सीट से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। पठान मशहूर क्रिकेटर व कमेंटेटर इरफान पठान के भाई हैं। हालांकि, इरफान भी अपने भाई के पक्ष में धुआंधार प्रचार करने के लिए नहीं उतरे।

इस बार बालीवुड का जो चेहरा सबसे चर्चा में है वह कंगना रनौत का है। भाजपा की उम्मीदवार रनौत हिमाचल प्रदेश के मंडी से किस्मत आजमा रही हैं और अभी तक जो सूचना है, उसमें उनकी दावेदारी मजबूत नजर आ रही है। अपनी अभिनय कला के साथ ही बेहद मुखर स्वभाव के लिए प्रसिद्ध रनौत के पक्ष में बालीवुड से कोई भी स्टार रैली करने या वोट मांगने नहीं आया। हालांकि , मेरठ में रामानंद सागर के रामायण के 'राम' अरुण गोविल के पक्ष में 'सीता' दीपिका चिखलिया जरूर प्रचार करती नजर आईं। गुड़गांव लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार राज बब्बर के पक्ष में कोई फिल्मी सितारा तो नहीं आया, लेकिन उनके पुत्र व फिल्म अभिनेता प्रतीक बब्बर मोटर साइकिल रैली करते जरूर नजर आए।

उत्तर के बजाय दक्षिण भारत में कुछ ज्यादा फिल्मी सितारों ने जरूर चुनावी रैलियों में हिस्सा लिया। खास तौर पर आंध्र प्रदेश के विधानसभा चुनाव में फिल्मी हीरो पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के पक्ष में तेलगु फिल्म जगत के कई सितारों ने समर्थन रैलियां निकाली हैं। उनके समर्थन में अपील की है।



**मतगणना से पूर्व सीमा पर भी सुरक्षा चौकस :** लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले देश के भीतर ही नहीं बल्कि सीमाओं पर भी सुरक्षा चौकस दिखी। किसी भी तरह की अनैतिक गतिविधि को रोकने के लिए पूर्व संध्या पर सोमवार को जवान सीमाओं पर भी पूरी तरह मुस्तैद थे। इसी कड़ी में अगरतला में सोमवार को बांग्लादेश से लगी सीमा के पास निगरानी करते बीएसएफ जवान • प्रेट्र

## चुनावी कानाफूसी

### जीत से पहले ही मंच तैयार

बंगाल में मुर्शिदाबाद जिले के बहरमपुर में कांग्रेस कार्यालय के नीचे मंच का निर्माण सोमवार से शुरू हो गया है। हालांकि, उम्मीदवार और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने इसे सीधे तौर पर जीत की तैयारी नहीं बताया है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को कई लोग आएंगे। बारिश के मौसम में उनके लिए टेंट की व्यवस्था की जा रही है। इसीलिए यह मंच तैयार किया जा रहा है। इस बार राजनीतिक गलियारों में अधीर चौधरी की जीत को लेकर चर्चा है। राजनीतिक हलकों में कई लोगों के अनुसार, अधीर के लिए वोटों का समीकरण मुश्किल हो गया है, खासकर तृणमूल के यूसुफ पठान और लोकप्रिय डाक्टर निर्मल चंद्र साहा के भाजपा उम्मीदवारों के रूप में उतरने से। इसके अलावा 2019 में अधीर की जीत का अंतर 350,000 से घटकर 87,000 रह गया था।

# विपक्षी दलों के बीच दिखी लाजवाब सियासी केमेस्ट्री

संजय मिश्र • जागरण

- मुद्दे उठाने से लेकर जमीन पर एक दूसरे का हाथ थामते नजर आए आइएनडीआइए के दल और नेता
- विपक्ष के प्रमुख शीर्ष नेताओं ने भी एक दूसरे के खिलाफ राजनीतिक हमलों का जवाब देने में नहीं दिखाई हिचक
- विपक्ष का इरादा भविष्य की राजनीतिक लड़ाई संगठित होकर लड़ने का दिखा



मतगणना से पहले आइएनडीआइए के घटक दल और उसके नेता दिल्ली में जुटे। इस दौरान उन्होंने एकता दिखाई • जागरण आर्काइव

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव 2024 के चार जून को आने वाले नतीजे चाहे जैसे रहें, पर इस सियासी मुकाबले में विपक्षी आइएनडीआइए के घटक दलों के बीच शुरुआती खींचतान को छोड़ दिया जाए तो पूरे चुनाव अभियान के दौरान बेहतर आपसी तालमेल दिखाई दिया। लंबे चले चुनावी दौर के शिखर छूने के साथ ही विपक्षी खेमे के शीर्ष नेताओं के दरम्यान भी आपसी राजनीतिक केमेस्ट्री परवान पर पहुंच गई। सातों चरण का मतदान खत्म होने के बाद नतीजों को लेकर साझी रणनीति की राह पर चलने की घोषणा में भी यही रंग-रूप नजर आया है, जो इस बात का संकेत है कि चुनाव परिणाम के बाद भी विपक्ष भविष्य की राजनीतिक लड़ाई संगठित होकर लड़ने का इरादा रखता है।

आइएनडीआइए के घटक दलों के बीच चुनावी जमीन के साथ राजनीतिक विमर्श की लड़ाई में एक-दूसरे के साथ खड़े होने की रणनीति ही रही कि उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, तमिलनाडु से लेकर दिल्ली जैसे राज्यों में चुनावी मुकाबला दमदार बना रहा, जबकि दिलचस्प यह रहा कि आम चुनाव की मार्च के मध्य में जब घोषणा की गई तब विपक्षी गठबंधन पूरी तरह लड़खड़ाता हुआ नजर आ रहा था। सीट बंटवारे की लड़ाई उत्तर प्रदेश तथा बिहार में इस मोड़ तक पहुंची, जहां सपा और राजद जैसे प्रमुख सहयोगी दल कांग्रेस को आंखे दिखाते हुए तालमेल तोड़ने की धमकी तक दे रहे थे। इसी तरह महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की अगुआई वाली शिवसेना भी अधिक सीट लेने की जिद अंतिम समय तक नहीं छोड़ी, लेकिन पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन की शुरुआत होने के साथ ही मार्च के आखिर तक गठबंधन के दलों के बीच सीट बंटवारे का झगड़ा खत्म हुआ तो धीरे-धीरे विपक्षी दल अपनी-अपनी चुनावी संभावनाओं का समीकरण बनाने के लिए एक दूसरे के साथ आने लगे। दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की शराब घोटाला मामले में गिरफ्तारी के बाद हुई रैली में आइएनडीआइए के सभी शीर्षस्थ नेता शामिल हुए और यहां से आपसी समन्वय की उनके बीच जो मजबूत बुनियाद पड़ी वह पूरे चुनाव अभियान के दौरान और मजबूत होती चली गई।

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच उत्तर प्रदेश में सहयोग-समन्वय नीचे के कार्यकर्ता से लेकर दोनों दलों के नेतृत्व के स्तर पर दिखाई दिया। राहुल-प्रियंका की हर चुनावी सभा में सपा के नेता-कार्यकर्ता मंच पर दिखे तो अखिलेश की रैलियों के मंच पर कांग्रेसी अपनी पार्टी का झंडा लिए मौजूद रहे। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने चुनावी सभाएं, रैलियां और रोड शो किए तो बिहार में तेजस्वी यादव के साथ भी कुछ ऐसा ही समीकरण दिखा। महाराष्ट्र में शरद पवार और उद्धव ठाकरे के साथ भी कांग्रेस का समन्वय चुनावी अखाड़े में दिखाई दिया। इतना ही नहीं चुनाव अभियान के दौरान भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीखे प्रहारों का जवाब देने के लिए एक दूसरे के समर्थन में आए। केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ शीर्ष विपक्षी नेताओं ने एक सुर से आवाज उठाई। भाजपा-पीएम के प्रहारों का एक स्वर में जवाब देने के कई उदाहरण भी नजर आए। जैसे राहुल गांधी के खिलाफ कटु निजी हमले को लेकर कई बार शरद पवार, उद्धव, अखिलेश और तेजस्वी नेताओं ने भाजपा नेतृत्व पर पलटवार किया तो पवार को भटकती आत्मा बताने के पीएम के हमलों के खिलाफ राहुल गांधी ने उन पर जवाबी हमला किया।

विपक्ष ने साझे चुनावी विमर्श के जरिये भी भाजपा को मजबूत चुनौती देने के लिए एक दूसरे का भरपूर सहयोग किया। कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र पर मंगलसूत्र, मुसलमान, मुस्लिम लीग, संपत्ति बांटने जैसे विवादों को भाजपा-पीएम ने तेवर दिया तो आइएनडीआइए के तमाम नेताओं ने अपने जवाबी प्रहारों के जरिये इसका ताप थामा। शिवसेना (यूबीटी) जैसे दल के नेताओं ने तो बकायदा कांग्रेस का घोषणापत्र लेकर चैनलों पर भाजपा नेताओं को चुनौती दी। भाजपा के 400 सीटों का आंकड़ा पार करने के दावे के जवाब में कांग्रेस ने जब इसे संविधान बदलने तथा आरक्षण खत्म करने के संघ-भाजपा के इरादे और एजेंडे से जोड़ा तो आइएनडीआइए के तमाम दलों ने इसे हाथोंहाथ लपकते हुए इस आंकड़े को लेकर चुनावी विमर्श की दिशा बदल दी। इसका नतीजा रहा कि भाजपा को इस मुद्दे पर सफाई देनी पड़ी और पीएम को बार-बार आरक्षण खत्म नहीं करने का भरोसा देने को बाध्य होना पड़ा।

# ब्रज से आरंभ योगी की चुनावी 'यात्रा' कई राज्यों से होते हुए पंजाब तक पहुंची

अजय जायसवाल • जागरण

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 61 दिनों में जनसभा और रोड शो का जड़ा दोहरा शतक
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बाद योगी भाजपा के सबसे बड़े स्टार प्रचारक के रूप में दिखे




योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**लखनऊ:** लोकसभा चुनाव के प्रचार में हिंदुत्व के बड़े चेहरे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देशभर में खूब धमक दिखी। उन्होंने 61 दिनों में उत्तर प्रदेश सहित देश के दूसरे राज्यों में भाजपा के साथ ही एनडीए के सहयोगी दलों के प्रत्याशियों के प्रचार में रिकार्ड चुनावी जनसभा, रोड शो और सम्मेलनों का दोहरा शतक जड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बाद योगी ने भाजपा के सबसे बड़े स्टार प्रचारक के रूप में हर तरफ सुर्खियां बटोरीं।

योगी आक्रामक शैली से दर्जनभर राज्यों में 'भगवा' माहौल बनाने में अहम भूमिका निभाते दिखे। पंजाब, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, राजस्थान, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बंगाल में उन्हें देखने-सुनने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। योगी ने 27 मार्च को ब्रज भूमि मथुरा में प्रबुद्ध सम्मेलन के जरिये भाजपा से मिले चुनावी दायित्व का आगाज करते हुए समापन पंजाब में चुनावी रैली से किया। 61 दिनों में उन्होंने 204 चुनावी कार्यक्रम किए। 169 जनसभा, 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और 13 रोड शो कर राजग प्रत्याशियों के लिए योगी देशभर में पसीना बहाते रहे। योगी, मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में तो शामिल हुए ही, उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भी प्रचार करने पहुंचे। मोदी, राजनाथ सहित प्रदेश से 12 केंद्रीय मंत्रियों व राज्य सरकार के चार मंत्रियों को दिल्ली जाने की राह आसान बनाने के लिए योगी ने खासतौर से उन सीटों पर फोकस किया। 12 प्रदेश व दो केंद्र शासित राज्यों में 44 जनसभाएं और राजस्थान के चित्तौड़गढ़ व जोधपुर में रोड शो किए। बिहार व महाराष्ट्र में नौ-नौ, उत्तराखंड व राजस्थान में चार-चार, छत्तीसगढ़ व बंगाल में तीन-तीन ओडिशा, हरियाणा, पंजाब व हिमाचल प्रदेश में दो-दो, मध्य प्रदेश, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर व चंडीगढ़ में एक-एक जनसभाएं कर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया।

**मोदी ने की तारीफ:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में मेरठ से लेकर मऊ तक कुल 29 चुनावी कार्यक्रम किए। मोदी ने तकरीबन हर रैली में योगी की तारीफों के पुल बांधे। मोदी ने यहां तक कहा कि वाराणसी से सांसद होने के नाते योगी उनके भी मुख्यमंत्री हैं और उनके जैसा साथी मिलना गर्व की बात है। योगी की 'जीरो टालरेंस' नीति की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अच्छे-अच्छों की गर्मी उतारने में हमारे योगी जी एक्सपर्ट हैं और जबसे उन्होंने यूपी की कमान संभाली है, यहां का मौसम और माहौल दोनों बदल गया है। गाजीपुर की रैली में प्रधानमंत्री ने कहा कि योगी राज में आज यूपी में दंगा भी बंद और दंगाई भी बंद हो चुके हैं। वहीं, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ की एक जनसभा में स्वीकारा कि मुख्यमंत्री रहते वह भी उतना नहीं कर सके जितना योगी ने कर दिखाया।

**महासमर से जुड़ी खबरों और सामग्री को विस्तार से पढ़ने के लिए स्कैन करें**



**3,903**
निर्दलीय प्रत्याशियों ने इस बार ताल ठोकी, जिनमें से 274 महिला उम्मीदवार

**9.6%**
महिला प्रत्याशी मैदान में है इस बार जबकि पिछली बार सात प्रतिशत थीं

- इस बार के लोकसभा चुनाव में महिला प्रत्याशियों की संख्या बढ़ी

# नारी शक्ति ने भी खूब छोड़ी छाप

इसे विडंबना ही कहेंगे कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता : की अवधारणा वाले देश में स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्षों उपरांत महिला आरक्षण पर राजनीतिक सहमति बन सकी। यह एक सुखद अनुभूति है कि पिछले 27 साल से धूल फांक रहे महिला आरक्षण विधेयक यानी नारी शक्ति वंदन अधिनियम को सितंबर 2023 में पारित किया गया। इस ऐतिहासिक निर्णय ने महिलाओं के लिए एक तिहाई विधायी सीटें आरक्षित करने का मार्ग प्रशस्त किया। इसे बड़ी बाधा पर करना कहेंगे, लेकिन परिसीमन और जनगणना के बाद ही इसे अमल में लाया जा सकेगा। आल इंडिया इत्तेहादुल मुस्लिमीन को छोड़कर सभी दलों ने इसका न केवल समर्थन किया बल्कि इसे जल्द ही लागू करने की मांग उठाई। महिलाओं को राजनीतिक हिस्सेदारी देने का मेज थपथपाकर समर्थन करना और जमीन पर इस पर अमल करने में फर्क ही सबसे बड़ा रोड़ा है। वैसे तो नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभी लागू नहीं हुआ है, फिर भी इस बार के लोस चुनाव में महिला प्रत्याशियों की संख्या बताती है कि पिछली बार के मुकाबले थोड़ा ही सही, लेकिन आंकड़े स्वस्थ हुए हैं। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार इस चुनाव में महिला उम्मीदवारों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। पेश है लखनऊ के इनपुट हेड **अम्बिका वाजपेयी** की रिपोर्ट : -

### पहले प्रतिनिधित्व था कम

पिछले आंकड़ों को देखें तो स्वतंत्रता के बाद से लोस में महिलाओं का प्रतिनिधित्व कभी भी 12 प्रतिशत तक नहीं पहुंचा। 1999 के बाद से पांच लोस चुनावों में महिला प्रत्याशियों का प्रतिशत बेहद कम है। 1999 में कुल 4,648 उम्मीदवारों में से केवल 6.11 प्रतिशत महिलाएं थीं। 2004 में यह आंकड़ा 6.53 प्रतिशत पहुंचा।

### वर्ष 2009 से 2024 तक लगातार बढ़ा आंकड़ा

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष कुल 797 महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यह कुल 8,337 उम्मीदवारों का 9.6 प्रतिशत है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2009 में सात प्रतिशत, 2014 में आठ प्रतिशत, 2019 में नौ प्रतिशत और 2024 में 9.6 प्रतिशत महिला उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा गया। यह साबित करता है कि हर बार चुनाव में महिला प्रत्याशियों का आंकड़ा बढ़ रहा है। 2009 के लोकसभा चुनाव में कुल मिलाकर 556 महिला उम्मीदवार थीं। इसके बाद 2014 में 640 और 2019 में 716 महिला उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा गया। इस वर्ष यह आंकड़ा बढ़कर 797 हो गया है।

### किस दल ने किस प्रदेश में किस महिला प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा

उत्तर प्रदेश में भाजपा ने मथुरा से हेमा मालिनी, सुल्तानपुर से मेनका गांधी, अमेठी से स्मृति इरानी, धौरहरा से रेखा वर्मा, फतेहपुर से निरंजन ज्योति, बाराबंकी से राजरानी रावत और लालगंज से नीलम सोनकर को टिकट दिया है। बिहार में जदयू ने शिवहर से लवली आनंद एवं सिवान से विजय लक्ष्मी कुशवाहा को टिकट दिया है तो लोजपा (आर) ने वैशाली से वीणा देवी एवं समस्तीपुर से शांभवी चौधरी भाग्य आजमा रहीं हैं। उधर, राजद ने छह महिलाओं को उम्मीदवार बनाया। सिवान में हेना शहाब निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं। इनके अलावा एआइएमआइएम ने भी दो सीटों पर महिला उम्मीदवार उतारे हैं। 2019 में राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन ने छह महिलाओं को टिकट दिया था। किसी की जीत नहीं हुई, जबकि राजग की सभी तीन महिला उम्मीदवार चुनाव जीत गई थीं।

### रास आती विरासत की राजनीति

अधिसंख्य महिलाएं परिवार की राजनीतिक विरासत संभालने ही राजनीति में आती हैं। इस कड़ी में इंदिरा गांधी लेकर, मेनका, सोनिया और प्रियंका को राजनीति विरासत में मिलती है तो इस परंपरा को गोंडा में बेनी वर्मा की पौत्री श्रेया आगे बढ़ाती नजर आती हैं।

### महिला प्रत्याशियों की संख्या

| चरण | संख्या | चरण | संख्या |
|---|---|---|---|
| पहले | 135 | पांचवें | 82 |
| दूसरे | 100 | छठे | 92 |
| तीसरे | 123 | सातवें | 95 |
| चौथे | 170 | | |



**माधवी लता**, भाजपा



**डिंपल यादव**, सपा

### लोकप्रियता और प्रभाव

महिला राजनेताओं की लोकप्रियता और प्रभाव किसी से कम नहीं। गांधी परिवार की बहू मेनका गांधी की बात करें तो अपने काम और स्वभाव के बूते अब वह सुलतानपुर में मां मेनका बन चुकी हैं। अमेठी में स्मृति इरानी लोगों की दीदी बनकर नया अध्याय लिख चुकी हैं।

### सत्ताधारी पार्टी भाजपा की ओर से सबसे अधिक महिला प्रत्याशी मैदान में

इस बार भाजपा ने 69 महिलाओं को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने 41 को। तमिलनाडु की नाम तमिलर काची पार्टी ने तो 50 प्रतिशत का आंकड़ा छूते हुए 40 उम्मीदवारों में से 20 महिलाओं को टिकट दिया है। एलजेपी (राम विलास) और एनसीपी ने 40 प्रतिशत महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया है। इसके अलावा झामुमो और बीजद ने 33 प्रतिशत, आरजेडी ने 29 प्रतिशत, सपा ने 20 प्रतिशत और टीएमसी ने 25 प्रतिशत महिलाओं को टिकट दिया। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार डीएमके ने 14 प्रतिशत, सीपीआइ ने सात प्रतिशत, जेडीयू ने 13 प्रतिशत और शिवसेना ने 13 प्रतिशत महिलाओं को टिकट दिया है। टीडीपी और बीआरएस ने छह व एनसीपी-एसपी ने आठ प्रतिशत महिला उम्मीदवारों को व मैदान में उतारा। इस बार लोस चुनाव में कुल 3,903 निर्दलीय प्रत्याशियों ने ताल ठोकी, जिनमें से 274 महिला उम्मीदवार हैं।

********

# भारतीय मूल के खिलाड़ी दूसरी टीमों के लिए लड़ा रहे जान

अभिषेक त्रिपाठी • जागरण

**न्यूयार्क :** टी-20 विश्व कप 2024 की शुरुआत हो गई है। इस वर्ष फटाफट क्रिकेट के महासमर में भारतीय मूल की कई युवा प्रतिभाएं अपना कौशल दिखाने को तैयार हैं, जो न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, युगांडा, ओमान और कनाडा जैसी टीमों में खेल रहे हैं। वे इस टूर्नामेंट में अपनी-अपनी टीमों को आगे ले जाने की पूरी कोशिश करेंगे। आइए नजर डालते हैं ऐसे ही कुछ खिलाड़ियों पर जो भारतीय होने के बावजूद दूसरी टीमों के लिए जान लड़ा रहे हैं।


केशव महाराज

**केशव महाराज ( दक्षिण अफ्रीका)**
केशव महाराज एक लोकप्रिय खिलाड़ी हैं, जिनकी प्राथमिक भूमिका बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी है। दक्षिण अफ्रीकी की जड़ें भारतीय हैं और उनका अपनी जड़ों से गहरा नाता भी है। यह अनुभवी खिलाड़ी विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के लिए अहम खिलाड़ी होंगे।


रचिन रवींद्र

**रचिन रवींद्र (न्यूजीलैंड):** रचिन रवींद्र हाल के दिनों में न्यूजीलैंड के महत्वपूर्ण खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। वेलिंग्टन में बेंगलुरु के भारतीय माता-पिता के घर जन्मे रचिन रवींद्र बाएं हाथ के हरफनमौला खिलाड़ी हैं। उन्होंने विश्व कप 2023 में नौ पारियों में तीन शतक और दो अर्धशतक के साथ 578 रन बनाकर प्रभावित किया था। रवींद्र में बड़े शाट लगाने की क्षमता काफी है। वह पहली बार टी-20 विश्व कप में हिस्सा ले रहे हैं।

**मोनांक पटेल ( अमेरिका)**
अमेरिका के विकेटकीपर-बल्लेबाज और कप्तान मोनांक पटेल एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर नजरें रहेंगी। 31 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 1887 रन बनाए हैं। गुजरात के आनंद में जन्मे मोनांक अमेरिका जाने से पहले जूनियर स्तर पर गुजरात राज्य टीम के लिए खेला।


मोनांक पटेल

**हरमीत सिंह ( अमेरिका ):** भारत की विजयी अंडर-19 विश्व कप टीम के एक अन्य सदस्य हरमीत सिंह ने अमेरिका के लीग मैचों के लिए 2021 में सिएटल में स्थानांतरित होने से पहले मुंबई और त्रिपुरा के लिए घरेलू क्रिकेट खेला। उन्होंने मार्च 2024 में कनाडा के विरुद्ध प्री-टी20 विश्व कप सीरीज में अमेरिका के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया।


हरमीत सिंह

**टी-20 विश्व कप में भाग लेने वाले भारतीय मूल के खिलाड़ी**

| खिलाड़ी | देश |
|---|---|
| रचिन रवींद्र | न्यूजीलैंड |
| केशव महाराज | दक्षिण अफ्रीका |
| मोनांक पटेल | अमेरिका |
| अल्पेश रमजानी | युगांडा |
| रौनक पटेल | युगांडा |
| हरमीत सिंह | अमेरिका |
| मिलिंद कुमार | अमेरिका |
| निसर्ग पटेल | अमेरिका |
| नीतीश कुमार | अमेरिका |
| सौरभ नेत्रवलकर | अमेरिका |
| कश्यप प्रजापति | ओमान |
| रविंदरपाल सिंह | कनाडा |
| निखिल दत्ता | कनाडा |
| परगट सिंह | कनाडा |
| श्रेयस मोवा | कनाडा |

**सौरभ नेत्रवलकर ( अमेरिका) :** सौरभ नेत्रवलकर 2010 में भारत की अंडर-19 टीम का हिस्सा थे और केएल राहुल, हर्षल पटेल और अन्य खिलाड़ियों के साथ खेले थे। 32 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका के लिए 27 टी-20 विकेट और 73 वनडे विकेट लिए हैं। विश्व कप में निश्चित रूप से इन पर नजरें रहेंगी।

**अल्पेश रमजानी (युगांडा):** अल्पेश रमजानी अपने देश के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। मुंबई में जन्मे इस आलराउंडर का टी-20 में एक महत्वपूर्ण रिकार्ड है। 39 मैचों में उन्होंने 70 विकेट लिए हैं और बल्ले से 569 रन बनाए हैं।

**दिलप्रीत बाजवा (कनाडा):** राज्य टीम के लिए नहीं चुने जाने के बाद दिलप्रीत बाजवा का परिवार 2020 में कनाडा चला गया। 2023 में उन्होंने माट्रियल टाइगर्स का प्रतिनिधित्व करते हुए ग्लोबल टी-20 कनाडा में भाग लिया, जिसने उस वर्ष के अंत में बरमूडा के विरुद्ध उनको अंतरराष्ट्रीय पदार्पण का मौका मिला।

**रविंदरपाल सिंह (कनाडा):** अपने परिवार के कनाडा स्थानांतरित होने के बाद रविंदरपाल सिंह ने 2019 में केमैन आइलैंड्स के विरुद्ध टी-20 में पदार्पण किया। उन्होंने 29 टी-20 मैचों में 589 रन बनाए। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपनी बल्लेबाजी कौशल का प्रदर्शन किया है, जिसमें 101 का उच्चतम स्कोर और 28.04 की प्रभावशाली बल्लेबाजी औसत के साथ-साथ 147.25 की उल्लेखनीय स्ट्राइक रेट भी शामिल है।

# 11 साल, सिर्फ इंतजार

- 2013 के बाद भारत नहीं जीता आइसीसी ट्राफी
- पहली बार अभ्यास सत्र में उतरे विराट कोहली


अभिषेक त्रिपाठी न्यूयार्क से

मुंबई इंडियंस के खिलाफ विराट कोहली के देर से टीम से जुड़ने और कई सारे झंझावतों से जूझ रही भारतीय टीम से प्रशंसकों को 11 साल का सूखा खत्म करने का इंतजार है। अमेरिका पहली बार वेस्टइंडीज के साथ किसी क्रिकेट विश्व कप का आयोजन कर रहा है और यहां पर भारत को अपने लीग मैच के चारों मैच खेलने हैं। भारत ने 2013 में महेंद्र सिंह धौनी की कप्तानी में आखिरी बार चैंपियंस ट्राफी के तौर पर आइसीसी का खिताब जीता था। इसके बाद विराट कोहली ने चार आइसीसी ट्राफी में भारत की कप्तानी की लेकिन खाली हाथ रहे। रोहित शर्मा भी तीन आइसीसी ट्राफी में कप्तानी कर चुके हैं लेकिन वह भी हमें ट्राफी नहीं जिता सके। अब उनकी कप्तानी में भारत चौथी बार आइसीसी ट्राफी में उतरेगा तो उसे इस लंबे इंतजार के खत्म होने की उम्मीद होगी।

**रोहित के पास है मौका:** 1983 में गेहूं, रंग, घने बाल और गर्वीली मूंछों वाला एक भारतीय जब लार्ड्स की बालकनी में सिर पर विश्व कप ट्राफी रखकर खिलखिला रहा था तो भारत में क्रिकेट की कोपलों ने पत्तों का रूप लेना शुरू कर दिया। 2011 में जब युवा साथी क्रिकेट के भगवान को कंधे में उठाकर वानखेड़े के चक्कर में लगा रहे थे तब तक भारत में इस खेल का पौधा घना वृक्ष बन चुका था। लंबे बाल वाले धौनी ने 2011 वनडे विश्व कप जीतने के बाद अपना सिर मुंडवा लिया था। उन्होंने अपनी ही नहीं, भारत की भी मन्नत पूरी की थी। दो बार वनडे और एक बार टी-20 विश्व कप जीतने वाला भारत पिछले साल अपने देश में ही वनडे विश्व कप नहीं जीत पाया तो 1.5 अरब से ज्यादा भारतीयों का दिल टूट गया। एक बार फिर उसी रोहित के पास एक और मौका है। हालांकि भारतीय कप्तान का भी यह संभवतः अंतिम विश्व कप होगा, ऐसे में वह भी ट्राफी का सूखा खत्म करना चाहेंगे। अगर भारतीय टीम की बात करें तो टीम में एक दो खिलाड़ियों को छोड़ दें तो सभी खिलाड़ी ऐसे हैं, जो पहले भी विश्व कप में खेल चुके हैं।

**विराट ने किया अभ्यास :** भारतीय टीम के 14 सदस्य और चार रिजर्व खिलाड़ी यहां दो टुकड़ों में पहुंचे। पूर्व कप्तान विराट कोहली बांग्लादेश के विरुद्ध अभ्यास मैच से एक दिन पहले पहुंचे थे। उन्होंने शुरुआती तीन अभ्यास सत्र के साथ अभ्यास मैच में भाग नहीं लिया। उन्होंने सोमवार को कैंटीग पार्क में भारतीय टीम के साथ अभ्यास सत्र में भाग लिया।

**शिवम दुबे ने टीम को गेंदबाजी में दिया अतिरिक्त विकल्प:** आलराउंडर शिवम दुबे की प्राथमिक भूमिका बल्लेबाजी है, लेकिन बांग्लादेश के विरुद्ध अभ्यास मैच में इस खिलाड़ी ने टीम को गेंदबाजी में भी बढ़िया विकल्प दिया है। अभ्यास मैच में दुबे ने तीन ओवर कराए, और लगातार दो गेंदों पर विकेट लिए। दुबे ने निश्चित रूप से उछाल भरी पिच पर बल्ले से संघर्ष किया, लेकिन उन्होंने गेंद से बल्लेबाजी की विफलता की भरपाई की, जिससे कप्तान रोहित शर्मा को एक अतिरिक्त गेंदबाजी विकल्प मिल गया। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह इससे हार्दिक पांड्या पर दबाव थोड़ा कम होगा। हालांकि तीसरे गेंदबाज के रूप में पांड्या टीम की पहली पसंद हैं और अभ्यास मैच में उन्होंने अपने प्रदर्शन से प्रभावित भी किया। समझा जा रहा है कि रोहित 11 में से नौ बल्लेबाज और सात गेंदबाजी विकल्प आजमा सकते हैं। यह लगभग तय है कि जसप्रीत बुमराह की अगुआई वाली भारतीय गेंदबाजी में अर्शदीप या सिराज, जडेजा, अक्षर और कुलदीप होंगे और पांड्या बैकअप विकल्प के रूप में होंगे। अगर दुबे को इलेवन में शामिल किया जाता है, तो वह पांड्या का साथ दे सकते हैं। हालांकि भारतीय गेंदबाजी कोच भरत अरुण भी दुबे को स्थायी गेंदबाज नहीं मानते। उन्होंने कि वे एक गंभीर गेंदबाजी विकल्प नहीं हो सकते हैं, लेकिन अगर वे एकादश में हैं तो सातवें गेंदबाज के रूप में उनके पास योग्यता है। वे टीम के संतुलन में फिट बैठते हैं।


सोमवार को अभ्यास के दौरान बल्लेबाजी करते विराट कोहली • सौरभ राय

## पार्क में अभ्यास करना आश्चर्यजनक : द्रविड़

**न्यूयार्क :** भारतीय टीम बुधवार को टी-20 विश्व कप में आयरलैंड के विरुद्ध अपना पहला मुकाबला खेलेगी। मुकाबले को लेकर टीम का क्या संयोजन रहेगा, ओपनिंग कौन करेगा, इसको लेकर मुख्य कोच राहुल द्रविड़ अभी पत्ते नहीं खोलना चाहते हैं। सोमवार को भारतीय टीम अभ्यास करने पहुंची तो राहुल से इस बारे में प्रश्न किया गया तो उन्होंने कहा हम अपनी रणनीति के बारे में बहुत ज्यादा नहीं बताना चाहते, लेकिन हमारे पास रोहित और यशस्वी जायसवाल हैं। विराट ने भी आइपीएल में ओपनिंग की है। सब कुछ हमारे काम में है। हमारे 10 खिलाड़ी तय हैं, जिनको खेलना है। अमेरिका में विश्व कप होने पर उन्होंने कहा कि नए देश में विश्व कप होना काफी एक्साइटमेंट है। यहां पीचें काफी अलग हैं। ये बड़ा आश्चर्यजनक है कि हम पब्लिक पार्क में अभ्यास कर रहे हैं। मालूम हो कि भारत सहित सभी टीमें न्यूयार्क के कैंटीग पार्क में अभ्यास कर रही हैं। यह नसाऊ काउंटी का एक पब्लिक पार्क है जहां पर आइसीसी ने अभ्यास के लिए छह ड्राप इन पिच लगाई हैं। यहां पर जो मैच होने हैं वह भी आइजनहावर पार्क में बने अस्थायी स्टेडियम में हो रहे हैं। कोच से तैयारी के बारे में पूछा तो उन्होंने अपने आखिरी टूर्नामेंट के बारे में उन्होंने कहा कि हर टूर्नामेंट महत्वपूर्ण होता है। भारत की कोचिंग करना मुझे बहुत अच्छा लगा। आगे के कार्यक्रम को देखते हुए मैंने इस बार कोच पद के लिए आवेदन नहीं करने का फैसला किया है। पिच को लेकर उन्होंने कहा कि जब हमने पहले कुछ दिन अभ्यास किया तो कुछ अलग था विकेट। तीसरे अभ्यास सत्र में अभ्यास पिच कुछ अच्छी हो गई थी। दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका का मैच हमने अभी नहीं देखा है लेकिन पता चला है कि लो स्कोर रहा है। हो सकता है इस वेन्यू में 140, 150 का स्कोर ठीक रहे। हम विकेट को लेकर कोई शिकायत नहीं करेंगे। हमें उसके हिसाब से खुद को ढालना होगा। हो सकता है यहां आइपीएल की तरह बड़े स्कोर देखने को न मिलें लेकिन हम लड़कों से कहेंगे कि पहले से ये तय न करके जाएं कि हम ऐसे खेलना है। परिस्थितियों के हिसाब से खेलना होगा। द्रविड़ ने कहा कि हम आयरलैंड को कम नहीं आंक रहे हैं। हाल ही में आयरिश टीम ने पाकिस्तान को हराया है। यह एक ऐसा प्रारूप है, जहां किसी भी टीम को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। राहुल इतनी हिंदी बोलने पर खिलखिलाकर हंसे और खुद को वेलडन राहुल बोला।


अभ्यास सत्र के बाद प्रेस कांफ्रेस के दौरान राहुल द्रविड़ • अभिषेक त्रिपाठी

**विजेता को मिलेंगे 20.36 करोड़**
**न्यूयार्क :** आइसीसी ने टी-20 विश्व कप के लिए रिकार्ड 11.25 मिलियन डालर (करीब 93 करोड़ 51 लाख रुपये) पुरस्कार राशि की घोषणा की है, जिसमें से विजेता टीम को 2.45 मिलियन डालर यानी करीब 20 करोड़ 36 लाख रुपये दिए जाएंगे। उपविजेता को 1.28 मिलियन डालर (करीब 10.63 करोड़ रुपये) मिलेंगे।

# आइपीएल में 'फ्लाप' एनरिक नोर्त्जे विश्व कप में हुए हिट

अभिषेक त्रिपाठी • जागरण

**न्यूयार्क :** हाल ही में समाप्त हुए आइपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से छह मैचों में 132 गेंदों में 294 रन लुटाकर केवल सात विकेट चटकाने वाले दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज एनरिक नोर्त्जे जब सोमवार को टी-20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम की जर्सी में खेलने उतरे तो बिल्कुल अलग गेंदबाज दिखे। आइपीएल में अपनी फार्म पाने के लिए जूझ रहे नोर्त्जे ने श्रीलंका के विरुद्ध चार ओवर में केवल सात रन दिए और चार विकेट चटकाए, जिससे श्रीलंका की टीम महज 77 रन पर सिमट गई। यह टी-20 मुकाबले में श्रीलंकाई टीम का न्यूनतम स्कोर है। वहीं, टी-20 में नोर्त्जे का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले, उन्होंने 10 रन देकर चार विकेट चटकाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए भी रन बनाना आसान नहीं रहा और उसे 78 रन बनाने में 16.2 ओवर लग गए। दक्षिण अफ्रीकी टीम 2012 पहली बार टी-20 विश्व कप में अपना पहला मुकाबला जीतने में सफल रही।

**बल्लेबाजों के लिए दुस्वप्न साबित हुई पिच:** न्यूयार्क के नसाऊ काउंटी स्टेडियम पर खेले गए पहले विश्व कप मुकाबले में श्रीलंका ने ड्राप इन पिच को देखते हुए पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया। पिच से मिले उछाल से तेज गेंदबाजों की बांछे खिल गईं, लेकिन बल्लेबाजों के लिए बुरा सपना साबित हुआ। दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिए। श्रीलंका की ओर से कुसल मेंडिस ने सर्वाधिक 19 रन बनाए और उसके केवल तीन ही बल्लेबाज दहाई के अंक तक पहुंच पाए।


चार विकेट लेने के बाद नोर्त्जे • एपी

**संक्षिप्त स्कोर**
श्रीलंका : 77 ( 19.1 ओवर )
**कुसल :** 19, **एंजेलो :** 16
**नोर्त्जे :** 4/7, **रबादा :** 2/21
**द. अफ्रीका :** 80/4 ( 16.2 ओवर )
**डिकाक :** 20, **क्लासेन :** 19*
**हसरंगा :** 2/22

**श्रीलंका का न्यूनतम स्कोर**

| | | |
|---|---|---|
| 77 | बनाम दक्षिण अफ्रीका | 2024 |
| 82 | बनाम भारत | 2016 |
| 87 | बनाम आस्ट्रेलिया | 2010 |
| 87 | बनाम भारत | 2017 |
| 91 | बनाम इंग्लैंड | 2021 |

## एक नजर में

### केदार जाधव ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया

**पुणे:** भारत और महाराष्ट्र के बल्लेबाज केदार जाधव ने राष्ट्रीय टीम के लिए अंतिम मैच खेलने के चार वर्ष बाद सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। भारत के लिए नवंबर 2014 में रांची में श्रीलंका के विरुद्ध वनडे अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के साथ पदार्पण करने वाले 39 वर्ष के जाधव ने 73 वनडे अंतरराष्ट्रीय और नौ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। जाधव ने 'एक्स' पर लिखा, 'मेरे करियर के दौरान आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। मुझे क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया हुआ समझिए।' (प्रेट्र)

### प्रगनानंद हारे, कार्लसन ने बनाई एकल बढ़त

**स्टवांगर:** भारत के भाई बहन की जोड़ी आर प्रगनानंद और आर वैशाली को नार्वे शतरंज टूर्नामेंट छठे दौर में हार का सामना करना पड़ा जबकि मैग्नस कार्लसन ने खराब फार्म में चल रहे डिंग लिरेन को हराकर 12 अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली। अमेरिका के फाबियानो कारुआना ने हमवतन हिकारू नाकामुरा को हराकर छह खिलाड़ियों के बीच डबल राउंड राबिन आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में कार्लसन को बढ़त हासिल करने में मदद पहुंचाई। कार्लसन के बाद नाकामूरा के 11 अंक हैं जबकि प्रगनानंद 9.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। (प्रेट्र)

### श्रुति संग विवाह बंधन में बंधे वेंकटेश अय्यर

**इंदौर:** मध्य प्रदेश के क्रिकेट आलराउंडर वेंकटेश अय्यर रविवार को श्रुति रघुनाथन के साथ विवाह बंधन में बंध गए। दोनों की पिछले वर्ष नवंबर में सगाई हुई थी। कोयंबटूर में पारंपरिक दक्षिण भारतीय विधि-विधान से यह शादी हुई। इसमें केकेआर) के स्टार आलराउंडर वेंकटेश और श्रुति के स्वजन और करीबी मित्र मौजूद थे। केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर और टीम के साथी वरुण चक्रवर्ती भी शादी में मौजूद थे। (नई दुनिया)

# टी-20 में पहली बार स्कॉटलैंड से भिड़ेगा गत चैंपियन इंग्लैंड

**ब्रिजटाउन, प्रेट्र :** वर्षा के कारण तैयारियों को अंतिम रूप देने से वंचित रहा गत चैंपियन इंग्लैंड मंगलवार को स्काटलैंड के विरुद्ध टी-20 विश्व कप के पहले मैच में विजयी शुरुआत करने उतरेगा। जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड ने 2022 में पाकिस्तान को हराकर दूसरी टी-20 विश्व कप ट्राफी जीती थी। स्वदेश में पाकिस्तान के विरुद्ध चार मैच की टी-20 सीरीज वर्षा से प्रभावित रही, लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा। टी-20 प्रारूप में पहली बार स्काटलैंड का सामना करने जा रही इंग्लैंड की टीम केनसिंगटन ओवल में यह मैच खेलेगी, जहां नामीबिया और ओमान के बीच मुकाबले के दौरान कुछ गेंद रुककर आ रही थी। स्काटलैंड का कागजों पर इंग्लैंड से कोई मुकाबला नहीं है लेकिन यूरोपीय क्वालीफायर में जीत हासिल करने के बाद वे छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे।

### अफगानिस्तान प्रबल दावेदार

दिन के दूसरे मैच में अफगानिस्तान की टीम युगांडा के विरुद्ध प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। अफ्रीका की टीम टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही है। अफगानिस्तान ने पिछले साल हुए वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था।

### नीदरलैंड्स के सामने नेपाल

विश्व कप में मंगलवार को तीसरा मुकाबला नीदरलैंड्स और नेपाल के बीच खेला जाएगा। नीदरलैंड्स की टीम वनडे विश्व कप के बाद यहां चौंकाने उतरेगी।

# सुपर ओवर में सुपर हीरो बने डेविड वीजे

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एपी :** नामीबिया ने टी-20 विश्व कप में ओमान को सुपर ओवर में हराकर अपने अभियान की विजयी शुरुआत की और इस जीत के नायक बने 39 वर्षीय आलराउंडर डेविड वीजे। वीजे ने पहले सुपर ओवर में बल्ले से कमाल दिखाते हुए 13 रन जोड़े, जिससे नामीबिया ने 21 रन का स्कोर बनाया। इसके बाद सुपर ओवर में उन्होंने एक विकेट लेने के साथ ही केवल 10 रन दिए और टीम को शानदार जीत दिला दी। इससे पहले, ओमान की टीम ने 109 रन का स्कोर बनाया और नामीबिया की टीम भी इतने ही रन बना पाई, जिससे मैच सुपर ओवर में गया। यह तीसरा अवसर था जब टी-20 विश्व कप में सुपर ओवर हुआ। अंतिम बार 2012 विश्व कप में सुपर ओवर खेला गया था।

**संक्षिप्त स्कोर**
ओमान : 109/10 ( 20 ओवर )
खालिद : 34, ट्रंपलमैन : 4/ 21, वीजे : 3/ 28
नामीबिया : 109/6 ( 20ओवर )
फ्रैंकलिन : 45, मेहरान : 3/7

**सुपर ओवर का रोमांच**
नामीबिया : 21 रन
4 6 2 1 4 4
ओमान : 10 रन
2 0 w 1 1 6

**वीजे ने सुपर ओवर में मचाया धमाल:** ऐसी पिच पर जहां दोनों टीमों के बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, वीजे ने सुपर ओवर की कवर्स पर चौका लगाकर की। इसके बाद अगली फुलटास गेंद को लांगआन पर छक्के के लिए भेजा। अगली दो गेंदों पर वीजे ने दो और एक रन लिया। पांचवीं गेंद पर कप्तान गरहार्ड इरास्मस ने स्क्वायर लेग पर स्वीप कर चौका लगाया और अंतिम गेंद पर शार्ट थर्डमैन के ऊपर से चौका जड़ा। नामीबिया ने 21 रन जोड़े, जो टी-20 विश्व कप सुपरओवर में सर्वोच्च स्कोर है। इसके बाद वीजे ने अपनी पहली दो गेंदों पर सिर्फ दो रन दिए और फिर नसीम खुशी को बोल्ड कर लक्ष्य ओमान की पहुंच से दूर कर दिया। वीजे सुपर ओवर में बल्लेबाजी और गेंदबाजी करने वाले चौथे खिलाड़ी बने।

**ट्रंपेलमैन ने रचा इतिहास :** इससे पहले, नामीबिया के तेज गेंदबाज रुबेन ट्रंपेलमैन ने पहली दो गेंदों पर ओपनर कश्यप प्रजापति और कप्तान आकिब इलियास को आउट कर ओमान को बैकफुट पर ला दिया। ट्रंपेलमैन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में पहली दो गेंदों पर दो विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज हैं। उनसे पहले ये कारनामा कोई नहीं कर पाया है। ट्रंपेलमैन ने चार ओवर में 21 रन देकर चार विकेट लिए जो नामीबिया के लिए किसी गेंदबाज का विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। ट्रंपेलमैन को वीजे का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने तीन विकेट लिए।

> मुझे खेल का अंदाजा था और मैं जानता था कि सुपर ओवर में मैं कुछ अच्छे शाट लगा सकता हूं। गेंदबाजी करते हुए मुझे भरोसा था कि मैं लक्ष्य का बचाव कर सकता हूं। – **डेविड वीजे,** प्लेयर आफ द मैच


डेविड वीजे • एपी

# सेरुंडोलो के सामने जोकोविक को करना पड़ा संघर्ष


अरीना सबालेंका • एपी

**पेरिस, एपी:** 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविक ने सोमवार को फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में अर्जेंटिना के युवा खिलाड़ी एफ. सेरुंडोलो को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। उन्होंने चार घंटे 39 मिनट तक चले मुकाबले में युवा सेरुंडोलो को 6-1, 5-7, 3-6, 7-5, 6-3, से हराया। अब उनका मुकाबला फ्रिट्स और रुड के मैच में होने वाले विजेता से होगा। पहले सेट में अर्जेंटिना के खिलाड़ी के सामने जोकोविक 6-1 से जीतने के बाद दूसरे और तीसरे सेट में पिछड़ते नजर आए। इस दौरान सेरुंडोलो के सामने जोकोविक को संघर्ष करना पड़ा। इसके बाद जोकोविक ने वापसी करते हुए चौथे और पांचवें सेट में जोरदार प्रदर्शन किया और मुकाबले को अपने नाम कर लिया। इससे पहले, 10वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव और आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर ने फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, महिला वर्ग में विश्व की नंबर दो खिलाड़ी अरीना सबालेंका ने सेमीफाइनल और अमेरिका की कोको गफ ने अंतिम आठ में जगह बनाई। दिमित्रोव ने आठवें वरीय हर्काज को 7-6 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया। यह पहला अवसर है जबकि दिमित्रोव ने फ्रेंच ओपन के अंतिम आठ में जगह बनाई। वह अमेरिकी ओपन, आस्ट्रेलियाई ओपन और विंबलडन में एक-एक बार सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। दिमित्रोव सामना आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर से होगा। डी मिनौर ने सोमवार को पांचवीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव को 4-6, 6-2, 6-1, 6-3 से हराया और अपने पहले रोलां गैरो में आगे बढ़े। सिनर ने फ्रांस के गैर वरीयता प्राप्त कारेंटिन मौटेट के विरुद्ध पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 2-6, 6-3, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की।

महिला वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त एलिना रिबाकिना ने रोलां गैरो में 15वें नंबर की स्वितोलिना को 6-4, 6-3 से हराकर अपने दूसरे फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। उनका सामना 12वीं वरीयता प्राप्त जैस्मिन पाओलिनी से होगा। अरीना सबालेंका ने अमेरिकी एमा नवारो को 6-2, 6-3 से हराकर फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा और ओंस जेब्युर ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची

रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एबडेन ने सोमवार को एक सेट से पिछड़ने के बाद एन श्रीराम बालाजी और एमए रेयेस-वेरेला मार्टिनेज की जोड़ी को सुपर टाई-ब्रेकर में हराकर फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त इंडो-आस्ट्रेलियाई जोड़ी ने डबल्स के तीसरे दौर में 6-7( 2 ), 6-3, 7-6,( 10-8 ) से जीत प्राप्त की।

# बजरंग पूनिया पर लगा अस्थायी निलंबन हटा

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी की अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने पहलवान बजरंग पूनिया को नाडा द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिए जाने तक उन पर लगा अस्थायी निलंबन हटा दिया है। पूनिया ने मार्च में चयन ट्रायल के बाद डोप टेस्ट के लिए नमूना देने से इन्कार किया था।

नाडा ने 23 अप्रैल को टोक्यो ओलिंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया पर 23 अप्रैल तक प्रतिबंध लगा दिया था। युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भी यही कार्रवाई की थी। बिश्केक में हुए एशियाई ओलिंपिक क्वालीफायर के लिए पुरुष टीम के चयन ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में हुए थे और बजरंग हारने के बाद मूत्र का नमूना दिए बिना स्थान से चले गए थे। बजरंग ने अपने वकील के मार्फत अस्थायी निलंबन को चुनौती दी थी। एडीडीपी ने कहा, 'एथलीट का अस्थायी निलंबन तब तक के लिए रद किया जाता है, जब तक कि आरोप लगाने का नोटिस जारी करने का निर्णय नहीं किया जाता।'

# ओलिंपिक में नहीं खेलेंगे एमबापे

**पेरिस, एपी:** स्टार खिलाड़ी काइलियन एमबापे पेरिस ओलिंपिक में फ्रांस के लिए नहीं खेल पाएंगे। एमबापे जल्द ही स्पेनिश क्लब रीयल मैड्रिड से जुड़ेंगे और उसके कोच कार्लो एंसेलोटी नहीं चाहते कि एमबापे ओलिंपिक में खेलें। फ्रांस के कोच थिएरी हेनरी ने स्टार खिलाड़ी को खिलाने की अनुमति मांगी पर उन्होंने नहीं दी।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से लेकर लास ब्लैंकोस के प्रमुख फ्लोरेंटिनो पेरेज के बार-बार अनुरोध के बावजूद रीयल ने एमबापे को 2024 ओलिंपिक में खेलने की अनुमति नहीं दी। आर्सेनल के पूर्व दिग्गज और फ्रांस के वर्तमान अंडर-21 कोच हेनरी ने 25 सदस्यीय अस्थायी टीम की घोषणा की है। ओलिंपिक के लिए और फ्रांसीसी स्टार खिलाड़ी को सूची में शामिल नहीं किया गया। हालांकि एमबापे ने अपने देश में होने वाले ओलिंपिक में खेलने की इच्छा व्यक्त की थी। विश्व कप, यूरोपीय चैंपियनशिप और कोपा अमेरिका जैसे अधिकांश अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के विपरीत, क्लबों को अपने खिलाड़ियों को ओलिंपिक टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देने की आवश्यकता नहीं है। एमबापे फ्रांस के लिए यूरो टूर्नामेंट में खेलने के लिए तैयार थे, लेकिन पेरिस में उनकी भागीदारी का मतलब यह होगा कि उन्हें आफ सीजन के दौरान ब्रेक मिलने की संभावना नहीं है। एमबापे ने कहा कि मैं ओलिंपिक में खेलना चाहता हूं। मेरी हमेशा से यही महत्वाकांक्षा रही है।


काइलियन एमबापे • एएफपी

- एमबापे को पेरिस ओलिंपिक के लिए फ्रांस की टीम में जगह नहीं
- फ्रांस के कोच थिएरी हेनरी ने रीयल मैड्रिड से लगाई गुहार

********

अगर चुनाव आयोग निष्पक्ष मतगणना कराने में असफल रहा और लोकतंत्र की हत्या हुई तो महाभारत तय है। – **राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव,** निर्दलीय प्रत्याशी, पूर्णिया

# खरगे का खुला पत्र, कहा– संविधान का पालन करें अधिकारी

- बिना किसी डर, पक्षपात व किसी के प्रति दुर्भावना के देश सेवा करने का किया आग्रह
- कहा–कांग्रेस ने की अनेक संस्थाओं की स्थापना, इन संस्थाओं की स्वतंत्रता सर्वोपरि

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** लोकसभा चुनाव की मतगणना की पूर्व संध्या पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को देश के अधिकारियों (ब्यूरोक्रेसी) को एक खुला पत्र लिखा, जिसमें उनसे संविधान का पालन करने और बिना किसी डर, पक्षपात व किसी के प्रति दुर्भावना के देश की सेवा करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने लिखा, ''किसी से डरें नहीं। किसी असंवैधानिक तरीके के आगे न झुकें। मतगणना के दिन मेरिट के आधार पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।''

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आगामी पीढ़ियों को जीवंत लोकतंत्र और आधुनिक भारत के निर्माताओं द्वारा लिखा गया संविधान देना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने लिखा, ''भारत के लोकतांत्रिक बने रहने की आशा में मैं आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं और उम्मीद करता हूं कि संविधान के हमारे शाश्वत आदर्श बेदाग रहेंगे।'' उन्होंने कहा कि वह विपक्ष के नेता (राज्यसभा) और कांग्रेस अध्यक्ष की हैसियत से यह पत्र लिख रहे हैं। उन्होंने चुनाव आयोग, केंद्रीय सशस्त्र बलों, राज्य पुलिस बलों, जिलाधिकारियों, स्वयंसेवकों और सभी अधिकारियों को बधाई दी, जो विशाल और ऐतिहासिक आम चुनावों के सुचारू संचालन में शामिल हैं।


मल्लिकार्जुन खरगे ● फाइल फोटो

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'हमारे प्रेरणास्रोत और भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने ब्यूरोक्रेसी को भारत का इस्पात ढांचा कहा था। देश के लोग अच्छी तरह जानते हैं कि कांग्रेस ने ही अनेक संस्थाओं की स्थापना की, उनकी ठोस नींव रखी और संविधान के आधार पर उनकी स्वतंत्रता के लिए तंत्र तैयार किया। संस्थाओं की स्वतंत्रता सर्वोपरि है क्योंकि प्रत्येक अधिकारी संविधान की शपथ लेता है कि वह अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक व कर्तव्यनिष्ठा से निर्वहन करेगा तथा संविधान व कानून के अनुसार सभी प्रकार के लोगों के साथ बिना किसी भय या पक्षपात, स्नेह या द्वेष के न्याय करेगा। इस भावना से हम शीर्ष से नीचे तक के प्रत्येक अधिकारी से संविधान की भावना के अनुसार सत्तारूढ़ दल एवं गठबंधन या विपक्षी दल एवं गठबंधन की ओर से किसी भी दबाव और धमकी के बिना अपने कर्तव्यों के निर्वहन की अपेक्षा करते हैं।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पंडित जवाहरलाल नेहरू, बीआर आंबेडकर, राजेंद्र प्रसाद, मौलाना आजाद, सरोजिनी नायडू और अन्य अनगिनत प्रेरणादायी संस्थापक सदस्यों द्वारा तैयार संविधान के माध्यम से न केवल शासन का मजबूत ढांचा तैयार किया, बल्कि हाशिए पर पड़े लोगों के ब्यूरोक्रेसी व नागरिक समाज में प्रतिनिधित्व से सकारात्मक कार्रवाई भी सुनिश्चित की।

**'भारत को तानाशाही में बदलने की प्रवृत्ति बनी'**

खरगे ने कहा, ''पिछले दशक में सत्तारूढ़ दल द्वारा हमारे स्वायत्त संस्थानों पर हमला करने, उन्हें कमजोर करने और दबाने का एक व्यवस्थित पैटर्न देखा गया है। भारत को एक तानाशाही में बदलने की व्यापक प्रवृत्ति बनी है। हम देख रहे हैं कि कुछ संस्थान अपनी स्वतंत्रता त्याग रहे हैं। लेकिन यह उनकी गलती नहीं है। सत्ता के आगे झुकने की यह प्रवृत्ति उनके अल्पकालिक अस्तित्व का तरीका बन गई है।''

# परिणाम से पहले ही नीतीश ने मोदी को दी बधाई

- केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होगा जदयू, आरंभ में ही मिलेगी जगह
- मोदी और शाह से मिलने का उनका कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● पटना :** लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गठित होने वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल में जदयू भी शामिल होगा। इस बात की चर्चा है कि जदयू को मंत्रिमंडल गठन के आरंभ में ही केंद्रीय कैबिनेट में जगह मिल जाएगी। जदयू को कितनी संख्या में केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिलेगी, वह उन्हें मिलने वाले सीटों पर निर्भर करेगा। अगले वर्ष बिहार में विधानसभा चुनाव होना है इस वजह से बिहार प्राथमिकता में हैं। वहीं, चुनाव परिणाम आने के ठीक एक दिन पहले सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से दिल्ली स्थित उनके आवास पर भेंट की। एनडीए को मिलने जा रही बड़ी सफलता पर उन्हें अग्रिम बधाई दी।

मुख्यमंत्री रविवार को ही दिल्ली पहुंच गए थे। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह से मिलने का उनका कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था। अमित शाह से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मुलाकात नहीं हो पाई। उन्होंने उनसे फोन पर बात की। चुनाव परिणाम के ठीक एक दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मुलाकात की राजनीतिक गलियारे में खूब चर्चा है। ऐसी खबर है कि दोनों के बीच एनडीए को बिहार व देश के अन्य राज्यों में मिल रही सफलता पर विमर्श हुआ। हाल ही में चुनाव अभियान के दौरान मुख्यमंत्री पटना में प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो व कई सभाओं में शामिल हुए थे।


लोकसभा चुनाव का परिणाम आने से एक दिन पहले सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की ● एएनआइ

# राजग को 340 सीटों का अनुमान लगा रहे दिल्ली के सट्टेबाज

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** अधिकांश एक्जिट पोल पूर्वानुमानों के अनुरूप दिल्ली के सट्टेबाजों का मानना है कि सत्तारूढ़ राजग को लोकसभा चुनाव में 340 से अधिक सीटें मिलेंगी, जबकि विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए को लगभग 200 सीटें मिल सकती हैं। सटोरियों के नेटवर्क में काम करने वाले एक सूत्र ने बताया कि दिल्ली में सट्टेबाजों का आकलन है कि राजग को 341 से 343 सीटें मिल सकती हैं, जबकि आइएनडीआइए के लिए यह संख्या 198 से 200 के बीच हो सकती है।

सट्टेबाजों का पूर्वानुमान है कि भाजपा अपने दम पर 310 से 313 सीटें जीत सकती है, जबकि कांग्रेस की सीटें 57 से 59 के बीच हो सकती हैं। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में से सटोरियों ने विपक्षी गठबंधन को एक सीट दी है।

सूत्रों ने कहा कि सट्टा बाजार दो सप्ताह पहले खुल गया है और एनसीआर में अब तक चुनाव परिणामों पर करोड़ों रुपये का दांव लगाया जा चुका है।

## एक नजर में

### एजेंसियां पीएम के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी में जुटीं

**नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस समेत सुरक्षा एजेंसियां प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के लिए आयोजन स्थल पर सुरक्षा–व्यवस्था पर विचार कर रही हैं। प्रधानमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह इस सप्ताह के अंत तक होने की संभावना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा तैयारियों को लेकर एक बैठक हुई है। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों तथा दिल्ली पुलिस ने समारोह के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की योजना बनाई है। अधिकारी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में होना है। इसलिए सभी इंतजाम उसी के अनुसार किए गए हैं। (एएनआइ)

### हैदराबाद में दर्ज प्राथमिकी से शाह व किशन का नाम हटा

**हैदराबाद :** चुनाव प्रचार में बच्चों के इस्तेमाल को लेकर दर्ज प्राथमिकी से गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी के नाम को हटा दिया है। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जी. निरंजन ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को शिकायत की थी कि एक मई को भाजपा की लालदरवाजा से सुधा टाकीज तक निकाली गई रैली में शाह के साथ मंच पर कुछ बच्चे उपस्थित थे। (प्रेट्र)

### आयोग ने कोर्ट को सौंपा मानिकतला उपचुनाव कार्यक्रम

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष बंगाल की मानिकतला विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव का संभावित कार्यक्रम पेश किया। सुप्रीम कोर्ट ने मानिकतला के लोगों द्वारा दाखिल याचिका पर चुनाव आयोग को कार्यक्रम सौंपने का आदेश दिया था। (प्रेट्र)

### भाजपा प्रत्याशियों पर दायर एफआइआर पर कोर्ट की रोक

**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने सोमवार को भाजपा के दो उम्मीदवारों के खिलाफ दायर एफआइआर पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश दिया। झाड़ग्राम के भाजपा उम्मीदवार प्रणत टुडु व बशीरहाट से भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्र ने दायर एफआइआर के खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने आशंका जताई थी कि चुनाव नतीजे आने पर उन्हें झूठे आरोप में गिरफ्तार किया जा सकता है। जस्टिस अमृता सिन्हा ने आदेश दिया कि भाजपा उम्मीदवार प्रणत टुडु के खिलाफ दायर एफआइआर के मामले में पुलिस 21 जून तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर सकेगी। (राब्यू)

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने **खारिज किए** एक्जिट पोलों के अनुमान

# सोनिया को उम्मीद, एक्जिट पोल के उलट आएंगे चुनाव नतीजे

- कहा–हमें प्रतीक्षा करनी होगी, बस इंतजार कीजिए और देखिए
- दावा, 295 सीटों पर जीत के साथ विपक्षी गठबंधन की बनेगी सरकार

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे आने के एक दिन पहले भी कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए के लिए बेहतर चुनावी संभावनाओं का दावा किया। एक्जिट पोल के अनुमानों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम इसके बिल्कुल विपरीत रहेंगे। आइएनडीआइए ने तमाम चैनलों–सर्वे एजेंसियों के एक्जिट पोल में पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को भारी बहुमत मिलने के अनुमानों को शनिवार को ही खारिज कर 295 सीटों पर जीत के साथ विपक्षी गठबंधन की सरकार बनने का जवाबी दावा किया था।

द्रमुक के पुरोधा रहे तमिलनाडु के पूर्व सीएम एम.करुणानिधि की सौवीं जयंती के मौके पर एक कार्यक्रम में उनकी स्मृतियों को नमन करने पहुंचीं सोनिया गांधी ने एक्जिट पोल के बारे में पूछे जाने पर इसके आंकड़ों को खारिज किया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'लोकसभा चुनाव के असल परिणाम एक्जिट पोल के अनुमान से बिल्कुल विपरीत होंगे, हमें प्रतीक्षा करनी होगी। बस इंतजार कीजिए और देखिए।'


तमिलनाडु के पूर्व सीएम एम. करुणानिधि के 100वीं जयंती कार्यक्रम में सोनिया ● प्रेट्र


कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भी रविवार को पार्टी के सभी लोकसभा उम्मीदवारों, प्रदेश अध्यक्षों, विधायक दलों के नेताओं और प्रभारियों के साथ हुई बैठक के बाद एक्जिट पोल को फैंटेसी बताते हुए इसे मोदी मीडिया पोल करार दिया था। साथ ही 295 सीटों के साथ आइएनडीआइए के चुनावी जीत हासिल करने का दावा किया था।

**चुनाव नतीजों के बाद दिल्ली में होगी आइएनडीआइए की बैठक**

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए के नेता लोकसभा चुनाव के नतीजों पर विचार–विमर्श करने के लिए मंगलवार शाम या बुधवार सुबह दिल्ली में बैठक करेंगे। आइएनडीआइए के शीर्ष नेताओं को मंगलवार शाम तक दिल्ली में रहने को कहा गया है, जब उनके राज्यों में मतगणना पूरी हो जाएगी। सूत्रों ने बताया कि विपक्षी नेताओं की शनिवार दोपहर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि निश्चित रूप से परिणाम घोषित होने के बाद आइएनडीआइए के घटक दलों के नेता मिलेंगे। जयराम ने उन रिपोर्टों का खंडन किया कि अगर चुनाव परिणाम विपक्षी पार्टियों के खिलाफ गए, तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे। विपक्षी नेताओं ने दावा किया है कि आइएनडीआइए 543 लोकसभा सीटों में से 295 से अधिक सीटें जीतकर सत्ता में आ रहा है। वहीं, भाजपा ने कहा है कि वह लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाएगी।

# शाह पर लगाए आरोपों के सुबूत देने को जयराम को नहीं मिला और समय

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** सोमवार को कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश को चुनाव आयोग से जोर का झटका लगा। आयोग ने उनके इस दावे के समर्थन में जवाब देने के लिए अतिरिक्त समय देने से साफ इन्कार कर दिया कि चार जून को होने वाले लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले 150 जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टरों (डीएम/डीसी) को प्रभावित करने का प्रयास किया गया था। चुनाव आयोग ने पहले रमेश को रविवार शाम तक उन आरोपों का तथ्यात्मक विवरण प्रस्तुत करने को कहा था, जो उन्होंने हाल ही में एक इंटरनेट मीडिया पोस्ट में लगाए थे। रमेश ने सोमवार को चुनाव आयोग को पत्र लिखकर अपना जवाब प्रस्तुत करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा था। रमेश को लिखे पत्र में चुनाव आयोग ने कहा–''आयोग और समय मांगने के आपके अनुरोध को सिरे से खारिज करता है और आपको अपने लगाए आरोपों का सुबूतों के साथ विवरण सोमवार शाम सात बजे तक आयोग को देना होगा।'' निर्वाचन आयोग ने कहा कि एक वरिष्ठ, जिम्मेदार और अनुभवी नेता द्वारा इस तरह के सार्वजनिक बयान संदेह पैदा करते हैं।


जयराम रमेश ● फाइल फोटो

# 'जम्मू–कश्मीर में जल्द ही कराएंगे विधानसभा चुनाव'

- लोस चुनाव में मतदाताओं का उत्साह दिखाता है कि जेएंडके के लोग विस चुनाव के लिए तैयार
- आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने के बाद भी कुछ राज्यों में केंद्रीय बलों की तैनाती जारी

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को फिर जम्मू–कश्मीर में जल्द ही विधानसभा चुनाव कराने की बात कही। उन्होंने कहा–हम पहले से कह रहे थे कि जब सही समय आएगा तो विधानसभा चुनाव कराएंगे। अब वह समय आ गया है। अतिशीघ्र वहां चुनाव प्रक्रिया शुरू की जाएगी। साथ ही कहा कि चुनाव के बाद हिंसा को रोकने के लिए चुनाव आयोग ने पहली बार आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने के बाद भी कुछ राज्यों में केंद्रीय बलों की तैनाती जारी रखने का फैसला किया है।

उन्होंने बताया कि जम्मू–कश्मीर में चार दशकों में सर्वाधिक 58.58 प्रतिशत और घाटी में 51.05 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यह दर्शाता है कि वहां के लोग विधानसभा चुनाव को भी तैयार हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता की 495 शिकायतों में से 90 प्रतिशत से अधिक का निपटारा किया गया।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में खामियों, ईवीएम की विश्वसनीयता और मतदान प्रतिशत के आंकड़ों में कथित हेराफेरी पर सवाल उठाए गए, लेकिन उम्मीदवारों और बूथ पर डाले गए वोटों का रिकार्ड रखने वाला फार्म 17 सी प्राप्त करने वाले एजेंटों की ओर से किसी भी तरह की कोई शिकायत नहीं आई है। निर्विरोध चुनावों के मामलों में उन्होंने कहा कि आयोग तभी हस्तक्षेप करता है, जब मैदान में मौजूद अन्य उम्मीदवार दबाव में नामांकन वापस लेते हैं।

**रिकार्ड 10,000 करोड़ की हुई जब्ती :** आयोग ने इस बार चुनाव में 10,000 करोड़ की रिकार्ड जब्ती की है। इनमें 1,054 करोड़ रुपये की नकदी भी शामिल है।

**शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं:** राजीव कुमार ने बताया कि उन्हें चुनाव में गड़बड़ी फैलाने की आशंका सीमा पार से थी, लेकिन यहां तो अपनों ने ही हमला कर दिया तो क्या कहेंगे? उन्होंने कहा–' आज कल इल्जमातों का दौर बुलंद है, तल्खियों का बाजार गरम है, पंच को पहले ही घेर लो, यानी पेशबंदी। मंजूर है इल्जाम लगाओ हम पर, शर्त इतनी कि साथ में सुबूत भी लाओ। गोया कोई तो बात है, हर बार मुद्दई वही कचहरी वही, गवाह कोई नहीं। गम, शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं। वहीं, सीईसी ने इंटरनेट मीडिया पर 'लापता जेंटलमैन' मीम पर कहा– हम यहीं हैं, कहीं नहीं गए थे।

# यूपी में विजय जुलूस की अनुमति नहीं, सभी जिलों में अलर्ट

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** मतगणना के दौरान शांति–व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों से यूपी पुलिस पूरी सख्ती से निपटेगी। सभी जिलों में अलर्ट जारी कर दिया गया है। विशेषकर इंटरनेट मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं व अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। साथ ही कहीं भी किसी प्रत्याशी को विजय जुलूस निकालने की अनुमति नहीं होगी। प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने सोमवार को लखनऊ में जानकारी दी। कहा कि कुछ लोग मतगणना केंद्र पर बड़ी संख्या में लोगों को जुटाने के लिए इंटरनेट मीडिया पर संदेश प्रसारित कर रहे हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध पुलिस के पास पुख्ता प्रमाण हैं। समय आने पर पुलिस उनके नाम भी उजागर करेगी।

डीजीपी ने गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। कहा कि इससे पूर्व 2022 के विधानसभा चुनाव की मतगणना से पहले भी कुछ लोगों ने शांति–व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया था। तब पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में लोग जानते हैं। सभी जिलों में धारा 144 सख्ती से लागू की गई है। मतगणना सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। मतगणना केंद्रों के आसपास के मार्गों पर भी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखी जाएगी। 93 हजार से अधिक पुलिस अधिकारी व कर्मी तैनात रहेंगे। इस दौरान इंटरनेट मीडिया सेल भी सक्रिय रहेगा।

# 'जय–पराजय होती रहती है, लोकतंत्र पर आक्षेप न लगाएं'

- साथ ही कहा– विपक्ष के मन में विक्षिप्तता, पूरे देश को पप्पू न समझे कांग्रेस
- चुनाव प्रक्रिया पर उठाए गए सवालों का युक्तिसंगत उत्तर दे चुका चुनाव आयोग

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** चुनाव प्रक्रिया पर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों द्वारा उठाए जा रहे प्रश्नों की भाजपा ने तीखी आलोचना की है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डा. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा या राजग सरकार के लिए जो अपशब्दों का प्रयोग किया गया, उसे स्वीकार कर लिया गया, लेकिन लोकतंत्र के ऊपर कुठाराघात न किया जाए। राष्ट्र की गरिमा को धूमिल करने का प्रयास अस्वीकार्य है। विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए भाजपा सांसद ने तंज भरे लहजे में कहा–ऐसा लगता है कि चुनाव में हार की निश्चितता ने विपक्ष के मन में विक्षिप्तता भर दी है। साथ ही कांग्रेस पर तंज कसा, जय–पराजय होती रहती है। लोकतंत्र पर आक्षेप मत कीजिए, पूरे देश को पप्पू समझने का प्रयास मत कीजिए।

सोमवार को नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में सुधांशु त्रिवेदी ने दावा किया कि विश्व के सबसे बड़े और व्यवस्थित चुनाव हुए हैं, लेकिन दुख की बात है कि विपक्ष इसके बावजूद इतने मजबूत लोकतंत्र पर प्रश्न खड़े कर रहा है। जो विषय चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठाए गए, उनका युक्तिसंगत और तकनीकी उत्तर दिया गया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजग का मूल मंत्र रहा– विकास और विकास के आधार पर विश्वास, जबकि विपक्ष का मूल मंत्र रहा भ्रम और उसके आधार पर भय। पूरे चुनाव के दौरान विपक्ष ने लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण को लेकर भ्रम फैलाया। उत्तर–दक्षिण के नाम पर देश को विभाजित करने का प्रयास किया। डा. त्रिवेदी ने कहा कि यह आरोप कि 150 जिलाधिकारियों को फोन किया गया, स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि विपक्ष की ओर से कितने अनर्गल बयान दिए गए। ईमानदारी से लड़िए, लोकतंत्र को लांछित मत कीजिए।


सुधांशु त्रिवेदी ● फाइल फोटो

**मतगणना केंद्रों की चौकसी करेंगे भाजपा के पोलिंग एजेंट**

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** मतदान के बाद भाजपा ने सभी मतगणना केंद्रों पर चौकसी रखने का फैसला किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में हुई पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक में एक्जिट पोल के नतीजों को विपक्ष द्वारा नकारे जाने के बाद उत्पन्न राजनीतिक स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ–साथ पार्टी के महासचिव व सचिव भी उपस्थित थे। बैठक में फैसला किया गया कि भाजपा के सभी पोलिंग एजेंट मतगणना केंद्रों पर समय से पहुंचेंगे और मतगणना के दौरान किसी भी संदेहास्पद गतिविधि के बारे में तत्काल पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को सूचित करेंगे। वरिष्ठ अधिकारी भी ऐसी शिकायतों का संज्ञान लेते हुए तत्काल उचित कदम उठाएंगे। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि बैठक में सातों चरण में हुए मतदान और उसके पैटर्न की समीक्षा की गई।

# भाजपा का बूथ प्रबंधन भी करती हैं एक्जिट पोल वाली संस्थाएं : अखिलेश यादव

**सपा अध्यक्ष बोले, हमारे आंतरिक सर्वे में सबसे अधिक सीटें जीत रहा आइएनडीआइए, भाजपा ने झूठे आंकड़ों से देश को छला**

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ :** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मतगणना से एक दिन पहले सोमवार को एक्जिट पोल पर फिर सवाल खड़ा किया है। कहा कि भाजपा की रैलियों में सन्नाटा था, इसके बावजूद एक्जिट पोल वाले 300 पार सीटें दिखा रहे हैं। एक्जिट पोल करने वाली वही संस्थाएं हैं जो भाजपा के बूथ प्रबंधन का भी काम करती हैं। हमारे आंतरिक सर्वे में आइएनडीआइए की प्रदेश में सबसे अधिक सीटें आ रही हैं। भाजपा विपक्ष को डरा रही है, लेकिन जनता करो या मरो की तरह आंदोलित है। अखिलेश ने सोमवार को प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि भाजपा ने न्यायालय तक में अपने लोग सेट किए हैं। न्यायाधीशों से विचारधारा विशेष के लिए बयान दिलवाए गए। नौकरशाही में भी यही धांधली की। झूठे आंकड़ों से देश को छला है। सपा मुखिया ने अपनी बात शुरू करने के लिए एक शेर पढ़ा... 'जितनी ऊंचाई पर जाकर कटती है पतंग उतना ही बड़ा होता है उसका पतन।'


लखनऊ में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ● जागरण

**तेजस्वी ने कहा–धांधली हुई तो जनता बर्दाश्त करेगी**

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● पटना :** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने एक बार फिर तमाम एक्जिट पोल को नकारते हुए दावा किया है कि आइएनडीआइए को 295 सीट मिलने जा रही है। उन्होंने चेतावनी वाले अंदाज में कहा कि यदि मतगणना में किसी तरह की धांधली होती है तो इस बार जनता इसे बर्दाश्त करने वाली नहीं है।

# कांग्रेस उम्मीदवार का पर्चा खारिज करने को चुनौती


**अहमदाबाद, प्रेट्र :** सूरत लोस क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुंभानी का नामांकन खारिज करने के निर्वाचन अधिकारी के फैसले को चुनौती देने वाली एक याचिका गुजरात हाई कोर्ट में दायर की गई। कुंभानी का नामांकन खारिज होने व अन्य उम्मीदवारों के चुनाव से हटने के बाद भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध विजेता घोषित किया गया।

# कांग्रेस मुख्यालय में जीत के जश्न की तैयारियां

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** कांग्रेस मुख्यालय में चार जून को होने वाली मतगणना के लिए सोमवार को तैयारियां चल रही थीं। हालांकि कई समर्थक इसे लोस चुनावों में आइएनडीआइए की जीत के जश्न के प्रबंध के तौर पर देख रहे थे। जबकि एक्जिट पोल में भाजपा की जीत की संभावना जताई गई है। कांग्रेस के 24 अकबर रोड मुख्यालय में टेंट लगाए गए और विशाल परिसर के चारों तरफ बड़े कूलर लगाए गए। हालांकि एक्जिट पोल में पीएम मोदी और भाजपा नीत राजग को लोस चुनाव जीतने की भविष्यवाणी की गई है।


**हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय पारिवारिक न्यायालय क्रम जयपुर। मनीष कुमार वशिष्ठ विरुद्ध गुंजन देवी शर्मा वाद/प्रार्थना पत्र 13 Hm Act प्रार्थना-पत्र संख्या 288/2020 गुंजन देवी शर्मा पुत्री श्री गोविन्द प्रसाद उम्र 29 वर्ष जाति ब्राह्मण, पता- A-408, गली न. 7, न्यू अशोक नगर, पुलिस थाना- अशोक नगर, दिल्ली। उक्त मनीष ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हेतुक दर्शित करने के लिये दिनांक 08.07.2024 को 10:10 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा। आज दिनांक 28.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गयी।
मुन्सरिम
पारिवारिक न्यायालय क्रम-1
जयपुर महानगर

मेरा पावर वोट
Jagran New Media
LIVE UPDATES
हर सीट के रुझान और नतीजे
सिर्फ़ jagran.com पर



चुनाव परिणाम देखने के लिए
QR कोड स्कैन करें
Jagran New Media की पहुंच 97.5* मिलियन लोगों तक है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है।
*Source: Comscore MMX Multi-Platform, Unique Visitors & Pageviews, Mar'24, India
अधिक जानकारी के लिए विज़िट करें: jnm.digital

### सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सर्वाधिक फिल्मफेयर पाने वाली नूतन



प्रसिद्ध अभिनेत्री नूतन का जन्म 1936 में आज ही बांबे (अब मुंबई) में हुआ था। 14 साल की उम्र में हमारी बेटी फिल्म से बाल कलाकार के रूप में अभिनय की शुरुआत की। 1963 में फिल्म बंदिनी में निभाया गया किरदार उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन माना जाता है। करियर में सीमा, सुजाता, मिलन, सोने की चिड़िया, सरस्वतीचंद्र जैसी कई सफल फिल्में कीं। गिनीज बुक में नूतन के नाम सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए सबसे अधिक (पांच) फिल्मफेयर जीतने का रिकार्ड भी दर्ज है। 21 फरवरी, 1991 को उनका निधन हो गया।


### गर्म हवा के गुब्बारे से उड़ान भरने वाली पहली महिला बनीं एलिजाबेथ थिबल

1784 में आज ही फ्रांस की एलिजाबेथ थिबल गर्म हवा के गुब्बारे गुस्ताव से उड़ान भरने वाली दुनिया की पहली महिला बनी थीं। उन्होंने गुब्बारे से 1,500 मीटर की ऊंचाई पर चार किमी की दूरी तय की। बतौर अतिथि मौके पर मौजूद स्वीडन के राजा गुस्ताव तृतीय के सम्मान में गुब्बारे का नाम पड़ा।



### पहली बार रोशनी के लिए किया गया प्राकृतिक गैस का उपयोग

1825 में आज ही पहली बार अमेरिका में प्राकृतिक गैस का उपयोग रोशनी के लिए किया गया था। प्राकृतिक गैस के कुएं से पाइपलाइन बिछाकर 30 बर्नरों की मदद से एक अधिकारी के आवास को रोशन किया गया था। कुएं को 1821 में विलियम हार्ट ने खोदा था।




# थ्येन आनमन स्क्वायर नरसंहार की बरसी से पहले हांगकांग में कार्रवाई

**पुलिस ने परफार्मेंस आर्टिस्ट को हिरासत में लिया है, यह शहर में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कम होने का संकेत है**

**म्यूनिख, एपी :** हांगकांग पुलिस ने चीन के थ्येन आनमन स्क्वायर नरसंहार की 35वीं बरसी की पूर्व संध्या पर एक परफार्मेंस आर्टिस्ट को हिरासत में लिया है। यह शहर में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता कम होने का संकेत है। उसकी पहचान सानमू चेन के रूप में हुई है।

वहीं, एएनआइ के अनुसार ह्यूमन राइट्स वाच (एचआरडब्ल्यू) की रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी प्रशासन ने इसे लेकर कई गिरफ्तारियां की हैं। ये गिरफ्तारियां नरसंहार की 35वीं बरसी को लेकर मंगलवार को चीन और हांगकांग में समारोह आयोजित करने की मांग करने वालों की की गई हैं। यह दुखद घटना 1989 में हुई थी। चीनी सरकार ने लोकतंत्र समर्थक विरोध प्रदर्शनों को हिंसक रूप से दबा दिया था, जिसमें हजारों लोग मारे गए थे। ह्यूमन राइट्स वाच में चीन की कार्यवाहक निदेशक माया वांग ने रिपोर्ट में कहा है कि सरकार चीन और हांगकांग में थ्येन आनमन नरसंहार की याद को मिटाने की कोशिश कर रही है। 35 साल बाद भी सरकार चीन में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने वालों की याद की लौ बुझाने में असमर्थ रही है।



## साम्यवाद के पीड़ितों का स्मारक...

चीन के थ्येनआनमन नरसंहार की बरसी के उपलक्ष्य में विभिन्न देशों में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित येरमो कस्बे में एक कलाकार चेन वेइमिंग की इस कलाकृति 'साम्यवाद के पीड़ितों का स्मारक' के माध्यम से मृतकों को याद किया गया। यहां लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता एकत्र हुए तथा 'साम्यवाद मुर्दाबाद' के नारे लगाए गए। चार जून 1989 को थ्येनआनमन में चीन सरकार ने लोकतंत्र की मांग कर रहे आंदोलनकारियों का दमन किया था। ● एएफपी

# हमास को नष्ट करना इजरायली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

**यरुशलम, रायटर :** इजरायल सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हमास को नष्ट करना है। इसी के साथ सरकार गाजा से बंधकों की सुरक्षित वापसी भी चाहती है। यह बात इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के तौर पर वह दोनों लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य कर रहे हैं। वहीं इजरायल सरकार में शामिल अति दक्षिणपंथी दल के नेता इतमार बेन-गिविर ने कहा है कि प्रधानमंत्री अमेरिकी राष्ट्रपति की गाजा योजना को लागू करने के लिए लीपापोती कर रहे हैं। उधर गाजा में सीमा के नजदीक बुरी तरह से क्षत-विक्षत एक शव मिला है। यह शव हमास द्वारा अगवा कर बंधक बनाए 35 वर्षीय डोलेव येहुद का होने का शक है। इजरायली सेना ने गाजा में चार और बंधकों के मरने की पुष्टि की है।

### इजरायल के सैन्य ठिकानों पर हिजबुल्ला का हमला

**बेरूत, रायटर :** गाजा युद्ध के दौरान पहली बार लेबनान के हिजबुल्ला संगठन ने इजरायल के सैन्य ठिकानों पर ड्रोन से बड़ा हमला किया है। हिजबुल्ला ने ड्रोन की पूरी स्क्वाड्रन इजरायल पर हमले के लिए भेजी थी जिसमें 30 से ज्यादा ड्रोन थे। इस हमले से हुए जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। ज्यादातर ड्रोन को इजरायल ने मार गिराया।

# अमेरिका में भारतवंशी चिकित्सक को एआइए एक्सीलेंस अवार्ड

**वाशिंगटन, एएनआइ:** न्यूयार्क की प्रसिद्ध जनरल फिजीशियन भारतवंशी डा. रेखा भंडारी को एसोसिएशन आफ इंडियन इन अमेरिका (एआइए) एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। एआइए का न्यूयार्क चैप्टर अमेरिका में भारतवंशियों का सबसे पुराना राष्ट्रीय संगठन है।

समारोह में विशिष्ट अतिथि सीनेट के प्रमुख नेता चक शूमर ने डा. रेखा भंडारी को 'एक्सीलेंस इन हेल्थकेयर एडमिनिस्ट्रेशन' से सम्मानित किया। इस मौके पर डा. भंडारी ने कहा कि एआइए भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे पुराने संगठनों में से एक है और इस सम्मान को प्राप्त करना मेरे लिए गर्व की बात है।

## इधर-उधर की

### बिना शराब पिये ही महिला को हो जाता है नशा



आटो ब्रुअरी सिंड्रोम से पीड़ित महिला ● इंटरनेट मीडिया


**नई दिल्ली, आइएएनएस:** अगर कोई नशे में दिखने वाला व्यक्ति आपसे यह कहे कि उसने शराब को हाथ तक नहीं लगाया है तो शायद ही आप उस पर विश्वास करेंगे। कनाडा की एक 50 वर्षीय महिला को कुछ इसी तरह की समस्या का सामना करना पड़ा। शराब न पीने के बावजूद उसे पिछले दो वर्षों से हरदम नशे का अहसास होता रहता है। डाक्टरों के पास जाने पर वे भी उसके शराब न पीने की बात पर विश्वास नहीं करते थे। अब इस महिला में दुर्लभ सिंड्रोम का पता चला है। कैनेडियन मेडिकल एसोसिएशन जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार महिला आटो ब्रूअरी नामक सिंड्रोम से पीड़ित है। इसमें शरीर किसी भी प्रकार के मीठे खाने या कार्बोहाइड्रेट को शराब में बदल देता है। महिला को पिछले पांच वर्षों में कई बार मूत्र पथ संक्रमण (यूटीआइ) हुआ था। डाक्टरों को संदेह है कि इसके लिए बार-बार एंटीबायोटिक लेने के वजह से ही दुर्लभ सिंड्रोम हुआ है। महिला का इलाज चल रहा है।

# पुलवामा में लश्कर के दो आतंकी ढेर

## लश्कर का डिवीजनल कमांडर था आतंकी रियाज, नौ वर्ष से था दक्षिण कश्मीर में सक्रिय



लश्कर का डिवीजनल कमांडर रियाज ● फाइल/पुलिस



आतंकी रईस अहमद ● फाइल/पुलिस



जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सोमवार को आतंकियों और सुरक्षा बलों के मध्य मुठभेड़ के दौरान एक घर में आग लगने के बाद उठता धुआं ● प्रेट्र

- रियाज अहमद डार पर 10 लाख और रईस अहमद पर पांच लाख रुपये का इनाम था
- मुठभेड़ के दौरान आतंकी ठिकाना बना मकान और एक अन्य मकान भी हुआ क्षतिग्रस्त

**राज्य ब्यूरो, जागरण, श्रीनगर :** कश्मीर के पुलवामा में सोमवार को सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के डिवीजनल कमांडर रियाज अहमद डार को एक अन्य आतंकी के साथ मार गिराया। रियाज घाटी में सक्रिय सबसे पुराने स्थानीय आतंकियों में से एक था। वह वर्ष 2015 में आतंकी बना था। मुठभेड़ के दौरान आतंकी ठिकाना बना मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। मारे गए आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और अन्य सामान बरामद हुआ है। रियाज पर 10 लाख और रईस पर पांच लाख रुपये इनाम था। दोनों की मौत को सुरक्षा बलों की बड़ी कामयाबी बताया जा रहा है। सुरक्षा बलों के मुताबिक, इन दोनों के मारे जाने के बाद दक्षिण कश्मीर में लश्कर के अब चार से पांच ही आतंकी सक्रिय रह गए हैं।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रविवार को आधी रात के बाद सूचना मिली थी कि पुलवामा के काकपोरा में तीन आतंकी किसी संपर्क सूत्र से मिलने आए हैं। इस पर पुलिस ने सेना की 50 आरआर व सीआरपीएफ जवानों के साथ आतंकियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान चलाया। सुरक्षाबलों ने गांव की घेराबंदी कर सभी रास्ते बंद कर दिए। सोमवार को सूर्योदय के साथ ही तलाशी शुरू की। इसी दौरान एक मकान में छिपे आतंकियों ने जवानों पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षाबलों ने आतंकियों की गोलीबारी के बीच ही आसपास के मकानों में कई लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इस बीच, घेराबंदी में फंसे आतंकियों की पहचान की पुष्टि होने के बाद सुरक्षाबलों ने उनके स्वजन को मुठभेड़स्थल पर बुलाया ताकि उनके माध्यम से आतंकियों को आत्मसमर्पण के लिए मनाया जा सके। मगर आतंकी नहीं माने और सुरक्षाबलों पर गोली चलाई। इस पर जवानों ने भी जवाबी प्रहार तेज किया और दोपहर एक बजे तक दोनों आतंकी मारे गए। रईस रियाज का अंगरक्षक बताया जाता है। वहीं, मुठभेड़ के दौरान लगी आग में आतंकी ठिकाना और उसके साथ सटा मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया।

### साथियों के आसपास छिपे होने की आशंका, तलाशी जारी

पुलिस महानिरीक्षक कश्मीर वीके बिरदी ने मुठभेड़ में दो आतंकियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि उनके शव बरामद कर लिए हैं। आतंकियों के साथियों के भी आसपास छिपे होने की आशंका है। तलाशी अभियान जारी है। आइजीपी ने आतंकियों की पहचान की तत्काल पुष्टि नहीं की है।

# बिहार में जदयू के पोलिंग एजेंट की हत्या

**आठ नामजद, बदमाशों ने पोलिंग एजेंट बनने पर मतगणना के पहले मार डालने की दी थी धमकी, अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई**



कार्यकर्ता अनिल कुमार ● फाइल फोटो

**जागरण संवाददाता, बिहारशरीफ (नालंदा) :** बिहार में नालंदा जिले में सोमवार तड़के जदयू कार्यकर्ता को भाले व और लाठी डंडे से पीट कर हत्या कर दी गई। वह एक जून को बूथ पर जदयू के पोलिंग एजेंट बने थे। मृतक अनिल कुमार की पत्नी व पुत्री का आरोप है कि मतदान के दिन गांव के ही दूसरे दल के समर्थकों ने उन्हें धमकी दी थी कि अगर वह जदयू के एजेंट बने तो मतगणना से पहले उनकी लाश गिरा देंगे। पत्नी उर्मिला देवी के बयान पर हुई प्राथमिकी में आठ लोगों को नामजद किया गया है। अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मृतक के पुत्र नरेंद्र कुमार सिंह ने पुलिस को चुनावी रंजिश के साथ गत दिनों गांव में जमीन खरीदने के दौरान आरोपितों से विवाद की जानकारी भी दी। कहा, मरने के पहले पिता ने मां को दो हमलावरों के नाम बताए थे। ग्रामीण अशोक मिश्रा ने बताया कि जमीन विवाद की बात सामने आ रही है। पुलिस चुनावी रंजिश के बिंदु पर भी जांच कर रही है।

मृतक की पुत्री नीतू कुमारी ने बताया कि पिता सुबह शौच के लिए घर से निकले थे। कुछ ही दूर आगे घात लगाए गांव के ही दूसरे दल के समर्थकों ने भाले और लाठी डंडे से पीट कर उन्हें जख्मी कर दिया। उनकी पुकार सुनकर वह स्वजन व ग्रामीणों संग मौके पर पहुंचीं, तब तक आरोपित भाग निकले थे। गंभीर स्थिति में उन्हें बिहारशरीफ सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

कार्यकर्ता की हत्या की खबर मिलते ही नालंदा के सांसद व जदयू प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार ने समर्थकों संग सदर अस्पताल पहुंचकर स्वजन से घटना की जानकारी ली। सांसद ने विपक्षी दल के समर्थकों पर हत्या का आरोप लगाया। सांसद ने एसपी से आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

### बंगाल में मतदान के बाद हिंसा जारी, कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने छोड़ा घर

**राज्य ब्यूरो, जागरण, कोलकाता :** बंगाल में मतदान के बाद हिंसा जारी है। शनिवार रात से अनेक जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला हुआ है। हमले का आरोप टीएमसी समर्थित बदमाशों पर लगा है। लगातार हमलों से भयभीत कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर छोड़ दिया है। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा है कि हार के डर से तृणमूल कांग्रेस के गुंडे भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं। वहीं, भाजपा आइटी सेल के प्रमुख व बंगाल के सह प्रभारी अमित मालवीय ने कहा है कि भाजपा के मतगणना एजेंटों को गैरकानूनी तरीके से गिरफ्तार किया जा रहा है। दूसरी ओर संदेशखाली में शनिवार को हुए मतदान के समय से ही माहौल अशांत है। वहां पुलिस व महिलाओं के बीच झड़प की घटनाएं सामने आ रही हैं। हिंसा में पुलिस ने रविवार रात सात और भाजपा समर्थकों को गिरफ्तार किया है। उन पर पुलिस पर हमले का आरोप है।

## एक नजर में

### ईरानी संसद के स्पीकर कालिबफ राष्ट्रपति की रेस में

**दुबई :** ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद कालिबफ ने 28 जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए सोमवार को रजिस्ट्रेशन कराया। यह दौड़ में शामिल होने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए आखिरी दिन था। उनसे पहले कट्टरपंथी पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने रविवार को रजिस्ट्रेशन कराया था। गार्जियन काउंसिल राष्ट्रपति पद में भाग लेने वालों के नामों पर विचार कर सूची जारी करेगी। मोहम्मद कालिबफ के प्रवेश के साथ ही देश के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के करीबी संबंधों वाला एक प्रमुख उम्मीदवार राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की जगह लेने के लिए मतदान में शामिल हो गया है। (एपी)

### उत्तर कोरिया के साथ सैन्य समझौता रद करेगा सियोल

**सियोल :** बढ़ते तनाव के बीच दक्षिण कोरिया 2018 में उत्तर कोरिया के साथ हुए सैन्य समझौते को रद करने की योजना बना रहा है। उत्तर कोरिया द्वारा चलाए जा रहे गुब्बारा अभियान की निंदा करते हुए दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने सोमवार को यह चेतावनी दी। गत दिनों उत्तर कोरिया ने सीमा पार से कचरा लिए गुब्बारे छोड़े, जिन्होंने दक्षिण कोरिया में गंदगी फैलाई और दक्षिण कोरिया को अलर्ट जारी करना पड़ा। (रायटर)

### साइफर मामले में इमरान व कुरैशी हाई कोर्ट से बरी

**इस्लामाबाद :** इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को साइफर मामले में सोमवार को बरी कर दिया। दूसरी ओर, इस्लामाबाद जिला एवं सत्र कोर्ट ने भी मार्च 2022 में प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़ से संबंधित दो मामलों में इमरान एवं कुरैशी को बरी कर दिया है। तीनों मामलों में बरी होने के बावजूद इमरान और कुरैशी अभी जेल में ही रहेंगे। इमरान दूसरे मामलों में दोषी करार दिए जा चुके हैं और कुरैशी नौ मई हिंसा मामले में गिरफ्तार हैं। (प्रेट्र)

# जो बाइडन के बेटे पर आपराधिक मुकदमे का ट्रायल शुरू

**वाशिंगटन, आइएएनएस :** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे हंटर बाइडन पर 2018 में रिवाल्वर की खरीद और कब्जे से जुड़े तीन गंभीर आरोपों के मामले में डेलावेयर में आपराधिक मुकदमा शुरू हो गया है। दोषी पाए जाने पर अधिकतम 25 साल जेल की सजा हो सकती है। हंटर बाइडन का मुकदमा मैनहट्टन जूरी द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दोषी करार दिए जाने के कुछ दिनों बाद सामने आया है। जूरी चयन के लिए प्रथम महिला जिल बाइडन के साथ हंटर बाइडन डेलावेयर में एक संघीय अदालत पहुंचे। यह ट्रायल दो सप्ताह तक चलने की उम्मीद है।

उन पर 2018 में कोल्ट कोबरा रिवाल्वर खरीदते समय फार्म में गलत जानकारी देने के आरोप हैं। उन्होंने बताया था कि वह ड्रग नहीं लेते हैं। अवैध रूप से 11 दिनों तक बंदूक अपने पास रखी थी। उन्होंने खुद को निर्दोष बताया और तर्क दिया है कि न्याय विभाग द्वारा उन्हें गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा है।

# ट्रंप बोले, मुझे सजा हुई तो टूट जाएगा लोगों का संयम



डोनाल्ड ट्रंप ● फाइल फोटो

- डोनाल्ड ट्रंप को 11 जुलाई को सजा सुनाई जानी है
- सजा सुनाए जाने के बाद अपील की बना रहे योजना

**वाशिंगटन, रायटर :** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि पिछले सप्ताह जूरी द्वारा दोषी ठहराए जाने के मामले में वह घर में कैद या जेल जाना स्वीकार कर लेंगे, लेकिन जनता के लिए इसे स्वीकार करना कठिन होगा। ट्रंप को 11 जुलाई को सजा सुनाई जानी है। इस मामले में अधिकतम चार साल की सजा सुनाई जा सकती है। सजा सुनाए जाने के चार दिन बाद ही आम चुनाव के लिए रिपब्लिकन की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की घोषणा की जानी है। ट्रंप इसके प्रबल दावेदार हैं। ट्रंप ने कहा कि मुझे नहीं लगता जनता इसके लिए तैयार है। मुझे लगता है कि जनता के लिए इसे स्वीकार करना कठिन होगा। हर किसी के संयम की एक सीमा होती है। मुझे लगता है यह अंतिम सीमा होगी।

ट्रंप पहले ही कह चुके हैं कि न्यूयार्क जूरी के फैसले के खिलाफ वह अपील करेंगे। उन्हें पोर्न स्टार को 2016 के चुनाव से पहले संबंधों को लेकर चुप रहने के लिए धन देने और संबंधित दस्तावेजों में हेराफेरी सहित अन्य मामलों में दोषी ठहराया गया है। ट्रंप ने इंटरनेट मीडिया पर कहा है कि इस मामले में अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट को अवश्य फैसला लेना चाहिए। कील ने कहा कि जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। ट्रंप 11 जुलाई को सजा सुनाए जाने के बाद अपील की योजना बना रहे हैं।

# सोनू निगम को ब्रिटेन में मानद फेलोशिप से किया गया सम्मानित



सोनू निगम ● फाइल फोटो

**लंदन, प्रेट्र :** बालीवुड गायक सोनू निगम को संगीत के क्षेत्र में उनके विश्वव्यापी प्रभाव के लिए एक प्रमुख भारतीय प्रवासी छात्र संगठन ने मानद फेलोशिप से सम्मानित किया है। निगम ब्रिटेन में हैं। ब्रिटेन के नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनाई यूनियन ने पिछले सप्ताह लंदन के वेम्बली एरिना में निगम की प्रस्तुति के दौरान उन्हें फेलोशिप से सम्मानित किया। लेबर पार्टी के ब्रिटिश भारतीय सांसद वीरेंद्र शर्मा और स्कूल आफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज में भारतीय संस्कृति के एमेरिटस प्रोफेसर रेचल ड्वायर ने निगम को सम्मानित किया। वहीं, अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा को हाल ही में आयोजित न्यूयार्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2024 में 'मिसेज' में भूमिका के लिए 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री' का पुरस्कार मिला है।

# 200 वर्षों में पहली बार मेक्सिको में चुनी गईं महिला राष्ट्रपति





मेक्सिको सिटी में सोमवार को विजय के बाद अभिवादन करतीं सत्तारूढ़ मोरेना पार्टी की प्रत्याशी क्लाउडिया शीनबाम ● एपी

- सत्तारूढ़ पार्टी की क्लाउडिया शीनबाम को मिली जीत
- एक अक्टूबर को पदभार ग्रहण करेंगी, 58.6 प्रतिशत वोट मिले

**मेक्सिको सिटी, एपी :** मेक्सिको में रविवार को हुए चुनाव में 200 वर्ष में पहली बार एक महिला को राष्ट्रपति चुना गया है। सत्तारूढ़ मोरेना पार्टी की उम्मीदवार क्लाउडिया शीनबाम ने जीत हासिल की है। वह एक अक्टूबर को पदभार ग्रहण करेंगी। जलवायु विज्ञानी और मेक्सिको सिटी की पूर्व मेयर रह चुकीं क्लाउडिया शीनबाम को 58.6 प्रतिशत के करीब मत मिले हैं। निवर्तमान राष्ट्रपति लोपेज ओब्रेडोर और प्रमुख प्रतिद्वंद्वी जोचिटल गैल्वेज ने जीत पर बधाई दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी बधाई देते हुए कहा कि मैं साझेदारी और दोस्ती की भावना से नवनिर्वाचित राष्ट्रपति शीनबाम के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं।

यह रूढ़िवादी राष्ट्र में एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जहां दो शताब्दियों से अधिक समय से देश की सत्ता विशेष रूप से पुरुषों के हाथ में रही है। लैटिन अमेरिका में अर्जेंटीना, ब्राजील, बोलीविया, चिली, निकारागुआ, होंडुरास, इक्वाडोर, अल साल्वाडोर, पनामा, हैती और कोस्टा रिका में महिलाओं ने नेतृत्व किया है। मैक्सिकन महिलाओं को 1953 में वोट देने का अधिकार मिला। क्लाउडिया के सामने हिंसा और लैंगिक कारणों से होने वाली हत्याओं से निपटना अहम मुद्दे होंगे। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, मेक्सिको में हर रोज लैंगिक कारणों से 10 महिलाओं की हत्या की जाती है।

# अमेरिका के कैलिफोर्निया में पढ़ने वाली भारतवंशी छात्रा सात दिन से लापता



लापता छात्रा निथीशा कंडुला ● फाइल/इंटरनेट मीडिया

**ह्यूस्टन, प्रेट्र :** अमेरिका के कैलिफोर्निया में रहने वाली एक 23 वर्षीय छात्रा पिछले सप्ताह से लापता है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। साथ ही लोगों से अपील की है कि अगर कोई जानकारी मिले तो तुरंत उन्हें सूचना दें। छात्रा हैदराबाद की रहने वाली है।

पुलिस प्रमुख जान गुटेरेज ने कहा कि कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी सैन बर्नार्डिनो की छात्रा निथीशा कंडुला 28 मई से लापता है। उसे अंतिम बार लास एंजिलिस में देखा गया था। उसके लापता होने की सूचना 30 मई को दर्ज कराई गई थी। लोगों से जानकारी होने पर लास एंजिलिस पुलिस या यूनिवर्सिटी पुलिस को सूचना देने की बात कही गई है। पुलिस ने कहा है कि 2021 माडल की टोयोटा कोरोला मिली है, जिस पर कैलिफोर्निया की नंबर प्लेट है। जांच जारी है।

# गर्मी और लू लगने से यूपी और बिहार में छह की जान गई

- ओडिशा में लू लगने से तीन दिनों में 99 लोगों की मौत हुई
- बिहार में लू से एक सप्ताह में 147 लोगों की गई जान



भीषण गर्मी के बीच सोमवार को मसूरी में पर्यटकों ने कैम्पटी फाल में आनंद उठाया ● प्रेट्र

**जागरण टीम, नई दिल्ली :** सोमवार को तेज गर्मी व लू लगने से उत्तर प्रदेश में दो और बिहार में चार की मौत हो गई। यूपी के फतेहपुर में उमस भरी गर्मी के चलते तबीयत खराब होने के बाद रोजगार सेवक समेत दो की मौत हो गई। बिहार में औरंगाबाद, अरवल, जमुई व रोहतास में एक-एक की जान गई। झारखंड में भी बीते पांच दिनों में गर्मी और लू से 60 से अधिक लोगों की मौत हुई है। ओडिशा में भी भीषण गर्मी और लू से पिछले तीन दिनों में 99 लोगों की मौत हो चुकी है। अप्रैल से अब तक 141 लोग लू की चपेट में आकर जान गंवा चुके हैं। हालांकि राज्य के विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) ने लू से सिर्फ 26 लोगों की मौत की बात स्वीकार की है। वहीं बिहार में लू के प्रकोप से अबतक 150 लोगों की जान जा चुकी है। पिछले हफ्ते 147 लोगों की लू से मौत हो गई थी।

उत्तर प्रदेश के जिलों में पिछले दो-तीन दिनों में अधिकतम तापमान में तीन-चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। नौतपा खत्म होने के बाद भी गर्मी में कमी नहीं आई है। कई जिलों में न्यूनतम तापमान 27-30 डिग्री सेल्सियस बना हुई है, इससे रात में भी लोगों की परेशानी बढ़ गई है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, अभी कुछ दिनों तक तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। हालांकि, लू का असर लगभग समाप्ति की ओर है, लेकिन चिलचिलाती धूप से भीषण गर्मी बनी रहेगी। सोमवार को प्रदेश में सबसे गर्म प्रयागराज रहा, अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री दर्ज किया गया।

बिहार में अररिया को छोड़ कर पटना सहित सभी जिलों के अधिकतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। 43.9 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। किशनगंज, अररिया, कटिहार, शेखपुरा व सीतामढ़ी के अलग-अलग स्थानों पर वर्षा हुई। प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून के 10-15 जून के बीच आने की संभावना है।

### अल-नीनो होगा समाप्त, ला-नीना की संभावना : डब्ल्यूएमओ

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** रिकार्ड तोड़ गर्मी से राहत की उम्मीद है। खराब मौसम के लिए जिम्मेदार अल- नीनो के ला- नीना में बदलने का अनुमान है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) के अनुसार अल- नीनो कमजोर हो रहा है। प्रशांत महासागर के ठंडा होने की घटना को ला-नीना कहते हैं। वहीं अल- नीनो में समुद्र की सतह का तापमान बढ़ जाता है। ला- नीना से भारत में अच्छी मानसूनी वर्षा होती है। डब्ल्यूएमओ के 'ग्लोबल प्रोड्यूसिंग सेंटर्स आफ लांग-रेंज फारकास्ट' में जून-अगस्त में अल- नीनो के ला- नीना में बदलने की संभावना 50 प्रतिशत बताई है।

### 'अस्पतालों में अग्नि-सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन करें'

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने सोमवार को राज्यों और स्वास्थ्य सेवा संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में अस्पतालों में अत्यधिक गर्मी की वजह से आग लगने की बढ़ती आशंका का हवाला देते हुए अग्नि-सुरक्षा प्रोटोकाल का कड़ाई से अनुपालन करने का आह्वान किया। अपूर्व चंद्रा ने कहा, 'अस्पतालों में आग से जुड़े संभावित खतरों को देखते हुए यह जरूरी है कि आग को प्रभावी ढंग से रोकने, पता लगाने और कार्रवाई करने के लिए सख्त प्रोटोकाल एवं उपाय किए जाएं।'

# ताजमहल को पाकिस्तान भेजना चाहते थे पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू

- फ्रांसीसी इतिहासकार मिशेल की मृत्यु के बाद खड़ा हुआ विवाद
- प्रधानमंत्री मोदी को पत्र भेजकर दावे की जांच कराने की मांग

**जागरण संवाददाता, आगरा :** आगरा के ताजमहल को लेकर अब एक नया विवाद सामने आया है। फ्रांसीसी इतिहासकार, दार्शनिक और इंडोलाजिस्ट (भारतीय साहित्य, इतिहास और दर्शन का अध्ययनकर्ता) मिशेल एंगोट की मृत्यु के बाद यह दावा किया गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ताजमहल को तुड़वाकर पाकिस्तान भिजवाना चाहते थे। मोहम्मद अली जिन्ना भी इससे सहमत थे। आगरा हेरिटेज ग्रुप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर दावे की सत्यता की जांच कराने की मांग की है।

मिशेल एंगोट की फ्रेंच भाषा में लिखित पुस्तक 'हिस्ट्री आफ इंडिया' और फ्रांसीसी पत्रिका 'एशियालिस्ट' में उनके साक्षात्कार पर आधारित रिपोर्ट में 1947 में नेहरू और जिन्ना के ताजमहल तुड़वाकर पाकिस्तान भिजवाने पर सहमत होने का दावा किया गया है। इसका प्रस्ताव वायसराय माउंटबेटन की ओर से आने की संभावना जताई गई है। पाक में ताजमहल का पुनर्निर्माण किया जाता, लेकिन पैसों की कमी के चलते यह संभव नहीं हो सका। आगरा हेरिटेज ग्रुप के सदस्य पत्रकार ब्रज खंडेलवाल, गाइड डा. मुकुल पंड्या व गोपाल सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र भेजा है। इसमें एंगोट के दावे की जांच की मांग की है।

> एंगोट की मृत्यु के समय देश में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी। संवेदनशील मुद्दा होने की वजह से उन्होंने सातवें चरण का मतदान होने के बाद रविवार को प्रधानमंत्री को एंगोट के दावे की सत्यता की जांच कराने को पत्र भेजा है। फ्रांसीसी साहित्य में बड़ा नाम होने के साथ ही एंगोट भारतीय मामलों के विशेषज्ञ थे। इसलिए उनके दावे की गंभीरता से जांच करानी चाहिए।
>
> **-ब्रज खंडेलवाल**, सदस्य, आगरा हेरिटेज ग्रुप

*********

जागरण सिटी



दैनिक जागरण

# दिल्ली

नालों की सफाई में हो रही है लापरवाही : राजा इकबाल



मतगणना की तैयारी पूरी, ड्रोन से होगी निगरानी : अनीता राणा | www.jagran.com


# भारत फिर बनेगा सोने की चिड़िया



GROW WITH INDIA ❯ INVEST WITH KEDIA

## आज बुक कराओ
## 10 लाख कमाओ

— आज आखिरी दिन —



## ONGOING VILLAS & APARTMENTS PROJECTS

| Project | Location | |
|---|---|---|
| KEDIA सेजस्थान – KOTHI & WALK-UP APARTMENT – अजमेर रोड, जयपुर | Ajmer Road, Jaipur | कल 2 लाख कीमत बढ़ेगी |
| Kedia's THE KOTHI | Sirsi Road, Vaishali Extension, Jaipur | कल 5 लाख कीमत बढ़ेगी |
| A Project By Kedia – THE KUNBA | Near MPS, Pratap Nagar, Tonk Road, Jaipur | कल 10 लाख कीमत बढ़ेगी |
| Kedia's THE PALM – A RETREAT FOR THE ELITE | Vaishali Nagar Extension, Jaipur | कल 10 लाख कीमत बढ़ेगी |
| KEDIA'S THE OXYGEN – Rhythmic Blend of Nature & Architecture | Vaishali Nagar Extension, Jaipur | कल 5 लाख कीमत बढ़ेगी |
| KEDIA'S Corporate Club – RESIDENTIAL APARTMENTS | Vaishali Extension, Jaipur | कल 7 लाख कीमत बढ़ेगी |

## ONGOING PLOTTED PROJECTS

| Project | Location | आज की रेट (प्रति वर्ग गज़) | कल की रेट (प्रति वर्ग गज़) |
|---|---|---|---|
| KEDIA'S CORRIDOR | Ring Road, Tonk Road, Jaipur | 15000 | 18000 |
| Ganesh Vihar EXTENSION – A GRAND RESIDENTIAL SCHEME | Ring Road, Tonk Road, Jaipur | 15000 | 16000 |
| KEDIA'S KINGDOM – AN INTEGRATED TOWNSHIP | Ring Road, Tonk Road, Jaipur | 12000 | 15000 |
| KEDIA'S CAPITAL – An Integrated Township | Ring Road, Tonk Road, Jaipur | 12000 | 15000 |

आज हमारे सभी ऑफिस रात 10 बजे तक खुले रहेंगे।

KEDIA®

1800-120-2323
78770-72737

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in
RAJ/P/2023/2387 | RAJ/P/2021/1523 | RAJ/P/2021/1526
RAJ/P/2022/1900 | RAJ/P/2020/1274 | RAJ/P/2019/1075
RAJ/P/2019/1132 | RAJ/P/2017/178 | RAJ/P/2017/165

*T&C Apply


********

दैनिक जागरण

# सप्तरंग

अंतस और अध्यात्म का

मंगलवार, 4 जून, 2024



चिंतन धरोहर

संत सीताराम ओंकारनाथ

## ब्रह्मस्वरूप ओंकार

ओंकार (ॐ) ही ब्रह्म है और ब्रह्म ही ओंकार है। जिस मुमुक्षु साधक के सत, रज और तामस कर्मों का अर्पण भगवान को ही अर्पित हो जाता है, जब ऐसा शुद्ध बुद्ध महात्मा प्राणायाम के द्वारा प्राणवायु में प्रणव (ॐ) को धारण कर लेता है, तब वह स्वयं ब्रह्म हो ही जाता है। यही मोक्ष है।

तप, दान, पुण्य आदि सब ईश्वर को अर्पित करते जाओ। प्रणव रूप परमेश्वर को नमस्कार करो, एकाग्र चित्त से ओंकार का स्मरण करो। ऐसा करने से मुक्ति लाभ में कोई बाधा नहीं है। वेद विदित अनुभवों के आधार पर जिन ऋषि-मुनियों ने ओंकार प्रणव की उपासना की, वही उनका परम श्रेय और प्रिय बन गया। इसलिए ब्रह्मवाचक ओंकार की उपासना एक मात्रा, अनेक मात्रा और अमात्रा पद्धति से भी की जा सकती है। भगवान शंकर ने अपनी प्रिय पार्वती के समक्ष इस प्रणव मंत्र का उपदेश किया था। पार्वती जी ने जब प्रणव उपासना का क्रम पूछा, तब सदाशिव प्रणव रूप शिव बोले : एकाक्षर मंत्र का जप करते हुए, इस मंत्र की अर्थ-भावना भी करनी चाहिए।

कोई साधक प्रणव को इतनी जोर से बोलता है कि सबको सुनाई दे, दूसरे प्रकार के साधक वे हैं, जो जिह्वा और होंठों को हिलाते हुए जप करते हैं। इस पद्धति को उपांशु कहते हैं। तीसरा मानस जप होता है, जो केवल मन ही मन किया जाता है और ध्यान में उसका दर्शन किया जाता है। प्राणायाम करते हुए भी ओंकार का स्वरनाद कुछ ऋषि करते आए हैं। पहले श्रवण करो, मुख बंद करके अनामिका और मध्यमा अंगुली से नासिका के बाएं छिद्र को बंद करो। फिर 32 बार प्रणव मंत्र का मन ही मन जप करते हुए धीरे-धीरे वायु को ऊपर की ओर भरो। अब दाहिने हाथ के अंगूठे से दाहिने नासिका छिद्र को बंद करो, 64 बार ओंकार का जप करते हुए कुंभक (श्वास को अंदर रोक कर) करो। उसके पश्चात सोलह बार प्रणव का जप करते हुए शनैः शनैः वाम नासापुट से वायु को छोड़ो (रेचन)। इसी प्रकार पूरक कुंभक और रेचन करने से एक प्राणायाम होता है। यह अभ्यास योगी गुरु के सान्निध्य में करना उचित है। मुमुक्षुओं इसकी मात्रा संतुलित रहकर बढ़ाना उचित है तथा प्राणवायु उसके वशीभूत हो जाती है। तब साधक के समस्त पाप भस्म हो जाते हैं। वह ब्रह्मस्वरूप होकर पृथ्वी पर विचरण करता है। भगवान शंकर द्वारा पर्वतराज हिमराज पुत्री पार्वती को दिया गया यह उपदेश परमधर्म का सार है।

**प्रस्तुति : उदयलक्ष्मी सिंह परमार**



अगले मंगलवार को पढ़ें मोरारी बापू का चिंतन




जीवन दर्शन

श्री श्री रविशंकर

आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता आध्यात्मिक गुरु

# आनंद से परिपूर्ण है अध्यात्म का पथ



जीवन में हमारा पथ ऐसा नहीं होना चाहिए, जिसमें नीरसता छाई हुई हो या कोई आनंद न हो। पथ का लक्ष्य और पथ दोनों ही आनंदमय होना चाहिए। जिसमें आनंद हो, वही आध्यात्मिक पथ है।

ध्यान से मन शांत हो जाता है और भीतर के गुण विकसित होते हैं। • फोटो : जागरण आर्काइव

युवा वह है, जो हमेशा जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहता है। जो हमेशा उत्साहित रहता हो। यदि कोई युवा इस बात की प्रतीक्षा करता है कि उसके जीवन में सब कुछ आसान हो जाए, तो वह व्यक्ति युवा नहीं कहलाएगा। जीवन में चुनौतियों से डरे बिना उनका सामना करने में आध्यात्मिक ज्ञान और 'ध्यान' की बड़ी भूमिका है। पूजा-पाठ, आराधना-साधना ही अध्यात्म नहीं है। जहां हमारा आत्मबल बढ़े, जहां कोई परवाह न लगे, जहां जीवन में मानवीय मूल्य सहज ही बहने लगें और जहां हमारे भीतर अटूट विश्वास, अटूट शक्ति जागे, वही अध्यात्म है।

अध्यात्म हमारा मूल है। अध्यात्म से आत्मबल बढ़ता है। आपके भीतर स्थिरता, धैर्य, शौर्य, करुणा, दया आदि सभी सद्गुण हैं, पर उन्हें विकसित होने के लिए, थोड़ा समय और एक अवसर चाहिए। वह समय और अवसर आपको 'ध्यान' के अभ्यास से मिल सकता है। ध्यान से आपका मन शांत हो जाएगा और आप अपने भीतर ये सभी गुण विकसित होते हुए देखेंगे।

अक्सर युवा समझते हैं कि महत्व की बात है, वह रसहीन (बोरिंग) होगी। इसलिए युवाओं को अध्यात्म के बजाय दुनिया के आकर्षण अधिक प्रभावित करने लगते हैं। लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। अध्यात्म रसहीन नहीं है। जो दुनिया से भी अधिक आकर्षक है, वही अध्यात्म है।

यदि एक व्यक्ति को दुनिया के आकर्षण से भी ऊपर उठना हो तो पथ भी ऐसा आकर्षक होना चाहिए, जिसमें शेष सब आवश्यक चीजें सहज ही छूट जाएं। इसलिए जितने भी मार्ग हैं, उनमें आध्यात्मिक पथ पर सारी अनावश्यक बातें अपने आप छूट जाती हैं।

युवाओं को यह बात समझनी चाहिए कि अंदर की गहराई के बिना जीवन में कोई बात नहीं बनेगी और न ही किसी काम में सफलता मिलेगी। काम में सफलता मिलने के लिए अंतर्मुखी और केंद्रित होना चाहिए। जब आप अंतर्मुखी होने लगेंगे, तब जीवन में मजबूती आएगी और आप सुखी रहेंगे। आप जो भी सोचेंगे, वह काम होने लगेगा। जब जीवन में सत्व बढ़ता है तो अपने आप संकल्पसिद्धि होने लगती है। हमें कभी हार का सामना नहीं करना पड़ता। जब सतोगुण की वृद्धि होती है तो आप दुनिया जीत सकते हैं। आप मुस्कुराते-मुस्कुराते हर तरह की चुनौतियों को पार कर लेते हैं। जब हम अध्यात्म के द्वारा समष्टि चेतना के साथ जुड़ जाते हैं, तभी काम में सफलता मिलती है।

युवाओं के जीवन की दिशा काफी कुछ उनकी संगत पर निर्भर करती है। हमारा जीवन पानी जैसा है। आप उसको जिस सांचे में ढालते हैं, वह वैसा हो जाता है। आप जैसी संगत में रहते हैं, आपकी जीवन धारा वैसी ही बहने लगती है। अगर मन को चुगली में लगाएंगे तो फिर वो चुगली करने लगेगा, क्रोध में डालेंगे तो क्रोधित रहेंगे। मन को चिंता की झोली में डालेंगे तो चिंतित रहेंगे। जब आप मन को लोभ और लालच में डालते हैं तो दिमाग यही सोचता रहता है, 'अरे, उसने उतना कमाया, इसने इतना किया, मैं इतना करूं'। यदि कोई भी कारण न हो तो भी हम कुछ न कुछ कारण ढूंढ़ ही लेते हैं और ऐसे ही जीवन व्यतीत हो जाता है। लेकिन जब आप सत्संग में जाते हैं तो आपकी ऊर्जा सकारात्मक हो जाती है। जब आप सत्संग में बैठते हैं तो आपकी पूरी चेतना बदल जाती है। आपका मन सकारात्मक हो जाता है और उत्साह, स्फूर्ति और भक्ति से भर जाता है। जब आप मन को भक्ति के वातावरण में डालते हैं, तब आप भक्तिमय हो जाते हैं। और इस तरह जब हम जीवन को प्रेम और अध्यात्म में डालते हैं तो हमारा पूरा जीवन प्रेममय और आध्यात्मिक हो जाता है।

आज के युवा कुछ क्षणों के आनंद के लिए नशे की आदतों में फंस जाते हैं, लेकिन ऐसी आदतों से मिलने वाला सुख क्षणिक होता है। थोड़े समय बाद पछतावा, दुःख और नीरसता आ जाती है। जीवन में हमारा पथ ऐसा नहीं होना चाहिए, जिसमें नीरसता छाई हो । पथ का लक्ष्य और पथ दोनों ही आनंदमय होने चाहिए। जिसमें मस्ती हो, आनंद हो, वही आध्यात्मिक पथ है। इसीलिए कुछ साधु-संन्यासी, महात्मा नाम के अंत में आनंद जोड़ देते हैं। ऐसा इसीलिए कि वे सत्संग में ढलकर मस्त हो गए हैं। एक बार जिनको ध्यान का, सुदर्शन क्रिया का और आध्यात्मिक ज्ञान का रस मिल जाता है, फिर उन्हें यही लगता है कि अरे, इसमें तो बहुत आनंद है, हमने पहले इसका अनुभव क्यों नहीं किया।

लेख विस्तार से पढ़ने के लिए स्कैन करें।



पर्व संस्कृति

स्वामी अवधेशानन्द गिरि

जूनापीठाधीश्वर, आचार्यमहामंडलेश्वर

# वृक्षों में होता है देवत्व

भारतीय संस्कृति और अध्यात्म में जीवन मूल्यों का संवर्धन, पारमार्थिक प्रवृत्तियों का प्रसार एवं जीव मात्र के कल्याण के स्वर सहज समाहित हैं। हम सनातन धर्मावलंबी चिरकाल से ही आत्मोत्कर्ष के साथ प्रकृति और पर्यावरण की अभिरक्षा हेतु संकल्पित और समर्पित हैं। इसीलिए हमारे पर्वों में वृक्षों की पूजा का प्रविधान है। वट अमावस्या या वट सावित्री के व्रत व पर्व पर तो वटवृक्षों को देवतुल्य मानकर उनकी पूजा की जाती है। वृक्षों में देवत्व का अर्थ इनकी महत्ता और उपयोगिता को समझना है और इन्हें बचाना है। वृक्षों से ही हमारा पर्यावरण शुद्ध होता है और जीवन संभव हो पाता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए कम से कम प्राकृतिक संसाधन का दोहन करना होगा। अधिक से अधिक पौधारोपण ही प्रकृति व पर्यावरण को बेहतर करेगा। इसलिए इस पर्व पर हर व्यक्ति को प्रतिवर्ष अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए।

पर्यावरण संरक्षण हमारे आध्यात्मिक, सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं का हिस्सा है। अथर्ववेद में कहा गया है कि मनुष्य का स्वर्ग पृथ्वी पर है, यह जीव जगत सबका प्रिय स्थान है, इसे प्रकृति के उपहारों का आशीर्वाद प्राप्त है।

पृथ्वी हमारा स्वर्ग है और इस स्वर्ग की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। देश में तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण वृक्षों को काट देने से वहां रहने वाले पशु-पक्षी अन्यत्र चले गए। इससे



सनातन संस्कृति में है पर्यावरण का संदेश

हमारी पारिस्थितिकी प्रभावित होती है। प्राचीन समय से पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए बड़-पीपल जैसे वट वृक्षों को काटने से रोकने के लिए उनकी देवताओं के रूप में पूजा की जाती रही है। आज भी गांवों में लोग बरगद या पीपल का पेड़ नहीं काटते हैं। हमारे चारों ओर जो विराट प्राकृतिक परिवेश व्याप्त है, उसे ही हम पर्यावरण कहते हैं। पर्यावरण पेड़-पौधों, वायु हमारे आसपास की सभी चीजों से मिलकर बनता है। पर्यावरण के अभाव में जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। हमारे सनातन हिंदू दर्शन में एक वृक्ष की मनुष्य के दस पुत्रों से तुलना की गई है : दशकूप समावापीः दशवापी समोहदः। दशहद समःपुत्रो दशपत्र समोद्रुमः।। सृष्टि में पदार्थों में संतुलन बनाए रखने के लिए यजुर्वेद में एक श्लोक वर्णित है : ॐ द्यौः शांतिरन्तरिक्षं शांतिः पृथिवी शांतिरापः शांतिरोषधयः शांतिः। वनस्पतयेः शांतिर्विश्वे देवाः शांतिर्ब्रह्म शांतिः सर्व शांतिः शांतिरेव शांतिः सा मा शांतिरेधि।।

### सप्ताह के व्रत त्योहार


**4 जून, मंगलवार :** भौम प्रदोष व्रत

**6 जून, गुरुवार :** स्नान दान श्राद्धादि की अमावस्या । वट सावित्री व्रत । बरगदाही अमावस्या । शनि जयंती

## वर्ग पहेली - 2650

**बाएं से दाएं**

4. बहुत बड़ा ज्ञानी, शिव (4)। 6. फेफड़ों में जख्म हो जाने का दुसाध्य रोग (4)। 8. प्रेम, इच्छा, चाह (3)। 9. सोने-चांदी की टिकली, नक्षत्र, भाग्य (3)। 11. ठिगना, बौना (2)। 12. घुमंतू, जिसका कोई घर, ठौर-ठिकाना न हो (5)। 15. ठन-ठन करना (5)। 16. अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी (2)। 17. सरदार (3)। 19. चित्रकार की कूंची, सीक (3)। 20. हंसोड़, मजाकिया (4)। 21. सुंदर, मनोहर (4)।



© Bird Features & Writing Agency

**ऊपर से नीचे**

1. अनश्वरता, अमरत्व (4)। 2. आदेश (2)। 3. बुरी तरह से घायल (3)। 5. अपमानित करना, हराना (2,3)। 7. रोग दूर करना (4)। 10. खाद्य-सामग्री, अन्न (3)। 13. अनेक ढंग, कई तरह (2,3)। 14. जिसमें दो परतें या तहें हों, दुगुना (3)। 15. ठूंस कर भरा हुआ (4)। 18. वश में करने वाला (4)। 19. मदिरा, सोम, मधु (3)। 22. चालीस किलोग्राम एक .... के बराबर होता है (2)।

### कल का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | हा | न | | स | | स | फा | च | ट |
| स | | | | फ | ट | ना | | | ह |
| न | | | पा | र | | त | | | नी |
| द | म | क | ल | | का | न | न | | |
| | स्त | | क | | | | र | ज | क |
| वि | क | ल | | | | आ | | सी | |
| | | को | च | ह | | हा | स्य | म | य |
| कु | | | रा | | स | र | | | शो |
| ह | | | चं | ल | न | | | | गा |
| ल | ल | का | र | | की | | जे | ह | न |

## जागरण सुडोकू - 2650

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 2 | 7 | | |
| 6 | 3 | | 9 | | 5 | | 4 | 2 |
| | 2 | | 3 | | | | | |
| 3 | | | | 8 | | 9 | 5 | |
| | 8 | | 7 | | 9 | | 2 | 3 |
| 1 | | | 6 | | | | | |
| | | 5 | | 3 | 6 | 2 | | 8 |
| | 7 | | | 9 | | | | 4 |
| | 1 | | 4 | | | 5 | 9 | |

### कल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 2 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 | 3 | 7 |
| 3 | 5 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 4 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 7 | 5 | 6 | 4 | 9 | 3 | 8 | 2 |
| 8 | 3 | 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 7 | 9 |
| 5 | 1 | 9 | 8 | 6 | 7 | 2 | 4 | 3 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 3 | 4 | 8 | 9 | 1 |
| 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 5 | 6 |

## आज का भविष्यफल - 04 जून, 2024 मंगलवार

के. ए. दुबे पद्मेश

**ग्रह स्थिति :** ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष त्रयोदशी। **राहुकाल :** अपराह्न 03 बजे से 04 बजकर 30 मिनट तक। **दिशाशूल :** उत्तर। **पर्व एवं त्योहार :** भौम प्रदोष, कालिका पूजन। **भद्रा :** रात्रि के 10 बजकर 02 मिनट से 05 जून को प्रातः 08 बजकर 59 मिनट पर समाप्त।


कल 05 जून, 2024 का पंचांग

कल का **दिशाशूल :** उत्तर

कल का **महत्वपूर्ण दिवस :** पर्यावरण दिवस

कल की **भद्रा :** प्रातः 08 बजकर 59 मिनट पर समाप्त।

विक्रम संवत 2081, शके 1946, उत्तरायण, उत्तरगोल, ग्रीष्म ऋतु ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तत्पश्चात् अमावस्या कृतिका नक्षत्र तत्पश्चात् रोहिणी नक्षत्र, सुकर्मा योग तत्पश्चात् धृति योग, वृष में चंद्रमा।




**मेष :** पंचग्रही योग आर्थिक सफलता देगा। रिश्तों में मजबूती आएगी।

**वृष :** आपकी राशि में पंचग्रही योग बन रहा है। लक्ष्य की प्राप्ति होगी।

**मिथुन :** राशि के 12वें पंचग्रही योग है। आज कुछ वृक्ष अवश्य लगाएं।

**कर्क :** आर्थिक योजना फलीभूत होगी। रिश्तों में निकटता आएगी।

**सिंह :** राजनैतिक महत्वाकांक्षा बढ़ेगी। सकारात्मक प्रयास करें।

**कन्या :** संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा।

**तुला :** तुलसी का पौधा लगाएं। रिश्तों में निकटता आएगी।

**वृश्चिक :** रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी।

**धनु :** आर्थिक योजना फलीभूत होगी। शासनसत्ता का सहयोग रहेगा।

**मकर :** जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**कुंभ :** रिश्तों में निकटता आएगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।

**मीन :** शासनसत्ता का सहयोग रहेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी।

जागरण सिटी दिल्ली

# पहले कंप्यूटराइज्ड ड्रा में 36 हजार सीटें आवंटित

निजी स्कूलों में दाखिले के लिए ईडब्ल्यूएस, डीजी व सीडब्ल्यूएसएन श्रेणी के तहत दो लाख छात्रों ने किया था आवेदन

**28** जून तक विद्यार्थियों को लेना होगा दाखिला, खाली रहीं सीटें तो फिर होगा ड्रा

**1.5** लाख से अधिक विद्यार्थी ड्रा के बाद अब भी दाखिले के लिए कर रहे हैं प्रतीक्षा

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** राजधानी के निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (ईडब्ल्यूएस), वंचित समूह (डीजी) और दिव्यांग श्रेणी (सीडब्ल्यूएसएन) के छात्रों का नर्सरी, केजी और पहली में दाखिले के लिए शिक्षा निदेशालय ने कंप्यूटराइज्ड ड्रा आयोजित कर दिया है। पहले कंप्यूटराइज्ड ड्रा के तहत 36 हजार सीटों पर उम्मीदवारों को सीटें आवंटित कर दी गई है। इस बार ईडब्ल्यूएस, डीजी और सीडब्ल्यूएसएन श्रेणी के तहत दो लाख विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। ड्रा के बाद अब भी डेढ़ लाख से अधिक विद्यार्थी दाखिले के लिए प्रतीक्षा कर रहे हैं।

निदेशालय के अधिकारी ने बताया कि कंप्यूटराइज्ड ड्रा के सफल उम्मीदवारों को ड्रा पूरा होने के 24 घंटे के भीतर उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से ईडब्ल्यूएस, डीजी और सीडब्ल्यूएसएन श्रेणी के तहत प्रवेश के लिए आवंटित स्कूल के बारे में सूचित कर दिया गया है। चयनित उम्मीदवारों को 28 जून तक आवंटित स्कूल में पहुंचकर दाखिला सुनिश्चित कराना होगा नहीं तो उनकी उम्मीदवारी रद कर दी जाएगी। अभिभावकों को अपने साथ सत्यापन के लिए जरूरी दस्तावेज भी ले जाने होंगे। निदेशालय ने सभी स्कूलों को सलाह दी कि वे सभी उम्मीदवारों और उनके माता-पिता के लिए एक साथ परिचय सत्र आयोजित करें, वहीं स्कूलों को विभिन्न विभागों की ओर से आनलाइन जारी किए गए ईडब्ल्यूएस, डीजी और सीडब्ल्यूएसएन प्रमाण पत्रों की वास्तविकता को भी सत्यापित करना चाहिए। निदेशालय ने कहा कि कोई भी स्कूल उन ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभिभावकों से आय प्रमाण पत्र नहीं मांगेगा जो बीपीएल या खाद्य सुरक्षा कार्ड की फोटोकापी जमा कराते हैं।




### इन दस्तावेज को ले जाना होगा साथ

- विद्यार्थी की ओर से भरे गए आवेदन का प्रिंटआउट
- उम्मीदवार की दो तस्वीरें
- माता-पिता के आधार कार्ड की फोटोकापी
- जन्मतिथि के प्रमाण की स्व सत्यापित फोटोकापी
- आवासीय प्रमाण की स्व-सत्यापित फोटोकापी
- ईडब्ल्यूएस, डीजी और सीडब्ल्यूएसएन श्रेणी के प्रमाण की स्व-सत्यापित फोटोकापी

### स्कूलों को अभिभावकों की सहायता के लिए स्थापित करने होंगे सहायता डेस्क

निदेशालय ने कहा कि कई अभिभावक पहली बार निजी स्कूलों से संपर्क कर रहे होंगे। इसलिए ईडब्ल्यूएस, डीजी और सीडब्ल्यूएसएन श्रेणी के बच्चों के अभिभावकों की सहायता और सुविधा के लिए, संबंधित स्कूलों को स्कूल परिसर में सहायता डेस्क स्थापित करनी चाहिए। निदेशालय ने कहा कि स्कूल उन सफल उम्मीदवारों को प्रवेश देने से इन्कार नहीं करेंगे, जिन्होंने आनलाइन आवेदन पत्र में माता-पिता में से केवल एक का विवरण भरा है। इसके साथ ही स्कूल को अधिकारियों की ओर से यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ईडब्ल्यूएस, डीजी और सीडब्ल्यूएसएन श्रेणी के सफल उम्मीदवारों को तुच्छ आधार पर प्रवेश देने से इन्कार न किया जाए। निदेशालय ने कहा कि स्कूलों को उम्मीदवारों को जल्द प्रवेश दिया जाना चाहिए, ताकि बच्चे पहले दिन से ही शैक्षणिक सत्र में शामिल हो सकें, वहीं कोई भी स्कूल ईडब्ल्यूएस, डीजी और सीडब्ल्यूएसएन श्रेणी के तहत प्रवेश पाने वाले छात्रों से ट्यूशन फीस नहीं लेगा। इसके अलावा स्कूलों को ईडब्ल्यूएस, डीजी और सीडब्ल्यूएसएन श्रेणी के तहत प्रवेश पाने वाले प्रत्येक छात्र को मुफ्त किताबें, स्कूल यूनिफार्म और स्टेशनरी का समान अनिवार्य तौर पर करना होगा।

## द गुड पालिटिशियन के तीसरे सत्र के लिए आवेदन शुरू

**जासं, नई दिल्ली:** इंडियन स्कूल आफ डेमोक्रेसी (आइएसडी) के द गुड पालिटिशियन कार्यक्रम के तीसरे सत्र के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसमें भाग लेने के लिए https://www.indianschoolofdemocracy.org/hi/tgp वेबसाइट पर नौ जून तक आवेदन किए जा सकते हैं। तीसरे सत्र की शुरुआत अगस्त में होगी, जो अप्रैल 2025 में समाप्त होगा। यह कार्यक्रम 50 युवा नेताओं के साथ नौ माह की लंबी राजनीतिक नेतृत्व यात्रा है, जिसका उद्देश्य भारत के सार्वजनिक नेतृत्व के स्वरूप को बदलना है। इस सब में एक मुख्य विचार राजनीतिक कौशल का निर्माण, भविष्य के राजनेताओं का एक समुदाय और देश में राजनीतिक परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए नैतिक साहस और कल्पना का निर्माण करना है।

## लेखक बनने को ई-पुस्तकालय अच्छा प्लेटफार्म : संजय कुमार

**जासं, नई दिल्ली:** केंद्र सरकार की ओर से राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय के प्रबंधन का दायित्व नेशनल बुक ट्रस्ट को सौंपा गया। डा. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर समारोह में स्कूल शिक्षा व साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय के माध्यम से कहीं भी पाठकों को पुस्तकें पढ़ने के लिए उपलब्ध होंगी। यह उन बच्चों के लिए भी अच्छा प्लेटफार्म है, जो लेखक बनना चाहते हैं। पूरे देश में समग्र शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पुस्तकालयों को उन्नत बनाया गया है और नए पुस्तकालयों की स्थापना को भी प्रोत्साहित किया गया है। उच्चतर शिक्षा विभाग के सचिव के संजय मूर्ति ने राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय को देश के बच्चों और किशोरों के लिए बड़ा उपहार बताया। उन्होंने कहा कि गैर शैक्षणिक पुस्तकों की उपलब्धता का यह प्रयास सराहनीय है।



स्कूल शिक्षा व साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार

बच्चों और किशोरों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने, उन्हें पाठ्यक्रम के अलावा भी पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित करने और देश के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, विज्ञान एवं तकनीकी में विकास कार्यों से जोड़ने के लिए शिक्षा मंत्रालय की पहल पर राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय (बच्चों और किशोरों के लिए नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी) की शुरुआत की गई है। यह देश का एकमात्र ऐसा एप है, जहां पाठकों को देशभर के प्रकाशकों की पुस्तकें निश्शुल्क पढ़ने के लिए उपलब्ध हैं। यह एंड्रायड, आइओएस और वेब आधारित एप्लीकेशन है।

## माडर्न वारियर्स ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** टर्फ जूनियर क्रिकेट लीग अंडर-14 के फाइनल मुकाबले में माडर्न वारियर्स ने टर्फ सुल्तांस को सात विकेट से हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। श्री गुरु गोबिंद सिंह ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में टास जीतकर टर्फ सुल्तांस ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

टीम ने 18.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 87 रन बनाए। बल्लेबाज उत्सव आनंद ने 46 और माहिर बग्गा ने 21 रन बनाए। जवाब में माडर्न वारियर्स ने 15.1 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 90 रन बनाए और सात विकेट से जीत दर्ज की। बल्लेबाज विशेष कायत ने नाबाद 26 और हरजगतेश्वर खैरा ने 16 रन की पारी खेली।

वहीं गेंदबाज विनायक चौधरी ने तीन और वियान ने दो विकेट चटकाए। अंत में वियान मैन आफ द मैच और विनायक श्रेष्ठ गेंदबाज चुने गए।

# मनोरंजन

## हीरामंडी के दूसरे सीजन का भी हिस्सा बनना चाहते हैं ताहा



हीरामंडी के पहले सीजन में ताहा ने निभाई थी ताजदार की भूमिका • @taahashah (इंस्टाग्राम)

हालिया प्रदर्शित वेब सीरीज हीरामंडी कभी अपनी कहानी तो कभी कलाकारों की ट्रोलिंग के कारण सुर्खियों में रही। पहले सीजन के अंत में शो की कहानी को कुछ ऐसे मोड़ पर छोड़ा गया था, जिसके बाद सभी के मन में यह उत्सुकता थी कि हीरामंडी की तवायफों का आगे क्या होगा? ऐसे में इस शो का दूसरा सीजन बनने की भी चर्चा थी। सोमवार को एक टीजर के साथ इस शो के दूसरे सीजन का आधिकारिक एलान किया गया। शो के निर्माता-निर्देशक संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन हाउस की तरफ से एक्स पर शो का टीजर साझा किया गया। इसके साथ लिखा, 'महफिल फिर सजेगी, हीरामंडी सीजन 2 जो आएगा।' सिनेमाई गलियारों की रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बार हीरामंडी की तवायफें सिनेमा जगत का रुख करेंगी। वहीं पहले सीजन में ताजदार की भूमिका निभाने वाले अभिनेता ताहा शाह शो के दूसरे सीजन का भी हिस्सा बनना चाहते हैं। पहले सीजन में उनका पात्र एक अंग्रेज अधिकारी के हाथों मारा जा चुका है। दैनिक जागरण से ताहा कहते हैं, 'पिछले सीजन में मेरा काम लोगों को बीच उत्सुकता छोड़कर गया, ऐसे में वह एक बार और मेरा काम देखना पसंद करेंगे। मैं तो चाहूंगा कि दूसरे सीजन में मुझे एक और मौका मिले। हालांकि, मुझे यह नहीं पता कि कैसे? लेकिन मैं एक और मौका चाहता हूं।'

## एनिमल में दिखते-दिखते रह गए थे 'कबीर सिंह'



एनिमल पार्क में साथ दिख सकते हैं शाहिद और रणबीर • मिडडे आर्काइव

**क्रासओवर यानी एक** फिल्म के प्रसिद्ध किरदार को दूसरी फिल्म में बतौर मेहमान लेकर आने का आइडिया जहां निर्माताओं को पसंद आ रहा है, वहीं टिकट खिड़की के लिए भी फायदेमंद साबित होता है। ऐसा ही एक क्रासओवर होते-होते रह गया फिल्म एनिमल में। सिनेमाई गलियारों की खबरों के मुताबिक निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म कबीर सिंह के कबीर यानी शाहिद कपूर, एनिमल फिल्म के एक अहम सीन में मेहमान भूमिका में नजर आने वाले थे, लेकिन शाहिद की शूटिंग डेट्स की दिक्कतों के कारण वह सीन शूट नहीं हो पाया। दरअसल, वह सीन था, जब रणबीर का किरदार रणविजय घायल होता है और उसे अस्पताल लाया जाता है। वहां कबीर जो कि पेशे से डाक्टर है, वह रणविजय का इलाज करने आता है। शाहिद की डेट्स न मिल पाने पर संदीप ने इस पूरे सीक्वेंस को ही फिल्म से हटा दिया। अब उम्मीदें टिकी हैं एनिमल के दूसरे पार्ट एनिमल पार्क पर। हो सकता है संदीप इस फिल्म में कबीर और रणविजय को आमने-सामने ले ही आएं।

## कुर्सियों के साथ किया सीन का अभ्यास : देवांग

**कई फिल्मों में** एक रात की कहानी दिखाई जा चुकी है। विक्रांत मेस्सी अभिनीत फिल्म ब्लैकआउट की कहानी भी एक रात की ही है, लेकिन इसमें कलाकारों के साथ एक कार भी है, जो एक किरदार ही है। पूरी फिल्म में उसका प्रयोग किया गया है। कार में शूटिंग करने से पहले फिल्म के निर्देशक देवांग भावसार ने वर्कशाप में कुर्सियों के साथ सीन का अभ्यास किया था। दैनिक जागरण से बातचीत में देवांग कहते हैं, 'मैं वर्कशाप में चार कुर्सियां रखता था। विक्रांत ड्राइविंग सीट वाली जगह पर बैठते थे। बाकी कलाकार बगल वाली सीट पर और पीछे बैठते थे। उससे हमें यह पता चल जाता था कि कैमरा कहां लगाना सही होगा, ताकि सबकी प्रतिक्रियाएं दिखें। गाड़ी इस फिल्म का एक किरदार ही मानिए। दूसरा किरदार है पुणे शहर, जहां की अहम जगहों पर हमने रात में शूटिंग की है। विक्रांत को मैंने फिल्म की कहानी साल 2021 में दी थी। फिर उन्होंने फोन करके कहा कि मैंने सौ पन्ने की कहानी एक ही बार में पढ़ ली, क्योंकि मैं जानना चाहता था कि आगे क्या होने वाला है। यह फिल्म सात जून को जीयो सिनेमा पर प्रदर्शित होगी।



एक ही बार में पढ़ ली थी विक्रांत ने देवांग की लिखी सौ पन्ने की कहानी • टीम देवांग

## देश के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त पर बनेगी बायोपिक

**राय कपूर फिल्म** के बैनर तले देश-दुनिया अब भारत के पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुकुमार सेन से रूबरू होगी। इस प्रोडक्शन हाउस ने सुकुमार सेन के जीवन पर बायोपिक बनाने के अधिकार हासिल कर लिए हैं। सुकुमार सेन वह गुमनाम हस्ती हैं जिन्होंने आजाद भारत के पहले आम चुनाव का संचालन किया था। फिल्म निर्माता सिद्धार्थ राय कपूर के प्रोडक्शन हाउस ने इस बायोपिक की घोषणा मंगलवार को होने वाले 18 आम चुनाव की मतगणना से एक दिन पहले की है। गणितज्ञ से सिविल सर्वेंट बने सेन ने भारत में पहला आम चुनाव 1952 में अपनी देखरेख में कराया था। सिद्धार्थ सेन के अद्भुत जीवन को फिल्मी पर्दे पर उतारने को लेकर उत्साहित हैं। वह कहते हैं, 'सुकुमार सेन हमारे देश के हीरो हैं। उन्होंने राजनीतिक दलों की पहचान के लिए पार्टी चिन्ह बनाने से लेकर उनके रंगों तक का चुनाव किया ताकि उस समय की निरक्षर आबादी भी इसमें पूरी सक्रियता से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। सबको एक ही मत देने का अधिकार सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने तर्जनी के नाखून पर काली स्याही लगाने का नियम बनाया। यह सभी अभिनव नियम देश आजाद होने के 75 सालों बाद तक कायम और उतने ही प्रासंगिक हैं।'



भारत के पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुकुमार सेन • इंटरनेट मीडिया

********

जागरण सिटी

दैनिक जागरण

दिल्ली

www.jagran.com

लेखक बनने को ई-पुस्तकालय अच्छा प्लेटफार्म : संजय कुमार (अंदर पढ़ें)



(अंदर पढ़ें)

## ॥ प्रणाम ॥

**प्रदर्शनी**

- चित्रकला प्रदर्शनी, विजुअल आर्ट गैलरी, इंडिया हैबिटेट सेंटर, दिन में 11 से शाम सात बजे तक। प्रदर्शनी छह जून तक लगी रहेगी।
- चित्रकार पूजा कुमार की पेंटिंग्स की चित्रकला प्रदर्शनी, कन्वेंशन सेंटर फायर, इंडिया हैबिटेट सेंटर, सुबह 11 से शाम सात बजे तक। प्रदर्शनी पांच जून तक लगी रहेगी।

# लोकसभा चुनाव के परिणाम पर बाजारों की भी रहेगी नजर

नेमिष हेमंत ● जागरण

- चांदनी चौक व खान मार्केट समेत अन्य प्रमुख बाजारों में स्क्रीन से होगा सजीव प्रसारण
- टेंट, कुर्सियां व पीने के पानी की व्यवस्था समेत कुछ अन्य इंतजाम भी किए जाएंगे

**30** बाजारों में लगाई जाएगी स्क्रीन, ताकि लोग मतगणना से जुड़े आंकड़े देख सकें

**नई दिल्ली:** दो माह से चल रहे लोकतंत्र के महापर्व का समापन मंगलवार को परिणाम आने के साथ ही पूरा हो जाएगा। मंगलवार सुबह मतगणना आरंभ होने के बाद दोपहर तक काफी हद तक चुनाव परिणाम स्पष्ट हो जाएगा, लेकिन इस बीच रुझान और परिणाम जानने को लेकर हर किसी में उत्कंठा रहेगी। इसे देखते हुए दिल्ली के प्रमुख कारोबारी संगठनों ने अपने-अपने बाजारों में एलईडी स्क्रीन लगवाने की तैयारी की है, ताकि बाजार के दुकानदारों के साथ ही कर्मचारी, खरीदार और पर्यटक भी मतगणना से संबंधित रियल टाइम आंकड़े देख सकें। धूप को देखते हुए टेंट, कुर्सियां व पीने के पानी की व्यवस्था समेत कुछ अन्य इंतजाम भी किए जाएंगे। मिली जानकारी के अनुसार अब तक दिल्ली के 30 बाजार संगठनों ने यह जश्न मनाने की तैयारी की है। इसमें चांदनी चौक, सदर बाजार, खान मार्केट, कमला नगर व दरीबा कलां समेत अन्य हैं।

इस चुनाव में एग्जिट पोल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार बहुमत से सरकार बनाने की भविष्यवाणी की है। किसी-किसी पोल ने भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को 400 पार का आंकड़ा भी दिया है। बाजार इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक मान रहा है। इसमें खान मार्केट के कारोबारी संगठन की पहल दिलचस्प है। यहां के व्यापारियों के अनुसार, अपेक्षित परिणाम आने पर ढोल नगाड़े बजाकर जश्न भी मनाया जाएगा।

कन्फेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश अध्यक्ष विपिन आहूजा के अनुसार केंद्र सरकार की स्थिति से काफी हद तक देश का विकास तय होता है। इसलिए इस चुनाव परिणाम को लेकर बाजार में दिलचस्पी है। उनके अनुसार 30 से अधिक बाजारों में स्क्रीन लगाने की जानकारी मिली है।

खान मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव मेहरा ने बताया कि गर्मी अधिक है। इसलिए लाइव प्रसारण के साथ ही लोगों के लिए शीतल जल व छाछ की भी व्यवस्था की जाएगी। दिल्ली हिंदुस्तानी मर्केंटाइल एसोसिएशन के महासचिव श्रीभगवान बसंल ने कहा कि चांदनी चौक में बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर कारोबारी परिणाम को देखने की व्यवस्था करेंगे।

### तब लालकिले पर लगती थी बड़ी स्क्रीन


पहले के चुनाव में जब टीवी और इंटरनेट की व्यवस्था नहीं होती थी तब आकाशवाणी की तरफ से लालकिले के बाहर बड़ी स्क्रीन लगाकर देश भर के चुनाव परिणामों को दिखाने की व्यवस्था होती थी। हालांकि, तब चाक से विभिन्न पार्टियों के सामने उनके जीते प्रत्याशियों के अंक लिखे जाते थे। इसी तरह की व्यवस्था आकाशवाणी भवन में भी होती थी।

# कड़ाही में पक रही जीत की मिठास

नेमिष हेमंत ● जागरण

**नई दिल्ली:** एक्जिट पोल ने तो प्रचंड बहुमत की भविष्यवाणी कर दी है। मंगलवार को जब ईवीएम के पिटारे से जीत की मिठास निकलेगी तो उसे खास होना भी चाहिए। इसलिए भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह व पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत अन्य वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों का मुंह मीठा कराने के लिए विशेष तौर पर काजू व पिस्ते की बर्फी बनवाई है।

दिल्ली भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार, दो माह के चुनाव में पार्टी के शीर्ष नेताओं के अथक परिश्रम, सरकार पर देशवासियों का भरोसा व विकसित भारत की ओर ले जाने की आकांक्षा से मिश्रित कमल के फूल के आकार की 20 किलो बर्फी तैयार की गई है, जिससे डीडीयू मार्ग स्थित पार्टी मुख्यालय में देर शाम आयोजित होने वाले समारोह में वरिष्ठ नेता जीत का स्वाद लेंगे। वैसे, पार्टी मुख्यालय में मतगणना और उसके बाद जश्न को लेकर सोमवार को तैयारियां जोरशोर से थीं। बड़े-बड़े एलईडी स्क्रीन लगाए गए हैं, जहां मंगलवार सुबह से ही रुझानों का लाइव प्रसारण होने लगेगा। लाइव प्रसारण देखने के लिए अस्थायी केबिनों का भी निर्माण किया गया है। इसी तरह टेंट व लाइट के साथ मुख्यालय को फूलों से सजाने का क्रम तेज है। तोरणद्वार बनाए जा रहे हैं। पुष्प वर्षा व ढोल नगाड़े के साथ अन्य इंतजाम भी होंगे। पार्टी मुख्यालय में हलवाई लग गए हैं, जो लड्डू के साथ व्यंजन बना रहे हैं। हर ओर उत्सव का माहौल है। पार्टी नेताओं के अनुसार, शाम को जीत का मुख्य जश्न पार्टी मुख्यालय में होगा, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन की उम्मीद है। माना जा रहा है कि तब 15 हजार पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रहेगी। उनके लिए लड्डुओं का इंतजाम रहेगा। इसी तरह स्थानीय स्तर पर भी परिणाम आने के साथ जश्न की तैयारी है, जिसके लिए विशेष तौर पर लड्डू बनवाए जा रहे हैं। ढोल नगाड़ों के साथ आतिशबाजी की भी तैयारी प्रत्याशी समर्थकों ने की है।



भाजपा द्वारा तैयार कराई जा रही है इस तरह काजू और पिस्ता की कमल आकार की विशेष बर्फी ● जागरण

**दैनिक जागरण कार्यालय**

**स्थानीय ब्यूरो**

प्यारे लाल भवन, बहादुरशाह जफर मार्ग, आइटीओ, दिल्ली

**प्रिय पाठकगण,**

आप एक जागरूक शहरी के रूप में दैनिक जागरण अखबार व अपने समाज की आंख व कान बन सकते हैं। अपने शहर की जिन समस्याओं, मुद्दों व बातों को जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं, हमें बताएं। हम समाचार पत्र के माध्यम से आपकी आवाज को उन लोगों तक ले जाएंगे जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। संपर्क करें : 8175813532 ईमेल : reporter@nda.jagran.com

अगर आपको अपना प्रिय समाचार पत्र दैनिक जागरण मिलने में कोई परेशानी हो रही है तो कृपया हमें जरूर बताएं।

**9873067812**

**जनमत**

**मुद्दा**

**क्या आप मानते हैं कि दिल्ली समेत एनसीआर में पानी संकट विगत कुछ वर्षो में बढ़ा है?**

अपनी राय और अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए अपने मोबाइल के मैसेज बाक्स में जाकर **MUDDAD** लिखें, स्पेस देकर **YES** या **NO** लिखकर 57272 पर भेजें

muddad@jagran.com

# 713 में से 76 नालों की ही सफाई हुई पूरी, बाकी में गंदगी

## तेज वर्षा होने पर दिल्ली में फिर बन सकते हैं जलजमाव के हालात, निगम का दावा, 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है नालों की सफाई का काम

निहाल सिंह ● जागरण

**नई दिल्ली:** दिल्ली में मानसून आने में तीन सप्ताह का समय बचा है, लेकिन नालों की सफाई का कार्य अभी पूरा ही नहीं हुआ है। दिल्ली नगर निगम के 713 नालों में से सिर्फ 76 की सफाई का कार्य ही पूरा हो पाया है, जबकि शहर के विभिन्न इलाकों के नाले ऐसे हैं, जो गंदगी से अटे पड़े हैं और सफाई का कार्य शुरू तक नहीं हुई है। केवल दिल्ली के एक हिस्से की बात नहीं है। हर इलाके में कमोबेश ऐसी ही स्थिति है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या निगम 15 जून तक तय समय-सीमा में सफाई का कार्य पूरा हो पाएगा या नहीं। अगर नालों की सफाई मानसून की दस्तक से पहले पूरी नहीं हुई तो बीते वर्षों की भांति इस वर्ष राजधानी में रिहायशी इलाकों से लेकर प्रमुख मार्गों पर जलजमाव के हालात उत्पन्न हो सकते हैं।

दैनिक जागरण की टीम ने दिल्ली के विभिन्न इलाकों के नालों की सफाई का जायजा लिया, जहां हालात बहुत ही खराब मिले। पूर्वी दिल्ली के ब्रह्मपुरी नाले की बात करें तो स्थिति इतनी खराब है कि नाले में पानी तो दिखाई नहीं दे रहा है। पूरे नाले में प्लास्टिक की बोतल से लेकर पालीथिन आदि कचरा अटा पड़ा है। ऐसी स्थिति पुराना सीलमपुर स्थित नाले की है। पश्चिमी दिल्ली के पंखा रोड नाले की भी यही स्थिति है, जहां अब तक सफाई नहीं हुई है, जबकि यह नाला दिल्ली के सबसे बड़े नाले में शुमार नजफगढ़ नाले में जाकर गिरता है। ऐसे में जब वर्षा के समय तेज पानी आएगा तो उसका बहाव उस तरीके से नहीं हो पाएगा। यह गंदगी जब बड़े नाले में जाएगी तो वहां पर भी पानी के बहाव को प्रभावित करेगी। पूर्वी और पश्चिमी दिल्ली के अलावा दक्षिणी, मध्य और बाहरी दिल्ली के नालों की भी यही स्थिति है। मध्य दिल्ली के अन्ना नगर नाले में भी गंदगी जमी पड़ी हुई दिखाई दी। दक्षिणी दिल्ली के तैमूर नगर नाले की भी यह स्थिति है। तैमूर नगर नाला, जो बड़े नालों में से एक है वह भी गंदगी से अटा पड़ा है। यह दक्षिणी दिल्ली में वर्षा के समय जलजमाव का कारण बनता है। नगर निगम नालों की सफाई दो चरण में करता है।



गंदगी से भरा पड़ा तैमूर नगर के पास स्थित नाला ● जागरण


**जलभराव की शिकायतें**

| वर्ष | शिकायतें |
|---|---|
| 2020 | 136 |
| 2021 | 195 |
| 2022 | 207 |
| 2023 | 200 |

**जलभराव के प्रमुख सात स्थान**

- मिंटो ब्रिज
- पुल प्रहलादपुर अंडरपास
- रिंग रोड (डब्ल्यूएचओ के पास)
- जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन रोड
- जखीरा अंडरपास
- लोनी रोड गोलचक्कर
- कराला कंझावला

### नालों की सफाई में हो रही है लापरवाही : राजा इकबाल



निगम में नेता प्रतिपक्ष राजा इकबाल सिंह ने केजरीवाल शासित सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नालों की सफाई में लापरवाही करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि केवल कागजों पर नालों की सफाई हो रही है। हर वर्ष 31 मई तक नालों की सफाई दिल्ली नगर निगम को कर देनी चाहिए, लेकिन आप सरकार में केवल भ्रष्टाचार होता है। आप नेता जेल और बेल पर लगे हुए हैं, इसलिए वे न तो दिल्ली सरकार में कामकाज पर ध्यान दे रहे हैं और न ही नगर निगम में।

**किस जोन में कैसी है नालों की सफाई की स्थिति**

| जोन | कुल नाले | साफ हुए नाले | कितनी निकाली गई गाद | नालों की सफाई का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| शाहदरा दक्षिणी | 108 | 2 | 22001 | 69.73 |
| शाहदरा उत्तरी | 113 | 2 | 32002 | 77.08 |
| केवशपुरम | 39 | 1 | 1944.48 | 80 |
| नरेला | 41 | 3 | 1513.93 | 85. 49 |
| रोहिणी | 50 | 50 | 1969.13 | 105 |
| सिविल लाइंस | 16 | 1 | 903.60 | 94.39 |
| मध्य जोन | 73 | 3 | 37935 | 76.51 |
| दक्षिणी जोन | 63 | 11 | 8815 | 135.75 |
| पश्चिमी जोन | 90 | 5 | 8116.79 | 96.10 |
| नजफगढ़ जोन | 74 | 22 | 9527.97 | 73.73 |
| सिटी एसपी जोन | 15 | 2 | 1398. 78 | 83.82 |
| करोल बाग | 31 | 2 | 1618.89 | 40-23 |

नोट : नालों से निकाली गई गाद मीट्रिक टन में है।

## खतरनाक इमारतों का 45 प्रतिशत सर्वे हुआ, 30 जून तक होगा पूरा

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में खतरनाक इमारतों को लेकर दिल्ली नगर निगम का मानसून से पूर्व सर्वे का कार्य 45 प्रतिशत पूरा हो गया है। निगम के मुताबिक सभी 12 जोन में यह सर्वे किया जा रहा है। इसमें एमसीडी के इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारी इमारतों के बाहर और अंदर जाकर जांच कर रहे हैं। इसमें कुछ इमारतों के लिए मरम्मत के आदेश दिए गए हैं। सर्वे में निगम ने अनधिकृत कालोनियों के साथ स्वीकृत और गांवों की इमारतों को भी शआमिल किया है। उल्लेखनीय है कि एमसीडी हर वर्ष यह सर्वे करती है। राजधानी में करीब 40 लाख इमारतें हैं, जिनका यह सर्वे किया जाता है। हालांकि दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने दावा किया है कि दिल्ली के सदर पहाड़गंज जोन, सिविल लाइंस, करोल बाग, नरेला और शाहदरा उत्तर जोनों के संबंधित जोनल अधिकारियों के द्वारा कमजोर खतरनाक भवनों का सर्वे शुरू नहीं किया। इसको लेकर उन्होंने निगमायुक्त से हस्तक्षेप कर इसको शुरू करने की मांग की है। कपूर के आरोपों का निगम ने खंडन किया है। कहा है कि सभी जोन में यह सर्वे चल रहा है। निगम 30 जून तक इस सर्वे को पूरा कर लेगा।

## एक नजर में

### चोरी के मामले में फरार दो वांछित पुलिस के हत्थे चढ़े

**दक्षिणी दिल्ली :** दक्षिणी जिला पुलिस ने चोरी के मामले में फरार चल रहे दो वांछित को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपितों की पहचान उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जनपद के ननकागढ़ी गांव निवासी बिलाल व नोएडा सेक्टर-168 निवासी महिला के रूप में हुई। 15 जनवरी 2023 को बिलाल और एक जून 2023 को महिला के खिलाफ मालवीय नगर थाने में चोरी करने की धारा में केस दर्ज किया गया था। तभी से वह फरार चल रहे थे। (जासं)

### राहगीर से लूटपाट करने वाला लुटेरा पकड़ा

**दक्षिणी दिल्ली :** दक्षिणी जिला पुलिस ने राहगीर से लूटपाट करने वाले लुटेरे को गिरफ्तार किया है। आरोपित से 2200 रुपये बरामद किए गए हैं। उसके खिलाफ लूट व चोरी के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि आरोपित की पहचान मदनगीर गांव निवासी हर्ष उर्फ हेमंत नेगी के रूप में हुई। एक जून को एक व्यक्ति ने अंबेडकर नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि स्कूटी पर एक लुटेरे ने उससे दो हजार रुपये लूट लिए। (जासं)

### दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस ने दो मोबाइल चोर पकड़े

**दक्षिणी दिल्ली :** दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले दो चोरों को राजस्थान व गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से दो मोबाइल बरामद किए गए हैं। उनके खिलाफ चोरी के कई केस दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि आरोपितों की पहचान राजस्थान के डीग जनपद के गांव नीम खेड़ा निवासी अब्दुल हामिद और गाजियाबाद के कैला भट्टा निवासी अर्श मलिक के रूप में हुई। पुलिस को सूचना मिली कि चोरी करने वाले दो चोर राजस्थान व गाजियाबाद में छिपे हैं। इसके बाद पुलिस को राजस्थान के गांव नीम खेड़ा भेजा गया और वहां से अब्दुल हामिद व गाजियाबाद के कैला भट्टा से अर्श मलिक को गिरफ्तार कर लिया गया। (जासं)

# जहांगीरपुरी में हत्या के मामले में फरार बदमाश गिरफ्तार

**पिछले साल 22 मई को आपसी दुश्मनी के कारण विजेंद्र यादव की की थी गोली मारकर हत्या, विजेंद्र के साथ अन्य लोग भी हुए थे घायल**

**जासं, नई दिल्ली :** जहांगीरपुरी में हत्या व हत्या के प्रयास के मामले में वांछित बदमाश अमित उर्फ काले को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। वह एक साल से फरार था। 22 मई को अमित ने चार अन्य के साथ मिलकर बिजेंद्र यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। गोलीबारी में बिजेंद्र यादव के साथ मौजूद कुछ अन्य लोग भी घायल हो गए थे। वारदात के बाद तीन आरोपित को स्थानीय थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। अमित घटना के बाद से फरार था। अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। इसके बाद पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने उस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था।

डीसीपी क्राइम ब्रांच अमित गोयल के अनुसार आरोपित अमित उर्फ काले, जहांगीरपुरी का रहने वाला है। पिछले साल 22 मई को भलस्वा के रहने वाले बिजेंद्र यादव व उनके साथियों पर अमित ने संजू यादव, संदीप पंवार, जय सिंह और सूरज यादव के साथ मिलकर अंधाधुंध गोलियां चलाई थीं। सभी एक ही गांव के रहने वाले हैं। अमित की बिजेंद्र यादव से गांव के किसी मामले को लेकर दुश्मनी थी। घटना में बिजेंद्र यादव की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि कुछ लोग घायल हो गए थे। इस संबंध में सभी आरोपितों के खिलाफ जहांगीरपुरी थाने में मामला दर्ज किया गया था।

# सांड ने मचाया उत्पात, चार घायल

शमसे आलम ● जागरण

**बाहरी दिल्ली:** रामा विहार में रविवार सुबह 11 बजे से लेकर शाम छह बजे तक सांड ने जमकर उत्पात मचाया। पूजा कर मंदिर से घर लौट रहे एक बुजुर्ग पर हमला कर दिया। जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। फिर सांड कपड़े की दुकान में घुस गया। समय रहते दुकान में मौजूद लोग भाग निकले। यहां से सांड भागते हुए दो महिलाओं समेत एक बच्चे पर हमला कर दिया। जिससे ये भी घायल हो गए। एमसीडी नरेला जोन के उपायुक्त पवन यादव ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद एमसीडी कर्मचारी ने हमलावर सांड को पकड़ लिया है। हम समय-समय पर रिहायशी क्षेत्र में घूमने वाले मवेशियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाते रहते हैं। आगे भी इस क्षेत्र में अभियान चलाया जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, 70 वर्षीय वीरेंद्र जिंदल परिवार के साथ रामा विहार में रहते हैं। बेटे लक्ष्य जिंदल ने बताया कि पिता रविवार की सुबह पास के ही एक मंदिर से पूजा कर वापस घर आ रहे थे। तभी गली के बाहर सांड ने उनपर हमला कर दिया। जिससे पिता नीचे गिर गए। सांड यहीं नहीं रुका, बल्कि पिता के सीने को अपने आगे वाले पैरों से रौंदता रहा। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह सांड को भगाया। घायल पिता को रोहिणी सेक्टर-22 स्थित महाराजा अग्रसेन अस्पताल लेकर गए। जहां हालत गंभीर देख डाक्टर ने एम्स के ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया। जहां डाक्टरों ने बताया कि अब पिता एक आंख से नहीं देख सकते हैं। सांड के हमले में उनके एक आंख में गंभीर चोट आने से उनकी आंख खराब हो गई। इसके अलावा सीने में सात, चेहरे पर पांच जगह फ्रैक्चर होने से उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।



रामा विहार में खाली प्लाट में खड़ा सांड

### 13 वर्षीय बच्चे को भी किया घायल

सांड ने बुजुर्ग पर हमले के बाद दिनभर गलियों में उत्पात मचाते हुए शाम करीब सात बजे गली नंबर-23 में पहुंचा। जहां गली में खेल रहे 13 वर्षीय आदित्य शर्मा पर हमला कर दिया। जिससे आदित्य नीचे गिर गया। फिर सांड ने रौंदने की कोशिश की। यहां से गुजर रही महिलाओं ने बच्चे को बचाने की कोशिश की।

# 'मतगणना की तैयारी पूरी, ड्रोन से होगी निगरानी'

**जासं, दक्षिणी दिल्ली :** एसडीएम चुनाव अनीता राणा ने कहा कि मतगणना को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। स्थल के बाहर व अंदर सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी और ड्रोन से भी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जाएगा।

अनीता राणा ने बताया कि अगस्त क्रांति मार्ग पर स्थित जीजाबाई महिला आइटीआइ सिरी फोर्ट में मतगणना होगी। वहां पर सुबह छह बजे से अधिकारी व कर्मचारी पहुंचने शुरू हो जाएंगे। प्रत्याशियों या उनके एजेंटों के सामने ईवीएम को खोला जाएगा। मतगणना के लिए अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।



एसडीएम चुनाव अनीता राणा




# जेईई एडवांस व सीएईटी से आइआइटी के अबूधाबी परिसर में होगा प्रवेश

**20** -20 सीटें अबूधाबी के नागरिक, एनआरआइ व अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए आरक्षित

**10** -10 सीटें भारतीय छात्रों के लिए हैं आवंटित, इनका प्रवेश जेईई एडवांस की रैंक के आधार पर

- अबूधाबी परिसर में शुरू किए गए बीटेक के दो कोर्स में 30-30 सीटें होंगी
- अबूधाबी के छात्रों के लिए संयुक्त दाखिला प्रवेश परीक्षा की घोषणा की गई है

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) दिल्ली ने पिछले साल अबूधाबी में शुरू किए परिसर में बीटेक के दो कोर्स में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। भारतीय छात्रों को प्रवेश जेईई एडवांस के अंकों के आधार पर मिलेगा, जबकि संयुक्त अरब अमीरात के नागरिक, एनआरआइ और अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए संयुक्त दाखिला प्रवेश परीक्षा (सीएईटी) की शुरुआत की गई है। परीक्षा 23 जून को यूएई में आयोजित की जाएगी।

आइआइटी दिल्ली-अबूधाबी परिसर की स्थापना पिछले वर्ष 15 जुलाई को शिक्षा मंत्रालय, आइआइटी दिल्ली व अबूधाबी शिक्षा और ज्ञान विभाग (एडीईके) द्वारा हस्ताक्षरित एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद की गई थी। इसमें पहले एमटेक कोर्स शुरू किया गया। इसके बाद दो बीटेक कोर्स कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग व एनर्जी इंजीनियरिंग की शुरुआत की गई है।

दोनों ही कोर्सों में 30-30 सीटें आवंटित की गई हैं। इनमें 20-20 सीटें अबूधाबी के नागरिकों, एनआरआइ, अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए आवंटित हैं, जबकि 10-10 सीटें भारतीय छात्रों के लिए आवंटित हैं। भारतीय छात्रों को प्रवेश जेईई एडवांस की रैंक के आधार पर मिलेंगे। जेईई एडवांस के परिणाम जल्द घोषित होने वाले हैं। अबुधाबी के छात्रों को प्रवेश सीएईटी से मिलेगा। आइआइटी दिल्ली में जेईई कार्यालय द्वारा सीएईटी को यूएई के विविध केंद्रों पर आयोजित किया जाएगा। परीक्षा के लिए https://admissions.abudhabi.iitd.ac.in/application/caet-2024 पर पंजीकरण कराए जा सकते हैं। पंजीकरण के लिए पोर्टल 10 जून 2024 तक खुला है।

जेईई एडवांस और सीएईटी दोनों मार्गों से आने वाले छात्रों के लिए आइआइटी दिल्ली-अबूधाबी के लिए सीट आवंटन इसी पोर्टल के माध्यम से होगा (जोसा पोर्टल के माध्यम से नहीं)। इस बैच की शुरुआत शैक्षणिक सत्र 2024-2025 से हो जाएगी। सभी जेईई एडवांस-योग्य उम्मीदवारों को केवल वही शुल्क देना होगा जो उन्हें आइआइटी के दिल्ली परिसर में (अपनी श्रेणी के अनुसार) देना होगा। उनकी शेष फीस माफ कर दी जाएगी। इसके अलावा, छात्र एईडी 2000 के मासिक वजीफे के हकदार होंगे। सभी जेईई एडवांस-योग्य छात्र छात्रावास के हकदार होंगे। जिसके लिए आवास शुल्क माफ कर दिया जाएगा और रियायती दरों पर भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा, सभी जेईई एडवांस योग्य छात्र अपने यात्रा खर्चों का समर्थन करने के लिए एईडी 4000 के वार्षिक भत्ते के हकदार होंगे। आइआइटी प्रशासन का कहना है कि चिकित्सा बीमा और अन्य कल्याणकारी मुद्दों का पर्याप्त ध्यान रखा जाएगा।




********

# यात्रियों की सजगता से बची भयानक मंजर से जान

**ताज एक्सप्रेस में आग**

शनि पाठक ● जागरण

- आग लगते ही डी तीन और डी चार डिब्बे में सवार यात्रियों ने तुरंत की चेन पुलिंग
- पुलिस के बाद युवा यात्रियों ने पहले बुजुर्गों और बच्चों को नीचे उतारा


**दक्षिणी दिल्ली:** ताज एक्सप्रेस का डी तीन डिब्बा आग के गुबार से भयानक रूप ले चुका था। आग लगते ही कुछ ही देर में डिब्बे के अंदर भयानक मंजर हो गया। यह आग देखते ही देखते दूसरे डिब्बों को भी अपनी चपेट में ले रही थी। इसके बावजूद यात्रियों की सजगता और हौसले ने उनकी जिंदगी बचा ली। जैसे ही डी तीन के यात्रियों ने देखा कि डिब्बे में बाथरूम की तरफ से आग फैलनी शुरू हो गई है। सबसे पहले उन्होंने चेन पुलिंग कर दी और फिर रेलवे व अग्निशमन विभाग को तुरंत सूचना दी। यही वजह रही कि समय के रहते ट्रेन रुक गई और सभी यात्रियों की जान बच गई।

**पहले बुजुर्गों और बच्चों को डिब्बे से उतारा:** युवा यात्रियों ने समझदारी दिखाते हुए, सबसे पहले डिब्बे से बुजुर्गों और बच्चों को नीचे उतारा, ताकि वह आग व धुएं की चपेट में न आ सकें। एक-एक कर के इनको सुरक्षित नीचे उतार दिया गया। फिर युवा यात्री डिब्बे से नीचे उतरे। इतना ही नहीं उन्होंने अग्निशमन उपकरणों से रेलवे कर्मचारियों के साथ आग पर काबू पाने का प्रयास भी किया। हालांकि आग पूरी तरह फैल चुकी थी।

**ट्रेन के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन भी बनी बाधक:** वहीं, जिस जगह पर ट्रेन खड़ी थी, उसके ऊपर से बिजली की लाइन भी गुजर रही थी। इस वजह से भी दमकल कर्मियों को आग बुझाने में थोड़ी दिक्कत हुई। उन्हें खतरा था कि आग की लपटें लाइन तक न पहुंच जाए। लाइन टूटने से ट्रेन के अंदर करंट आने का भी खतरा था। हालांकि लाइन तक लपटों को नहीं जाने दिया गया, उससे पहले ही आग को बुझा लिया गया।

### सामान तो फिर आ जाएगा, जिंदगी बच गई ये बड़ी बात

तीनों डिब्बे में सवार यात्रियों का हादसे में अधिकतर सामान जल गया। छोटा-मोटा सामान तो उन्होंने अपने साथ ले लिया, बाकी डिब्बे के अंदर ही राख हो गया। ग्वालियर के सुनील ने बताया कि जिंदगी रही तो सामान फिर से खरीद लेंगे। इस हादसे में सबसे बड़ी बात जिंदगी का बचना है।



मैं दिल्ली से मथुरा जा रहा था। हादसे के समय डी तीन डिब्बे में सवार था। अचानक बाथरूम के पास कुछ चिंगारी उठी। तभी वहां पर आग लग गई। यात्रियों ने तुरंत चेन पुलिंग कर दी। यात्री जान बचाने के लिए धीमी गति से चल रही ट्रेन से ही कूद गए। कई यात्रियों को चोट भी लगी है। शुक्र है कि उस समय डिब्बे में ज्यादा यात्री सवार नहीं थे। **-करण**, यात्री



मैं नई दिल्ली स्टेशन से ग्वालियर जा रहा था। डी तीन कोच में ही सवार था। अचानक कोच के अंदर आग जलने लगी। इससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। आग का धुआं डी चार और डी दो डिब्बे तक पहुंच गया था। मैंने चेन पुलिंग की और ट्रेन के रुकते ही कूदकर जान बचाई। मैंने ही रेलवे को आग लगने की सूचना दी। करीब 20 मिनट बाद टीम मौके पर पहुंच गई। **-जीत**, यात्री



मैं नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से आगरा जा रही थी। ट्रेन में आग लगते ही सांसें थम गईं। उस समय लग रहा था कि आग कुछ ही देर में हमारे डिब्बे में पांच तक पहुंच जाएगी। इससे पहले ही ट्रेन रुक गई। तब ट्रेन से कूदकर जान बचाई। **-महिमा शर्मा**, यात्री



मैं नई दिल्ली से ग्वालियर जा रही थी। मैं अल्मोड़ा पोस्ट आफिस में कार्यरत हूं। हरकेश नगर के पास जैसे ही ट्रेन पहुंची तो आग लग गई। उस समय मैं डी पांच डिब्बे में सवार थी। वहां तक भी धुआं पहुंच गया। ट्रेन के रुकते ही मैं अपना सामान लेकर कूद गई और रेलवे लाइन से दूर किनारे जाकर बैठ गई। **-श्वेता**, यात्री



डी तीन डिब्बे के अंदर बहुत भयानक मंजर था। जैसे ही यात्री नीचे कूदने लगे तो भगदड़ मच गई। हर कोई सबसे पहले ट्रेन से नीचे कूदना चाह रहा था। यह गनीमत रही कि डिब्बे के अंदर यात्रियों की संख्या कम थी। इस वजह से समय के रहते सभी सुरक्षित ट्रेन से बाहर निकल गए। यदि समय से पहले डी चार और डी दो डिब्बे को अलग कर दिया जाता तो वह आग की चपेट में नहीं आते। **-अनुराधा**, यात्री

## कश्मीरी गेट बस अड्डा के पास सुबह वारदात करने वाले चार धरे

**जासं, नई दिल्ली:** कश्मीरी गेट बस अड्डा के पास सुबह वारदात करने वाले चार अपराधियों को कश्मीरी गेट थाना पुलिस ने सोमवार सुबह गश्त के दौरान गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक पहाड़गंज थाने का घोषित अपराधी है व उस पर पहले से 25 आपराधिक मामले दर्ज हैं। दो अन्य में से एक पर पहले से 18 व दूसरे के खिलाफ 10 मामले दर्ज हैं। इनमें दो झपटमार हैं और दो किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए चाकू से लैस होकर घूम रहे थे। इनके कब्जे से दो चाकू, चोरी के दो वाहन व छीना गया मोबाइल बरामद किया गया है। चारों की गिरफ्तारी से पुलिस ने पांच मामलों को सुलझाने का दावा किया है।

## एक नजर में

### कश्मीरी गेट मेट्रो थाने के रिकार्ड रूम में फिर आग

**नई दिल्ली:** कश्मीरी गेट स्थित मेट्रो थाने के जले हुए रिकार्ड रूम में सोमवार दोपहर बाद चार बजे दोबारा आग लग गई। जिस समय आग लगी वहां पास स्थित डीसीपी आफिस में मेट्रो डीसीपी डा. राम गोपाल नाइक भी मौजूद थे। उन्होंने तुरंत अपने सभी कर्मियों को आग बुझाने में लगा दिया। इस बीच अग्निशमन विभाग को सूचित करने पर कुछ ही देर में तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। फायर कर्मियों ने आधे घंटे की मशक्कत से आग पर काबू पा लिया। डीसीपी का कहना है कि पिछले शुक्रवार को देर रात लगी भीषण आग की घटना के बाद फायर कर्मियों ने आशंका जाहिर की थी कि जले हुए जगहों पर दोबारा भी आग सुलग सकती है। इसके बाद पुलिसकर्मी लगातार नजर बनाए हुए थे। सोमवार को दिन में चार बजे अचानक जले हुए तीन रूम में जैसे ही आग लगी सतर्क पुलिस कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। सूचना पाकर कुछ ही देर में फायर कर्मी भी वहां पहुंच गए। आग पूरी तरह से डीसीपी व एसीपी कार्यालय तक आग को पहुंचने नहीं दिया गया। (जासं)

### बम की झूठी जानकारी देने वाली महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली:** विमान में बम की झूठी जानकारी देने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद उसे जमानत पर छोड़ दिया गया है। उसने आइजीआइ एयरपोर्ट को काल कर जानकारी दी थी कि उनके पति जो वाराणसी से दिल्ली आ रहे हैं, उसके बैग में बम है। बाद में बम की बात झूठी पाई गई थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 36 वर्षीय महिला अमृता ने उड़ान में सवार होकर दिल्ली आ रहे उनके पति के बैग में बम होने की जानकारी दिल्ली एयरपोर्ट की हाटलाइन पर दी थी। गिरफ्तारी के बाद अमृता को जमानत भी दे दी गई है उनके पति के अनुसार, अमृता मानसिक रूप से बीमार हैं। इसलिए उसने ऐसी जानकारी दी। (जासं)

# डीयू के एसओएल में नौ स्नातक कार्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

## 31 अगस्त तक चलेगी प्रवेश प्रक्रिया, छात्र वेबसाइट से करा सकते हैं पंजीकरण

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल आफ ओपन लर्निंग (एसओएल) में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एसओएल की वेबसाइट https://sol.du.ac.in पर जाकर प्रवेश के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। नौ स्नातक और आठ परास्नातक के कार्यक्रमों के लिए प्रक्रिया शुरू की गई है। एसओएल प्रवेश प्रक्रिया 24 घंटे खुली रहेगी। सोमवार को शाम पांच बजे तक 909 विद्यार्थियों ने पंजीकरण भी करा लिए हैं। प्रवेश प्रक्रिया 31 अगस्त तक चलेगी।

एसओएल में हर साल एक लाख के आसपास छात्र प्रवेश लेते हैं। सवा लाख से अधिक छात्र पंजीकरण कराते हैं। बीए प्रोग्राम में 122 विषयों के संयोजन की पेशकश छात्रों के लिए की गई है। एसओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो ने बताया कि छात्र पहले पंजीकरण कराकर फीस भर दें। इससे उनका प्रवेश पक्का हो जाएगा। अगर बाद में वे सीट छोड़ते हैं तो पंजीकरण शुल्क के रूप में उनके 500 रुपये काटकर पूरी



फीस वापस कर दी जाएगी। जरूरी है कि छात्र ईमेल आइडी, फोन नंबर और बैंक एकाउंट की बिल्कुल सही जानकारी दें। उसे वे खुद संचालित करें। उन्होंने कहा, जिन छात्रों को पंजीकरण कराने में समस्या हो रही है, वे 15 जून तक रुकें। एसओएल के उत्तरी और पश्चिमी परिसर में सपोर्ट सिस्टम तैयार किया गया है। यहां कर्मचारी और वालंटियर्स छात्रों के फार्म भरवाएंगे।

इसके लिए उन्हें एसओएल की वेबसाइट से स्लाट बुक करना होगा। वेबसाइट के बायीं तरफ उन्हें अप्वाइंटमेंट का विकल्प दिखेगा। इस पर क्लिक करके स्लाट बुक कराया जा सकेगा। एक घंटे में 150 और एक दिन में एक हजार छात्रों का पंजीकरण कराया जाएगा। प्रो. मागो ने बताया कि इस वर्ष सेना के जवानों और केंद्रीय पुलिस बलों के लिए कोटे की शुरुआत की गई है। एमबीए को छोड़कर अन्य कार्यक्रमों में कितने भी छात्र प्रवेश ले सकते हैं। एमबीए की पांच हजार सीटों में उनके लिए सीटें आरक्षित होंगी। मौजूदा कर्मचारियों को फीस में 75 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। जो सेना व सशस्त्र बलों के जवान सेवानिवृत्त हो चुके हैं और पढ़ना चाहते हैं, उन्हें 50 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। एसओएल में प्रवेश लेने वाले उनके बच्चों को फीस में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

प्रो. मागो ने बताया कि अग्निवीर योजना से बाहर आने वाले जवानों को ध्यान में रखकर ये प्रविधान किए गए हैं। अग्निवीर बनने वाले जो जवान पढ़ाई पूरी नहीं कर सके हैं, वे एसओएल से उच्च शिक्षा ग्रहण कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। इग्नू ने भी उनके लिए कोर्स की शुरुआत की है।

### प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी के लिए एबीवीपी ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**जासं, नई दिल्ली:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दिल्ली विश्वविद्यालय में सीयूईटी के तहत होने वाले स्नातक और परास्नातक प्रवेश के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। छात्र प्रवेश प्रक्रिया में कोई भी समस्या होने पर इन नंबरों पर काल करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

एबीवीपी ने स्नातक प्रवेश के लिए चार हेल्पाइन नंबर 8188830088, 7827994163, 8957646572 और 88256149 जारी किए हैं, जबकि परास्नातक के लिए दो नंबर 9810850652, 9667874087 जारी किए हैं। छात्र इन सभी नंबरों पर कभी भी फोन करके प्रवेश प्रक्रिया संबंधी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। एबीवीपी के दिल्ली के प्रांत मंत्री हर्ष अत्री ने कहा, डीयू में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। ऐसे में देश के दूर-दराज क्षेत्र से आने वाले छात्रों को प्रवेश प्रक्रिया संबंधित कोई दिक्कत ना हो तथा उनकी सहायता के लिए संगठन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। आगे भी हम छात्रों के प्रवेश प्रक्रिया समझाने एवं उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए प्रयास करेंगे।

### डीयू ने सीईएस में प्रवेश के लिए मांगे आवेदन

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय ने योग्यता संवर्धन योजना (सीईएस) के लिए शैक्षणिक सत्र जुलाई-दिसंबर 2024 के सेमेस्टर एक, तीन और पांच में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक उम्मीदवार इस योजना के तहत विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और कालेजों की ओर से पेश किए जाने वाले पेपरों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

दिल्ली विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ लाइफ लोंग लर्निंग के निदेशक प्रो. संजय राय ने बताया कि एनईपी 2020 के अनुसार सीईएस में किसी भी आयु के शिक्षार्थियों को डीयू के विभागों और कालेजों की ओर से प्रस्तुत मौजूदा पाठ्यक्रमों के नियमित विद्यार्थियों के साथ नामांकित होने और अध्ययन करने का अवसर प्रदान किया जाता है। इसके तहत वे लोग नवीनतम तकनीक, ज्ञान और नवाचार का उपयोग करके अपने शैक्षणिक और व्यावसायिक कौशल को उन्नत कर सकते हैं। प्रो. राय ने कहा, कोई भी व्यक्ति जो किसी विभाग या कालेज के निर्दिष्ट मौजूदा पेपर के लिए न्यूनतम पात्रता मानदंड और पूर्व आवश्यकताओं को पूरा करता है तो वह इसके लिए पंजीकरण कर सकता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक कोर्स में सीईएस के तहत सीटों को अतिरिक्त माना जाएगा। विभागों और कालेजों की ओर से पेश किए जाने वाले उपलब्ध पेपरों की सूची, पात्रता मानदंड, पंजीकरण और शुल्क संरचना के बारे में उम्मीदवार विश्वविद्यालय के पोर्टल (www.admission.uod.du.ac.in) के साथ विश्वविद्यालय के नोडल समन्वय संस्थान, इंस्टीट्यूट आफ लाइफलांग लर्निंग (आइएलएलएल) की वेबसाइट www.illl.du.ac.in पर सीईएस ई-ब्रोशर देख सकते हैं। प्रो. राय ने बताया कि सीईएस 2024-25 के तहत विश्वविद्यालय के विभागों और कालेजों में अध्ययन करने को उम्मीदवार लिंक (https://ces.du.ac.in/index.php/site/login) के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

## छह माह में हटाने होंगे सेक्टरों में लगाए गए बिना अनुमति के गेट

विराट त्यागी ● जागरण

**गुरुग्राम:** शहर के सभी सेक्टर में लगे अवैध गेट अगले छह महीने में हटा दिए जाएंगे। शहर में आरडब्ल्यूए द्वारा नियमों को ताख पर रखकर बिना अनुमति के लगाए गेट को हटाने का आदेश जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एक शिकायतकर्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।

इसके साथ ही आयोग ने अपने आदेश में कहा कि अगर छह महीने में अवैध गेट नहीं हटाए जाते हैं तो शिकायतकर्ता आयोग में याचिका दायर कर सकता है। जिस पर आयोग संबंधित अधिकारी या दोषी को एक महीने से छह महीने तक सजा और जुर्माना कर सकता है। यह आदेश जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष संजीव जिंदल ने दिया है।



गुरुग्राम के विभिन्न सेक्टरों में इस तरह लगा रखे है गेट ● जागरण आर्काइव

## बंधवाड़ी में कूड़े के पहाड़ पर लगेंगे हीट सेंसर

संदीप रतन ● जागरण

**गुरुग्राम:** बंधवाड़ी में कूड़े के पहाड़ में बार-बार लग रही आग पर काबू पाने के लिए गुरुग्राम नगर निगम हीट सेंसर कैमरे और ड्रिप सिस्टम लगाएगा। इसके अलावा मिथेन गैस डिटेक्टर भी लगाए जाएंगे।

नगर निगम ने इसके लिए तैयारी कर ली है। बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर पिछले दो महीने में लगभग 30 से ज्यादा बार आग लग चुकी है। इसके कारण बंधवाड़ी और ग्वाल पहाड़ी सहित आसपास के गांवों और पूरे अरावली वन क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा है।

हीट सेंटर और ड्रिप सिस्टम से कूड़े में लगने वाली आग को तुरंत बुझाया जा सकेगा। शनिवार को भी बंधवाड़ी के कूड़े में भीषण आग लग गई थी और 24 घंटे से ज्यादा समय तक कूड़ा जलता रहा।

बता दें कि बंधवाड़ी लैंडफिल साइट पर फिलहाल लगभग 12.93 लाख टन कूड़ा पड़ा है। नगर निगम का दावा है कि इस कूड़े का निस्तारण 31 दिसंबर तक कर दिया जाएगा। इससे संबंधित केस नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में लंबित है। मामले की अगली सुनवाई तीन सितंबर को होगी।



बंधवाड़ी लैंडफिल पर शनिवार को लगी आग रविवार को बुझी थी। दो माह में 30 बार लग चुकी है आग ● जागरण आर्काइव

बंधवाड़ी लैंडफिल पर आग से बचाव के लिए हीट सेंटर, मिथेन गैस डिटेक्टर और ड्रिप सिस्टम लगाए जाएंगे। इसके लिए नगर निगम ने तैयारी कर ली है। **-निजेश कुमार**, एक्सईएन नगर निगम गुरुग्राम

## दंगे के मामले में कोर्ट ने ताहिर हुसैन की अर्जी की खारिज

**जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली:** कड़कड़डूमा कोर्ट ने दंगे के मुख्य आरोपित एवं आप के पार्षद रहे ताहिर हुसैन की दस्तावेज प्रस्तुत करने की मांग वाली अर्जी खारिज कर दी। अर्जी में उसने दंगे के अन्य मामलों के लिए एक गवाह के बयान को इस कोर्ट में प्रस्तुत करने की मांग की थी।

फरवरी 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगे में 53 लोगों की मौत हुई थी। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने ताहिर हुसैन समेत 20 आरोपितों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्राथमिकी की थी। इस मामले में ताहिर न्यायिक हिरासत में चल रहा है।

उसने हाल में दंगे की साजिश के मामले में अर्जी दायर की थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी के कोर्ट ने रेखांकित किया कि ताहिर ने अर्जी में अपने खिलाफ दंगे से जुड़े मनी लांड्रिंग समेत एक अन्य मामले में गवाह राहुल कसाना द्वारा दर्ज कराए बयान को मुहैया कराने का अनुरोध किया है। कोर्ट ने विशेष लोक अभियोजक अमित प्रसाद की उस दलील पर भी संज्ञान लिया।

# जेएनयू में पेड़ काटने व प्रत्यारोपित करने की अनुमति देने पर डीसीएफ को नोटिस

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में दो पेड़ों को काटने और 132 पेड़ों को प्रत्यारोपित करने की अनुमति देने के लिए दक्षिण प्रभाग के उप वन संरक्षक (डीसीएफ) को दिल्ली हाई कोर्ट ने अदालत की अवमानना का नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की पीठ ने नोट किया कि डीसीएफ द्वारा दिए गए वचन का उल्लंघन किया गया है।

भवरीन कंधारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए पीठ ने कहा कि पेड़ काटने और प्रत्यारोपित करने के बारे में अदालत को सूचित नहीं किया गया था कि डीसीएफ द्वारा दो पेड़ों की कटाई और 132 पेड़ों के प्रत्यारोपण की अनुमति पहले ही दी जा चुकी थी।

अदालत ने उक्त टिप्पणी व आदेश वर्ष 2022 के निर्देशों का अनुपालन न करने से संबंधित एक मामले में पारित किया। इसमें अदालत ने वन विभाग को कहा था कि एक भी पेड़ काटने की अनुमति देते समय इसका कारण बताना होगा। याचिका में आरोप लगाया था कि पेड़ काटने की अनुमति देने की आश्यकता व कारण बताने संबंधी निर्देशों के बावजूद मई से अगस्त 2022 के बीच 22 बार कटाई की अनुमति दी गई थी। इसके बाद 31 अगस्त 2023 को दिल्ली सरकार द्वारा अदालत को बताया गया कि सुनवाई की अगली तारीख तक किसी भी व्यक्ति को पेड़ों की कटाई की अनुमति नहीं दी जाएगी। कहा था कि महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए आवश्यक किसी भी अनुमति के बारे में अदालत को सूचित किया जाएगा।

हालांकि, अदालत ने इंस्टीट्यूट आफ सेक्रेटेरिएट ट्रेनिंग एंड मैनेजमेंट ओल्ड जेएनयू कैंपस में एक भवन के निर्माण के लिए 29 अप्रैल को हुई कटाई और प्रत्यारोपण पर संज्ञान लिया था। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया डीसीएफ अदालत के अगस्त 2023 के आदेश का उल्लंघन करने का दोषी है व अदालत की अवमानना के लिए उसके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

## गेल इंडिया ने लांच किया वाह क्या ऊर्जा है अभियान



वाह क्या ऊर्जा अभियान को लांच करते हुए गेल के पदाधिकारी ● सौजन्यः गेल

**वि., नई दिल्ली :** पर्यावरण संरक्षण के लिए पर्यावरण अनुकुल ईंधन के विकल्पों को प्रोत्साहित करने के लिए गेल इंडिया लिमिटेड ने वाह क्या ऊर्जा अभियान लांच किया है। गेल ने बिजनेस टू कंज्यूमर के लिए चार लघु फिल्में इस अभियान में शामिल की हैं। इसमें जो घनिष्ठ रूप से जुड़े मध्यमवर्गीय परिवार की कहानियां बताती हैं। वे बताती हैं कि कैसे पीएनजी, सीपीएनजी, सीएनजी और औद्योगिक पीएनजी पर स्विच करते हुए ईंधन के उपयोग के बेहतर विकल्प के माध्यम से अपनी चुनौतियों का सामना करते हैं। मिश्रा परिवार की मजाकिया और भावनात्मक रूप से कहानियों को प्रासंगिक बताती हैं, जिससे लोग स्वच्छ ईंधन की ओर बदलाव के बारे में सोचते हैं।

## देहरादून से भागकर आई तीन किशोरी को ढूंढ़ा

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** आपरेशन मिलाप के तहत कोतवाली थाना पुलिस ने देहरादून से भागकर दिल्ली पहुंचीं तीन किशोरियों को ढूंढकर उन्हें देहरादून पुलिस को दिल्ली बुलाकर सौंपा दिया गया। इंटरनेट मीडिया व फिल्मी दुनिया से प्रभावित होकर बाहरी दुनिया की चकाचौंध देखने के लिए परिवार की बंदिशों से मुक्त होकर तीनों अपने घर देहरादून से भागकर दिल्ली आ गई थीं। यहां से उन्हें गुरुग्राम जाना था, लेकिन इससे पहले दिल्ली पहुंचते ही तीनों को देहरादून पुलिस के इनपुट के आधार पर तुरंत बरामद कर उन्हें सुरक्षित देहरादून पुलिस के हवाले कर दिया गया।

उत्तरी जिले के डीसीपी मनोज कुमार मीणा का कहना है कि दो जून को विकास नगर थाना, देहरादून, उत्तराखंड से तीन नाबालिग लड़कियों के अपहरण के संबंध में सूचना मिली। इन लड़कियों की उम्र क्रमशः 13, 14 व 17 साल बताई गई। तीनों अलग-अलग परिवार से हैं और हरबर्टपुर, विकास नगर की रहने वाली है। स्थानीय पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अपहत लड़कियों के फोन की आखिरी लोकेशन आइएसबीटी कश्मीरी गेट बताई गई। देहरादून पुलिस ने अपहत नाबालिग लड़कियों की तस्वीरें भी साझा कीं। इसके बाद एसीपी शंकर बनर्जी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तुरंत जांच शुरू कर दी। इस दौरान टीम ने कई बार लड़कियों के मोबाइल नंबर की लोकेशन जानने की कोशिश की, लेकिन फोन बंद होने के कारण लोकेशन ट्रेस नहीं हो सकी। समय की कमी को देखते हुए अपहत लड़कियों की तस्वीरों के 100 रंगीन प्रिंट छापे गए और तस्वीरें टीम के सदस्यों को जनता को व्यापक रूप से दिखाने के लिए दी गईं। इसके बाद एसआइ योगेश कुमार ने टीम को तीन ग्रुप में बांट कर जांच करने को कहा। टीम के सदस्यों ने आइएसबीटी कश्मीरी गेट, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, शीशगंज गुरुद्वारा, फतेहपुरी और आसपास के मेट्रो स्टेशनों व भीड़-भाड़ वाले जगहों पर लड़कियों की तस्वीरें व्यापक रूप से लोगों को दिखाईं। उधर, नाबालिग लड़कियों का पता लगाने के लिए 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। अंततः दो जून की शाम चार बजे पुलिस टीम के प्रयासों से कौडिय़ा पुल, कश्मीरी गेट के पास घूम रही लड़कियों का पता लगा लिया गया।

सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान
बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रुकावट, ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

## सुंदर नगरी इलाके में दराती से वारकर कर दी पिता की हत्या

**जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली:** नंद नगरी थाना क्षेत्र के सुंदर नगरी में सोमवार सुबह एक युवक ने दराती से ताबड़तोड़ वार कर पिता की हत्या कर दी। छोटी-छोटी बातों को लेकर पिता के डांटने से बेटा नाराज था। मृतक की पहचान ओम प्रकाश के रूप में हुई है। पुलिस ने जीटीबी अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया। नंद नगरी थाना पुलिस ने हत्या की धारा में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित वेद प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया है।

ओम प्रकाश मूलरूप से अलीगढ़ के अतरौली के रहने वाले थे। वह पिछले कई वर्षों से अपने परिवार के साथ सुंदर नगरी में रह रहे थे। परिवार में दो बेटे किशन पाल और वेद प्रकाश हैं।

गत दिसंबर में उनकी पत्नी की मौत हो गई थी। वेद प्रकाश अविवाहित है और कोई नौकरी नहीं करता था। जबकि उसके बड़े भाई के परिवार में पत्नी, एक बेटा व बेटी है। परिवार ने बताया सोमवार सुबह सात बजे वेद प्रकाश की किसी बात पर अपने पिता से कहासुनी हुई थी।

### आरोपित ने लाकडाउन में किया था खुदकुशी का प्रयास

ओम प्रकाश की बेटी अनीता का कहना है कि उनका भाई वेद प्रकाश दिमागी रूप से कमजोर है। पिछले आठ वर्षों से उसका इलाज इहबास में चल रहा है। वर्ष 2020 में लाकडाउन में उनके भाई ने घर में बेल्ट के जरिये खुदकुशी करने की कोशिश की थी। बेल्ट टूट गई थी, जिस वजह से वह फर्श पर गिर गया। गले व पैर में चोट लगी थी। उनके पिता ओम प्रकाश को सांस की बीमारी थी। बुजुर्ग होने की वजह से ठीक तरह से चल भी नहीं पाते थे।

# सरकारी अस्पतालों में शुद्ध पेयजल का अभाव, मरीज व तीमारदार बेहाल

**जागरण पड़ताल**

निखिल पाठक ● जागरण

**नई दिल्ली:** जल के बिना जिंदगी की कल्पना करना भी मुश्किल होता है। गर्मियों में शरीर को पानी की अधिक आवश्यकता होती है। भीषण गर्मी में पीने के पानी की व्यवस्था को लेकर जागरण संवाददाता ने सोमवार को राजधानी के विभिन्न सरकारी अस्पतालों की पड़ताल की। इसमें सामने आया कि राजधानी के कई सरकारी अस्पतालों में शुद्ध पेयजल का अभाव होने की वजह से मरीज और तीमारदार बेहाल हैं। अस्पतालों में कहीं टोंटी गायब हैं, तो कहीं पर वाटर कूलर खराब पड़े हैं। कहीं पर वाटर कूलरों में से केवल सादा पानी ही निकल रहा है। ऐसे में मरीजों व तीमारदारों को प्यास बुझाने के लिए ठंडे पानी की बोतलें खरीदनी पड़ रही हैं।



लोकनायक अस्पताल की ओपीडी के पास खराब पड़ा वाटर कूलर ● जागरण

जीटीबी अस्पताल में लगे वाटर कूलरों में से अधिकतर खराब हैं या बंद पड़े हैं। पेयजल वाले स्थान पर गंदगी और गुटखे की पीक की वजह से लोग वहां पानी पीने से कतराते हैं। अस्पताल के गेट नंबर-सात के पास पर्चा बनवाने वाले हाल में तीन वाटर कूलर हैं। तीनों ही खराब पड़े हैं। इमरजेंसी के पास रखे वाटर कूलर में लगी दो में से एक ही टोंटी सही है। उसमें से भी पानी रिस-रिसकर निकलता है। इस संबंध में मीडिया प्रवक्ता डा. रजत झाम्ब से पक्ष मांगा गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। चाचा नेहरू अस्पताल में ओपीडी, इमरजेंसी के पास और वार्ड में वाटर कूलर रखे हैं। कांति नगर से आए सुरेश ने बताया कि वाटर कूलर में ठंडा पानी नहीं आता है। एक तो पहले से ही गर्मी के कारण बुरा हाल है, ऊपर से ठंडा पानी नहीं मिलने से परेशानी बढ़ जाती है। इस संबंध में चिकित्सा अधीक्षक डा. मनीष कुमार से पक्ष मांगा गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

डा. हेडगेवार आरोग्य संस्थान में मरीजों के साथ-साथ कर्मचारी भी पानी की उचित व्यवस्था नहीं होने से परेशान हैं। उनका कहना है कि वाटर कूलर केवल नाम के हैं। अस्पतालों में प्रतिदिन हजारों की संख्या में उपचार के लिए आने वाले लोग पानी जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव देखकर निराश होते हैं। अस्पताल के अंदर व बाहर मौजूद दुकानों पर 20 से 30 रुपये की पानी की बोतल मिलती है। लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बार-बार पानी की बोतल खरीदना संभव नहीं हो पाता है।

अस्पताल में कई घंटे बीत जाते हैं। ऐसे में घर से अधिक मात्रा में पानी लाना संभव नहीं है। यहां पर पानी का अभाव के कारण लोग बेहाल हो जाते हैं। **- रेखा**, तीमारदार

लोनी के पास से आया हूं। सुबह साढ़े छह बजे से ही अस्पताल में हूं। गर्मी में बार-बार प्यास लगती है, लेकिन पानी की बोतल खरीदने के लिए जेब साथ नहीं देती है। **- कमलेश**, तीमारदार

### कहीं परेशानी तो कहीं मरीजों को है राहत

रोहिणी के अंबेडकर अस्पताल में कई वाटर कूलर लगे हुए हैं, लेकिन यहां सभी वाटर कूलर में पानी गर्म मिला। कई वाटर कूलर खराब भी दिखे। भूतल पर ओपीडी के प्रवेश पर ही कई वाटर कूलर तो हैं, लेकिन ठंडा पानी न होने से मरीज बेहाल थे। वे बाहर से ठंडे पानी की बोतलें लाते दिखे। वार्ड में लगे वाटर कूलर में ठंडा पानी होने से भर्ती हो रखे मरीजों को राहत है। मंगोलपुरी के संजय गांधी अस्पताल में भी कई वाटर कूलर हैं।